**सस्ता**
- 36 कैंसर दवाएं
- मेडिकल उपकरण
- भारत में बने कपड़े
- मोबाइल फोन बैटरी
- 82 सामानों से सेस हटा
- लेदर जैकेट
- जूते, बेल्ट, पर्स
- ईवी वाहन
- एलसीडी
- एलईडी टीवी
- हैंडलूम कपड़े

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, रविवार, 2 फरवरी 2025 । वर्ष – 66 । अंक– 287 । पृष्ठ –12। मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

**महंगा**
- स्मार्ट मीटर
- सोलर सेल
- आयातित जूते
- आयातित मोमबत्तियां
- आयातित नौकाएं और अन्य जहाज
- पीवीसी फ्लेक्स फिल्में
- पीवीसी फ्लेक्स शीट
- पीवीसी फ्लेक्स बैनर
- कुछ आयातित बुने हुए कपड़े

■ केन्द्रीय बजट में राजस्थान को कुछ नहीं मिला : गहलोत
■ बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ का आवंटन
पृष्ठ 2
मड़ई
■ सोसल मीडिया अउ साहित्य लेखन
पृष्ठ 6

# चुनावी राज्य के लिए मोदी ने खोली तिजोरी

## 12 लाख तक कमाई में आयकर नहीं, युवा, किसान और महिलाओं को लुभाने की भरपूर कोशिश




पिछले दस वर्षों में हमारे विकास के ट्रैक रिकॉर्ड और ढांचागत सुधारों ने विश्व का ध्यान हमारी ओर खींचा है। इस अवधि के दौरान, भारत की योग्यता और सामर्थ्य में भरोसा बढ़ता गया है: निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

**नई दिल्ली**, 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पेश कर दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूरे वर्ष का बजट है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती हुई और बड़ी है। हमने पिछले 10 सालों में दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण के दौरान

■ किसानों के लिए 'धनधान्य योजना' का ऐलान किया गया

■ किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख की गई

कहा, हमारा फोकस 'ज्ञान' (जीवाईएएन) यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, मैन्युफैक्चरिंग और मेकिंग इंडिया, रोजगार और इनोवेशन पर हमारा ध्यान केंद्रित है। साथ ही कृषि और निर्यात पर हम काम कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य विकसित भारत बनाने पर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में इकोनॉमी को गति देंगे। ये विकसित भारत का बजट है।

उन्होंने किसानों के लिए 'धनधान्य योजना' का ऐलान किया है। उन्होंने कहा, 'किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना शुरू की जाएगी। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख की गई है।'

उन्होंने कहा, 'यह बजट सरकार के विकास को बढ़ाने, सभी के डेवलपमेंट, मिडिल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित है। हमने इस सदी के 25 साल पूरे करने जा रहे हैं। हमारी विकसित भारत की उम्मीदों ने हमें प्रेरणा दी है।'

निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा, 'हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पिछले 10 वर्षों में हमारे विकास के ट्रैक रिकॉर्ड और ढांचागत सुधारों ने विश्व का ध्यान हमारी ओर खींचा है। इस अवधि के दौरान, भारत की योग्यता और सामर्थ्य में भरोसा बढ़ता गया है।

**सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास पर ध्यान**

अगले 5 वर्षों को हम सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास में तेजी लाते हुए 'सबका विकास' को साकार करने के अद्वितीय अवसर के रूप में देखते हैं।'

वित्त मंत्री ने कहा, मेक इन इंडिया, इम्प्लॉयमेंट और इनोवेशन, एनर्जी सप्लाई, स्पोर्ट्स का डेवलपमेंट, एमएसएमई का विकास हमारी विकास यात्रा में शामिल हैं और इसका ईंधन रिफॉर्म्स हैं। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद की संभावना है। ग्रामीण संपन्नता और अनुकूलन निर्माण राज्यों की भागीदारी से शुरू किया जाएगा। कौशल, निवेश से कृषि में रोजगार बढ़ेगा। इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में विकल्प पैदा करना है। युवा किसानों, ग्रामीण महिलाओं, और छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पहले चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया, खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए सरकार राष्ट्रीय तेल मिशन को चला रही है। 10 साल पहले हमने ठोस प्रयास किए थे और दलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त की थी। तब से आय में वृद्धि और बेहतर आर्थिक क्षमता की वृद्धि हुई है। अब सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान दे रही है। इसका विवरण दिया गया है। केंद्रीय एजेंसियों में पंजीकरण और करार करने वाले किसानों से 4 साल के दौरान सभी दलहन खरीदी जाएंगी।

### बजट की मुख्य घोषणाएं

- अब 12 लाख रुपए की कमाई तक कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा।
- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट बढ़ाकर 1 लाख रुपए की
- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई।
- पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी। 100 जिलों को फायदा होगा।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन।
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी की गई।
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन।
- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाई जाएगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन- मार्केटिंग पर फोकस।
- असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

### इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव

- 0-4 लाख तक की आय : 0 टैक्स
- 4-8 लाख तक की आय : 5 फीसदी टैक्स
- 8-12 लाख तक की आय: 10फीसदी टैक्स
- 12-16 लाख तक की आय : 15फीसदी टैक्स
- 16-20 लाख तक की आय: 20 फीसदी टैक्स
- 20-24 लाख तक की आय : 25 फीसदी टैक्स
- 24 लाख से ऊपर : 30 फीसदी टैक्स

### बिहार के लिए किए गए बड़े ऐलान

- मखाना बोर्ड: किसानों की आय बढ़ाने के लिए विज्ञान और तकनीक का सहारा लिया जाएगा।
- ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट: बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। पटना एयरपोर्ट को विस्तार दिया जाएगा।
- पश्चिमी कोशी नहर परियोजना: बिहार के मिथिलांचल में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना शुरू की जाएगी। इसके दायरे में 50 हजार हेक्टेयर का क्षेत्र आएगा।
- बिहार में नया संस्थान: बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरू किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।
- आईआईटी पटना: आईआईटी पटना में छात्रावास और एक अन्य बुनियादी ढांचा क्षमता के विस्तार का एलान किया गया।

### बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई 100 फीसदी की गई

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश करते हुए कहा कि बीमा क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य अगले पांच वर्षों के दौरान सभी छः क्षेत्रों में परिवर्तनकारी सुधारों की पहल करना है इससे वृद्धि क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में से एक वित्त क्षेत्र है, जिसमें बीमा, पेंशन, द्विपक्षीय, निवेश, संधिया (बीटीटी) और इससे जुड़े अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

### बजट पर प्रतिक्रियाएं

*यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। यह क्षेत्र विकसित भारत के मिशन को आगे बढ़ाने वाले हैं। इस बजट से बचत, निवेश, उपभोग और आर्थिक वृद्धि बढ़ेगी :* ***नरेंद्र मोदी****, प्रधानमंत्री*

*गोली के घाव पर बैंड-एड! वैश्विक अनिश्चितता के बीच, हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए प्रतिमान बदलाव की आवश्यकता थी। लेकिन यह सरकार विचारों के मामले में दिवालिया हो चुकी है:* ***राहुल गांधी****, लोकसभा में नेता विपक्ष*

*मैंने मांग की थी कि बजट में ये ऐलान किया जाए कि आगे से किसी अरबपति के कर्ज माफ नहीं किए जाएंगे। इससे बचने वाले पैसे से मिडिल क्लास के होम लोन और व्हीकल लोन में छूट दी जाए। किसानों के कर्ज़े माफ किए जाएं। मुझे दुख है कि ये नहीं किया गया:* ***अरविंद केजरीवाल****, आप नेता*

*केंद्र सरकार का यह बजट प्रगतिशील एवं भविष्योन्मुखी है। इस बजट के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा देश के विकास की गति को और बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बजट में गरीब, युवा, किसानों के हित में कई कदम उठाए गए हैं, यह स्वागत योग्य है:* ***नीतीश कुमार****, मुख्यमंत्री बिहार*

*बिहार को कुछ नहीं मिला। सभी लोग विशेष पैकेज की मांग कर रहे थे, लेकिन मिला क्या? यह तो बिहार के साथ सौतेला व्यवहार है। यह बजट पूरी तरह से जुमलेबाजी है। जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है, बिहार को ठगने का काम किया गया है:* ***तेजस्वी यादव****, राजद नेता*

### पूंजीगत खर्च बढ़ाकर 11.21 लाख करोड़ रुपए किया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को पेश किए बजट 2025-26 में बड़ी टिकट साइज के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स जैसे हाइवे, पोर्ट्स, रेलवे और पावर सेक्टर के लिए 11.21 लाख करोड़ रुपये का बजट आंवटित किया गया है। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 के 10.18 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 10.2 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह आंकड़ा 2024-25 के बजट अनुमान 11.11 लाख करोड़ रुपए से मामूली 0.9 प्रतिशत अधिक है, जो 2023-24 के पूंजीगत व्यय की तुलना में काफी अधिक था। लोकसभा चुनाव और उसके बाद महाराष्ट्र सहित कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कारण चालू वित्त वर्ष के दौरान 11.11 लाख करोड़ रुपये की पूरी राशि खर्च नहीं की जा सकी। वित्त मंत्री सीतारमण ने इस वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.11 लाख करोड़ रुपए से घटाकर 10.18 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा। वरिष्ठ अधिकारी की ओर से कहा गया कि विकास को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय मजबूत स्तर पर बना हुआ है और इसे उच्च आधार की तुलना में देखा जाना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सरकार द्वारा राजकोषीय समेकन के लिए प्रतिबद्धता दिखाई गई है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को 2024-25 में 4.8 प्रतिशत से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत करने के बावजूद पूंजीगत व्यय बढ़ाया गया है।

### इस बार क्रीम रंग की साड़ी में दिखीं सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री की साड़ी पर सबकी नजर थी। भारतीयता के रंगों में रंगी, पारंपरिक परिधान साड़ी में इस बार क्या खास होगा, धागों में किस प्रदेश की कहानी छिपी होगी इसका इंतजार सबको था। पर्दा हटा और फिर वित्त मंत्री ने चौंका दिया। इस बार की साड़ी में भी बुनकरों का श्रम, हुनरमंदों का हुनर झलका। वित्त मंत्री ने इस बार क्रीम कलर की साड़ी पहनी है।

### सपा सांसदों ने की नारेबाजी

बजट भाषण शुरू होते ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित समाजवादी पार्टी के सांसदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। उनकी नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना बजट भाषण शुरू किया। स्पीकर ओम बिरला ने अखिलेश को फटकार लगाई और शांत रहने को कहा। बजट भाषण शुरू होते ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित समाजवादी पार्टी के सांसदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। उनकी नारेबाजी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना बजट भाषण शुरू किया। स्पीकर ओम बिरला ने अखिलेश को फटकार लगाई और शांत रहने को कहा।

## केंद्रीय बजट भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज : मुख्यमंत्री



**रायपुर**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट से मोदी जी का वह वचन फिर से पूरा हुआ है कि जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हे मोदी जी पूजते हैं। समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज है। स्वतंत्र भारत के इतिहास के चंद ऐतिहासिक बजटों में से यह एक है।

श्री साय ने कहा कि जो प्रावधान इस बजट में किए गए हैं वो केवल प्रधानमंत्री श्री मोदी ही कर सकते हैं। इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है।

आज पेश हुआ यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी, पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा।

## हमें बजट नहीं, महाकुंभ में मौतों का आंकड़ा चाहिए : अखिलेश

**नई दिल्ली**, 1 फरवरी (देशबन्धु) समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो सरकार सुरक्षित महाकुंभ नहीं करा सकती, उसके बजट का हर आंकड़ा झूठा है। श्री यादव ने संसद परिसर में बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा, हमारे लिए बजट जरूरी नहीं, बल्कि महाकुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम बजट के आंकड़ों का क्या करेंगे, हमें कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा चाहिए। वहां अब भी लोग अपनों की तस्वीर लेकर उनकी तलाश में भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुधवार को श्रद्धालुओं की मौत के जो आंकड़े बताये जा रहे हैं, वे झूठे हैं। जिस सरकार को 17 घंटे लग गये यह बताने के लिये कि वहां भगदड़ हुई है, जानें गयी हैं। महाकुंभ में हजारों सीसीटीवी कैमरे हैं, ड्रोन हैं। क्या सरकार के पास लोगों के आंकड़े नहीं है। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि जो सरकार हिन्दुओं के सबसे बड़े महाकुंभ का समुचित आयोजन नहीं कर पा रही है वह दुनिया में क्या अर्थव्यवस्था को खड़ा कर पायेंगे। वह बात करते हैं, विकसित भारत की, क्या विकसित भारत की यही परिभाषा है कि आप लोगों को सुरक्षित स्नान भी न करा पाएं।



उन्होंने कहा, क्या विकसित भारत की यही परिभाषा है कि शंकराचार्य कह रहे हैं कि आपका मुख्यमंत्री झूठा है। कुछ लोग खुलकर कह रहे हैं और जितने भी वहां साधु-संत और शंकराचार्य आए हैं, वे भी कह रहे हैं कि इससे बुरा महाकुंभ नहीं हो सकता था। वहां लोगों की लाशें पड़ी थीं, उस वक्त सरकार वहां फूल बरसा रही थी। क्या मरने वालों पर फूल डाले जा रहे थे या श्रद्धा के साथ आए थे, उन पर फूल बरसाए जा रहे थे।

## अनिल विज ने अपनी ही सरकार पर उठाए सवाल

**अंबाला**, 1 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। एक बार फिर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'मेरी कोई हैसियत नहीं है।' अनिल विज ने शनिवार को मीडिया से बातचीत की। उन्होंने पुष्पा फिल्म के आईकॉनिक अंदाज में अपनी दाढ़ी पर हाथ फेरते हुए कहा, 'मैं कुछ नहीं बोलता हूं, मेरी क्या ही हैसियत है। मैं जो बोलता हूं आत्मसम्मान से बोलता हूं। मेरी लड़ाई आत्मसम्मान की है और आगे भी जारी रहेगी।'

■ कहा सरकार में मेरी कोई हैसियत नहीं

■ मेरी लड़ाई आत्मसम्मान की है और आगे भी जारी रहेगी

इससे पहले अनिल विज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था, 'मैं नहीं बोलता मेरी आत्मा बोलती है और आत्मा की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।' विज ने केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'झूठ बोलना और झूठे आरोप लगाना भी एक अपराध है। अगर कोई झूठे आरोप लगाकर पैनिक फैलाता है, तो वह भी अपराध की कैटेगरी में आता है। इन आरोपों में केजरीवाल पर भी केस दर्ज किया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। मैंने पहले भी दावा किया था और अब भी यही कहूंगा।

## 18 बांग्लादेशी नागरिकों को डिपोर्ट किया गया

**नई दिल्ली**, 1 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के पहाड़गंज में पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 21 की पहचान की और 18 को डिपोर्ट कर दिया। पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। एक घर में छापेमारी के दौरान संदिग्ध लोग मिले, जिनके पास भारतीय और बांग्लादेशी दोनों प्रकार के दस्तावेज थे। इनके पास से पासपोर्ट और आधार कार्ड बरामद किया गया। गिरफ्तार महिला स्वीटी सरकार, उसकी बेटी और इसके साथ ही एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक महिला स्वीटी 20 साल से अवैध रूप से भारत में रह रही थी और उसका असली नाम जोहरा खातून था। वह एक ट्रैवल कंपनी में काम करती थी। स्वीटी के बारे में जानकारी मिली है कि उसने और भी लोगों के लिए इसी तरह के दस्तावेज तैयार किए हैं। इसके अलावा, एक मध्यस्थ का नाम भी सामने आया है, जिसने पासपोर्ट तैयार करने में मदद की थी। स्वीटी का आधार कार्ड मुनिरका से बना था और उसने 3 जुलाई 2020 को वोटर कार्ड भी बनवाया था। सेंट्रल दिल्ली जिला के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने इस संबंध में प्रेसवार्ता की।

■ दिल्ली के पहाड़गंज में अवैध रूप से रह रहे थे

■ भारतीय व बांग्लादेशी दोनों प्रकार के दस्तावेज थे

उन्होंने कहा कि ये आज से 20 साल पहले दिल्ली में आ गए थे। ये लोग जब पहली बार दिल्ली में आए थे, तो मुनिरका इलाके में रुके थे, इसलिए इनके आधार कार्ड पर मुनिरका का पता है। इसके बाद ये पहाड़गंज इलाके में रहने लगे, इसलिए इनके आधार कार्ड में मुनिरका का एड्रेस है और इनका वोटर आईडी कार्ड 3 जुलाई 2020 को जारी किया गया था। इनके पहाड़गंज वाले इलाके के नाम से यह वोटर आईडी कार्ड जारी किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि इनके पास वोटर आईडी कार्ड भी था, तो ऐसे में इनके लिए पासपोर्ट बनाना आसान था, क्योंकि इन लोगों ने सबसे पहले पासपोर्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों को पहले से ही बनवा लिया। पासपोर्ट में जन्म स्थल दिल्ली बताया गया है।

**बदलाव** नया आयकर कानून लाने जा रही सरकार, देश में इस समय आयकर अधिनियम, 1961 लागू है

# संसद में अगले सप्ताह पेश होगा नया आयकर विधेयक

**नई दिल्ली, 1 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में पेश वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी है। सरकार ने घोषणा की कि 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नया आयकर विधेयक अगले सप्ताह संसद में पेश किया जाएगा।**

*निर्मला सीतारमण ने करदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए कर सुधारों को लागू करने में सरकार के एक दशक लंबे प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने घोषणा की है कि सरकार के सुधार एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए अगले सप्ताह एक नया आयकर विधेयक पेश किया जाएगा।*

*दरअसल, देश में इस समय आयकर अधिनियम, 1961 लागू है। सरकार अब इसकी जगह पर एक नया आयकर कानून लाने जा रही है, जिसे बजट सत्र के दौरान संसद में पेश किया जाएगा। इसे लाने का सबसे बड़ा उद्देश्य है मौजूदा आयकर प्रक्रिया को आसान, स्पष्ट और सरल बनाना है। आयकर विधेयक का मसौदा हाल ही में विधि मंत्रालय के पास भेजा गया था। वित्त मंत्री ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करते हुए बताया कि नया इनकम टैक्स कानून एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। नया इनकम टैक्स कानून आसान और छोटा होगा और इसे अगले सप्ताह लोकसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने*



*बजट में मानक कटौती के साथ 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त करने की घोषणा की। करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए आयकर के स्लैब में बड़े बदलाव किए गए हैं।*

***चार लाख तक की आय पर कोई कर नहीं****-उन्होंने कहा, मैं कर दर संरचनाओं को संशोधित करने का प्रस्ताव करती हूं। शून्य से चार लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा, चार लाख रुपए से आठ लाख रुपये पर पांच फीसद, आठ लाख रुपये से 12 लाख रुपए पर 10 फीसद, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए पर 15 फीसद, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए पर 20 फीसद, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए पर 25 फीसद और 24 लाख रुपए से अधिक पर 30 फीसद आयकर देय होगा। इसके अलावा 75 हजार रुपए की मानक कटौती का लाभ भी मिलेगा। पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर वाली आय पर कर की गणना अलग से होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि 75 हजार रुपए की मानक कटौती के कारण 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई कर नहीं देना होगा।*


CMYK



# बजट 2025

# 'केन्द्रीय बजट में राजस्थान को कुछ नहीं मिला'

## पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने केन्द्रीय बजट को निराशाजनक बताया

**जयपुर,** 1 फरवरी (एजेंसियां) पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने केन्द्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि इसमें राजस्थान को कुछ नहीं मिला है। श्री गहलोत ने शनिवार को लोकसभा में पेश किए गए केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अब केन्द्र सरकार 2022 तक देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के वादे का जिक्र क्यों नहीं करती है। यह बजट लगातार बढ़ते व्यापार घाटे, डॉलर के बढ़ते मूल्य, बेरोजगारी और महंगाई से कोई राहत दिलाने वाला नहीं है। आज केन्द्र सरकार द्वारा दिल्ली और बिहार चुनाव को मद्देनजर करते हुए घोषणाएं ज्यादा की गईं जो देश पर कर्ज का बोझ बढ़ाने वाली साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह भी बेहद आश्चर्यजनक है कि देश के सामने वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों महंगाई एवं बेरोजगारी का इस बजट में जिक्र तक नहीं है जबकि तमाम एजेंसियों के आंकड़ें बता रहे हैं कि देश में महंगाई और बेरोजगारी आज रिकॉर्ड स्तर पर हैं।

श्री गहलोत ने कहा कि राजस्थान पर बार-बार आरोप लगाए गए कि यहां जल जीवन मिशन में धीमा काम हो रहा है जबकि हमारे यहां की भौगोलिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। आज केन्द्र सरकार ने ही इस मिशन की समयसीमा 2028 तक बढ़ा दी है जो पहले 2022 एवं फिर 2024 की गई थी। इससे साफ



अब केन्द्र सरकार 2022 तक देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के वादे का जिक्र क्यों नहीं करती है। यह बजट लगातार बढ़ते व्यापार घाटे, डॉलर के बढ़ते मूल्य, बेरोजगारी और महंगाई से कोई राहत दिलाने वाला नहीं है: **अशोक गहलोत**

होता है कि केन्द्र सरकार ने पहले बिना प्लानिंग के इस योजना को शुरू कर दिया जिसके कारण इसकी समयसीमा बार-बार बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता को उम्मीद थी कि आज ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को लेकर केन्द्र सरकार कोई बड़ी घोषणा करेगी और इन्हें राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देगी परन्तु पूरे बजट में राजस्थान राज्य का नाम तक ही नहीं लिया गया है। श्री गहलोत ने कहा कि एक तरफ सरकार ने आयकर सीमा 12 लाख रुपए करने की घोषणा की है परन्तु इसे केवल नौकरीपेशा वर्ग तक सीमित किया है जबकि भारत में करोड़ों छोटे व्यापारी हैं जिन्हें इस छूट में शामिल करना चाहिए था क्योंकि वो पहले ही जीएसटी से परेशान हैं।

श्री गहलोत ने कहा कि हरियाणा और पंजाब के बॉर्डर पर श्री जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन जारी है और उनके साथ महीनों से आंदोलनरत किसानों को उम्मीद थी कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की घोषणा की जाएगी लेकिन बजट में ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के अखबारों में रोज एमएसपी के बिना फसलों की खरीद के समाचार छप रहे हैं। वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार एमएसपी पर चुप क्यों हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज सबको उम्मीद थी कि 11 साल से पेट्रोल- डीजल पर जनता को टैक्स लगाकर लूटा जा रहा है पर बजट में इस पर कोई राहत नहीं मिली बल्कि गैस सब्सिडी को भी कम कर दिया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि आने वाले दिनों में गरीब परिवारों को महंगी रसोई गैस खरीदनी पड़ेगी।

## केंद्रीय बजट में कुछ भी नया नहीं : डिंपल यादव



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2025-26 पर कहा कि बजट में 'कुछ भी नया नहीं' है। श्रीमती यादव ने प्रयागराज में महाकुंभ की घटना पर भी बात की और मांग की कि राज्य सरकार को उन सभी श्रद्धालुओं का विवरण उपलब्ध कराना चाहिए, जिन्होंने इस घटना में अपनी जान गंवाई। उन्होंने कहा कि सरकार महाकुंभ में जान गंवाने वालों का ब्योरा दे। यह भी बताए कि जिम्मेदार अफसरों को दंडित करेगी या नहीं? वित्त मंत्री सीतारमण ने आज लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025 पेश किया, जिसमें भारत के निरंतर आर्थिक विस्तार के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें कृषि, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), निवेश और निर्यात पर जोर दिया गया। श्रीमती सीतारमण ने अपने केंद्रीय बजट 2025 भाषण के दौरान घोषणा की कि 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा, जिससे करदाताओं, विशेषकर मध्यम वर्ग को महत्वपूर्ण राहत मिलेगी।

# बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ का आवंटन

यह आवंटन वित्त वर्ष 2024-25 के बजटीय अनुमान से 9.53 प्रतिशत अधिक है और केंद्रीय बजट का 13.45 प्रतिशत है, जो मंत्रालयों में सबसे अधिक है: **रक्षा मंत्रालय**



- आवंटन का 26.43 प्रतिशत रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत व्यय पर खर्च किया जाएगा
- सशस्त्र बलों के राजस्व का आवंटन 3,11,732.30 करोड़
- रक्षा पेंशन का हिस्सा 1,60,795 करोड़ रुपए यानी 23.60 प्रतिशत है

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। सरकार ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए रिकार्ड 6,81,210.27 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि यह आवंटन वित्त वर्ष 2024-25 के बजटीय अनुमान से 9.53 प्रतिशत अधिक है और केंद्रीय बजट का 13.45 प्रतिशत है, जो मंत्रालयों में सबसे अधिक है। इसमें से 1,80,000 करोड़ रुपए यानी कुल आवंटन का 26.43 प्रतिशत रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत व्यय पर खर्च किया जाएगा। बजट में सशस्त्र बलों के राजस्व का आवंटन 3,11,732.30 करोड़ रुपये है, जो कुल आवंटन का 45.76 प्रतिशत है। इसमें रक्षा पेंशन का हिस्सा 1,60,795 करोड़ रुपए यानी 23.60 प्रतिशत है और शेष 28,682.97 करोड़ रुपए यानी 4.21 प्रतिशत रक्षा मंत्रालय के तहत नागरिक संगठनों के लिए है। मंत्रालय ने 2025-26 को 'सुधारों के वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जो सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए सरकार के संकल्प को और मजबूत करेगा और इसका उद्देश्य आवंटन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए रक्षा खरीद प्रक्रिया में सरलीकरण करना है।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'यह बजट युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य सभी वर्गों के विकास को बढ़ावा देगा। मध्यम वर्ग के योगदान को मान्यता देते हुए बजट एक अभूतपूर्व उपहार लेकर आया है।' मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में, जहाँ विश्व आधुनिक युद्ध के बदलते प्रतिमान को देख रहा है, भारतीय सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने और उन्हें तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध-तैयार बल में बदलने की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, रक्षा बलों के पूंजीगत व्यय पर 1,80,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह आवंटन वित्त वर्ष 2024-25 के बजटीय अनुमान से 4.65 प्रतिशत से अधिक है। इसमें से 1,48,722.80 करोड़ रुपये पूंजी अधिग्रहण पर खर्च करने की योजना है, जिसे सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण बजट कहा जाता है और शेष 31,277.20 करोड़ रुपये देश भर में अनुसंधान और विकास और अवसंरचनात्मक परिसंपत्तियों के निर्माण पर पूंजीगत व्यय के लिए हैं।

## केंद्रीय बजट पर बंगाल में मिलीजुली प्रतिक्रियाएं

**कोलकाता।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के शनिवार को संसद में पेश किये गये केंद्रीय बजट 2025-26 पर पश्चिम बंगाल में मिलीजुली प्रतिक्रियाएं सामने आयी। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बजट में पश्चिम बंगाल के लिए 'कुछ नहीं' है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में उनका राज्य 'वंचित' बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के कारण कई घोषणाएं की गयी।
विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बजट 'मध्यम वर्ग' के लिए है। उन्होंने प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें 'मोदीनॉमिक्स' बताया और उन्हें सलाम किया। उन्होंने कहा, 'केंद्रीय बजट 2025-26 ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी) पर केंद्रित है। यह जानकर रोमांचित हूं कि 12 लाख रुपये तक कोई आयकर नहीं देना होगा। मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत, देश के नियमित करदाता। ब्याज पर टीडीएस छूट 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये करने से वरिष्ठ नागरिकों को बहुत लाभ होगा।'

# केटीआर ने की आम बजट की आलोचना

## भाजपा और कांग्रेस पर तेलंगाना की उपेक्षा का लगाया आरोप

**हैदराबाद,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने शनिवार को केंद्रीय बजट 2025-26 की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह एक बार फिर साबित हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां तेलंगाना के हितों की रक्षा नहीं कर सकती हैं। श्री रामाराव ने यहां अपने बयान में कहा कि तेलंगाना से संसद में भाजपा और कांग्रेस के 16 सांसद होने के बावजूद राज्य के लिए कुछ नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तेलंगाना के लिए धन जुटाने के बजाय भाजपा के साथ गुप्त सौदेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री रेड्डी और भाजपा के केंद्रीय मंत्री तथा दोनों पार्टियों के सांसद लगातार दूसरे साल राज्य के लिए कोई वित्तीय सहायता जुटाने में विफल रहने के लिए लोगों से माफी मांगें।



यह एक बार फिर साबित हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां तेलंगाना के हितों की रक्षा नहीं कर सकती हैं। श्री रामाराव ने यहां अपने बयान में कहा कि तेलंगाना से संसद में भाजपा और कांग्रेस के 16 सांसद होने के बावजूद राज्य के लिए कुछ नहीं किया गया: केटी रामाराव

तेलंगाना के विचारक प्रोफेसर जयशंकर का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि केवल बीआरएस जैसी क्षेत्रीय पार्टी ही सही मायने में तेलंगाना के अधिकारों की रक्षा कर सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि लोकसभा में बीआर के प्रतिनिधित्व के बिना, तेलंगाना के हितों की अनदेखी जारी रहेगी, जैसा कि बिहार और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों को प्राथमिकता देने में देखा जा सकता है, जहां क्षेत्रीय दलों का दबदबा है।

मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए श्री रामाराव ने दावा किया कि मुख्यमंत्री की दिल्ली की लगातार यात्राएं तेलंगाना के लिए धन लाने के लिए नहीं बल्कि राज्य से केंद्रीय नेतृत्व तक वित्तीय पैकेज ले जाने के लिए थीं। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा के बीच 'बड़े भाई-छोटे भाई' समझौते का आरोप लगाया और कहा कि इससे तेलंगाना को एक भी रुपया नहीं मिला है। उन्होंने संसद में राज्य की चिंताओं को उठाने में विफल रहने के लिए तेलंगाना के आठ कांग्रेस सांसदों की आलोचना की और पार्टी पर केवल अपने दिल्ली हाईकमान को खुश करने के लिए काम करने का आरोप लगाया।

# हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट : मोदी

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट शनिवार को पेश हो गया है। इस बजट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए इसे आम जनता का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम को इस जनता जनार्दन के बजट के लिए बहुत बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा, 'आज भारत की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। सामान्य नागरिक विकसित भारत के मिशन को

भारत की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। सामान्य नागरिक विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है: **मोदी**

ड्राइव करने वाला है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा, खपत को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम को इस जनता जनार्दन के बजट के लिए बहुत बधाई देता हूं।' उन्होंने कहा, 'आम तौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिल्कुल उल्टा



है। ये बजट देश के नागरिकों की जेब कैसी भरेगी, उनकी बचत कैसे बढ़ेगी और वे विकास के भागीदार कैसे बनेंगे, इसकी बहुत मजबूत नींव रखता है। इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूक्लियर एनर्जी में निजी सेक्टर को बढ़ावा देने के निर्णय को एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, 'न्यूक्लियर एनर्जी में निजी सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है। ये आने वाले समय में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान देश के विकास में सुनिश्चित करेगा। बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है।'

पीएम मोदी ने कहा कि मैं दो चीजों को बहुत अहम मानता हूं। एक इन्फ्रास्ट्रक्चर स्टेटस देने के कारण भारत में बड़े शिप्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी। ये सबसे अधिक रोजगार वाला सेक्टर है। टूरिज्म की बहुत संभावनाएं हैं। महत्वपूर्ण 50 टूरिस्ट डेस्टीनेशन पर होटल बनाएंगे, उन्हें पहली बार इन्फ्रास्ट्रक्चर के दायरे में लाकर टूरिज्म पर बहुत बल दिया है।

## ग्रामीण भारत की गरीबी दूर करने वाला बजट: शिवराज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय बजट 2025-26 को ग्रामीण भारत की गरीबी उन्मूलन करने वाला करार देते हुए कहा है कि इसमें विकास की ललक, विश्वास की महक और विकसित भारत के निर्माण की तड़फ है। श्री चौहान ने आम बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि ग्रामीण गरीबी दूर करने का सबसे अच्छा माध्यम आजीविका मिशन है और उसके माध्यम से बहनों को सशक्त बनाने का अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये बजट देश के 140 करोड़ भारतीयों के लिए अभूतपूर्व और आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का बजट है। इसमें समाज के हर वर्ग के कल्याण का ध्यान रखा गया है और कृषि के विकास पर सर्वाधिक ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए मिशन चलाया जाएगा और तुअर, उड़द, मसूर पूरी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जाएगी। किसान क्रेडिट कार्ड किसानों के लिए वरदान है और किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण की सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रूपए किया गया है।

## आईआईटी की क्षमता को बढ़ाया जाएगा, सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब की होगी स्थापना : वित्त मंत्री



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में आईआईटी को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने ऐलान किया है कि आईआईटी की क्षमता को बढ़ाया जाएगा। वित्त मंत्री ने बजट में घोषणा करते हुए कहा कि पांच आईआईटी में एडिशनल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। इसके साथ ही आईआईटी पटना का विस्तार भी किया जाएगा। निर्मला सीतारमण ने कहा, 'कौशल और उच्च स्तरीय शिक्षा में निवेश 'मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' विनिर्माण के लिए आवश्यक है, युवाओं को कौशल से लैस करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञता और साझेदारी के साथ 5 नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्किलिंग की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, 2014 के बाद से आरंभ किए गए पांच आईआईटी में 6500 अतिरिक्त छात्रों को शिक्षा सुविधा देने के लिए एडिशनल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया, '500 करोड़ रुपए के व्यय के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर एजुकेशन की स्थापना की जाएगी। साथ ही, आगामी पांच वर्षों में अतिरिक्त 75,000 सीटों की वृद्धि के लक्ष्य के साथ, अगले वर्ष मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 10,000 अतिरिक्त सीटों को जोड़ा जाएगा।' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, 'जिज्ञासा, नवाचार और युवा मस्तिष्कों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए आगामी पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, भारतनेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सेकेंडरी स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। स्कूल तथा उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं की डिजिटल पुस्तकों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय भाषा पुस्तक परियोजना का कार्यान्वयन किया जाएगा।'

### बिहार में चुनाव से पहले केंद्रीय बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

# भाजपा बोली बिहार के लिए खोला खजाना कांग्रेस बोली पिछली घोषनाएं ही लागू नही हुई

**पटना,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अगले वित्तीय वर्ष के आम बजट को पेश करते हुए बिहार के लिए कई तोहफों का ऐलान किया। इसके बाद सत्तारूढ़ एनडीए के नेताओं का जोश बढ़ा हुआ है, वहीं विपक्ष के नेता इस बजट में की गई घोषणाओं को हवा-हवाई बता रहे हैं।

शनिवार को पेश केंद्रीय बजट में बिहार के लिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना, फूड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट की स्थापना, नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण, मखाना बोर्ड की स्थापना, आईआईटी पटना के विस्तार जैसी कई घोषणाएं की गई हैं। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। वहीं, बजट को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं।



बजट में बिहार के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने खजाना खोल दिया है। बिहार के लिए तोहफों की बारिश कर दी गई है: **शाहनवाज हुसैन, भाजपा प्रवक्ता**



बजट में बिहार के लिए फिर से हवा-हवाई घोषणाएं करने वाली केंद्र सरकार पिछले लोक-लुभावन बजट में हुई घोषणाओं को ही लागू नहीं कर पाई, फिर से नई घोषणाएं करके तारीफ लेने की कवायद में लगी है: **अखिलेश सिंह**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बजट में बिहार के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने खजाना खोल दिया है। आम बजट 2025-26 में बिहार के लिए तोहफों की बारिश कर दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट ऐतिहासिक और बिहार को समर्पित बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में बिहार के किसानों, युवाओं, उद्यमियों, कारोबारियों एवं महिलाओं, हर किसी की फिक्र की गई है। आम बजट 2025-26 विकसित भारत का संकल्प पूरा करने का रोडमैप है तो विकसित बिहार का भी रोडमैप है। आम बजट 2025-26 में पूरे देश के किसानों, गरीबों, महिलाओं, बच्चों, मध्यम वर्ग और युवाओं के साथ बिहार को भी कई सौगातें दी गई हैं।

# केंद्रीय बजट में झारखंड के साथ एक बार फिर नाइंसाफी हुई: झामुमो

**रांची,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में आम बजट 2025-26 पेश किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता मनोज पांडेय और झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया दी है। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में झारखंड को कुछ नहीं मिला। जबकि, झारखंड के कोयले से पूरा देश रोशन होता है। वहीं, पड़ोसी राज्य बिहार को चुनावी बजट मिला है। झारखंड के साथ एक बार फिर नाइंसाफी हुई है। कम से कम हमारा बकाया तो दे दे। अगर हमारा बकाया नहीं दिया गया तो हम सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। झारखंड के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। हमारे सांसद सदन पटल पर इस मामले को उठाएंगे और अपना हक और अधिकार मांगेंगे।



बजट में झारखंड को कुछ नहीं मिला। जबकि, झारखंड के कोयले से पूरा देश रोशन होता है। वहीं, पड़ोसी राज्य बिहार को चुनावी बजट मिला है: **मनोज पांडेय, प्रवक्ता झामुमो**

### बाबूलाल मरांडी ने की तारीफ


झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बजट पर कहा कि इतना अच्छा बजट वर्षों बाद आया है। इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की बात की गई है। भारत में जिस चीज की कमी है, उसे बढ़ाने की भी बात की गई है और उस पर विशेष फोकस किया गया है। 2047 तक विकसित भारत बनाना है और इसी दिशा में हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। इनकम टैक्स का स्लैब बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। नौकरी पेशा समेत छोटे-छोटे उद्यमियों को भी इस बजट से फायदा होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने जिस तरह से आम बजट पेश किया है, ये ऐतिहासिक है, यह देश को विकसित भारत आगे बढ़ाने में एक बहुत बड़ा कदम है।

### रेल बजट — *रेलवे का परिचालन अनुपात 98.2 रहने का अनुमान*

# आम बजट में रेलवे की 4.60 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत

**नई दिल्ली, 1 फरवरी (एजेंसियां)। आम बजट 2025-26 में रेलवे की चार लाख 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं को स्वीकृति देने के साथ दो लाख 64 हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है जिसमें से दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए पूंजीगत व्यय के लिए दिये गये हैं जबकि करीब 12 हजार करोड़ रुपए सरकारी निजी साझीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत निवेश से आएंगे।**

रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण आम बजट में रेलवे के लिए आवंटन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने रेलवे के लिए इस साल दो लाख 64 हजार करोड़ रुपए की योजना मंजूर की है जिसमें दो लाख 52 हजार करोड़ रुपए पूंजीगत आवंटन है जबकि करीब 12 हजार करोड़ रुपए पीपीपी के अंतर्गत परियोजनाओं में निवेश से आने का अनुमान है। रेलवे का परिचालन अनुपात 98.2 रहने का अनुमान है।



बजट में रेलवे की चार लाख 60 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है जिनका दो से तीन साल में क्रियान्वयन होना है। रेलवे के संरक्षा बजट एक लाख 16 हजार करोड़ रुपए का है जो पिछले वर्ष एक लाख 14 हजार करोड़ रुपए का रहा है: **रेल मंत्री**

रेल मंत्री ने कहा कि बजट में रेलवे की चार लाख 60 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी है जिनका दो से तीन साल में क्रियान्वयन होना है। उन्होंने कहा कि बजट में रेलवे के संरक्षा बजट एक लाख 16 हजार करोड़ रुपए का है जो पिछले वर्ष एक लाख 14 हजार करोड़ रुपए का रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बीते दिसंबर एवं जनवरी माह में रेलवे में कोई भी दुर्घटना दर्ज नहीं की गयी है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि दस हजार लोकोमोटिव्स और 15 हजार किलोमीटर पटरियों पर कवच लगाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा अब देश में करीब दस हजार किलोमीटर के मार्ग पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिगनलिंग (एबीएस) लगायी जा रही है। इसके लिए विद्युत पारेषण लाइनों का उच्चीकरण 2X25 किलोवाट के स्तर पर किया जाना है।

श्री वैष्णव ने कहा कि बजट में रेलवे के लिए स्वीकृत परियोजनाओं में 100 नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, 50 नयीं नमो भारत एक्सप्रेस गाड़ियां, 200 वंदे भारत एक्सप्रेस (चेयरकार एवं स्लीपर) का विनिर्माण, 1000 नये फ्लाईओवर एवं अंडरपास का निर्माण, 17500 जनरल कोच बनाने की योजनाएं शामिल हैं। रेलवे के सकल प्रदर्शन के बारे में सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि इस साल 31 मार्च को भारतीय रेलवे 1.6 अरब टन माल ढुलाई का विश्व कीर्तिमान कायम करेगी तथा अगले वर्ष 31 मार्च 2026 में तीन लाख करोड़ रुपए की आय का रिकॉर्ड बनाएगी। लद्दाख एवं अरुणाचल प्रदेश में रेलवे लाइन बिछाने की परियोजनाओं में प्रगति के बारे में पूछे जाने पर रेल मंत्री ने कहा कि बिलासपुर मनाली लेह की लाइन और अरुणाचल प्रदेश की तवांग को जोड़ने वाली लाइन के बारे में रक्षा मंत्रालय से विचार विमर्श करके विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनायी जा रही है।

# साहित्य

# मैं दर्शन और साहित्य को विषय नहीं मानता : प्रेमकुमार मणि

■ (प्रेमकुमार मणि से अजित कुमार की बातचीत)

> मैंने बौद्ध धर्म को एक नए रूप में उनके जरिये देखा। जगदीश कश्यप कट्टरवादी नहीं थे। मेरा मार्क्सवादी दृष्टिकोण भी था। उनके साथ बैठकर बातचीत करने से मैंने बौद्ध धर्म के विभिन्न पहलुओं को जाना और काफी कुछ सीखा। उन्होंने मिलिंदपञ्ह (मिलिंद प्रश्न) का अनुवाद किया है। त्रिपिटक का हिंदी में अनुवाद किया। अनुवाद में उनका महत्वपूर्ण कार्य था। वे चीन की मंडारन सहित कई भाषाओं के जानकार थे। वे संस्कृत के भी जानकार थे। वे चीन जाया भी करते थे और उनका वहाँ काफी सम्मान था। उनके मित्रों में सर्वपल्ली राधाकृष्णन भी थे। काश्यप का बड़ा व्यक्तित्व था। उनके सानिध्य से दुनिया को समझने अवसर मिला।

प्रेमकुमार मणि हिंदी की साहित्यिक दुनिया में 1980 के दशक में एक संवेदनशील कथाकार के रूप में आए थे। उनकी कहानियों और उपन्यास खासे चर्चित रहे। लेकिन मणि की ख्याति धीरे-धीरे उनके वैचारिक लेखन के लिए बढ़ने लगी और उनकी पहचान हिंदी पट्टी के सबसे बड़े विचारक के रूप में बनी। विश्वदृष्टि, इतिहासबोध, विश्लेषण क्षमता और हिंदी पाठकों के बीच उनकी लोकप्रियता के कारण उनकी तुलना इतिहासकार युवाल नोआ हरारी से की जाती है। उनकी आत्मकथा 'अकथ कहानी' हाल ही में प्रकाशित हुई है, जिसमें उनके जीवन के साथ-साथ उत्तर भारत की राजनीति का भी आंखों देखा हाल बयान किया गया है। अजित कुमार ने उनकी आत्मकथा को केंद्र में रखकर विभिन्न प्रश्नों पर बातचीत की है। प्रस्तुत है, बातचीत का संपादित अंश:

**अजित कुमार:** आप अपनी आत्मकथा %अकथ कहानी% में अपने बचपन की लगभग सभी महत्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र कर चुके हैं। क्या ऐसी कोई और घटना अब याद आ रही है जो अब लग रहा हो कि पुस्तक में प्रकाशित होनी चाहिए थी?

**प्रेमकुमार मणि:** देखिए, यह जीवन बहुत बड़ा है। मैं सारी घटनाओं को लिख तो नहीं सकता था, पर कुछ घटनाओं की निश्चित रूप से लिखने के बाद बार-बार याद आती है। यह मैं नहीं कह सकता कि सब कुछ इस आत्मकथा में आ चुका है। मैं यह कह सकता हूं कि किसी भी व्यक्ति के जीवन भर की कथा एक आत्मकथा में कैसे आ सकता है? किताब में तो कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं का ही उल्लेख किया जा सकता है, जो पाठक के लिए उपयोगी हो। अपमान-सम्मान और जीवन की सारी जटिलताएँ, रोग-बीमारी, हर्ष-विषाद आदि, यह सब कुछ एक किताब में तो संभव नहीं है।

**अजित कुमार:** कॉलेज की पढ़ाई के दौरान आपकी रुचि विज्ञान से ज्यादा साहित्य में थी, क्योंकि फिजिक्स की परीक्षा के से एक दिन पूर्व आप एक उपन्यास पढ़ रहे थे, जबकि आपको फिजिक्स की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए थी..

**प्रेमकुमार मणि:** हमने रजनीश के भाषण में सुना था कि रजनीश अपने छात्रों को संस्मरण के रूप में सुना रहे थे कि वे दर्शनशास्त्र को कोई विषय नहीं मानते थे। रजनीश का एक छात्र दर्शनशास्त्र को छोड़कर अन्य विषय में चला गया था। तब वह बोले कि विषय छोड़ने से दर्शनशास्त्र की अभिरुचि से दूर नहीं हो सकते।रजनीश दर्शनशास्त्र को एक विषय के रूप में स्वीकार नहीं करते थे। मैं भी दर्शनशास्त्र को मैं एक विषय के रूप में नहीं देखता हूं। कुछ लोग दर्शनशास्त्र को विषय के रूप में मानते हैं। एक विषय के रूप में वह डिज़ाइन किया हुआ है। हम सभी पढ़ते हैं, ठीक है, मैं साहित्य को भी एक अलग विषय के रूप में नहीं मानता हूं। खेल और संगीत को भी एक अलग विषय के रूप में नहीं मानता हूं। यह हमारे जीवन को सुचारू रूप से चलने में सहायक होता है। विज्ञान बताता है कि दुनिया कैसे बनी, और दर्शनशास्त्र कहता है कि दुनिया क्यों बनी। साहित्य हमें बताता है कि हमारे जीवन में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए। यह एक सेतु है। कोई लेखक हमारे समाज में क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, इसके बीच एक सेतु बनाने का कार्य करता है। जीवविज्ञान बताता है कि जीवन कैसे बना, रसायन शास्त्र बताता है, रासायनिक पदार्थों के बारे में आदि। एक समय था, जब धर्म ने समाज को दिशा देने का कार्य किया था। मैं समझता हूं कि धर्म की सकारात्मक भूमिका अब नहीं रही। अब यह पाखंड फैला रहा है। मैं साहित्य को इसलिए गंभीरता से लेता हूं कि मानवता, मनुष्य जाति और समाज आदि को संभालने के लिए साहित्य की आवश्यकता है। हमारा दृष्टिकोण कैसा हो? साहित्य मेरी सांसों की तरह है।

**अजित कुमार:** क्या हम कह सकते हैं कि साहित्य हमारे समाज का एक अभिन्न अंग है?

**प्रेमकुमार मणि:** जी बिलकुल।

**अजित कुमार:** आप जगदीश काश्यप के सानिध्य में रहे। आपने उन्हें अपने गुरु के रूप में याद किया है। जगदीश काश्यप से मिलने के पूर्व, स्कूली जीवन के समय में आपके बौद्ध धर्म के प्रति विचार और जगदीश काश्यप के सानिध्य के बाद के विचार के बारे में दो-चार शब्द बताइए।

**प्रेमकुमार मणि:** दरअसल, जब मैं किशोरावस्था में था या हाई स्कूल कह लीजिए, मेरी 14 महीने की बहन का देहांत हो गया था। वह मेरे गोद में ही खेला करती थी। लोग कहते थे कि अगर मेरी बहन को अच्छे डॉक्टर से दिखाया जाता तो शायद वह बच जाती आदि। पहली बार जीवन में दुख, मृत्यु, मृत्यु के बाद भी कुछ होता है क्या, ऐसे-ऐसे विचारों के बारे में सोचने पर मजबूर हुआ। इससे मुक्ति के लिए मुझे एक पतली सी 50-60 पृष्ठ की किताब मिली। 1956 में बुद्ध की 2500वीं जयंती मनाई जा रही थी। इसी उपलक्ष्य में यह किताब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा प्रकाशित की गई थी। उसको मैंने पढ़ा तो मुझे बुद्ध में एक आकर्षण महसूस हुआ। उसके बाद मैंने कार्ल मार्क्स, राहुल सांकृत्यायन को पढ़ा। बुद्ध से संबंधित किताबों को पढ़ा। यह सब पढ़ने के बाद आकर्षण बढ़ता गया। हवलदार त्रिपाठी 'सहृदय' की किताब बौद्ध धर्म और बिहार को पढ़ा। इस पुस्तक में बौद्ध धर्म के कौन-कौन उन्नायक हुए, तीन-चार लोगों की जीवनियाँ थी, जिसमें राहुल जी, अनागरिक जी और उनमें से एक काश्यप जी का भी जिक्र था। उसमें यह भी था काश्यप जी नालंदा में रहते हैं। मैं जाकर उनसे मिला। उस वक्त मेरी उम्र 19 वर्ष थी। फिर उनसे जुड़ाव हो गया। मैं उनके सामने बौद्ध धर्म के बारे में शून्य था। उन्होंने मुझसे पूछा, बौद्ध धर्म तुम्हें क्यों पसंद है? उस वक्त मैंने कुछ जवाब दिया जो अब मुझे याद नहीं आ रहा है। धीरे-धीरे घनिष्ठता बढ़ती गई और उनका सानिध्य मुझे मिला, जिसे मैं आज भी महसूस कर सकता हूं। उनका निधन 1976 में हो गया। मेरा सम्मान उनके प्रति हमेशा बना रहेगा।

मैंने बौद्ध धर्म को एक नए रूप में उनके जरिये देखा। जगदीश कश्यप कट्टरवादी नहीं थे। मेरा मार्क्सवादी दृष्टिकोण भी था। उनके साथ बैठकर बातचीत करने से मैंने बौद्ध धर्म के विभिन्न पहलुओं को जाना और काफी कुछ सीखा। उन्होंने मिलिन्दपञ्ह (मिलिंद प्रश्न) का अनुवाद किया है। त्रिपिटक का हिंदी में अनुवाद किया। अनुवाद में उनका महत्वपूर्ण कार्य था। वे चीन की मंडारन सहित कई भाषाओं के जानकार थे। वे संस्कृत के भी जानकार थे। वे चीन जाया भी करते थे और उनका वहाँ काफी सम्मान था। उनके मित्रों में सर्वपल्ली राधाकृष्णन भी थे। काश्यप का बड़ा व्यक्तित्व था। उनके सानिध्य से दुनिया को समझने अवसर मिला। नया दृष्टिकोण मुझे प्राप्त हुआ। वह अक्सर कहा करते थे कि कुछ बड़ा सोचो, बड़ा करो, पर मैंने बड़ा कुछ किया तो नहीं परंतु सोचने में कोताही नहीं की। दुनिया काफी तेजी से बदल रही है, ज्ञान का विस्तार हो रहा है। मैं ज्ञान का एक छोटा सा हिस्सा भी आज तक नहीं जान सका हूं। मैं समझता हूं विचार से कहीं ज्यादा करुणा और संवेदना को बचाए रखने की जरूरत है। विचार से कहीं अधिक मूल्य संवेदना का होती है। उनसे मैंने काफी कुछ सीखा। आज भी मैं उनका नाम आदर और सम्मान के साथ लेता हूं।

**अजित कुमार:** आप शुरुआती दौर में कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े हुए थे। इमरजेंसी के विरोध में आपको पार्टी से दूर कर दिया गया था। यह हमेशा देखा गया है कि सत्य बोलने वाले व्यक्ति को काफी कुछ सहना पड़ता है, तो मैं खुद के लिए यह पूछना चाहूंगा कि सत्य बोलने से अगर किसी से संबंध खराब होते हैं तो क्या करना चाहिए?

**प्रेमकुमार मणि:** कोई भी धर्म या विचार हो, लोग उसे रूढ़ बना देते हैं। मैं आज भी मार्क्सवादी हूं। मार्क्सवाद एक विचार है, साम्यवाद एक यूटोपिया है जैसे कबीरदास का 'अमर देश' और रैदास का 'बेगम पुरा' है। कम्युनिस्ट पार्टी का सदस्य जरूर रहा हूं। आज भी हमारे विचारों में कम्युनिज़्म है। कबीर का अमर देश, रैदास का बेगमपुरा और मार्क्सवाद इन सभी में एक संगति देखता हूं। बौद्ध चिंतन या दर्शन में भी कुछ पाखंड है। मैं मार्क्सवाद से प्रभावित था। जब मैंने पार्टी में ग़लतियों का विरोध किया, तो मुझे गलत समझा गया। मैं कहता हूं कि अगर कुछ भी ग़लत हो रहा है, तो उसे निर्भय होकर आवाज़ उठाएं और विरोध करें, यही मेरी आदत रही है और इसके लिए मैंने अपने अपने जीवन में काफी परेशानियां झेली हैं। बाद के राजनीतिक जीवन में भी यह सिलसिला बना रहा।

**अजित कुमार:** आप सामाजिक विश्लेषण के साथ-साथ राजनीतिक विश्लेषण भी करते हैं। मेरा प्रश्न यह है कि साहित्य और राजनीति का संबंध कैसा होना चाहिए?

**प्रेमकुमार मणि:** राजनीति समाज से अलग नहीं हो सकती है, जैसे किसी विचार का अलग से महत्व नहीं है। पदार्थ है तभी विचार है। जगत और ब्रह्म एक दूसरे के सापेक्ष हैं। विचार और भौतिकता एक दूसरे के सापेक्ष हैं। समाज है तभी राजनीति है। राजनीति का मूल उद्देश्य है हम समाज को कैसे आगे ले जाएं। मैं विकास को मानव हैप्पी इंडेक्स के अंतर्गत देखना चाहता हूं। विकास का हमारा पैमाना गगनचुंबी इमारतें और फैक्ट्रियां आदि नहीं होनी चाहिए। आधुनिक सभी सुख-सुविधा होने के बावजूद अगर मनुष्य दुखी है, तो इसे हम विकास नहीं कहेंगे। हमें मानव की संवेदना का विकास करना चाहिए। प्रकृति के सभी रूपों से तालमेल रखते हुए विकास को बढ़ावा देना चाहिए।

**अजित कुमार:** आप युवावस्था में कवि काशीनाथ पांडे जी से मिले थे। उसके बाद वह आपको छोड़ने के लिए आपके साथ दूर गली तक आए थे। आपनी अत्मकथा में इसका जिक्र करते हुए बताया है कि..

**प्रेमकुमार मणि:** मुझे माफ़ कीजिए, मैं आपको बीच में ही रोक रहा हूं। एक घटना थी जिसमें मैं बारिश में भीग रहा था, छाता भी नहीं था, पैदल आ रहा था जब उन्होंने मुझे अचानक मुझे दरवाजा खोला और मुझे अंदर बुला लिया। उस समय वे मुझे नहीं जानते थे और न ही मैं उन्हें जानता था। बाद में पता चला कि वे कवि पांडे जी हैं। इस तरह से उनसे मुलाकात हुई। दुनिया में जितने भी कवि या लेखक हैं, वे अलग तरह के जीव होते हैं और मानवता को संवारने के लिए निरंतर कार्यरत रहते हैं। उन्होंने मुझे बड़ी सादगी से चाय पिलाई। उन्होंने पोर्क कबाब लाकर रख दिया और कहा खाओ। मैंने खा लिया। तब उन्होंने मुझसे पूछा पता है आपने क्या खाया? मुझे पोर्क के बारे में पता नहीं था। उन्होंने बताया कि आपने सूअर का मांस खा लिया है। तब मुझे लगा कि मैंने यह क्या कर लिया। वे बोले कि कंठी जेनऊ पहन कर लेखक नहीं बन सकते। यह छोटी सी घटना मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण थी। यह मेरे लिए एक बड़ी सीख थी।

**अजित कुमार:** आपने आत्मकथा में पट्टीदार के घर के प्रांगण में दीवार चुनवाना आदि का जिक्र किया है, जिसकी तुलना आपने बर्लिन की दीवार से की है। यह एक बहुत रोचक तुलना है..

**प्रेमकुमार मणि:** यह तो निजी अनुभव हैं, आपको अच्छा लगा। यह पूरा जीवन है; आप अपने आसपास के घटनाओं को देखते हैं, सोचते हैं, विचार करते हैं। यह मेरी आदत है, यह मेरे लिखने की आदत में है। कोई छोटी सी घटना को बुद्ध से जोड़ना या किसी बात को बुद्ध या मार्क्स से तौलने की यह मेरी आदत है। कोई भी आदमी कोई दृश्य या घटना को अपने कार्य या जरूरत के हिसाब से जरूर जोड़ता है। जैसे एक भूखा आदमी चांद से रोटी की तुलना करता है, एक प्रेमी चांद को अपनी प्रेमिका के रूप में कल्पना करता है। यह व्यक्ति की भावना के ऊपर निर्भर करता है।

**अजित कुमार:** आपके लेखन में कोई ऐसा शब्द जिसे पाठक को समझने में मुश्किल आती है, तो आप उसे ब्रैकेट में लिखकर या एक-दो पंक्तियों में समझा देते हैं। यह गैर-हिंदी भाषा क्षेत्र के पाठकों के लिए काफी आसान हो जाता है। जैसे मैं पूर्वोत्तर के राज्य में रहता हूं, तो यहां के लोगों के लिए यह काफी आसान हो जाता है। जैसे आपने आत्मकथा में बोरसी के बारे में बताया है कि वह मिट्टी से बना हुआ पात्र, जिसमें ठंड के दिनों में आग जलाकर रखा जाता है। ऐसे क्षेत्रीय शब्द बदलते समय में क्या लुप्त हो जाएंगे?

**प्रेमकुमार मणि:** बहुत सारे शब्द हैं। एक दुनिया से दूसरी दुनिया में बहुत सारे शब्द खत्म हो जाते हैं। एक समय रथ था, अब रथ खत्म हो गया है। कुछ दिनों बाद टमटम और बैलगाड़ी भी खत्म हो जाएंगी। छोटी-छोटी चीजें जैसे कजरौटा भी खत्म हो जाएगा। हल खत्म हो जाएगा, धीरे-धीरे हल बहुत कम चलने लगा है। अब देखिये ओखली और मूसल। इसके बाद की पीढ़ी को ओखली और मूसल के बारे में पता ही नहीं होगा। जैसे मूसलाधार बारिश का अर्थ है मूसल जैसी धार वाला बारिश या बहुत तेज बारिश। लोग मूसल को ही नहीं जानेंगे तो मूसलाधार कैसे समझेंगे। जैसे वैदिक काल के शब्द आज हमारे बीच नहीं हैं। वह समाज भी खत्म हो गया है। साहित्य का काम है शब्दों को और चीजों को साहित्य में सहेज कर रखना। शब्द तो चलन से बाहर जरूर हो जाएंगे, लेकिन मनुष्य जाति के इतिहास में सब कुछ शामिल रहेगा।

**अजित कुमार:** वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण पर सरकार द्वारा काफी मुहिम चलाई जा रही है। आपके द्वारा रचित कहानी 'इमलिया' में आप पर्यावरण संरक्षण की ओर संकेत कर रहे हैं। मेरा सवाल यह है कि साहित्य द्वारा पर्यावरण संरक्षण में कैसे मददगार हो सकता है?

प्रेमकुमार मणि: यह तो आप लोग सोचेंगे कि कौन-कौन से उपाय हैं जो पर्यावरण को संरक्षित करें। लेखक का काम है इशारा करना। पेड़ के बिना कितना सूना हो सकता है सबकुछ? मनुष्य की पहचान कैसे गुम हो सकती है। बच्चे उसके बारे में क्या सोचेंगे? चिड़िया के बारे में बच्चे क्या सोचेंगे? लेखक का काम है मुद्दे की ओर इंगित करना। पृथ्वी पर खूब विकास होगा, बड़ी-बड़ी सड़के, गगनचुंबी इमारतें, कल-कारखाने, परंतु उसमे चिड़िया, पेड़-पौधे, जीव-जंतु नहीं होंगे, तब कल्पना कीजिए पृथ्वी का दृश्य कैसा होगा? मेरी एक और कहानी है 'खोज', जिसमें एक आदमी सपना देखता है कि वह अपने मित्र के यहाँ गाँव में जाता है और वहाँ बड़े अच्छे मकान बने हुए हैं। लेकिन वहां कोई चिड़िया नहीं है, पेड़-पौधे नहीं हैं, जीव-जंतु नहीं हैं, घरों में ताले लगे हुए हैं। अगर वहाँ मनुष्य नहीं हैं, पेड़-पौधे नहीं हैं, जीव-जंतु नहीं हैं, तो उस सौंदर्य का कोई मतलब नहीं है। हर एक चीज की चेतना होनी चाहिए। अगर चेतना नहीं है, तो वह जगत का क्या मतलब? चेतना नहीं है, तो ब्रह्म का कोई मतलब नहीं है। लेखक का काम है वहां पहुंचना, जहां सामान्य लोगों की नजर नहीं जाती। लेखक का काम है एक दृष्टिकोण विकसित करना।


**अजित कुमार:** सर, आप अपने व्यक्तिगत जीवन के बारे में कुछ बताइए।

**प्रेमकुमार मणि:** हम सबको पता है कि एक दिन हम सबको मिट जाना है। जब तक मैं हूं तब तक सहज रह सकूं। हर आदमी की एक सीमा होती है मेरी भी एक सीमा है। मैं बहुत लोगों से मिला जैसे- धर्म से जुड़े लोगों से, राजनीति से संबंध रखने वाले से विज्ञान से संबंधित लोगों से और साहित्य से संबंध रखने वाले लोगों से मिलता ही रहता हूं। अगर गलत के विरुद्ध में कुछ बोल देता हूं तो लड़ाई हो जाती है। अगर गलत है तो मैं जरूर कहता हूं यह गलत है। मैं राजनीतिक परिवार से आता हूं। कुछ प्रमुख राजनेताओं, जैसे लालू जी, नीतीश जी और रामविलास जी से मेरी मैत्री रही। अन्य क्षेत्र के लोगों से भी मित्रता रही। गलत को गलत और सही को सही मैं कह देता हूं जो कि मैंने अपने गुरु से पाया है। हजारी प्रसाद जी की उपन्यास बाणभट्ट की आत्मकथा जिसकी एक पंक्ति मुझे अच्छी लगती है, कि सत्य के लिए किसी से न डरना, गुरु से भी नहीं, लोक से भी नहीं, वेद से भी नहीं। मैं दुस्साहसी नहीं हूं, निर्भय होने की कोशिश करता हूं। चीजों की अपनी सीमा होती है। संसाधन की भी अपनी सीमा है। भौतिक संसाधन के बारे में मैं कुछ कहना चाहूंगा कि संसाधन की इतनी जरूरत है जिसमें हमारी नाव सुचारू रूप से चले। अगर धन दौलत हमारे लिए जरूरी है जिससे कि जीवन सुचारु रूप से चले जैसे नाव चलने के लिए पानी की जरूरत है अगर पानी नाव के भीतर आ जाएगा तब नाव डूब जाएगी, ठीक उसी तरह धन दौलत हमारे पास ज्यादा आ जाए तब यह समझ लीजिये जीवन में मुश्किलें खड़ी होंगी। मैंने अपने दादाजी से सीखा है, जो अनपढ़ थे। मां से भी सीखा और गुरुओं से भी सीखा। मैं अनुभव से भी सीखता हूं। मैं कभी नहीं सोच पाता हूं कि मैं ज्ञानी हूं। निरंतर सीखने की प्रक्रिया में रहना चाहिए। आदमी को ज्ञान को निरंतर परिष्कृत करते रहना चाहिए। समय के हिसाब से बदलाव जरूरी है। आज आपने स्नान किया फिर आपको कल भी स्नान करना होगा। एक दिन खूब अच्छी तरह, खूब देर तक स्नान कर लेने से नहीं चलेगा। जैसे खाना हर कुछ घंटे बाद खाना होता है, ठीक उसी तरह ज्ञान हासिल करने की भी एक निरंतर प्रक्रिया है।

■ **अजित कुमार,**
**जनविकल्प से साभार**

ललित निबंध

# वसंत को ये क्या क्या होने लगा?



■ विजय किशोर मानव

मन गाने को है, उम्र का कोई फर्क नहीं, सबके भीतर कुछ बज-सा उठता है. हवा में राग-रंग जैसे घुल से गये हों. आधुनिक शब्द-बिम्बों से लबरेज गीतों से कहीं अधिक, मस्ती में डुबोते हैं लोकगीत. लोकगीतों में मादक रंगों का उल्लास, सौंदर्य, श्रृंगार समाया हुआ है. सब कहीं वसंत पंचमी से ही फाग गमकने लगते हैं. भाषाएं प्रेम को खुद पर लाद लेती हैं और रात-रात भर स्वरों में ठुमकती हैं. असल में लोक ही है जो भाषा को और परम्पराओं को जीते रहने के लिए हर मूल्य पर आमादा रहता है. बदलाव के दौर में अनेक बार इसे रूढ़ि कहा जाता है. लेकिन, यह भी सच है कि वही रूढ़ि या ज़िद कह लें, या फिर संस्कार है जो धरती के किसी भी कोने में आपको अपनी जड़ों से जोड़े रखता है.

उत्तरायण होकर सूर्य, सर्दी से ठिठुरे जीवन को फिर से चेतना से जोड़ते हैं. मकर संक्रांति से वसंत पंचमी तक आते-आते, सूर्य का ताप भाने लगता है. बर्फ पिघलने लगती है. पतझर सारी प्रकृति से विदा लेता है और पल्लव से लेकर बौर तक सब, जीवन को और उम्मीदों को, ओढ़ने लगते हैं. तन से मन तक रेशा-रेशा गमकने लगता है. क्षितिजों पर से जैसे जीवन उगने लगता है. यह उत्साह की और सृष्टि के प्रेम की ऋतु है, इसका नाम है वसंत.

हमारे देश की यह विशेषता रही है कि उसके बड़े शहरों में पीढ़ियों से भी रहते आ रहे परिवारों में लोक की परम्परा का सूत्र हल्के-फुल्के बदलाव के साथ बचा मिल जाता रहा है. हमें तो आज भी ठीक से याद है कि हमारे गांवों और छोटे मंझोले शहरों में वसंत कैसे आता था. कुछ तो वह आता था और कुछ समाज अपने आप पर लपेट लेता था. हमारे यहां तो जब वसंत आता था तो आम के दरख्तों में बौर खोजे जाते थे. कई बार तो उस दिन तक खूब बौर आ चुके होते थे लेकिन कई बार उनका झलकना बाकी होता था. तब हम बच्चे, कहीं न दिखने वाला बौर खोज कर लाते और अपनी सफलता पर फूले नहीं समाते थे. हमारे नये वस्त्र, सरसों के फूल जैसे पीले रंग में रंगे जाते. दादी-बाबा से लेकर मां-पिता, बुआ, बहन-भाई सब एक ही रंग में रंगे होते जैसे सब ने कोई यूनिफार्म पहन रखी हो. कानों में आम के बौर खोंसे जाते, सिर पर सरसों के फूल सजाये जाते. आंगन में चौक पूरी जाती, पूजा होती. सधवा स्त्रियां इस दिन शाम होने से पहले उस धोबिन के हाथों सुहाग लेतीं जिसे साल के बाकी दिनों अछूत माना जाता. खाने में भी रंग बरकरार रहता. कढ़ी भात बनता और केसरिया रंग के मीठे चावल. एक अलग उमंग, एक अलग छटा, लगता कि जीवन में, वातावरण में कुछ नया हो गया है. लेकिन आज की तरफ आयें तो पीले रंग को पहनने का चलन तो अब गांव में भी नहीं रहा. कानों में आम के बौर खोंस लेने का चलन भी गया. मेरा रंग दे वसंती चोलाज भी अब फिल्मों में ही बजता है.

प्रकृति भी बहुत बदली है. फूलों से सुगंध गायब हो रही है, दरख्तों पर धूल और धुएं की मोटी पर्त चढ़ी होती है, कलरव करने वाला पक्षी-समाज छीझ गया है. बहुत प्रकार के पंछी बचे ही नहीं हैं. नदी सूख गयी है या गंदा नाला बन गयी है. कैसे रह जायेंगे जीव जंतु, परिंदे वगैरह, कैसे जियेंगे? लेकिन इससे कई गुना ज़्यादा, समाज और उसके चलन बदले हैं, खासकर अधिक सभ्य हो गये हैं. शहर हमारे उत्सवों और परम्पराओं से बाहर आये हैं. अनेक ऋतुपर्व उनके यहां बिला गये हैं जिनमें यह सब कुछ समाया रहता था.

करीब दो सदी पहले वेलेंटाइन ने अपनी प्रेयसी के साथ आंखों-आंखों में एक पुल बनाकर प्रणय की वेदी पर जो बलिदान दिया और सबको प्रेम करने का संदेश दिया, वह आज दुनिया भर में, बाज़ार के रूप में छाया हुआ है. हर उम्र और खास तौर पर हर युवा, प्रेम करता हुआ दिखता है. संदेश देने के व्यावसायिक उपकरण हैं. भेंट करने का सामान है और उसे सेलिब्रेट करने का हौसला है. कहीं छिपकर तो कहीं सबके सामने. चुपके-चुपके चोरी-चोरी वाले दिन गये. चिट्ठियां लिखने, जैसे-तैसे पहुंचाने और फिर पकड़े जाने के भी दिन गये. प्यार के अहसास-भर से जिस तरह का रोमांच होता है, उसके इज़हार में उतनी ही कठिनाई होती रही है. गालिब लिखते हैं- इक आग का दरिया है और डूब के जाना है. एक दौर था, प्रेम का इज़हार करने में उम्र बीत जाती थी. 'हम तुम बांधे मौन अधर पर, टूट गये भीतर ही भीतर' की तर्ज पर. इशारों के बाद चिट्ठियां लिखी और चोरी-छुपे पहुंचायी जाती थीं. सिलसिला चल निकलता तो इंतज़ार में प्रेम ज़िंदा बना रहता. महीनों इंतज़ार के बाद जब चिट्ठीरसा कोई ऐसा खत लाकर देता था, प्रेमियों की बांछें खिल जातीं. ऐसे खत संभाल कर रखे जाते, बार-बार पढ़े जाते.

अब तो फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, आईपैड है. मोबाइल पर एसएमएस और चैटिंग है. नेट पर चैटिंग है, सब कुछ वहीं हो रहा है. अनदेखे, अनजाने लोगों के प्रोफाइल और सच्ची-झूठी तस्वीरें. उम्र के कई वर्गों के लोग, दफ्तरों से लेकर अपने घरों के एकांत तक, घंटों प्रेम के मायावी संसार में गोते लगाया करते हैं.

आज समय बदल रहा है. प्रेम की किसी एक ऋतु और उससे जुड़े लोकाचार से मुक्त हो रहे हैं लोग. जब उमंग, तब वसंत को अपना प्रेरक वाक्य माने, लगे रहते हैं मुन्ना भाई. अब तो हर ऋतु प्रेमपगी बनी रहती है, फिर वसंत के तो कहने ही क्या. प्रेम ही क्यों, जीवन में कोई उल्लास हो, कोई समाज या देश नया स्वप्न देखने लगे तो भी आज उसे वसंत की, अंग्रेज़ी में कहें तो स्प्रिंग की संज्ञा दी जाने लगी है. गलाने वाली शीत से राहत देने वाले, पश्चिमी देशों के धूप सने स्प्रिंग यानी वसंत की आहट भर से वहां सब कुछ नाच उठता है. जाने कब से वसंत उल्लास का पर्याय बना हुआ है. वह सिर्फ प्रेम या आनंद की एक ऋतु भर नहीं वह एक संज्ञा, एक मुहावरा बन गया है. जो हर तरह की उम्मीद और उल्लास को, और कई बार तो संघर्ष को भी ध्वनित करता है. सदियों से तानाशाही की ज़ंजीरों में जकड़े किसी देश या समाज को, सत्ता बदलने की उम्मीद जगाते आंदोलन में भी, वसंत को देखना गलत नहीं माना जा रहा है? अरब स्प्रिंग की कल्पना भले ही साकार नहीं हो सकी लेकिन लोगों ने जागती आंखों, मनमानी करने वाली सत्ताओं से मुक्ति का, एक खुले माहौल का सपना, तो देखा ही. और हमारे देश में भी आंदोलनों में एक रौनक पिछले वर्षों में दिखी थी. देश की मुख्यधारा में नयी तरह के ऐसे ही वसंत के सपने आकार लेते देखे जाते रहे हैं.

शास्त्राह्मं में झांकें तो पता चलेगा कि हम अपनी किस परम्परा से दूर होते जा रहे हैं. उनके अनुसार वसंत निराकार कामदेव का समय है और वसंत ही मेधा की देवी सरस्वती का भी समय है. एक साथ काम और बुद्धि दोनों का समय. एक तरह का विरोधाभास है इन दोनों में. यही समय भगीरथ के गंगा को धरती पर लाने का है. ध्यान से देखें तो यह समय, सम्यक रूप से पूरी तरह जीने का है. काम, कर्म और मेधा तथा विवेक सब एक ही समय में उपस्थित हैं. सृजन में कैसी लीन होती है सृष्टि, वसंत और होली के बीच के पर्वों की इस श्रृंखला में. इसी बीच शिवरात्रि है. नटराज के तांडव से नर्तन का और डमरू की ध्वनियों से पाणिनी के व्याकरण के सूत्रों का प्रादुर्भाव, जैसे सब कुछ जनने की ऋतु हो. वह सब कुछ होता है जो मन चाहता है. हर कोई प्रेम करना चाहता है. रचना चाहता है. पूरी सृष्टि जैसे फिर से स्वयं को जनना चाहती है. प्रेम का विवेकशून्य प्रवाह और साथ ही बुद्धि की विवेकपूर्ण वर्जनाएं एक साथ शायद इसी पर्व में दिखती हैं. हमारी सारी ऋतुएं, हमारी बाहरी और भीतरी दोनों प्रकृतियों को बहा ले जाती हैं, लेकिन वसंत जैसा प्रवाह किसी में नहीं होता. शायद सृजन का आवेग और उस जैसी शक्ति भी दुर्लभ है जो वसंत में निहित है.

प्रेम खत्म नहीं होता क्योंकि सृष्टि के उद्गम में ही प्रेम है. यह वर्जनाएं नहीं मानता, इसे किसी से भय नहीं. हर एक के भीतर नयी अनुभूति के साथ उदित होता है. प्यार की आंच मंद भी पड़ जाये तो भी उसकी गरमाई बची रहती है. फिर माफिक वक्त आया, वसंत ने तन-मन छुआ और फिर सब कुछ हरा-भरा हो गया. संस्कृत व रीतिकाल के कवियों ने राधा व कृष्ण को माध्यम बनाकर प्रेम की जो फसल हमें सौंपी है, वह बेमिसाल और सदाबहार है. छंद, सवैये, गीत, रसिया, फाग, लोकगीत, न जाने कितने रूपों में और जाने कितने कवियों ने, राधा-कृष्ण के प्रेम को और इस ऋतु को अमर बनाया है. कहीं वसंत का मौसम हो तो प्रेम सीझने लगता है. और कहीं, प्रेम घना होने पर परिवेश वसंत से सराबोर हो जाता है. प्रेम को लेकर तॉलस्ताय, मोपासां, चेखव, मार्केस, मिलान, कुंदेरा तथा हिंदी व भारतीय भाषाओं में तमाम लेखकों ने कहानियां लिखी हैं जो चित्ताकर्षक हैं. रेणु की 'तीसरी कसम उर्फ मारे गये गुलफाम' में प्रेम की धमक का अलग ही रूप-रंग है. हमारी स्मृतियों में चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी- उसने कहा था, आज भी जीवित है. प्रेम के कई रूप हैं- अशरीरी प्रेम, आत्मिक या रूहानी प्रेम और शरीरी प्रेम. प्रेम का यह विस्तार पारिवारिक और रिश्ते-नातों के दायरे से लेकर मैत्रीपूर्ण सम्बंधों तक फैला है. प्रेम का हो-हल्ला आज जितना है, उतना प्रेम समाज में दीखता नहीं. मन को बहुत भाने वाली ये बातें, धीरे-धीरे अर्धसत्य हो गयी हैं. ठीक-ठीक कहें तो आधे से भी कम सच. ऐसे में हम सब क्यों नहीं वसंत को वसंत की तरह और पूरा-पूरा जियें. सचमुच प्रेम करें, सबसे प्रेम करें. यही वसंत है. यही संदेश है वसंत का. पर दुर्भाग्य हमारा, हम न इस वसंत को देख पा रहे हैं, न समझ पा रहे हैं. इसे जीने की बात तो बहुत दूर की है. वसंत को जीने का मतलब है जीवन को उस रागात्मकता के माध्यम से समझना जो एक से दूसरे को जोड़ती भी है और उसे अर्थवान भी बताती है. यह आज हमारे जीवन में जैसे रागात्मकता की नदी सूखती जा रही है. भगीरथ बनना होगा सबको, ताकि जीवन को किसी गंगा की लहरें छुएं- उनकी छुअन की पुलकन से जीवन आह्लादित हो. तभी कहीं न दिखनेवाला बौर हाथ आयेगा.

## ग़ज़ल

■ दाग देहलवी

तेरी सूरत को देखता हूँ मैं
उस की क़ुदरत को देखता हूँ मैं

जब हुई सुब्ह आ गए नासेह
उन्हीं हज़रत को देखता हूँ मैं

वो मुसीबत सुनी नहीं जाती
जिस मुसीबत को देखता हूँ मैं

देखने आए हैं जो मेरी नब्ज़
उन की सूरत को देखता हूँ मैं

मौत मुझ को दिखाई देती है
जब तबीअत को देखता हूँ मैं

शब-ए-फ़ुर्क़त उठा उठा कर सर
सुब्ह-ए-इशरत को देखता हूँ मैं

दूर बैठा हुआ सर-ए-महफ़िल
रंग-ए-सोहबत को देखता हूँ मैं

हर मुसीबत है बे-मज़ा शब-ए-ग़म
आफ़त आफ़त को देखता हूँ मैं

न मोहब्बत को जानते हो तुम
न मुरव्वत को देखता हूँ मैं

कोई दुश्मन को यूँ न देखेगा
जैसे क़िस्मत को देखता हूँ मैं

हश्र में 'दाग़' कोई दोस्त नहीं
सारी ख़ल्क़त को देखता हूँ मैं



## हाना

खाये के पातुर

काम बूता म धियान नी देवय अउ खाए बर आनी बानी के पकवान बर मन लगे रहिथे। तेकर बर केहे जाथे। खाये म पातुर। माने चतुर अउ काम के बेरा आलसीपन।

## शब्द अरथ

1. छंदइया-छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई - छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी- छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना- छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी-छदना
6. छंदल- छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा- छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# सोसल मीडिया अउ साहित्य लेखन

आज मांदी भात के कोनो पुछारी नइहे, मनखे बफे सिस्टम कोती भागत हे। जिहां के साज-सज्जा अउ आनी-बानी के मेवा मिष्ठान, खान-पान के भारी चरचा घलो चलथे। भले मनखे कहि देथे, कि पंगत म बइठ के खवई म ही आदमी मन के मन ह अघाथे, फेर आखिर म उहू बफे कोती खींचा जथे। मनखे के मन ला कोन देखे हे, आज तन के पहिरे कपड़ा मन के मैल ल तोप देथे। आज कोट अउ सूट-बूट के जमाना हे,ओखरे पुछारी घलो हे, चिरहा फटहा (उज्जर मन) ल कोन पूछत हे। अइसने बफे सिस्टम आय साहित्य अउ साहित्यकार बर सोसल मीडिया। भले अंतस झन अघाय फेर पेट तो भरत हे। भले खर्चा होवत हे, फेर चर्चा घलो तो होवत हे। कलम कॉपी मांदी बरोबर मिटकाय पड़े हे।

सोसल मीडिया के आय ले अउ छाय ले ही पता लगिस कि फलाना घलो कवि, लेखक ए। जुन्ना जमाना के कतको लेखक जे पाठ, पुस्तक, मंच अउ प्रपंच ले दुरिहा सिरिफ साहित्य सेवा करिस, ओला आज कतकोन मन नइ जाने। अउ उंखर लिखे एको पन्ना घलो नइ मिले। फेर ये नवा जमाना म सोसल मीडिया के फइले जाला जमे जमाना ल छिन भर म जनवा देवत हे कि फलाना घलो साहित्यकार ए, अउ ए ओखर रचना। सोसल मीडिया, साहित्य कार के जरूरत ल चुटकी बजावत पूरा कर देवत हे। कोनो विषयवस्तु के जानकारी झट ले दे देवत हे, जेखर ले साहित्यकार मन ल कुछु भी चीज लिखे अउ पढ़े म कोनो दिक्कत नइ होवत हे। पहली प्रकृति के सुकुमार कवि पंत के रचना ल पढ़ना रहय त पुस्तक घर या फेर पुस्तक खरीद के पढ़े बर लगे, फेर आज तो पंत लिखत देरी हे, ताहन पंत जी के जम्मो गीत कविता आंखी के आघू म दिख जथे।

सोसल मीडिया ल बउरना घलो सहज हे, न कॉपी न पेन-लिख जेन लिखना हे तेन। शुरू शुरू म थोरिक लिखे-पढ़े म अटपटा लगथे ताहन बाद में आदत बनिस, ताहन छूटे घलो नहीं। सोसल मीडिया के प्लेटफार्म सिर्फ साहित्यकार मन भर बर नही, सब बर उपयोगी हे। गूगल देवता बड़ ज्ञानी हे, उँखर कृपा सब उपर बरसत रइथे, बसरते माँग अउ उपयोग के माध्यम सही होय। आज साहित्यकार मन अपन रचना ल कोनो भी कर भेज सकत हे, अपन रचना ल कोनो ल भी देखाके सुधार कर सकत हे। पेपर अउ पुस्तक म छपाय के काम घलो ये माध्यम ले सहज, सरल अउ जल्दी हो जावत हे। आय जाय के झंझट घलो नइहे। सोसल मीडिया म कोनो भी चीज जतेक जल्दी चढ़थे ,ओतके जल्दी उतरथे घलो, येखर कारण हे मनखे मनके बाहरी लगाव, अन्तस् ल आनंद देय म सोसल मीडिया आजो असफल हे। कोरोनच काल म देख ले रंग रंग के मनखे जोड़े के उदिम आइस, आखिर म सब ठंडा होगे। चाहे कविता बर मंच होय या फेर मेल मिलाप, चिट्ठी पाती अउ बातचीत के मीडिया समूह। पहली कोनो भी सम्मान पत्र के भारी मान अउ माँग रहय फेर ये कोरोना काल के दौरान अइसे लगिस कि सम्मान पत्र फोकटे आय। कोनो भी चीज के अति अंत के कारण बनथे, इही होवत घलो हे सोसल मीडिया म। सोसल मीडिया म सबे मनखे पात्र भर नही बल्कि सुपात्र हे, तभे तो कुछु होय ताहन ,जान दे तारीफ। वाह, गजब, उम्दा, बेहतरीन जइसे कतको शब्द म सोसल मीडिया के तकिया कलाम बन गेहे। सब ल अपन बड़ाई भाथे, आलोचना आज कोनो ल नइ रास आवत हे। मनखे घलो दूरिहा म रहिगे कखरो का कमी निकाले, तेखर ले अच्छा वाह, आह कर देवत हे। सात समुद्र पार बधाई जावत हे, हैपी बर्थ डे, हैपी न्यू इयर, हैपी फादर्स डे, हैपी फलाना डे। फेर उही हैपी फादर्स डे या मदर डे लिखइया मन ददा-दाई ल मिल के बधाई, पायलागी नइ कर पावत हे, सिर्फ सोसल मीडिया म दाई-ददा, बाई, भाई, संगी-साथी के मया दिखथे, फेर असल म दुरिहाय हे। अइसे घलो नइहे के सबेच मन इही ढर्रा म चलत हे, कई मन असल म घलो अपनाय हे।

सोसल मीडिया के आय ले अउ छाय ले ही पता लगिस कि फलाना घलो कवि, लेखक ए। जुन्ना जमाना के कतको लेखक जे पाठ, पुस्तक, मंच अउ प्रपंच ले दुरिहा सिरिफ साहित्य सेवा करिस, ओला आज कतकोन मन नइ जाने। अउ उंखर लिखे एको पन्ना घलो नइ मिले। फेर ये नवा जमाना म सोसल मीडिया के फइले जाला जमे जमाना ल छिन भर म जनवा देवत हे कि फलाना घलो साहित्यकार ए, अउ ए ओखर रचना। सोसल मीडिया, साहित्य कार के जरुरत ल चुटकी बजावत पूरा कर देवत हे।

सोसल मीडिया हाथी के खाय के दांत नइ होके दिखाय के दांत होगे हे। जम्मो छोटे बड़े मनखे येमा बरोबर रमे हे। सोसल मीडिया साहित्यकार मन बर वरदान साबित होइस। लिख दे, गा दे अउ फेसबुक वाट्सअप म चिपका दे। नाम, दाम ल घलो सोसल मीडिया तय कर देवत हे। सोसल मीडिया म जतका लिखे जावत हे, ओतका पढ़े नइ जावत हे, ते साहित्य जगत बर बने नइहे। ज्ञान ही जुबान बनथे, बिन ज्ञान के बोलना या लिखना जादा प्रभावी नइ रहे। सोसल मीडिया के उपयोग ल साहित्यकार मन नइ करत हे, बल्कि सोसल मीडिया के उपयोग साहित्यकार मन खुद ल साबित करे बर करत हे, खुद ल देखाय बर करत हे। कुछु भी पठो के वाहवाही पाय के चाह बाढ़ गेहे। कुछु मन तो कॉपी पेस्ट म घलो मगन हे, बस पठोये विषय वस्तु ल इती उती बगराये म लगे हे, वो भी बिन पढ़े। कॉपी पेस्ट म सही रचनाकार के नाम ल घलो कई झन मेटा देवत हे। सोसल मीडिया सहज, सरल, कम लागत अउ त्वरित काम करइया प्लेटफार्म आय, जे साहित्य, समाज, ज्ञान ,विज्ञान के साथ साथ दुर्लभ जइसे शब्द ल भी हटा देहे। येखर भरपूर सकारात्मक उपयोग करना चाही। छंद के छ परिवार सोसल मीडिया के बदौलत 200 ले जादा, प्रदेश भर के साधक मन ल संघेरके 50, 60 ले जादा प्रकार के छंद आजो सिखावत हे। 2016 ले छंदपरिवार सरलग छत्तीसगढ़ी साहित्य के मानक रूप म काम करत हे। इसने अउ कई ठन समूह घलो हे जे येखर सकारात्मक उपयोग करत हे।

**जीतेन्द्र वर्मा 'खैरझिटिया' बाल्को,कोरबा**

# बसंत ऋतु ठौर खोजत हे

छसंत ऋतु सर्दी अउ गर्मी के मौसम के बीच के संक्रमण काल आये। दिन बड़े हो जाथे अउ रात छोटे हो जाथे, तापमान कम हो जाथे, फूल खिले ले लग जाथे। हवा में वसंत ऋतु के गरम हवा शुरु हो हो जाथे। वसंत मार्च ले शुरू होके मई या जून तक रहिथे।

वसंत ऋतु हमर भारत देश क छः मुख्य ऋतु के एक ऋतु आये। ये करीब-करीब फरवरी के आखरी म या मार्च महिना के शुरुआत म शुरू होथे। ये ह मई महिना तक चलथे। अइसे माने जाथे के माघ महीना क शुक्ल पंचमी ले वसंत ऋतु के शुरुआत होथे। फाल्गुन अउ चैत्र मास वसंत ऋतु के माने गे हावय। मतलब बसंत ह ये दू महिना प्रकृति म घूमत रहिथे। फाल्गुन बछर के आखरी महिना आये अउ चैत्र ह पहिली। ये प्रकार से हिंदू पंचांग के बछर के अंत अउ शुरुआत वसंत में ही होथे। ये ऋतु आथे त आसमान साफ अउ मौसम सुहावना हो जाथे। सर्दी के जुड़-जुड़ हवा ह धीरे-धीरे हल्का गरम होय ले लग जथे। मौसम म गर्माहट के मस्ती आ जथे। पक्षीमन के चहचहाहट चारो डाहर हवा म गूंजे ले लग जाथे। प्रकृति घलो अपन नींद ले जागथे अउ पेड़-पौधा उपर नवा-नवा पाना-डारा अउ फूल आये ले लग जथे। सुप्तावस्था म परे जीव मन जागे ले लग जथें। सांप,बिच्छू, मेचका मन अटिवात बाहिर आथें। रंग-बिरंगा फूल खिल के चारो डाहर वातावरण ल महकाथे। चारो डाहर सरसों के फूल खिल जथे अउ खेत मन पींवरा लुगरा पहिर के सज जथें।

वसंत ऋतु के सब ले महत्वपूर्ण तिहार आये बसंत पंचमी के तिहार जेन ह ज्ञान, कला अउ संगीत के देवी सरस्वती माता के सम्मान म मनाये जाथे। ये दिन, लोगन पीला रंग के कपड़ा पहिरथें, काबर के ये ह सरसों के खेत के खिले के महके के अउ वसंत के आये के प्रतीक आये। विद्यार्थीमन सरस्वती के पूजा करके प्रार्थना करथें अउ ओखर वेदी उपर अपन संगीत वाद्ययंत्र, किताब अउ कलम चढ़ाथें। अइसे माने जाथे के ये दिन देवी के आशीर्वाद लेय ले मनखे के ज्ञान अउ रचनात्मक क्षमता म वृद्धि होथे। नृत्य संगीत के कार्यक्रम होथे। जगह-जगह उत्सव मनाये जाथे। चारो डाहर.पींवरा ही पींवरा रंग दिखाई देथे। किसान मन ये मौसम म अपन दूसर फसल के बोनी शुरू कर देथे, अनुकूल मौसम के कारण फसल के विकास तेजी से होथे। खेत ह हरियर-हरियर दिखे ले धर लेथे। बसंत ऋतु के आये ले लोगन के जीवन म ताजगी आ जथे। एक बेर फेर जाये के इच्छा उठ जथे। ठंड अउ निराशाजनक जाड़ ल सहन करे के बाद, वसंत के गर्मी अउ सुंदरता ह आत्मा ल ऊपर उठाथे। मन म आशा के किरण जागृत होथे। मनखे मन ये सुहावना मौसम के अधिक से अधिक लाभ उठाये.बर बाहिर घूमे बर जाथें। प्रकृति के सुंदरता के मजा लेय बर पिकनिक, क्रिकेट मैच के मजा लेथें। प्रकृति की सैर करे बर बाहिर घूमेबर जाथें।

आज बसंत कब अइस पता नइ चलय। लोगन घर म टी वी म मस्त रहिथें। भइगे गमला के फूल दिखगे, मौसम म गरमाहट आ गे। समझ गें के मोसम बदलगे। आज न तो लइकामन तितली के पाछू भागंय अउ न पक्षी मन के आवाज के मजा लेवंय। बसंत घलो सोचथे के कोन मेर मैं रुकंव? गमला म कब तक रइहुं? बड़े पेड़ हावय फेर रद्दा तीर म। फूल के पेड़ नंदावत हावय शो के पेड़ बाढ़त हावय। शहर म बसंत बस घूमत रहि जथे। एक ठऊर तो होना जिंहा रूक के मनखे मन के भाव ल देख सकय। ठऊर खोजत-खोजत कई बछर होगे। बंद करव पर्यावरण के नाश बलावव एक बेर फेर बसंत आये।

**-सुधा वर्मा**

# रोटी सेंकन मैं चलेंव

छत्तीसगढ़िया मन के आदत कहां जाही। बिगन भात पेट नइ भरय। फेर कुछ समे ले मोर सुवारी ला को जनी काये होगे रहय, कोन ओकर कम्प्यूटर कस बोदा दिमाग ला हेक करके, रोटी नाव के वाइरस डार दे रहय, फकत रोटीच सेंके के गोठ करथय। भाग के लेखा ताय, अनपढ़, निच्चट सिधवी नरम सुभाव टूरी संग बिहाव होय रिहिस मोर। फेर इहां आके कुछ पढ़-लिख डरिस। तहन होटल के रोटी कस चेम्मर, टेड़गा, पेचका होगे रिहिस। अखबार म कोन जनी काये पढ़य, फकत इहीच पूछय, हमर देश म अतेक मनखे मन रोटी सेंकत हे, तभो ले कतको झिन भूख म काबर मरत हे?

ओकर जवाब देवत केहेंव- भूख म मनखे मरथे, तब इहां रोटी सेंकथे वो। ओहा प्रतिप्रश्न करय-भूख म मर जाये के पाछू, रोटी सेंके के काये मतलब? मैं अपन सुवारी ल वकील कस, कतको धंवा के समझायेंव। फेर, जज कस ओकर दिमाग म मोर बात नइ खुसरिस। तभे अखबार म समाचार पढ़हे बर मिल गिस के, एक झिन मनखे भूख ले तलफत मरगे। ओला उही ला देखाये के सोंचेंव के, काकरो मरे के पाछू दूसर मनखे मन कइसन रोटी सेंकथे?

एक जगा, एक ठिन लाश परे रहय, देखते देखत भीड़ सकलागे। कोन्हो ला ये देखे के न फुरसत हे, न इच्छा' के मनखे जियत हे या राम नाम सत होगे हे। कुछ भइया टाइप मन अइन अऊ आते भार लाश के उप्पर, राजनीति के करिया तावा मढ़हा दिस। महत्वाकांछा के आटा, अपन झोला ले निकालिन अऊ मक्कारी के नून म, बेईमानी के सकलाये पानी रिकोवत सान डरिन। स्वाद बढ़ोये बर मनखे के लहू, लिमऊ कस निचो दिन। गरम-गरम रोटी सेंकावत हे। लुका-लुका के खाये लगिन। धीरे-धीरे रोटी सेंकइया मन के सत्ता के भूख मेटाये लगिस। इंकर भूख मेटागे, तब इंकर तावा अपने अपन जुड़ागे तहन येमन दूसर ठीहा खोजे लागिन। हमर सुवारी देखिस, फेर ओला समझ नइ आइस।

**बियंग**

दूसर प्रकार के मनखे मन अमरगे। एक झिन कहन लगिस- ये लाश हमर धरम के आय अऊ येला कोन मारे हे तेला जानत हन। तभे दूसर धरम के मनखे अमरगे,ओहा ये लाश ला अपन धरम के बताके पहिली धरम के मनखे उप्पर मारे के आरोप लगइस। आरोप प्रत्यारोप चलत हे। धरम के करिया तावा म साम्प्रदायिकता के आटा, सुवारथ के पानी म सनाके, रोटी सेंकागे।

थोरेच बेरा म, उहीच तिर दूसर प्रकार के मनखे मन अमरगे। एक झिन कहन लगिस- ये लाश हमर धरम के आय अऊ येला कोन मारे हे तेला जानत हन। तभे दूसर धरम के मनखे अमरगे,ओहा ये लाश ला अपन धरम के बताके पहिली धरम के मनखे उप्पर मारे के आरोप लगइस। आरोप प्रत्यारोप चलत हे। धरम के करिया तावा म साम्प्रदायिकता के आटा, सुवारथ के पानी म सनाके, रोटी सेंकागे। इँकर बिरोध के भूख शांत होगे । लाश ला दूनों धरम के मन , उइसने छोंड़ के जाये बर धरिन , मोर सुवारी ओमन ला पूछथे ङ्क अभीच्चे तूमन , हमर धरम के आय येहा कहिके , झगरत रेहेव अऊ अपन रोटी सेंकागे तहन , उइसनेच येला छोंड़ के रेंगत हव , तूमन ला एको कनिक लाज शरम निये । ओमन किहिन ङ्क रोटी सेंकावत ले जान डरेन बहिनी के , न ये हिंदू आय , न मुसलमान आय , येहा केवल इंसान आय .. हमर नजर म जेकर कन्हो किम्मत निये। मोर सुवारी मुंह ला फार दिस।

राम नाम सत्य हे , सबका वही गत्य हे, कहत , कुछ सामाजिक अगुवा मनला आवत देखिस त , मोर सुवारी ला लाश के गत बन जाये के उम्मीद जागिस। येमन लाश के ठिकाना लगाये बर नइ आय रहय बल्कि अपन बर ठिकाना खोजे बर आय रहय। तभे तो आतेच साठ अपन-अपन जात-पात के करिया तावा, ओकर उप्पर मढ़हाये लागिन। झोला ले भेदभाव के आटा निकालिन। ऊंच-नीच के नून मिंझार के छुवाछूत के पानी म सान के रोटी सेंक डरिन। रोटी ले इँकरो प्रतिष्ठा के धोंध भरगे। मोर सुवारी किथे - तुंहर मन के पेट भर गिस होही ते , अब तो लाश के गत बना दव। कुछ मन लाश ला जइसे हाथ लगइस लाश के हाथ म रूपिया के छाप देख पारिन तहन, तुरते पीछू घुच दिन। ओमन किथे- हमर मनखे नोहय, पइसा वाला मनखे आय, येकर काबर गत बनाबो। बड़े मनखे मन ओकर गोड़ करा ठाढ़हे रिहिन। भदई फूटे कस चटके गोड़ देख यहू मन ओला अपन नोहे कहिके जान डरिन। कुछ साधारन टाइप के मनखे मन ला ओकर टोंटा म जनेऊ दिखगे वहू मन पछगुच्चा होगिन। जनेऊ धारी मन ला ओकर कनिहा म, कारी पोत के दर्शन होगे, यहू मन ओला छुये ले मना कर दिन। मोर सुवारी देखत रहय ओ किथे - अभू तक तूमन, येला अपन जात के समझ, अपन-अपन दावा करके , लेजे बर आय रेहेव तूमन ला काये लकवा मार दिस तेमा? कम से कम इंसान समझ के लेग जावव अऊ गत बना देवव। ओमन किथे- सिर्फ इंसान होतिस ते खत्ता म लेग जतेन बहिनी, येहा तो केवल जनता आय। न जात के पता न बाप के? अइसन जनता ला , हमर समाज हा न जियत म पूछे न मरे म। एकर गत बनाये म हमर गत बन जतिस, त लेग घला जतेन। मोर सुवारी उही तिर बेहोश होगे।

संझाती बेरा, जब ओला होश अइस तब , मोला घर म आटा सानत देख पारिस। ओकर आंखी, गप्प ले फेर मुंदागे। केऊ परत पानी थोपेन , होश अइस त पहिली प्रश्न इही करिस के- तहूं मन रोटी सेंकत हव? में कुछु कहितेंव तेकर पहिली, उठके बइठगे। ओला पूरा होश आगे , हाँसत किहिस- तूमन , मोला लाश समझगे रेहेव का? में केहेंव- हमन जनता आन जी, हमन सिर्फ अपन पेट भरे बर, रोटी सेंक सकत हन, भूख मेटाये बर निही।

**हरिशंकर गजानंद देवांगन,**
**छुरा .**

## नान्हे कहिनी

# एक वोट

बिसाहू बबा हा गाल धर के गली के आंट मा बइठे सोंचत रहिस। ओती दूसर कति ले भोलू हा हाथ ल हलावत आत रहिस। तब ओकर नजर बबा कोती परथे अउ मने-मन सोंचथे ये बबा ल आज का होगे, कलेचुप बइठे हवय।

येला देखत भोलू ल नइ सहाईस त पूछ डारिस- कस बबा, का होगे? कइसे कलेचुप बइठे हस?

तब बबा हा भोलू कति देखत कहिस-भोलू बेटा मोला एक ठन बात समझ नइ आथे ग ?

भोलू कहिस- का बात बबा? बने फरिया के बताना। तब बबा ह कहिस-

येदे वोट देहे के दिन आवथे अउ मैं गुनत हावंव के वोट देहे बर जांव के नी जांव?

तब भोलू ह बबा ल समझावत कहिस-

देख बबा, हमन ल संविधान हर मतदान करे के अधिकार दे हे अउ लोकतंत्र खातिर मतदान करना जरूरी घलो हे। गोठ के बीच म बबा ह टोंकत कहिस-

मोर एक झन वोट नइ देहे ले का हो जहि भोलू?

भोलू कहिस- तोर एक वोट ह ही तो कीमती हवय बबा। काबर के एक वोट ले ही तो चुनाव म खड़े प्रत्याशी के हार अउ जीत के फैसला होथे। सब तोरे सहीं सोंचे लगही त फेर वोट देहे कोन जाहि अउ हमर शासन चलाय बर मुखिया कइसे बना पाहीं।

बबा ये सब गोठ ल समझ गिस, अउ मन म विचार करत गुनत घर कोति खुसर गिस।

**- मुकेश उइके 'मयारू'**
**ग्राम- चेपा, पाली, कोरबा**

# सरपंच चुनाव की तैयारी

गांव मे सरपंच चुनाव के तैयारी
नर नारी सब ल मउका हे भारी।
चुनाव लड़त कका अउ भतीजा
कोन जनी काय निकलही नतीजा।।
जीते बर कतको करही जी प्रपंच,
भगवान जाने कोन बनही सरपंच।
गांव भर मे सबो संग रिश्ता नाता,
वोट दे बर कंफ्यूज हे मतदाता।।
चुनाव में लड़त भउजी अउ काकी,
एक वोट बर होत ताका झांकी।
कोनो कथे पउवा त कोनो बोतल,
कोनो कथे चल भैया जाबो होटल।।

**-पवन यादव 'पहुना' ग्राम सुंदरा-राजनांदगांव**

# आजादी के सिपाही - ठाकुर प्यारेलाल सिंह

आज हमन आजादी के अमृत महोत्सव मनाथन. ये आजादी पाय बर भारत माता ह अपन कतको बेटा -बेटी मन के कुर्बानी दिस. अब्बड़ झन क्रांति कारी मन ल अग्रेज शासन ह फांसी म चढ़ा दिस. भारतीय जनता मन उपर नाना प्रकार ले अत्याचार करे गिस. तभो ले हमर देश अउ प्रदेश के नेता अउ जनता मन हा गोरा मन के आगू नइ झुकिस.

आजादी के लड़ाई म हमर छत्तीसगढ़ म पं. सुंदर लाल शर्मा, वामन लाल लाखे, ई.राघवेन्द्र राव, पं. रविशंकर शुक्ल, ठाकुर छेदीलाल सिंह अउ ठाकुर प्यारेलाल सिंह जइसे जुझारू,कर्मठ अउ मातृभूमि बर समर्पित नेता रिहिन हे. ठाकुर प्यारेलाल सिंह ल आजादी के आंदोलन के अर्जुन कहे जाथे।

त्याग अउ न्याय मूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह के जनम 21 दिसंबर 1891 ई. म राजनांदगांव -खैरागढ़ मार्ग म ठेलकाडीह से बुरती दिशा म 3 किलोमीटर दूरिहा सेम्हरा दैहान गांव म होय रिहिस हे। ये ग्राम पंचायत डुमरडीहकला के आश्रित गांव हरे। ठाकुर प्यारेलाल लाल सिंह जी के पिताजी के नांव ठाकुर दीन दयाल सिंह अउ महतारी के नांव नर्मदा देवी रिहिन हे. ठाकुर साहब के पिताजी राजनांदगांव के प्रतिष्ठित स्टेट स्कूल के प्रथम प्रधानाचार्य रिहिन हे अउ बाद म शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारी घलो बनिन।

ठाकुर साहब के पिताजी ह शांत, गंभीर अउ अनुशासन प्रिय मनखे रिहिन. प्यारेलाल के प्राथमिक शिक्षा राजनांदगांव म अउ उच्च शिक्षा रायपुर, नागपुर, जबलपुर अउ इलाहाबाद म होइस हे. बी. ए .पास करे के बाद सन् 1916 म इलाहाबाद विश्वविद्यालय से वकालत पास करिन . छात्र मन के हड़ताल के अगुवाई करिन

आजादी के लड़ाई के समय म जब हमर देश म लाल- बाल- पाल के जोर चलत रिहिन हे त ठाकुर साहब बंगाल के कुछ क्रांतिकारी मन के संपर्क म आइस अउ क्रांतिकारी साहित्य के प्रचार करत अपन राजनीतिक जीवन शुरू करिन. इही समय ठाकुर साहब स्वदेशी कपड़ा पहने के व्रत ले लिस . युवावस्था म विद्यार्थी मन ल संगठित करे के काम करिन. राजनांदगांव म 1905 में ठाकुर साहब के अगुवाई में छात्र मन की पहली हड़ताल होइस. ठाकुर साहब अपन सहयोगी छविराम चौबे अउ गज्जू लाल शर्मा के संग मिलके राजनांदगांव म राष्ट्रीय आंदोलन ल ठाहिल बनाइन.

येहा देश के छात्र मन के पहली हड़ताल माने जाथे.

राजनांदगांव म सरस्वती पुस्तकालय के स्थापना

सन् 1909 म ठाकुर प्यारेलाल सिंह ह राजनांदगांव म सरस्वती पुस्तकालय के स्थापना करिन. आगू चल के येहा राजनीतिक गतिविधि के जगह बनगे. आगू चल के ये पुस्तकालय ल शासन ह जब्त कर लिस।

ठाकुर साहब ह पढ़ईया लइका मन के जुलूस म वंदेमातरम के नारा लगाय। वो बेरा म अइसन करना अपराध माने जाय, फेर प्यारे लाल सिंह जी डरने वाला मनखे नइ रिहिन हे. सन 1916 में ठाकुर साहब ह वकालत चालू करिन। पहली दुर्ग म फेर बाद म रायपुर म वकालत करिन. कम समय म शठाकुर साहब ह वकालत म प्रसिद्ध होगे।

सितंबर 1920 म कलकत्ता म लाला लाजपत राय के अध्यक्षता म कांग्रेस के विशेष अधिवेशन आयोजित होइस। येमा गांधी जी के नेतृत्व म असहयोग आन्दोलन चलाय के स्वीकृति दे गिस. फेर कांग्रेस के अधिवेशन नागपुर म 26 दिसंबर 1920 म होइस जेकर अध्यक्षता विजय राघवाचार्य करिन। ये अधिवेशन म हमर छत्तीसगढ ले आने नेता मन के संग ठाकुर प्यारेलाल सिंह ह घलो शामिल होइन. रोलेट एक्ट अउ जलियांवाला बाग हत्या कांड के सेति देश भर म अंग्रेज सरकार के विरुद्ध चिंगारी सुलगत रिहिस हे।

अइसन समय म गांधी जी ह आह्वान कर चुके रिहिन कि अंग्रेज सरकार के गुलामी ले छुटकारा पाय खातिर स्थानीय समस्या ल आधार बना के असहयोग आन्दोलन चालू करय।

बी.एन.सी. मिल के बारे म जानकारी- वो समय राजनांदगांव म बी.एन.सी.मिल्स चलत रिहिसि.बंगाल -नागपुर काटन मिल्स म हजारों मजदूर काम करय. येकर स्थापना 23 जून 1890 म होय रिहिस हे अउ उत्पादन के काम नवंबर 1894 म चालू होइस हे। वो समय राजनांदगांव म वैष्णव राजा बलराम दास के राज्य चलत रिहिन हे. राजा साहब मिल के संचालक बोर्ड के अध्यक्ष रिहिन हे. ये मिल्स के निर्माता बम्बई के मि. जे.वी. मैकवेथ रिहिस हे। कुछ समय चले के बाद मिल ल घाटा होइस। येकर सेती ये मिल ल कलकत्ता के मि. शावालीश कंपनी ह खरीद लिस। जउन ह नांव बदल के बंगाल -नागपुर काटन मिल्स कर दिस। स्थापना के समय येकर नांव सी.पी. मिल्स रिहिस हे।

मजदूर मन के 36 दिन के ऐतिहासिक हड़ताल के अगुवाई-सन् 1919 ले ठाकुर प्यारेलाल सिंह ह राजनांदगांव के मजदूर मन ल एक करके जागृति फैलाय के काम चालू कर दे रिहिन हे। अंग्रेज शासन के समय म जनता के शोषण जिनगी के हर पहलू म आम बात रिहिस हे. इहां के मजदूर मन के नंगत शोषण होत रिहिस हे. मिल मालिक ह मजदूर मन ले 12- 13 घंटा काम लेय .येकर ले सन् 1920 म बी.एन.सी. मिल्स के मजदूर मन म अंग्रेज सरकार के विरुद्ध असंतोष फैलगे।

अइसन बेरा म छत्तीसगढ़ म मजदूर आंदोलन के प्रमुख केन्द्र राजनांदगांव ह बनगे.ठाकुर प्यारे लाल सिंह अउ डॉ.बल्देव प्रसाद मिश्र मजदूर यूनियन के अगुवाई करय. ये काम म शिव लाल मास्टर अउ शंकर खरे सहयोग करय.

सन् 1920 में असहयोग आंदोलन के बेरा म ठाकुर प्यारेलाल सिंह के अगुवाई म अप्रैल 1920 में बीएनसी मिल्स के मजदूर मन के 36 दिन के ऐतिहासिक हड़ताल होइस। अत्तिक लंबा समय तक चलने वाला ये देश के पहली हड़ताल रिहिस हे। ये हड़ताल ले राजनांदगांव के अब्बड़ सोर होइस. ये आंदोलन ले ठाकुर साहब के प्रसिद्धि देश भय म फैलगे.

संस्कारधानी ह राष्ट्रीय आंदोलन के मुख्यधारा ले जुड़गे।

असहयोग आंदोलन के समय वकालत छोड़िन

गांधी जी के नेतृत्व म जब देश भर म असहयोग आंदोलन ह चालू होइस त ठाकुर साहब ह अपन वकालत छोड़ दिस। राजनांदगांव म राष्ट्रीय विद्यालय के स्थापना करिन। हजार भर के संख्या में चरखा बनवा के जनता ल बांटिन,चरखा के महत्व समझाइस अउ खादी के प्रचार करिन। ठाकुर साहब खुद खादी पहिने लागिस। राजनांदगांव ले हाथ ले लिखे पत्रिका घलो निकालिन जउन ह जन चेतना बर अब्बड़ सहायक होइस।

झंडा सत्याग्रह म भागीदारी- सन् 1923 में झंडा सत्याग्रह चालू होइस त ठाकुर साहब ल प्रांतीय समिति द्वारा दुर्ग जिला ले सत्याग्रही भेजे के काम सौंपे गिस। नागपुर म सत्याग्रह आंदोलन चालू होइस। एकदम जल्दी नागपुर सत्याग्रह के केंद्र बन गे।

मजदूर मन के दुबारा हड़ताल-सन् 1924 में राजनांदगांव के मिल मजदूर मन ठाकुर साहब की अगुवाई में फेर हड़ताल करिन। कतको मन के गिरफ्तारी होइस। ठाकुर साहब पर सभा लेय अउ भाषण देय बर रोक लगा दे गिस। ठाकुर साहब ल जिला बदर कर दे गिस। राजनांदगांव ले निष्कासित करे के बाद सन् 1925 म ठाकुर साहब रायपुर चले गिस अउ आखिरी तक ऊंहचे रहिके अपन राजनीतिक काम मन ल संचालन करत रिहिन।

सविनय अवज्ञा आंदोलन के नेतृत्व-सन् 1930 में गांधी जी द्वारा चालू करे गे सविनय अवज्ञा आंदोलन म ठाकुर साहब बढ़- चढ़कर भाग लिस। शराब दुकान म धरना दिस. ठाकुर साहब किसान मन मा जागृति फैलाय बर अंग्रेज शासन लगान मत दो, पट्टा मत लो आंदोलन चलाइस. एकर सेतिझ ठाकुर साहब ल 1 साल के सजा दे गिस. सिवनी जेल म भेज दे गिस. गांधी- इरविन समझौता होइस त आने राज -बंदी मन के संग रिहा होइन।

सन् 1932 में जब सत्याग्रह फिर से चालू होइस त ठाकुर साहब पंडित रविशंकर शुक्ल के संगे संग आने नेता मन संग संचालन के दायित्व संभालिन. 26 जनवरी 1932 में गांधी चौक मैदान में सविनय अवज्ञा के कार्यक्रम के संबंध में भाषण देत समय ठाकुर साहब ल अंग्रेज सरकार गिरफ्तार कर लिस। दो साल के कठोर सजा अउ जुर्माना लगाय गिस। ठाकुर साहब जब जुर्माना नहीं देइस त अंग्रेज सरकार ह उंकर संपत्ति ल कुर्की कर दिस। ठाकुर साहब के वकालत के लाइसेंस ला जप्त कर लिस। जेल के सी क्लास म रखे गिस। जेल से छूटे के बाद ठाकुर साहब फिर से आजादी के लड़ाई अउ जनसेवा बर समर्पित होगे।

हिंदू -मुस्लिम एकता बर काम -1933 में वह महाकौशल कांग्रेस कमेटी के मंत्री चुने गिस. 1938 तक ये पद म रहिके पूरा प्रदेश के दौरा करिन . कांग्रेस संगठन ल फिर से मजबूत करे के काम करिन. सन 1937 में ठाकुर साहब विधानसभा के सदस्य चुने गिस. रायपुर नगर पालिका के अध्यक्ष घलो निर्वाचित होइस. ये पद म रहिते ठाकुर साहब राष्ट जागरण और हिंदू -मुस्लिम एकता बर काम करिन. डॉ बी.एन. खरे के मंत्रिमंडल में कुछ समय तक शामिल रिहिन।

तीसरा मजदूर आंदोलन-रायपुर म निष्कासन के समय घलो ठाकुर साहब के धियान राजनांदगांव के मजदूर मन डहर राहय। ये बीच म बी.एन.सी.मिल्स के मालिक मन मजदूर मन के पगार म 10 प्रतिशत कटौती कर दिस. येकर ले मजदूर मन फेर नाराज होगे अउ हड़ताल के तैयारी करे लागिस. ठाकुर साहब ह मजदूर मन के जायज मांग के समर्थन करिन. इही बीच रूईकर समझौता के कारण 600 मजदूर बेकार होगे. मजदूर मन फिर से त्यागमूर्ति ठाकुर साहब के पास समस्या के निदान बर गोहार लगाइन. ठाकुर साहब ह नया समझौता प्रस्ताव प्रस्तुत करिन जेला मिल प्रबंधन ह स्वीकार कर लिस अउ काम ले निकाले गे मजदूर मन ल फिर से नौकरी मिलगे. ठाकुर साहब के राजनांदगांव ले जिलाबदर के आदेश घलो निरस्त होगे. ये प्रकार ले सन् 1937 म ठाकुर साहब के नेतृत्व म मजदूर मन के तीसरा आंदोलन सफल होइस. ये प्रकार ले 1918 ले 1940 तक मजदूर आंदोलन के इतिहास म ठाकुर साहब ह सक्रिय भूमिका निभाइन।

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के स्थापना म योगदान-छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के कमी ल दूर करे खातिर 1937 महाकौशल समिति की स्थापना करिन अउ रायपुर म 1938 म छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के स्थापना म योगदान दिस. 1942 म भारत छोड़ो आंदोलन म ठाकुर साहब बढ़-चढ़ के भाग लिस. ठाकुर साहब के नेतृत्व म 1942 के आंदोलन एकदम सफल होइस. कोनो प्रकार ले हिंसात्मक घटना नहीं घटिस. 1951 में ठाकुर प्यारेलाल कांग्रेस ल छोड़ के अखिल भारतीय किसान मजदूर पार्टी के सदस्य बन गे। 1953 म वोहर रायपुर विधानसभा बर विधायक चुने गिस।चुनाव के बाद आचार्य विनोबा भावे के भूदान आंदोलन ले जुड़ गे। 20 अक्टूबर 1954 म ठाकुर साहब के निधन होइस।

**ओमप्रकाश साहू 'अंकुर',**
**सुरगी, राजनांदगांव**

# देश विदेश

## अमेरिका में एक और विमान दुर्घटनाग्रस्त, कई घरों में लगी आग

**वाशिंगटन,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका अभी वाशिंगटन डीसी में हुई विमान दुर्घटना से उबर ही रहा था कि शुक्रवार शाम को एक और विमान दुर्घटना हो गई। पास के पेंसिल्वेनिया राज्य के फिलाडेल्फिया में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कई घरों में आग लग गई।

स्थानीय समाचार रिपोर्टों के अनुसार, यह एक मेडिकल फ्लाइट थी, जिसमें छह लोग सवार थे। सीबीएस न्यूज ने बताया कि पड़ोस के नए रूजवेल्ट बुलेवार्ड और कॉटमैन एवेन्यू में कई घरों में आग लग गई है। स्थानीय समाचार संगठन फिली वब्र्स के अनुसार सोशल मीडिया पर गवाहों ने बताया कि बुलेवार्ड से दूर एक आउटडोर शॉपिंग सेंटर रूजवेल्ट मॉल के पास एक ऑरेंज फ्लैश दिखाई दिया। इसे रूट 1 कहा जाता है।

# लेबनान में हमलों में दो की मौत, 10 घायल

## इजरायली जेट विमानों ने टारगेट पर हवा से जमीन पर मार करने वाली 8 मिसाइलें दागीं



**बेरूत,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। अनुसार पूर्वी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में दो लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर ने एक बयान जारी किया। बयान में उन्होंने पुष्टि की है कि शुक्रवार को इजरायली हवाई हमलों में बेका क्षेत्र के एक गांव को निशाना बनाया गया, जिसमें कई लोग हताहत हुए।

नाम न बताने की शर्त पर एक सूत्र ने सिन्हुआ को बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने शुक्रवार को भोर में चार हवाई हमले किए। इन हमलों में जनता और पूर्वी लेबनान में लेबनान-सीरियाई सीमा पर अवैध क्रॉसिंग को निशाना बनाया गया। सूत्र ने आगे कहा कि इजरायली जेट विमानों ने टारगेट पर हवा से जमीन पर मार करने वाली 8 मिसाइलें दागीं। इन हमलों में कई लोग हताहत हुए, एक ट्रक नष्ट हो गया और लेबनान और सीरिया को जोड़ने वाली अवैध क्रॉसिंग को काफी नुकसान पहुंचा।

लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने शुक्रवार को सुबह करीब 3:00 बजे बेका क्षेत्र में पूर्वी पर्वत श्रृंखला पर कई हवाई हमले किए।

इसमें कहा गया है कि हमलों ने अल-वावियात क्षेत्र में बैटरी और स्क्रैप मेटल ले जा रहे एक ट्रक को निशाना बनाया। साथ ही हमलों में पूर्वी लेबनान के हनीदर शहर के बाहरी इलाके के पास जब्ब अल-वार्ड क्रॉसिंग भी शामिल है।

लेबनानी नागरिक सुरक्षा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सिन्हुआ को बताया कि बचाव दल ने टारगेट वाले स्थान से दो शवों और कई घायल व्यक्तियों को बेका क्षेत्र के अस्पतालों में पहुंचाया है। घायलों में से एक की हालत गंभीर है, और बचाव कार्य अभी भी जारी है। 27 नवंबर, 2024 से इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम समझौता लागू है।

## मिस्र व ईरान ने लेबनान का समर्थन करने की प्रतिबद्धता दोहराई



**बेरूत।** मिस्र और ईरान ने कई क्षेत्रों में लेबनान का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं, देश को इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष से उबरने में सहायता देने का वादा किया। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलट्टी ने शुक्रवार को लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से मुलाकात के दौरान उन्हें मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी का संदेश दिया। यह जानकारी सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने दी। इस मैसेज में मिस्र ने लेबनान के साथ अपनी एकजुटता जाहिर की और यह भी कहा कि वह लेबनान के प्रमुख क्षेत्रों, जैसे बिजली और गैस के पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए तैयार है। लेबनानी राष्ट्रपति की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अब्देलट्टी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मिस्र की कंपनियां लेबनान के पुनर्निर्माण में भाग लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने लेबनान की स्थिरता के लिए मिस्र के अटूट समर्थन, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 के कार्यान्वयन और कब्जे वाले लेबनानी क्षेत्रों से इजरायल की बिना शर्त वापसी पर भी जोर दिया।

## बलूचिस्तान में मुठभेड़, 18 सुरक्षाकर्मी व 12 आतंकवादियों की मौत



■ पूरे क्षेत्र को खाली करा रहे हैं सुरक्षाकर्मी

**इस्लामाबाद,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। बलूचिस्तान प्रांत के कलात जिले में स्थित मंगोचर शहर में एक ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के फ्रंटियर कोर (एफसी) के कम से कम 18 सैनिकों की मौत हो गई। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 31 जनवरी/1 फरवरी की रात को आतंकवादियों ने बलूचिस्तान के कलात जिले के मनोचर में सड़क ब्लॉक करने की कोशिश की। बयान के मुताबिक सुरक्षा बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को तत्काल सक्रिय किया गया, जिन्होंने सफलतापूर्वक इस नापाक इरादे को नाकाम कर दिया और 12 आतंकवादियों को मार गिराया, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। बयान में कहा गया कि अभियान के दौरान 18 सैनिक भी मारे गए।

आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षाकर्मी वर्तमान में पूरे क्षेत्र को खाली करा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि घृणित और कायरतापूर्ण कृत्य के सहयोगियों और उकसाने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

यह ताजा घटना खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पांच अलग-अलग खुफिया-आधारित आतंकवाद विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों द्वारा 10 आतंकवादियों को मार गिराने के 24 घंटे से भी कम समय में हुई।

पाकिस्तान ने लगातार दावा किया है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान के अलगाववादी समूहों, जिनमें बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) भी शामिल है, को अफगानिस्तान से लगातार समर्थन मिल रहा है।

## सुडोकू 6813

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 2 फरवरी, 2025 माघ शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज आपको सावधानीपूर्वक दिन व्यतीत करना चाहिए। सर्दी- बुखार होने से आपकी तबीयत खराब होने की आशंका है। प्रिय व्यक्तियों से दूर जाना पड़ सकता है।

वृषभ - आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। आप नए संपर्क बना सकेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करने का समय है। प्रवास की भी संभावना है। महिलाओं से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर बनेंगे।

मिथुन - आज का दिन आपके लिए बेहद लाभप्रद रहेगा। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। मित्रों से मुलाकात आनंददायक होगी और उनसे लाभ भी हो सकता है।

कर्क - आज का दिन भाग्य वृद्धि का दिन है। विदेश या दूर देश से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। छोटा प्रवास या किसी धार्मिक यात्रा से मन की प्रसन्नता में वृद्धि होगी। शारीरिक और मानसिक रूप से भी आज स्वस्थ रहेंगे।

सिंह - आपका दिन मध्यम फलदायी है। निर्धारित कामों पर ध्यान दें। धार्मिक एवं मांगलिक कामों में आज का दिन गुजरेगा। धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ है। यश कीर्ति प्राप्त होने में सरलता रहेगी। व्यापार के क्षेत्र में भागीदारों के साथ संबंधों में सकारात्मकता बढेगी। वस्त्र आभूषणों की खरीदी से मन आनंदित रहेगा।

तुला - आज घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा, इससे आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। काम में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से आपको यश मिलेगा।

वृश्चिक - स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। संतान की समस्या आपको चिंतित करेगी। मानहानि की संभावना है। शेयर सट्टे में न पड़ें। संभव हो तो यात्रा या प्रवास से बचें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

धनु - आपको तन-मन में थकान महसूस होगी। परिवार में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। इससे आपको मानसिक भय का अनुभव होगा। अनिद्रा की समस्या भी सताएगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी।

मकर - दैनिक कामों में अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर राहत महसूस करेंगे। गृहस्थ जीवन की समस्याएं हल होती हुई प्रतीत होगी। संपत्ति संबंधी कामों का हल मिलेगा। व्यापार- धंधे में आर्थिक लाभ होगा।

कुंभ - वाणी पर संयम रखेंगे, तो आज बहुत सी समस्याओं से बच जाएंगे। किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखें। काम में कम सफलता मिलेगी। संतोष की भावना का अनुभव होगा।

मीन - आपको खर्च पर संयम रखना होगा। ज्यादा खर्च से मानसिक कष्ट हो सकता है। लोगों से गुस्से या आवेश में बात ना करें। आज किसी से मनमुटाव हो सकता है। खासकर धन के लेन-देन में सावधानी बरतें।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# कांगो में शांति व सुरक्षा के लिए सभी पक्ष बातचीत का रास्ता अपनाएं : एसएडीसी



**सोल,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी) ने लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में शांति और सुरक्षा बहाल करने के लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत की अपील की।

संगठन ने चिंता व्यक्त की कि हाल के हमलों से डीआरसी में सुरक्षा और मानवीय स्थिति और खराब हो रही है। शुक्रवार को जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में आयोजित एसएडीसी राष्ट्राध्यक्ष एवं सरकार शिखर सम्मेलन के अंत में जारी एक विज्ञप्ति में यह बात कही गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संगठन ने पूर्वी डीआरसी में सक्रिय एक सशस्त्र समूह एम23 की ओर से डीआरसी सैनिकों में एसएडीसी मिशन पर हमलों की निंदा की। इसने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों ने 30 जुलाई, 2024 को लुआंडा प्रक्रिया के माध्यम से किए गए युद्धविराम का उल्लंघन किया और डीआरसी और एसएडीसी क्षेत्र की शांति और सुरक्षा को कमजोर किया।

क्षेत्रीय निकाय ने युद्धग्रस्त क्षेत्र में पानी, बिजली, संचार के साधन, भोजन और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति की तत्काल बहाली की अपील की। अपने समापन भाषण में, दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय के अध्यक्ष और जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा ने डीआरसी में संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से स्थायी शांति के लिए संवाद और शांतिपूर्ण विवाद समाधान तंत्र को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि हमें इन आकांक्षाओं को हासिल करने में सफल होना है, तो सभी सदस्य देशों का व्यक्तिगत और सामूहिक कर्तव्य है कि वे बंदूकों को स्थायी रूप से शांत करने की दिशा में और अधिक प्रयास करें।


मनांगाग्वा ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से प्रभावित आबादी को मानवीय सहायता के प्रावधान को बढ़ाने और पूर्वी डीआरसी में चल रहे शांति और सुरक्षा प्रयासों को बढ़ाने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के अनुसार, डीआरसी के प्रमुख पूर्वी शहर गोमा में शांति बहाल हो रही है।

## 125 साल बाद फ्रांसीसी सैनिकों की चाड से पूर्ण वापसी



**एन'जामेना,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य अफ्रीकी देश चाड ने शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर फ्रांसीसी सैनिकों की औपचारिक वापसी का स्वागत किया। इस समारोह में फ्रांस ने चाड की राजधानी एन'जामेना स्थित अपना प्रमुख सैन्य अड्डा चाड के अधिकारियों को सौंप दिया। इसके बाद चाड में 125 साल से चली आ रही फ्रांसीसी सैन्य उपस्थिति का अंत हो गया। चाड के राष्ट्रपति महामत इद्रिस डेबी इटनो ने इस अवसर पर कहा कि उनका देश फ्रांस के साथ अपने संबंधों को समाप्त नहीं कर रहा है, लेकिन सैन्य सहयोग को खत्म कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि चाड अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ बातचीत के विकल्प खुले रखेगा, लेकिन किसी भी नए गठबंधन का आधार आपसी सम्मान और स्वतंत्रता तथा संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। राष्ट्रपति डेबी ने कहा कि अब चाड को अपने सैनिकों की बहादुरी और क्षमता पर भरोसा रखना होगा और एक मजबूत तथा सुसज्जित सेना का निर्माण करना होगा, जो आने वाले खतरों का मुकाबला कर सके। चाड ने नवंबर 2024 में फ्रांस के साथ अपने सुरक्षा और रक्षा सहयोग समझौते को समाप्त करने का फैसला किया था।

## वर्ग पहेली 6813




**दायें से बायें:-**

१. संकीर्ण हृदय, कंजुस, न देने वाला
३. योगासन का एक भेद
५. प्रमाणित (उर्दू)
६. अस्तित्व (उर्दू)
७. दुख से भरा (उर्दू)
८. किसी व्यक्ति-वस्तु आदि की सुरक्षा के लिए नियुक्त व्यक्तियों का दल
१३. चीरने वाला
१५. चिल्लाना, बहुत जोर की आवाज निकालना (उर्दू)
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. हृदय, मन
१८. बीच का, दरमियानी, राशियोंके जोड़ को उनकी संख्या को भाग देने पर प्राप्त भागफल
२०. अनुदेश, निर्देश (उर्दू)
२२. कहानी
२३. आजीवन कुंआरी रहने वाली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि
२. श्रीकृष्ण
३. कमल, सौ पंखुड़ियों वाला
४. पर्यायवाची
५. सिद्ध करने वाला, पूरा करने वाला,तपस्वी
९. नाश करने वाला
१०. न्यायालय (उर्दू)
११. पूर्व दिशा
१२. अनुग्रह, कृपा, प्रदान (उर्दू)
१४. हार, मात
१७. आकाश
१९. प्राणवान
२०. कल्याण, भलाई
२१. निश्चित, निर्धारित

### वर्ग पहेली-6812



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## परमाणु स्थलों पर हमले का निर्णायक जवाब देगा ईरान : अराघची



**तेहरान,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने चेतावनी दी है कि देश अपने परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी हमले का तत्काल, निर्णायक जवाब देगा। कतर के अल जजीरा टीवी नेटवर्क के साथ एक विशेष इंटरव्यू में अराघची ने कहा कि ईरान के परमाणु स्थलों पर संभावित इजरायली हमलों में अमेरिका की भागीदारी सबसे बड़ी ऐतिहासिक गलतियों में से एक होगी। अराघची इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने की धमकी और इसमें अमेरिका की संभावित संलिप्तता के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। अराघची ने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम घरेलू स्तर पर विकसित किया गया है। देश अपनी क्षमताओं पर भरोसा करते हुए परमाणु क्षमता और प्रौद्योगिकी हासिल करने में कामयाब रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम ईरानी वैज्ञानिकों के दिमाग में है, जमीन पर नहीं। ऐसी क्षमता और कार्यक्रम को बमबारी और हवाई हमलों से नष्ट नहीं किया जा सकता है।

# अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा जवाब देने के लिए तैयार : ट्रूडो



**ओटावा,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडाई आयात पर शुल्क लगाते हैं तो कनाडा उद्देश्यपूर्ण, सशक्त, उचित, तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार है।

टोरंटो में कनाडा-अमेरिका संबंध परिषद की बैठक में भाषण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सीबीसी न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी। ट्रूडो ने कहा कि यह वह नहीं जो हम चाहते हैं, लेकिन यदि वह आगे बढ़ेंगे, तो हम भी कार्रवाई करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि विदेश मंत्री मेलानी जोली, सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी और आव्रजन मंत्री मार्क मिलर सभी अमेरिकी राजधानी में हैं। यह सभी रिपब्लिकन सांसदों और ट्रंप की टीम के संपर्क में है ताकि राष्ट्रपति ट्रंप को मनाया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके तहत मैक्सिको और कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत और चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कनाडाई तेल के लिए कहा कि टैरिफ दर 10त्न होगी, जबकि कनाडा के दूसरे आयातों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ दर होगी लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि तेल और प्राकृतिक गैस पर व्यापक टैरिफ फरवरी के मध्य में आएंगे।

## आज का इतिहास

1509- भारत में दीव (गोवा, दमन और दीव) के पास पुर्तगाल एवं तुर्की के बीच युद्ध हुआ।
1556- चीन के शैन्सी प्रांत में आए विनाशकारी भूकंप में करीब आठ लाख तीस हजार लोगों की मौत हुई।
1626- चार्ल्स प्रथम इंग्लैंड के सम्राट बने।
1788- देश में प्रशासनिक सुधारों के लिये पिट्स नियामक अधिनियम को लागू किया गया।
1814- कलकत्ता (अब कोलकाता) संग्रहालय की स्थापना हुई।
1862- शंभूनाथ पंडित कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने।
1889- भारत की एक प्रख्यात गांधीवादी, स्वतंत्रता सेनानी और एक सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमारी अमृत कौर का जन्म।
1890- अमेरिकन एक्टर चार्ल्स कोरोल का जन्म हुआ।
1902- दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार आन्दोलन के संगठक मोटूरि सत्यनारायण का जन्म।
1915- भारत के प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक, उपन्यासकार और इतिहासकार खुशवंत सिंह का जन्म।
1952- मद्रास में भारत ने पहला टेस्ट क्रिकेट जीता।
1953- अखिल भारतीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड का गठन किया गया।
1960- हिन्दी साहित्य के एक महान उपन्यासकार चतुरसेन शास्त्री का निधन।
1966- पाकिस्तान ने %कश्मीर समझौते% के लिए एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया।
1982- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाड़िया का निधन।
1992- अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश एवं रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन द्वारा शीत युद्ध की समाप्ति की घोषणा।
1997- चीन तथा सं.रा. अमेरिका के बीच वस्त्र व्यापार विवाद को समाप्त करने हेतु समझौता।

**राहत** *9 महीने बाद खुली राफा क्रॉसिंग, इलाज के लिए मिस्र पहुंचे मरीज*

# हजारों फिलिस्तीनी उचित इलाज की कमी से पीड़ित

**काहिरा,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। राफा बॉर्डर क्रॉसिंग को शनिवार को फिर से खोल दिया गया। गाजा में बीमार और घायल फिलिस्तीनी मरीजों को विदेश में इलाज के लिए मिस्र जाने की अनुमति मिलने के बाद क्रॉसिंग लगभग नौ महीने में पहली बार खोली गई।

यह क्रॉसिंग गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु है, लेकिन पिछले साल इजरायली सेना ने इसके फिलिस्तीनी हिस्से पर कब्जा कर लिया था और इसे बंद कर दिया था। इसके बाद मिस्र ने भी विरोध स्वरूप अपने हिस्से का मार्ग बंद कर दिया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 50 मरीज उनके साथ देखभाल करने वाले 61 लोग राफा से मिस्र पहुंच गए हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक मिस्र के टेलीविजन पर दिखाया गया कि फिलिस्तीनी रेड क्रॉस की एम्बुलेंस क्रॉसिंग गेट पर आ रही हैं और कई बच्चों को स्ट्रेचर पर बाहर लाया जा रहा है फिर मिस्र की तरफ की एम्बुलेंस में उन्हें ले जाया जा रहा है। कई मरीज कैंसर सहित पुरानी बीमारियों से पीड़ित हैं और इजरायल के 15 महीने के युद्ध के दौरान उनका इलाज नहीं हो पाया है।

19 जनवरी को हमास और इजरायल के बीच युद्ध विराम समझौते के तहत कुल 400 फिलिस्तीनियों को गाजा छोड़ने की अनुमति दी जाएगी। प्रमुख सीमा क्रॉसिंग को खोलने से पहले शनिवार को हमास ने गाजा में तीन इजरायली बंदी को रिहा किया, जिसके बदले में इजरायली जेलों में बंद 180 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया। 19 जनवरी को युद्ध विराम लागू होने के बाद से यह कैदियों के बदले बंधकों की चौथी अदला-बदली है।



■ गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु है क्रॉसिंग

रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय में अस्पतालों के निदेशक मोहम्मद जकौत ने कहा कि 6,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मरीज विदेश भेजे जाने के लिए तैयार हैं और कम से कम 12,000 मरीजों को इलाज की तत्काल जरुरत है। उन्होंने कहा कि बाहर जाने वालों की छोटी संख्या जरुरतों को पूरा नहीं कर पाएगी, और हमें उम्मीद है कि यह संख्या बढ़ेगी। 15 महीनों तक किए गए इजरायली हमलों ने गाजा के स्वास्थ्य क्षेत्र को तबाह कर दिया। अधिकांश अस्पताल बंद हो गए और हजारों फिलिस्तीनी उचित इलाज की कमी के कारण पीड़ित हैं।

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला करके 251 लोगों को बंधक बना लिया था, जिसमें करीब 1,200 लोग मारे गए थे। इस हमले ने एक युद्ध को जन्म दिया जिसने गाजा को तबाह कर दिया है। गाजा के हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल के 15 महीने के सैन्य हमले में इस क्षेत्र में 47,460 फिलिस्तीनी मारे गए जबकि 111,580 घायल हुए।

## दुनिया को जानें

### लगातार तीसरे साल गिरी चीन की जनसंख्या, 2024 में 14 लाख कम हुई

**हांगकांग,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। चीन की जनसंख्या में 2024 में लगातार तीसरे वर्ष गिरावट दर्ज की गई है। विशेषज्ञों ने आने वाले वर्षों में इस रुख में तेजी आने की चेतावनी दी है। जनसंख्या में गिरावट चीन की सरकार और देश की अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बन गई है। अकेले चीन ही नहीं जापान, दक्षिण कोरिया व इटली जैसे देशों भी जनसंख्या में गिरावट और बुजुर्गों की बढ़ती संख्या जैसी दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि युवा पीढ़ी ने कम बच्चे पैदा करने का विकल्प अपना लिया है और स्वास्थ्य सेवाओं में प्रगति के कारण जीवन प्रत्याशा बढ़ गई है।

चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा है कि 2024 में लगभग 14 लाख कम होकर चीन की कुल जनसंख्या 1.408 अरब रह गई। आंकड़े ने इस चिंता को बल दे दिया है कि कामगारों और उपभोक्ताओं की गिरती संख्या के कारण विश्व की दूसरे पायदान पर आने वाली सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को संघर्ष करना पड़ेगा। इसके साथ ही बुजुर्गों की देखभाल का खर्च बढ़ रहा है और सेवानिवृत्ति लाभ का बोझ भी पहले से ही कर्ज में डूबी स्थानीय सरकारों के लिए अतिरिक्त दबाव पैदा करेगा।

# खेल जगत

## दुबे के कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पर उपयुक्त विकल्प नहीं थे राणा : बटलर

**पुणे।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 में हर्षित राणा को शिवम दुबे के कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पर इस्तेमाल किए जाने पर इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि राणा दुबे के उपयुक्त विकल्प नहीं थे। उस समय टेलीवीजन पर कॉमेंट्री कर रहे निक नाइट और केविन पीटरसन ने भी दुबे की जगह राणा को रिप्लेस किए जाने पर आपत्ति जताई। 34 गेंद पर 53 रनों की पारी खेलने वाले दुबे को दो बार हेलमेट पर चोट लगी और वह भारत की गेंदबाज़ी के दौरान फील्ड पर नहीं आए। भारत की शुक्रवार को 15 रनों की जीत के बाद बटलर ने कहा कि यह लाइक फोर लाइक रिप्लेसमेंट नहीं है, हम इससे सहमत नहीं हैं। या तो दुबे ने अपनी गेंद की गति 25 मील प्रति घंटा बढ़ा ली है या फिर राणा ने वास्तव में अपनी बल्लेबाज़ी में काफी सुधार कर लिया है।



### महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप फाइनल

# फाइनल में पहुंची टीम इंडिया, आज होगा दक्षिण अफ्रीका से होगा सामना

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। निकी प्रसाद की अगुआई वाली मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम दूसरे आईसीसी महिला अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को भी हरा बयुमास ओवल(क्वालालंपुर) में रविवार को लगातार सातवीं जीत की बदौलत अजेय रह खिताब बरकरार रखने के मकसद से उतरेगी। मौजूदा संस्करण का इकलौता शतक जड़ने सहित सहित छह मैचों कुल 265 रन बना शीर्ष पर चल रही तृषा गोंगाडी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ अर्द्धशतक सहित कुल दो अर्द्धशतक जड़ कुल 135 रन बना रन बनाने में तीसरे स्थान पर चल रही जी कमलिनी के साथ पांच मैचों में सबसे ज्यादा कुल 15 विकेट चटका शीर्ष पर चल रही वैष्णवी शर्मा, आयुषी शुक्ला (छह मैच 12 विकेट), परुणिका सिसोदिया (5 मैच आठ विकेट) की बाएं हाथ के स्पिनरों की त्रिमूर्ति से सज्जित रंग में चल रही भारतीय टीम को फाइनल में रोकना दक्षिण अफ्रीका के लिए वाकई बड़ी चुनौती होगा। भारत ने दक्षिण अफ्रीका से अपने पिछले पांच चारों मैच बेहद आसानी से जीते हैं जबकि एक बारिश के चलते एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया था। शैफाली वर्मा की कप्तानी में भारत ने तृषा की 29 गेंदों पर 24 रन की पारी की बदौलत 2023 मे पिछले पहल) आईसीसी महिला अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के सात



■ भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल सहित अपने सभी छह मैच बेहद आसानी से जीते

विकेट से पहला चैंपियन बनने का गौरव पाया था। भारत एक बार फिर फाइनल में तृषा से रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी बड़ी पारी खेल बरकरार रखने की आस के साथ उतरेगा।

भारत ने मौजूदा संस्करण में तृषा के अविजित 110 रन की बदौलत स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाया था 20 ओव मं एक विकेट पर 208 रन का सबसे बड़ा स्कोर। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में 18.1 ओवर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट पर 106 रन का अपना सबसे बड़ा स्कोर बना जीत दर्ज की थी।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल सहित अपने सभी छह मैच बेहद आसानी से जीते हैं। भारत ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराया जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया को कड़े संघर्ष में पांच विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची। भारत की सभी छह मैचों में आसान जीत में शीर्ष चार बल्लेबाजों से ज्यादा का बल्लेबाजी करने का नंबर कम ही आया है। मौजूदा संस्करण का इकलौता शतक और सर्वोच्च अविजित 110 रन का स्कोर भी भारत की ओपनर तृषा ने स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाया था। तृषा की स्ट्राइक रेट 149.71 है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की जिमा बोथा पांच पारियों कुल 89 रन आठवें स्थान पर हैं जबकि साइमन लॉरेन पांच मैचों में एक बार अविजित रह कुल 71 रन बना 14 वे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर कयाला रेंकी पांच में दस विकेट चटका) चौथे, तेज गेंदबाज मोनालिसा लिगोड़ी और नबीशिंग निनी ने समान रूप से पांच पांच मैचों में छह-छह विकेट चटकाए हैं। भारत की कप्तान निकी प्रसाद को कप्तान के रूप में ही अपना कौशल दिखाने का मौका मिला जबकि बल्लेबाजी में ओपनर तृषा, जी कमलिनी और उपकप्तान सानिका चालके का ही बल्लेबाजी का नंबर आया जबकि बाकी बल्लेबाजों को तो क्रीज पर उतरने का मौका ही बहुत कम मिला है।

निकी प्रसाद ने श्रीलंका के खिलाफ 11 रन बनाय और 31 रन की भागीदारी कर औा बांग्लादेश के खिलाफ दो गेंदो में पांच रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। इंग्लैंड की डेविना पेरिन ने जरूर भारत को परेशान किया तो उन्होंने चतुराई से गेंदबाजी बदलाव कर उन्हें आउट कर पेवेलियन लौटाया। निकी प्रसाद ने अपनी वैष्णवी शर्मा, आयुषी शुक्ला, परुणिका सिसोदिया की बाएं हाथ के स्पिनरों की मिलकर कुल 30 विकेट चटकाने वाली स्पिन त्रिमूर्ति के साथ कामचलाउ आफ स्पिनर के रूप मे पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली तृषा का चतुर उपयोग किया और उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ आखिरी तीन विकेट ले भारत का आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत की बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा दस विकेट चटकाने वाली उसकी कप्तान कयाला रेंकी के खिलाफ चौकस रहने की जरूरत होगी। रेंकी निचले क्रम की उपयोगी बल्लेबाज है और ऐसे में भारत की स्पिनरों और उसकी तेज गेंदबाज शबनम शकील और जोशिता को निचले क्रम को जमने का कतई मौका नही देना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में में कयाला ने 26 रन की उपयोगी पारी खेली थी। भारत को दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर एली वान विक से चौकस रहने की जरूरत होगी।

**आईसीसी अंडर 19 महिला क्रिकेट विश्व कप फाइनल : भारत वि द. अफ्रीका, रविवार, दोपहर 12 बजे से।**

# बंगाल टाइगर्स ने तमिलनाडु ड्रैगंस को सेमीफाइनल में सडनडेथ में 4-3 से दी शिकस्त



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने निर्धारित समय मे 0-2 से पिछड़ने के बाद प्रदीप सिंह संधू और सैम लेन के एक एक मैदानी गोल से दो दो और फिर शूटआउट में भी दो दो की बराबरी पाने के बाद सडन डेथ में अभिषेक के नैन के चौथे प्रयास को गोल में बदलने और मैन ऑफ द' मैच गोलरक्षक जैमी कार के उत्तम सिंह के पांचवें प्रयास को नाकाम किए जाने की सात बरस के बाद वापसी करने वाली पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल)2024-25 के पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु ड्रैगंस को शुक्रवार रात राउरकेला के बिरसामुंडा स्टेडियम 4-3 से हरा दिया। श्राची रार बंगाल टाइगर्स की टीम फाइनल में शनिवार को हैदराबाद तूफांस से भिड़ेगी।

बंगाल टाइगर्स को मैच के शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन खासतौर पर दूसरे पर ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह के ड्रैग फ्लिक को तमिलनाडु ड्रैगंस के गोलरक्षक डेविड हार्ट ने रोका। पहला क्वॉर्टर के खत्म होने से ठीक पहले अभिषेक द्वारा बनाए तीसरे और चौथे पेनल्टी कॉर्नर पहले जुगराज के फ्लिक को गोलरक्षक हार्ट ने रोका और चौथे पर जुगराज द्वारा बढ़ाई गेंद पर बोकार्ड ने गेंद को बाहर फ्लिक कर बंगाल टाइगर्स को बढ़त लेने से रोक दिया। तमिलनाडु ड्रैगंस को शुरू के पांच मिनट में ही दो पेनल्टी कॉर्नर वह भी इन्हें गोल में बदलने में नाकाम रहा। नाथन एफ्रामस ने दाएं से नौजवान स्ट्राइकर उत्तम सिंह द्वारा बढ़ाई गेंद पर बंगाल टाइगर्स के कप्तान रूपिंदर पाल सिंह को छका दूसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोल कर तमिलनाडु ड्रैगंस को 1-0 से आगे कर दिया। प्रदीप सिंह संधू के बाएं से बढ़िया पास पर

■ बंगाल टाइगर्स फाइनल में हैदराबाद तूफांस से भिड़ेगी

अफ्फान यूसुफ ने गेंद को गोल में डालने की कोशिश की लेकिन तमिलनाडु ड्रैगंस के कप्तान अमित रोहिदास ने गेंद को रोक बंगाल टाइगर्स को गोल करने से रोक दिया। प्रदीप सिंह संधू ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले गोल कर बंगाल टाइगर्स को एक एक की बराबरी दिला दी। कार्ति सेल्वम ने तीसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट मे गोल कर तमिलनाडु ड्रैगंस को फिर 2-1से आगे कर दिया। सैम लेन ने लांग कार्नर पर गोल कर बंगाल टाइगर्स को दो दो की बराबरी दिला दी। अगले ही मिनट मिले पेनल्टी कॉर्नर जुगराज का गोल अमान्य कर दिया और निर्धारित समय तक दोनों टीमें दो दो की बराबरी रही और मैच शूटआउट में खींच गया। शूटआउट में श्राची रार बंगाल टाइगर्स के लिए दूसरे प्रयास में सुखजीत सिंह ने और तीसरे प्रयास में स्यां फिनले ने गोल किए जबकि पहले प्रयास में अब वान फ्लोरेंट, चौथे प्रयास में अभिषेक और पांचवें और अंतिम प्रयास को तमिलनाडु ड्रैगंस के गोलरक्षक डेविड हार्ट ने रोका। वहीं तमिलनाडु ड्रैगंस के लिए शूटआउट में पहले प्रयास में मार्टिन लुडविग और तीसरे प्रयास में ब्लैक गोवर्स ने गोल किए जबकि तमिलनाडु ड्रैगस के उत्तम सिह के दूसरे, अबारन सुदेव के चौथे और नाथन एफ्रामस के पांचवें प्रयास को बंगाल टाइगर्स के गोलरक्षक जैमी कार ने रोका। सडन डेथ में बंगाल टाइगर्स के लिए शुरू के चार प्रयास में सुखजीत सिंह, स्यां फिंडले,फ्लोरेंट अबूल और अभिषेक ने गोल किए जबकि तमिलनाडु ड्रैगंस के लिए मॉरित्ज लुडविग, ब्लैक गोवर्स और नाथन एफ्रामस ने शुरू के तीन प्रयास में गोल किए जबकि उत्तम सिंह के चौथे प्रयास को बंगाल टाइगर्स के गोलरक्षक जैमी कार ने रोका।

# सूर्यकुमार ने टीम के लचीलेपन और सकारात्मक इरादे की प्रशंसा की

**पुणे,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में 15 रन से जीत हासिल करने के बाद अपनी टीम के



■ बल्लेबाज फिल साल्ट और बेन डकेट ने पावर-प्ले के दौरान भारत के तेज गेंदबाजों को परेशान किया

लचीलेपन और सकारात्मक मानसिकता की प्रशंसा की। इस जीत ने भारत को पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त दिला दी है। यादव ने शुक्रवार को मैच के बाद कहा कि मैदान पर सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शुरुआत से लेकर आखिर तक दर्शकों की भीड़ रही, वे हमेशा हमारे पीछे थे और सभी ने हमारा समर्थन किया। हम 12/3 के बाद पीछे नहीं हटना चाहते थे और लड़कों को पता है कि हम किस तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हैं। भारत की पारी की शुरुआत साकिब महमूद के रिकॉर्ड-तोड़ ट्रिपल-विकेट मेडन से हुई, जिससे मेजबान टीम दो ओवर में 12/3 पर सिमट गई। लेकिन यादव ने अपनी टीम की अटूट भावना पर जोर दिया, खासकर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने संकट का सामना करने के तरीके पर। दोनों ने 87 रन की साझेदारी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने 53 रन बनाए, जिससे भारत ने 181/9 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। सूर्या ने कहा कि एक ओवर में तीन विकेट, यह हमारे लिए बहुत ज्यादा था। लेकिन जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, जिस तरह से उन्होंने जवाब दिया, जिस तरह से उन्होंने बीच में सकारात्मक इरादा दिखाया और जिस तरह से हार्दिक और दुबे ने अपना अनुभव दिखाया, वह शानदार था। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं-खुद को अभिव्यक्त करना और आप उसी तरह से बल्लेबाजी करते हैं जैसे आप नेट्स में करते हैं। इंग्लैंड की ओर से आक्रामक शुरुआत हुई क्योंकि सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और बेन डकेट ने पावर-प्ले के दौरान भारत के तेज गेंदबाजों को परेशान किया। डकेट, विशेष रूप से शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने सिर्फ 19 गेंदों पर 39 रन बनाए। इंग्लैंड छह ओवर में 62/0 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में दिख रहा था। लेकिन भारत के गेंदबाजों ने तेजी से वापसी की।

## शिवम का पंजा, दिल्ली ने रेलवे को 19 रनों से रौंदा

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। ऑफ स्पिनर शिवम शर्मा के शानदार पांच विकेट की बदौलत दिल्ली ने रेलवे को पारी और 19 रनों से हराकर शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी लीग चरण का अपना अंतिम मैच जीत लिया। हालांकि दिल्ली को अपने घरेलू मैदान पर शानदार जीत के साथ बोनस अंक मिला, लेकिन यह रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में प्रवेश करने के लिए पर्याप्त नहीं था। एक ऐसी पिच पर जहां गेंद नीचे रह रही थी, दिल्ली ने तीन दिनों के भीतर जीत हासिल कर ली, जिसका श्रेय शिवम के शानदार स्पैल और रेलवे के बल्लेबाजों के शॉट चयन को जाता है। लगभग चार साल बाद घरेलू सत्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करते हुए शिवम ने 11 ओवर में 5-33 विकेट लिए, जो रेड-बॉल क्रिकेट में उनका तीसरा पांच विकेट था, क्योंकि रेलवे अपनी दूसरी पारी के 30.5 ओवर में 114 रन पर ढेर हो गई।

## कोहली के जोरदार नारे के बाद बिशन सिंह बेदी स्टैंड के किनारे पर लगाए गए काले कवर

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच का तीसरा दिन शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में फिर से शुरू हुआ, तो विराट कोहली पवेलियन में स्थित ड्रेसिंग रूम से सटे बिशन सिंह बेदी स्टैंड के किनारे पर काले कवर लगाए गए।



इस बारे में पूछे जाने पर, डीडीसीए के सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह काले कवर लगाए गए थे, क्योंकि दिल्ली और रेलवे दोनों टीमें पिछले दो दिनों से बिशन सिंह बेदी स्टैंड में स्थित ड्रेसिंग रूम के किनारे भीड़ लगाए हुए प्रशंसकों के शोर से परेशान थीं। यह नारा तब और तेज हो गया जब शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल के दौरान प्रशंसकों ने करिश्माई विराट कोहली की एक झलक पाने के लिए किनारे को घेर लिया, जो छह रन पर आउट होने के बाद दिल्ली टीम के ड्रेसिंग रूम की बालकनी में बैठे थे और उनका, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और उनके उपनाम 'चीकू' का नाम लेकर नारे लगा रहे थे। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों से दिल्ली और रेलवे दोनों ही टीमें बिशन सिंह बेदी स्टैंड में ड्रेसिंग रूम के किनारे प्रशंसकों के शोर से परेशान थीं और उन्होंने इसकी शिकायत की। नतीजतन, डीडीसीए और सुरक्षा अधिकारियों ने फैसला किया कि शनिवार को तीसरे दिन के खेल के लिए उक्त किनारे पर काले कवर लगाए जाएंगे। इसके अलावा, सुरक्षा के दृष्टिकोण से, शनिवार को प्रशंसकों के प्रवेश के लिए गेट 17 और 18 को भी बंद कर दिया गया है। तीसरे दिन के खेल के लिए, अरुण जेटली स्टेडियम में एक्शन देखने के लिए उत्सुक प्रशंसक गौतम गंभीर और मोहिंदर अमरनाथ स्टैंड में बैठेंगे, जबकि ओल्ड क्लबहाउस स्टैंड में डीडीसीए के सदस्य बैठेंगे। वेस्ट स्टैंड पर प्रवेश नहीं होने के बावजूद, दर्शकों की छोटी संख्या लगातार कोहली का नाम चिल्ला रही थी।

## हैदराबाद तूफान ने सूरमा क्लब को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**राउरकेला,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। हैदराबाद तूफान ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में प्रवेश करते हुए सीज़न का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद तूफान का सामना शनिवार को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। सेमीफाइनल जैसे मैच में, हैदराबाद तूफान ने 25वें मिनट में अमनदीप लाकड़ा के जरिए पहला गोल किया, जिसके बाद जैकब एंडरसन (35%) और नीलकांत शर्मा (43%) ने उनके स्कोर में इजाफा किया, जबकि जेरेमी हेवर्ड (60%) ने मैच के अंतिम समय में सूरमा के लिए सांत्वना भरा गोल किया। इससे पहले, तूफान ने आठवें मिनट में तलविंदर सिंह के शानदार प्रदर्शन के बाद खेल का पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता। गोंजालो पेइलट ने पेनल्टी कॉर्नर से गेंद को वापस तलविंदर की ओर भेजा, लेकिन वह समय पर गेंद को पकड़ नहीं पाए। दो मिनट बाद मुकुल शर्मा और टिम ब्रैंड ने मिलकर तूफान को कई मौके दिए। मुकुल ने दाएं तरफ से एक शानदार क्रॉस बनाया और ब्रैंड ने गेंद को गोल की ओर मोड़ने में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन विन्सेंट वानाश की पोजिशनिंग एकदम सही थी और उन्होंने गेंद को रोक दिया। शुरुआती कुछ मिनटों में खतरनाक दिखने के बाद, सूरमा हॉकी क्लब ने पहले क्वार्टर में 11 सेकंड बचे होने पर पेनल्टी जीतकर अपना मौका बनाया।

## लीजेंड-90 लीग के पहले मैच में रैना और धवन के बीच होगा मुकाबला

**रायपुर (छत्तीसगढ़),** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन 6 फरवरी को रायपुर में होने वाले लीजेंड 90 लीग के ब्लॉकबस्टर ओपनिंग मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल्स के बीच आमने-सामने होंगे। ओपनिंग मैच में एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है, क्योंकि अनुभवी सितारे अपनी ऑन-फील्ड प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाने के लिए एक साथ आएंगे। इस मैच में पूर्व भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुरेश रैना और शिखर धवन आमने-सामने होंगे, जो एक एक्शन से भरपूर टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। ओपनर के बाद, राजस्थान किंग्स 7 फरवरी को दूसरे मैच में दुबई जायंट्स से भिड़ेगी, जबकि उसी दिन बाद में गुजरात सैम्प आर्मी का सामना बिग बॉयज से होगा।

## भारतीय नौसेना हॉफ मैराथन के उद्घाटन सत्र में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां) भारतीय नौसेना 2 फरवरी को राजधानी में भारतीय नौसेना हाफ मैराथन (आईएनएचएम) के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी करेगी जिसमें तीन दौड़ श्रेणियों में दस हजार से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। तीन श्रेणियां 21.1 किमी, 10 किमी और 5 किमी दौड़ हैं, जो इसे सभी क्षमताओं और पृष्ठभूमि के धावकों के लिए एक समावेशी कार्यक्रम बनाती हैं। प्रत्येक प्रतिभागी को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए तैयारियां चल रही हैं। यह कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें दौड़ का मार्ग इंडिया गेट और ऐतिहासिक कर्तव्य पथ को कवर करेगा। आईएनएचएम को



भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख एल मंडाविया हरी झंडी दिखाएंगे। इस उद्घाटन संस्करण के साथ, भारतीय नौसेना स्वास्थ्य, लचीलापन और सौहार्द की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। हम 2 फरवरी 25 को होने वाली रोमांचक रेस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और नई दिल्ली के दिल में होने वाले इस शानदार खेल आयोजन में सभी प्रतिभागियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा, इस आयोजन में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिष्ठित व्यक्ति, नागरिक अतिथि और प्रसिद्ध खिलाड़ी भी शामिल होंगे। यह आयोजन इंडियन नेवी स्लैम का हिस्सा है-यह एक प्रतिष्ठित सम्मान है जो कोच्चि, विशाखापत्तनम, मुंबई और नई दिल्ली में भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित सभी चार रेसों को पूरा करने वालों को दिया जाता है। यह विशिष्ट मान्यता भारतीय नौसेना के अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है, जो धावकों की दृढ़ता और धैर्य को दर्शाता है। दिल्ली पुलिस और नई दिल्ली नगर परिषद ने इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भारत ने रामकुमार और मुकुंद के दमदार प्रदर्शन की बदौलत हासिल की 2-0 की बढ़त

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने शनिवार को डेविस कप 2025 अभियान की शानदार शुरुआत की और डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में वर्ल्ड ग्रुप प्लेऑफ के

■ घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए मुकुंद के लिए शुरुआती सेट की शुरुआत सकारात्मक रही


पहले दिन टोगो पर 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। मुकुंद शशिकुमार और रामकुमार रामनाथन ने अपने-अपने एकल मैचों में शानदार प्रदर्शन



करते हुए जीत हासिल की, जिससे टीम इंडिया जीत के करीब पहुंच गई। मुकुंद ने पहले मैच में लिओवा अजवोन पर निर्णायक जीत हासिल की, जिससे भारत के अभियान की शुरुआत 1-0 की बढ़त के साथ हुई। इसके बाद रामकुमार ने थॉमस सेतोदजी पर शानदार जीत के साथ भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया, जिससे डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में मौजूद भारतीय प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई। फैन्स ने तिरंगे झंडे लहराए, जीते गए हर अंक के लिए अपने खिलाड़ियों के समर्थन में नारे लगाए और ऐसा माहौल बनाया जिसने भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को और भी बढ़ा दिया। घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए मुकुंद के लिए शुरुआती सेट की शुरुआत सकारात्मक रही। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ पहला गेम जीता। हालांकि इसके बाद अजवोन ने स्कोर बराबर करके मुकाबला तनावपूर्ण बना दिया। तीसरे गेम के दौरान गति मुकुंद के पक्ष में बदल गई, जब उन्होंने अजवोन की सर्विस को निर्णायक रूप से तोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण संभावित ब्रेक का सफलतापूर्वक बचाव किया। पांचवें गेम में अजवोन के नियंत्रण हासिल करने के भयंकर प्रयासों के बावजूद, मुकुंद ने अपना संयम बनाए रखा और अंततः सेट 6-2 से जीत लिया। मुकुंद के लिए दूसरा सेट अधिक आसान साबित हुआ। इसमें उन्होंने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा।

## शमी ने साहा को विदाई दी, कहा 'आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी'

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को क्रिकेट के खेल पर 'अमिट छाप' छोड़ने के लिए बधाई दी है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को ईडन गार्डन्स में पंजाब के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन साहा को उनके साथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शमी ने कहा कि आज हम भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई देते हैं। उनकी शानदार विकेटकीपिंग और मैदान के अंदर और बाहर अनगिनत यादगार पलों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्ट्रीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून ने हम सभी को प्रेरित किया है। रिद्धिमान, आपके अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। आपकी



विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी! 141 प्रथम श्रेणी मैचों में, साहा ने 48.68 की औसत से 7,169 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 44 अर्द्धशतक शामिल हैं। 40 वर्षीय साहा ने आखिरी बार दिसंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में भारत के लिए खेला था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, साहा ने 40 टेस्ट में भाग लिया, जिसमें 29.41 की औसत से 1,353 रन बनाए, साथ ही नौ वनडे भी खेले।

### सार संक्षेप

## शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए उतरेंगे एफसी गोवा और जमशेदपुर एफसी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग 2024-25 मुकाबले में एफसी गोवा की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जमशेदपुर एफसी 17 मैचों में 10 जीत, एक ड्रा और छह हार से 31 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। रेड माइनर्स का पहला लक्ष्य आगामी मुकाबला जीतकर एफसी गोवा को पीछे छोड़ना होगा, जो 17 मैचों में नौ जीत, छह ड्रा और दो हार से 33 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। वहीं, गौर्स को जीत उन्हें लीग लीडर्स मैरिनर्स (18 मैचों में 40 अंक) के करीब ले जाएगी।इसके अलावा कोच खालिद जमील के रेड माइनर्स के पास जीत से एफसी गोवा पर लीग डबल करने का मौका है, क्योंकि उन्होंने 17 सितंबर, 2024 को रिवर्स फिक्सचर में मैनोलो मार्क्वेज के गौर्स को 2-1 से हराया था।

## दिल्ली ने रेलवे को पारी और 19 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** कप्तान आयुष बडोनी (99) और सुमित माथुर (86) शानदार पारियों के बाद शिवम शर्मा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दिल्ली ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के तीसरे दिन रेलवे को पारी और 19 रन से हरा दिया है। दिल्ली ने आज सात विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया। रेलवे के गेंदबाजों ने आज दिल्ली की पारी को 374 स्कोर पर रोक दिया। दिन का पहला विकेट सिद्धांत शर्मा (18) के रूप में गिरा। सुमित माथुर (86) को हिमांशु सांगवान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद सांगवान ने मनी ग्रेवाल (शून्य) को आउट कर दिल्ली की पारी का अंत कर दिया। इसी के साथ दिल्ली को 133 रनों की बढ़त मिल गई। रेलवे की ओर से हिमांशु सांगवान ने चार विकेट लिये। कुनाल यादव को तीन विकेट मिले। राहुल शर्मा, आयन चौधरी और कर्ण शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में कप्तान सूरज अहूजा (एक) का विकेट गवां दिया।

## मुंबई की मेघालय पर पारी और 456 रनों से बड़ी जीत

**मुंबई।** सिद्धेश लाड (145), आकाश आनंद (103), शम्स मुलानी (110) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (96) की बेहतरीन पारियों के बाद शार्दुल ठाकुर कुल (आठ विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत मुम्बई ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में मेघालय पर पारी और 456 रनों से बड़ी जीत दर्ज की हैं। मेघालय ने कल के दूसरी पारी में दो विकेट पर 27 रन से आगे खेलना शुरु किया। शार्दुल ठाकुर ने अर्पित भटेवरा (छह) को आउट कर मुम्बई को तीसरी सफलता दिलाई। किशन लिंगदोह (39) को भी शार्दुल ने आउट किया।

# अर्थ जगत

## केंद्रीय बजट-2025



| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| जोमैटो | 7.17 प्रतिशत |
| मारुति | 4.98 प्रतिशत |
| आईटीसी होटल्स | 4.71 प्रतिशत |
| आईटीसी | 3.33 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 3.71 प्रतिशत |
| एलटी | 3.36 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.04 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 2.03 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.87 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 84,513 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,700 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.33 | 86.35 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6300-6400 |
| दाल चना | 7300-7400 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9300-9400 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8000-8100 |

# विनिर्माण बढ़ाने के लिए नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन लांच

- छोटी, मध्यम व बड़ी इंडस्ट्रीज को किया जाएगा सपोर्ट
- क्लाइमेट-फ्रेंडली विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में देश में विनिर्माण को बढ़ाने के लिए नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन लांच किया। इसमें मेक इन इंडिया को सपोर्ट करने के लिए छोटी, मध्यम और बड़ी इंडस्ट्रीज को सपोर्ट किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने अपने भाषण के दौरान कहा कि यह मिशन केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों दोनों को नीति समर्थन, एग्जीक्यूशन रोडमैप, गवर्नेंस और निगरानी ढांचा प्रदान करेगा।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि क्लाइमेट-फ्रेंडली विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यह मिशन क्लीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग, सोलर पीवी सेल में घरेलू वैल्यू एडिशन और इकोसिस्टम बनाने, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी, मोटर्स और कंट्रोलर्स, इलेक्ट्रोलाइजर, विंड टरबाइन, हाई-वॉल्टेज ट्रांसमिशन उपकरण और ग्रिड-स्केल बैटरी पर केंद्रित होगा। इसके अलावा बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की क सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया। सभी एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा को क्रमश: 2.5 और 2 गुना बढ़ाया जाएगा। साथ ही कहा कि सरकार पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड पेश करेगी।

**सरकार पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड पेश करेगी : निर्मला सीतारमण**

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि 2047 तक 100 गीगावाट की न्यूक्लिर एनर्जी क्षमता विकसित करने के लिए 20,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ स्मॉल मॉड्यूरल रिएक्टर्स के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के लिए न्यूक्लिर एनर्जी मिशन की स्थापना की जाएगी। 2033 तक पांच छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर चालू हो जाएंगे।

बजट में वित्त मंत्री द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लिमिट को 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। इससे किसानों को सस्ता लोन पाने में मदद मिलेगी। इससे पहले वित्त मंत्री द्वारा द्वारा शुक्रवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया गया। सर्वेक्षण में बताया गया कि वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की जीडीपी 6.3-6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है।

## असम में 12.7 लाख मीट्रिक टन वाले संयंत्र की होगी स्थापना : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। देश के विभिन्न राज्यों को कई सौगातें दीं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन का तो असम में यूरिया संयंत्र खोलने का ऐलान किया। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाले संयंत्र की स्थापना की जाएगी। पूर्वी क्षेत्र में बंद पड़े तीन यूरिया संयंत्रों को फिर से खोला गया है, यह यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर कदम है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के फुटवियर और लेदर क्षेत्र के लिए सहायता के अलावा बिना लेदर वाले फुटवियर के लिए योजना है। 22 लाख रोजगार और 4 लाख करोड़ का कारोबार और 1.1 लाख करोड़ से ज्यादा निर्यात की उम्मीद है। इसके अलावा खिलौना निर्माण के लिए मेक इन इंडिया के तहत योजना शुरू की जाएगी। सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख की सीमा वाले विशेष अनुकूल क्रेडिट कार्ड शुरू किए जाएंगे। पहले वर्ष में 10 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। स्टार्टअप के लिए एआईएफ को 91 हजार करोड़ से ज्यादा सबमिशन मिले हैं। 10 हजार करोड़ का नया अंशदान किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस बजट के माध्यम से सरकार का प्रयास है कि विकास में तेजी लाना, समावेशी विकास, निजी क्षेत्र का निवेश, घरेलू भावनाओं का उत्थान, भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाना है। इसके अलावा एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश की सीमा 2.5 गुना बढ़ाई जाएगी। एमएसएमई वर्गीकरण के लिए टर्नओवर सीमा दो गुना की जाएगी। इससे उन्हें आगे बढ़ने और हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का आत्मविश्वास मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि एमएसएमई के लिए ऋण प्राप्ति को सुलभ बनाना है। इसके तहत सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए 5 करोड़ से 10 करोड़, अगले 5 वर्षों में 1.5 लाख करोड़ का अतिरिक्त ऋण। इसके अलावा उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख की सीमा वाले विशेष कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड्स की शुरुआत होगी।

# वित्त मंत्री ने पेश किया संतुलित बजट, देश में बढ़ेगा उपभोग : सुनिल शाह



**शेयर बाजार का तत्काल रिएक्शन नहीं देखना चाहिए। रिन्यूएबल, पावर, इन्फ्रास्ट्रक्चर में लोगों ने पॉजीशन बनाए रखी थी, वो कम हुई है : सुनिल शाह**

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। बजट 2024-25 विकास, उपभोग, व्यापार में आसानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक खर्च सभी का ध्यान रखा गया है। इस कारण से बिल्कुल संतुलित बजट है। यह बयान मार्केट एक्सपर्ट सुनिल शाह ने शनिवार को दिया।

शाह ने आगे कहा कि वित्त मंत्री द्वारा आयकर छूट की सीमा को 7 लाख रुपए से 12 लाख रुपए करने से उपभोग को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसका सीधा प्रभाव आने वाले समय में हमें देश की अर्थव्यवस्था पर देखने को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि आयकर छूट की सीमा को 12 लाख रुपए करने से सरकार का राजस्व एक लाख करोड़ रुपए कम होगा, लेकिन ये पैसा आम जनता के पास जा रहा है और इससे खपत को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

नई टैक्स रिजीम के तहत 0-4 लाख रुपए की आय पर टैक्स शून्य होगा। वहीं, 4-8 लाख रुपए की आय पर 5 प्रतिशत, 8-12 लाख रुपए की आय पर 10 प्रतिशत, 12-16 लाख रुपए की आय पर 15 प्रतिशत, 16-20 लाख रुपए की आय पर 20 प्रतिशत, 20-24 लाख रुपए की आय पर 25 प्रतिशत और 24 लाख से अधिक की आय पर टैक्स की दर 30 प्रतिशत होगी।

इनकम टैक्स में कटौती होने से 12 लाख रुपए की आय पर 80,000 रुपए, 18 लाख रुपए की आय पर 70,000 रुपए, 20 लाख रुपए की आय पर 90,000 रुपए और 24 लाख रुपए की आय पर 1,10,000 रुपए की बचत होगी। शाह ने कहा कि शेयर बाजार का तत्काल रिएक्शन नहीं देखना चाहिए। रिन्यूएबल, पावर, इन्फ्रास्ट्रक्चर में लोगों ने पॉजीशन बनाए रखी थी। वो कम हुई है।

## बजट में अल्पसंख्यकों के हितों का रखा गया ध्यान : शहाबुद्दीन रजवी



**बरेली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में आम बजट 2025-26 पेश किया। बरेली में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने आम बजट का स्वागत किया है। उनका कहना है कि भारत सरकार ने अल्पसंख्यकों के हितों का ध्यान रखते हुए ये बजट पेश किया है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने वीडियो बयान में कहा कि केंद्र सरकार का बजट उम्मीदों पर खरा उतरा है। बजट में अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षा, समाज और आर्थिक मामलों पर काफी ध्यान दिया गया है। तालीम में काफी ज्यादा इजाफा किया गया है। इस बजट में छात्रों की फीस के लिए स्कॉलरशिप का खास ध्यान रखा गया है। पिछले साल के बजट से इस साल के बजट में लगभग 574 करोड़ रुपये ज्यादा पेश किए गए हैं। इसलिए हमें खुशी है कि भारत सरकार ने अल्पसंख्यकों के हितों पर ध्यान दिया। हम भारत सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने मुसलमानों पर ध्यान देते हुए संसद में एक अच्छा बजट पेश किया है। इस बजट का हम स्वागत करते हैं। बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया है। साल 2023-24 में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को 2,608.93 करोड़ रुपए आवंटित गए थे, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 3,183.24 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

## सार संक्षेप

### किआ सॉरोस की शुरुआती कीमत 8.99 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी किआ इंडिया ने अपनी नई एसयूवी किआ सॉरोस की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 8.99 लाख रुपए घोषित की है। किआ इंडिया के मुख्य बिक्री अधिकारी जूनसू चो ने कहा कि भारत में एसयूवी की मांग बढ़ रही है, खासकर युवा, तकनीक-प्रेमी और साहसी ड्राइवरों के बीच, जो अपने वाहनों से अधिक की उम्मीद करते हैं। इन उभरती प्राथमिकताओं के अनुरूप, किआ इंडिया नवाचार और ग्राहक-केंद्रित डिजाइन के माध्यम से ऑटोमोटिव उद्योग में जो संभव है उसकी सीमाओं को आगे बढ़ा रही है। किआ सॉरोस हमारे पोर्टफोलियो में अगले विकास का प्रतिनिधित्व करती है - एसयूवी की एक नई प्रजाति जो उन्नत तकनीक, असाधारण आराम और बोल्ड डिजाइन का मिश्रण है जो चीज इसे अलग बनाती है वह है इसके इंटीरियर में टिकाऊ सामग्रियों का उपयोग, जो हरित भविष्य के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# भारी बिकवाली का बाजार के विशेष सत्र में असर

- सेंसेक्स 5.39 अंक बढ़कर 77,505.96 पर रहा
- निफ्टी 26.25 अंक फिसलकर 23,482.15 पर बंद

**मुंबई,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। संसद में पेश केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय में उम्मीद से कम महज दस फीसदी की बढ़ोतरी किए जाने के प्रस्ताव से निराश निवेशकों की भारी बिकवाली का शेयर बाजार के विशेष सत्र में असर दिखा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मजह 5.39 अंक बढ़कर 77,505.96 अंक पर रहा। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 26.25 अंक फिसलकर 23,482.15 अंक पर आ गया। बजट को लेकर बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियो की भी मिलजुली प्रतिक्रिया रही। इससे मिडकैप 0.49 प्रतिशत की गिरावट लेकर 42,884.28 अंक रह गया वहीं स्मॉलकैप 0.28 प्रतिशत बढ़कर 50,099.80 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4037 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2081 में लिवाली जबकि 1829 में बिकवाली हुई वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 कंपनियां चढ़ीं जबकि अन्य 29 लुढ़क गईं। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार ने केंद्रीय बजट पर मिश्रित प्रतिक्रिया दी है। इसका मुख्य कारण वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पूंजीगत व्यय में मात्र 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि है, जो बाजार की अपेक्षाओं से कम रही। इससे रेलवे, रक्षा और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, जिनका प्रदर्शन आमतौर पर बाजार की गति को निर्धारित करता है। इस कारण बाजार की धारणा कमजोर हुई है।

दूसरी ओर, उपभोग-आधारित क्षेत्रों को इस बजट से सबसे अधिक लाभ मिलने की उम्मीद थी लेकिन उनके मामूली बाजार मिश्रण की स्थिति के कारण यह व्यापक बाजार को अधिक प्रभावित नहीं कर सका। हालांकि, वर्ष के दौरान डिस्पोजेबल आय में वृद्धि और व्यवसाय करने में आसानी के चलते अर्थव्यवस्था और कॉर्पोरेट सेक्टर को समग्र रूप से लाभ मिलने की संभावना है। बाजार धीरे-धीरे इन सकारात्मक पहलुओं को ध्यान में लेना शुरू करेगा और इसका असर आगे देखने को मिलेगा।

इससे बीएसई के आठ समूहों में तेजी जबकि अन्य 13 में गिरावट रही। हेल्थकेयर 0.10, दूरसंचार 0.37, सर्विसेज 0.85, ऑटो 1.75, एफएमसीजी 2.91, सीडी 2.89, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.47 और रियल्टी समूह के शेयर 3.69 प्रतिशत उछल गए। वहीं, कैपिटल गुड्स 3.02, कमोडिटीज 0.99, ऊर्जा 1.46, वित्तीय सेवाएं 0.37, इंडस्ट्रियल्स 2.68, आईटी 1.18, यूटिलिटीज 2.15, बैंकिंग 0.06, धातु 1.49, तेल एवं गैस 1.72, पावर 2.63, टेक 1.01 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.46 प्रतिशत लुढ़क गए।

विश्व बाजार का रुख सकारात्मक रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.31, जर्मनी का डैक्स 0.02, जापान का निक्केई 0.15 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.14 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.06 प्रतिशत टूट गया।

## इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा निवेश करने का ऐलान किया है। सरकार राज्यों को 50 साल के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त कर्ज देगी। ये पैसा सीधे सड़कों, पुलों, रेलवे और अन्य बुनियादी ढांचे में खर्च होगा, जिससे विकास की गाड़ी और तेज दौड़ेगी। सीतारमण ने शहरों के विकास के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड भी लॉन्च किया है। इस फंड से शहरों को पानी, साफ-सफाई और रचनात्मक प्रोजेक्ट्स में निवेश का मौका मिलेगा।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIJAY KUMAR S/O MOHAN LAL RAJWANI resident of GURUNANAK WARD, WARD NO.-10, TILDA, RAIPUR (C.G.) 493114 have changed my old name VIJAY KUMAR S/O MOHAN LAL RAJWANI so in future I should be recognized by my new name that is VIJAY KUMAR RAJWANI S/O MOHAN LAL RAJWANI in all Government and other documents.

**VIJAY KUMAR RAJWANI**
GURUNANAK WARD, WARD NO.-10, TILDA, RAIPUR (C.G.) 493114

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HARMANDEEP SINGH S/O NAVDEEP SINGH resident of 1353 , GALI NO- 2, NEAR KRISHNA MANDIR , NEAR LITTLE STAR SCHOOL , SHYAM NAGAR , PO-RAVIGRAM ,DISTT - RAIPUR (C.G.) have changed my old name HARMANDEEP SINGH S/O NAVDEEP SINGH so in future I should be recognized by my new name that is HARMANDEEP SINGH REEN S/O NAVDEEP SINGH REEN in all Government and other documents.

**HARMANDEEP SINGH REEN**
1353 , GALI NO- 2, NEAR KRISHNA MANDIR ,NEAR LITTLE STAR SCHOOL , SHYAM NAGAR , PO- RAVIGRAM , DISTT - RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NEETU JESWANI D/O GIDUMAL JESWANI resident of UNIT NO-A2 SOUTH BLOCK 2ND FLOOR METRO HEXA ABOVE ICICI BANK LABHANDIH RAIPUR (C.G.) 492007 have changed before marrige my old name NEETU JESWANI D/O GIDUMAL JESWANI so in future I should be recognized by after marrige my new name that is POOJA SHADIJA W/O RAJESH SHADIJA in all Government and other documents.

**POOJA SHADIJA**
UNIT NO-A2 SOUTH BLOCK 2ND FLOOR METRO HEXA ABOVE ICICI BANK LABHANDIH RAIPUR (C.G.) 492007

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RASHMI SINGH CHANDEL W/O NISHANT SINGH CHANDEL resident of C-50, ROMANSQUE VILLAS, LABHANDI, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name RASHMI SINGH CHANDEL W/O NISHANT SINGH CHANDEL so in future I should be recognized by my new name that is RASHMI SINGH W/O NISHANT SINGH CHANDEL in all Government and other documents.

**RASHMI SINGH**
C-50, ROMANSQUE VILLAS, LABHANDI, RAIPUR (C.G.) 492001

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/वाचक/तह./2025
मंदिर हसौद, दिनांक 23.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक साकेत अग्रवाल पिता स्व. वेदप्रकाश अग्रवाल, निवासी-सांई नगर, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-मंदिर हसौद, प.ह.नं.-22, रा.नि.मं.-मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1444/3, 1442/1, 1140/3 रकबा क्रमश: 0.1010, 0.3780, 0.1950 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख मे आवेदक एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक मे दर्ज है जिसका मूल ऋष्ा पुस्तिका पूर्व मे प्राप्त हुआ था जो असावधानिपूर्वक कही गुम हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि का डुप्लिकेट ऋष्ा पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 27/02/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00086 रावांभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544072 0300085

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00086 के अंतर्गत ग्राम रावांभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी दुर्गावती साहू पिता/पति स्व. शोभाराम साहू पता रावांभाठा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 295/3 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता धनेश साहू पिता/पति हेमुराम साहू पता लक्ष्मण नगर गली नंबर 2 रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

**शपथ पत्र**

मैं, थानेश्वरी साहू, उम्र-वर्ष, पिता-चुन्नूराम साहू निवासी वार्ड नं.-18 कृष्णा नगर, पप्पू किराना स्टोर्स के पास गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि:-

1-यह कि, मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूं।

2-यह कि, मैं वार्ड नं.-18, कृष्णा नगर, पप्पू किराना स्टोर्स के पास, गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) में निवास करती हूं।

3-यह कि, मेरा वास्तविक नाम थानेश्वरी साहू है जो कि मेरे आधार कार्ड व अंकसूची में यह नाम दर्ज है।

4-यह कि, हमारे संयुक्त नाम से कृषि भूमि जो कि वाके ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं.-52 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है। जिसका ख.नं. 856/80 है जिसमें मेरा नाम धनेश्वरी दर्ज है।

5- यह कि मैं अपना नाम उक्त ख.नं. 856/80 के बी-1 में थानेश्वरी साहू दर्ज करवाना चाहती हूं। अत: मेरा उपरोक्त नाम दर्ज किया जाकर उसकी सूचना राजपत्र में प्रकाशित किया जाना है।

6- यह कि यह शपथ पत्र मेरे उपरोक्त नाम परिवर्तन किये जाने एवं राजपत्र में सूचना प्रकाशन के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ती

**शपथ पत्र**

मैं, कविता साहू, उम्र- वर्ष, पति-बाबूराम साहू, निवासी वार्ड नं.-18, कृष्णा नगर, पप्पू किराना स्टोर्स के पास, गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि:-

1-यह कि, मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूं।

2-यह कि, मैं वार्ड नं.-18, कृष्णा नगर, पप्पू किराना स्टोर्स के पास, गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) में निवास करती हूं।

3- यह कि, विवाह से पूर्व मेरा कचरा था जो कि मेरे अंकसूची में दर्ज है। परन्तु विवाह के पश्चात् मेरा नाम कविता साहू है जो कि मेरे आधार कार्ड क्र.-6751 4321 3344 में दर्ज है।

4-यह कि, मेरा वास्तविक नाम कविता साहू है जो कि मेरे आधार कार्ड में यह नाम दर्ज है।

5-यह कि, हमारे संयुक्त नाम से कृषि भूमि जो कि वाके ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. -52, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है। जिसका ख.नं. 856/80 है जिसमें मेरा नाम कचरा दर्ज है।

6-यह कि, मैं अपना नाम उक्त ख.नं.-856/80 के बी-1, में कविता साहू दर्ज करवाना चाहती हूं। अत: मेरा उपरोक्त नाम दर्ज किया जाकर उसकी सूचना राजपत्र में प्रकाशित किया जाना है।

7- यह कि, यह शपथ पत्र मेरे उपरोक्त नाम परिवर्तन किये जाने एवं राजपत्र में सूचना प्रकाशन के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ती

**आम सुचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारा श्रीमति उमा बाई यादव घ.प. राजू लाल यादव का कहना है कि मेरे पक्षकारा के पिता स्व. प्रेम लाल यादव (चौधरी) की पैतक भूमि व मकान, निवासी धनलक्ष्मी नगर, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा धनलक्ष्मी नगर, भनपुरी, प. ह. नं. 039, के परिवर्तित बी. 01, भाग 01, संख्या नं. 472, रकबा 2400 वर्गफुट तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि व मकान है। उक्त भूमि पर मेरी पक्षकारा का अपने भाई स्व. पतिराम यादव एवं उनके वारिसानों के साथ बराबर-बराबर का हिस्सा है। मेरी पक्षकारा को विश्वस्त सूत्रों से यह पता चला है कि उसकी पैतृक भूमि को उसके मृतक भाई के वारिसानों द्वारा अपने नाम पर झूठे आधारों पर इंद्राज कराकर परिवर्तित भूमि को कृषि भूमि बताकर अपने नाम पर नामांतरण करा लिया गया है और इसके साथ ही साथ उक्त भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा कर उक्त भूमि को अन्य व्यक्तियों को विक्रय करने का दुरप्रयास किया जा रहा है। जिस हेतु मेरी पक्षकारा द्वारा माननीय सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु अग्रसर है। ऐसी दशा में मेरी पक्षकारा को सआशयपूर्ण धोखाधड़ी एवं आर्थिक, मानसिक रूप से नुकसान पहुंचाने के दुराउद्देश्य से ही मेरी पक्षकारा के मृत भाई के वारिसानों द्वारा उक्त कृत्य किया जा रहा है। अत: उपरोक्त भूमि के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वह उक्त भूमि से सम्बधित किसी भी प्रकार का विक्रय, ऋण, गांरटी, गिरवी आदि संव्यवहार ना करें, यदि उनके द्वारा इस प्रकार का किसी भी कृत्य किया जाता है तो वह मेरी पक्षकारा पर अवैध एवं अनुन्य माना जायेगा एवं जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, शासन एवं प्रशासन आदि को उक्त संव्यवहार या उसमें किसी भाग पर उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के पूर्व मेरे समक्ष नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि पश्चात् की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शुन्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

स्थान-दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक 01.02.2025

**प्रवीण सिंह राजपूत**
**अधिवक्ता**
**मो.नं. 9303302900, 9407673057**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी पक्षकार क्रेता श्री वासुदेव नेताम पति स्व. दरवन सिंह नेताम के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति जो कि खसरा नं. 479/27 रकबा 768 वर्गफुट मौजा गोगाँव, प.ह.नं. 50, रा.नि.म. रायपुर -4 गुढ़ियारी तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से दिनांक 24.01.2025 को क्रय किया है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पूर्व विक्रय विलेख जो की पुस्तक क्र. अ-1, ग्रंथ क्र. 27399 पृष्ठ क्र. 63 से 69 दस्तावेज क्र. 2515 (ग) दिनांक 17.02.2003 में दर्ज है घर की साफ सफाई के दौरान गुम हो गया है। अत: उपरोक्त वर्णित संपत्ति के अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/ अर्द्धशासकीय विभागों, सेठ, साहूकार, वारिसान आदि किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे ऊपर लिखित पते/फोन नं. पर कार्यालीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। उपरोक्त वर्णित संपत्ति आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक राखी जा रही है।

उसके पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध मानी जाएगी व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से की गयी आपत्ति खंडन मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने...

दिनांक रायपुर
रायपुर 02.02.2025

**भवदीय**
**ज्योति ताम्रकार, अधिवक्ता**
**म.नं. 38/37, ब्रम्हदेव कॉलोनी**
**भाठागांव, रायपुर ( छ.ग. )**
**मो.नं.98276-89188/96855-60214**

**शपथ पत्र**

मैं रूपेश कुमार वर्मा पिता अमर सिंह वर्मा निवासी 12/1848, बिहाइंड केन्द्रीय जेल आयोग, भवानी नगर, कोटा, रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2- यह कि, मैने व इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकाउंट्स आफ इंडिया से चार्टेड एकाउंट्स की परीक्षा वर्ष 2024 में उत्तीर्ण किया है जिसमें मेरा रजिस्ट्रेशन नं. सीआर-00407386 रोल नंबर 216118 है उक्त अंकसूची में मेरा नाम रूपेश कुमार (ROOPESH KUMAR) दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड क्र. 5902 4858 4442 एवं पेन कार्ड क्र. AUHPV5865F में मेरा नाम रूपेश कुमार वर्मा (ROOPESH KUMAR VERMA) व अन्य सभी दस्तावेज में यही नाम दर्ज है।

3- यह कि, रूपेश कुमार (ROOPESH KUMAR) एवं रूपेश कुमार वर्मा (ROOPESH KUMAR VERMA) ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा स्वयं का नाम है इन दोनों नाम के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की वाद विवाद की स्थिति में मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

4- यह कि, यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनो के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**मूल बैनामा गुम होने की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गुलाम रसुल पिता स्व. नूर हसन निवासी म.नं. 382, गाजी नगर, बीरगांव रायपुर (छ.ग.) के द्वारा भूमि वाके मौजा रावांभाठा प.ह.नं. 100/28 रा.नि.मं. धरसींवा 2 वाके मोहल्ला वार्ड क्र. 12 पं. रविशंकर शुक्ला वार्ड स्थित भूमि ख.नं. 325/1 का भाग रकबा 1000 वर्ग, अनिल वगै, पिता शिवरतन साहू ने श्रीमती कृष्णा अग्रवाल को ग्रंथ. क्र. 70087 दस्ता. क्र. 8983 ख दिनांक 29/3/2016 को विक्रय कर दिया था एवं सुरेश अग्रवाल को भूमि वाके मौजा रावांभाठा प.ह.नं. 100/28 रा.नि.मं. धरसींवा 2 वाके मोहल्ला वार्ड क्रं. 12 पं. रविशंकर शुक्ला वार्ड स्थित भूमि ख.नं. 325/1 का भाग रकबा 7000 वर्ग. को ग्रंथ क्र. 70086 दस्ता. क्रं. 8981 ख दिनांक 29/3/2016 को विक्रय किया गया था। उपरोक्त भूमि को तेर पक्षकार के द्वारा रोहन सखुजा से दिनांक 23/9/2024 को बुक नं. 1 ग्रंथ क्र. 77009 दस्ता.क्र. जी.जी 2024-25-107-1-5116 के द्वारा क्रय कर दाखिल काबिज है उपरोक्त भूमि के पुरानी रजिस्ट्री पेपर (सुरेश अग्रवाल व श्रीमती कृष्णा अग्रवाल के द्वारा क्रय किया गया रजिस्टी पेपर) गुम हो गया है। जिसे काफी खोजने के बाद भी प्राप्त नहीं हो रहा है जिसका मेरे पक्षकार के द्वारा कही दुरुपयोग नहीं किया गया है।

अत: उपरोक्त मूल बैनामा गुम होने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी को कोई उजर दावा आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व हक अधिकार या भार हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 02.01.2025

**भवदीय**
**दीपक केसवानी ( अधिवक्ता )**
**20/2563 गली नं. 6 रविग्राम**
**तेलीबांधा रायपुर ( छ.ग. )**
**मो.नं. 94790 23190**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 ( धनेली ) तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग )**
**आम सूचना**

दिनांक 24.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ओवदक गोपाल साहू पिता/पति मिलन साहू निवासी कारा की ग्राम कारा प.ह.नं. 31 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 22/2 रकबा 0.073 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक वा/तह./2024 आदेश दिनांक 27.11.2024 के परिपालन में दिनांक 03.02.2025 को समय 12 बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 31 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-19 ( धनेली )**






# बसंत पंचमी के लिए कमर कसिए हुजूर!

## 'अतिथि देवो भव' की परंपरा निभाइए

महाकुंभ नगर ताकि सनद रहे.....

रतिभान त्रिपाठी

**महाकुंभ नगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ सबको जोड़ता है। यह सामूहिकता और एकता का जीवंत स्वरूप है। यह महापर्व जिस आध्यात्मिकता, सद्भावना और सामूहिकता से होता है, उसकी झलक बसंत पंचमी स्नान पर्व पर देखने को मिल सकती है। अबकी जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। शासन से भेजे गए वरिष्ठ अफसरों ने नए सुझावों के साथ सामूहिकता पर भी जोर दिया है। 'अतिथि देवो भव' हमारी ही परंपरा है। उसका निर्वाह भी इस अवसर पर जरूरी हो चला है।

जिले की सीमाओं के साथ-साथ शहर की सीमाओं के बारे में चर्चा की गई है। बाहर से आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ का ख्याल रखने को कहा गया जिससे किसी को परेशानी न हो। उनके भोजन, पानी, शौचालय के साथ ही रुकने का इंतजाम किए जाने को कहा गया है। जिन मुख्य सड़कों से श्रद्धालु अधिक संख्या में गुजरते हैं, उनकी व्यवस्था अधिक चुस्त दुरुस्त रखने को कहा गया है। साफ-सफाई कराने, स्कूलों धर्मशालाओं, सार्वजनिक स्थलों पर शिविर लगाए जाने का आग्रह किया गया है। कहा गया है कि हर ग्राम पंचायत की मदद ली जाए। जिलाधिकारी प्रयागराज से कहा गया कि वो स्वयं सेवी संगठनों, व्यापारियों, प्रधानों और अन्य जनप्रतिनिधियों को इसके लिए तैयार करें। इसकी तैयारी की भी जा रही है। मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट तक लगाने के लिए कहा गया है।

गौरतलब है कि महाकुंभ की जबरदस्त तैयारियों का दावा तो किया गया था लेकिन मौनी अमावस्या पर जो हादसा हुआ उसने लोगों को झकझोर कर रख दिया। अब सोमवार को बसंत पंचमी का स्नान मुख्य स्नान पर्व के रूप में है। मौनी अमावस्या पर हादसे के बाद अखाड़ों ने शोभायात्रा के साथ अमृत स्नान न करके केवल प्रतीकात्मक स्नान किया था। अखाड़ों के निर्णय की सराहना चहुंओर हुई। स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनके निर्णय को अभिनंदनीय बताया। साथ ही शनिवार को अगले स्नान की तैयारियों के लिए कड़ी हिदायत भी देकर गए हैं।

मुख्यमंत्री ने पहले ही जिन वरिष्ठ और अनुभवी अफसरों को पहले भेजा था, वह पिछले दो दिनों से कड़ी मेहनत करते हुए देर रात तक मीटिंग करके अपना नया प्लान मेला क्षेत्र में पहले से तैनात जिम्मेदार अफसरों को समझा रहे हैं। उनके सुझाव भी सुन रहे हैं।

प्रयागराज के पूर्व मंडलायुक्त और उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल और प्रयागराज के पूर्व जिलाधिकारी और प्रदेश के राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने पिछले दिनों से मेला क्षेत्र में डेरा डाल रखा है। जानकारों की मानें तो पहले ही दिन एक वरिष्ठ अधिकारी ने महाकुंभ के ट्रैफिक प्लान के बारे में पूछा और सवाल किया कि किसने यह प्लान बनाया तो बताते हैं मीटिंग में सन्नाटा छा गया।

बहरहाल, नए प्लान और नए दिशा निर्देश के साथ बसंत पंचमी के अमृत स्नान की तैयारियां की गई हैं। कहा गया है कि जहां जहां अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें मौके पर हर हाल में पूरी मुस्तैदी से रहना होगा। मुख्यमंत्री ने खुद भी आज मौके पर पहुंचकर जब घटना की जानकारी ली तो उनके चेहरे के भाव बदले हुए थे। उनकी भाव-भंगिमा बता रही थी कि वह घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर आगे चलकर कड़ा एक्शन ले सकते हैं। कहीं कोई घटना न होने पाए इसके लिए उन्होंने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रखने को कहा है।

दरअसल माघ मेले में बसंत पंचमी पर मौनी अमावस्या के मुकाबले कम भीड़ आती है लेकिन इस बार महाकुंभ है और इसका प्रचार प्रसार वैश्विक स्तर पर है इसलिए अनुमान से अधिक श्रद्धालु आ सकते हैं।

वरिष्ठ अफसरों ने सभी अफसरों की जिम्मेदारी तय करते हुए दस्तावेज पर उनके हस्ताक्षर कराए और ड्यूटी की कॉपी सौंपी है ताकि कोआर्डिनेशन बना रहे। कोई यह न कह सके उसे तो अमुक-अमुक निर्देश की जानकारी ही नहीं थी। निर्देश दिया गया है कि सब कमर कसकर तैयार रहें। कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।



■ भगदड़ में घायल लोगों से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# उपराष्ट्रपति ने संगम में लगाई पावन डुबकी

- सपरिवार स्नान करने पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया स्वागत
- अक्षयवट-सरस्वती कूप और हनुमान मंदिर में योगी के साथ किए दर्शन





**महाकुंभ नगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान किया और इस घटना को जीवन धन्य करने वाला अवसर बताया। उपराष्ट्रपति धनखड़ पत्नी व परिवार समेत हेलिकॉप्टर से यहां पहुंचे थे। हेलिपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। यहां से वह अरैल संगम घाट की ओर बढ़े जहां क्रूज पर सवार होकर उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और त्रिवेणी संगम में चिह्नित स्थान पर स्नान किया। इस दौरान स्वस्ति वाचन की गूंज के मध्य धनखड़ ने सिर पर शिवलिंग रखकर आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान वृंदावन के मुख्य पुजारी पुंडरीक गोस्वामी ने पूजन-अर्चन किया।

इससे पूर्व नौकायन के दौरान साइबेरियन पक्षियों को देखकर वह उत्साहित हो उठे। उन्होंने कलरव करते पक्षियों को अपने हाथ से दाना डाला और परिजनों समेत इस आनंदित करने वाले क्षण का आनंद लिया। उन्होंने इस अवसर को जीवन धन्य करने वाला क्षण बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के पूर्व संगम नोज व आस-पास के घाटों पर स्नान कर रहे स्नानार्थियों का अभिवादन किया।

त्रिवेणी संगम पर स्नान के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पत्नी व परिवार समेत सरस्वती कूप, अक्षय वट व बड़े हनुमान मंदिर में बाकायदा विधिवत पूजन-अर्चन किया। यहां उन्होंने महाबली हनुमान को रोली, वस्त्र, जनेऊ, सिंदूर, लाल चंदन, माला, धूप-दीप, नैवेद्य अर्पित किया और परिक्रमा भी की। धनखड़ ने इन सभी स्थानों पर पूजन-अर्चन के साथ ही योगी आदित्यनाथ ने इन स्थानों का महात्म भी जाना। इस दौरान महाकुंभ में योगी सरकार की तैयारियों को धनखड़ ने सुखद अनुभव करार दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी समेत उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री मौजूद रहे।

## महाकुंभ के असली पात्र वह लोग हैं, जिनका न किसी ट्रेन में रिजर्वेशन है, न कुंभ में कोई तय ठौर

**लखनऊ,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। लखनऊ से करीब 300 किलोमीटर दूर, गोरखपुर के बांसगांव तहसील स्थित मेरे गांव सोनइचा से रमेश का फोन आता है। वह खेतीबाड़ी के लिए खाद, पानी और इसमें लगी मजदूरी की बात करते हैं। फिर बड़े संकोच से कहते हैं, प्रयागराज जाना है। महाकुंभ नहाने। खाद और मजदूरी के अलावा हमारे लिए भी कुछ भेज दीजिए। पूछता हूं, कितना? जवाब मिलता है, हजार में काम चल जाएगा।

रमेश तो बस एक प्रतीक हैं। ऐसे लोगों की संख्या लाखों में है। इनका न किसी ट्रेन में रिजर्वेशन है, न इन्होंने किसी वाहन की बुकिंग कराई है। यहां तक कि महाकुंभ में कहां रहेंगे, इसका भी कोई ठिकाना नहीं। ऐसे लोगों को खाने की भी कोई फिक्र नहीं होती। जरूरत भर का चना-चबेना ये लोग साथ ही रखते हैं। ये सब संभव भी नहीं, क्योंकि किराए-भाड़े के अलावा इनके पास कोई खास पैसा भी नहीं होता।

इनके पास है तो सिर्फ श्रद्धा और इसे पूरा करने की जिद और जुनून। महाकुंभ जाना है। गंगा मैया बुला रही हैं। बुलाई हैं तो बाकी बंदोबस्त भी वही करेंगी और अच्छा ही करेंगी।

महाकुंभ के असली पात्र रमेश जैसे लाखों लोग हैं। करीब 10 लाख वे कल्पवासी हैं जो रोज तड़के संगम या गंगा में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरे दिन जप और ध्यान करते हैं, और रात में किसी साधु-संत के शिविर या अखाड़े में सत्संग के अमृत का रसपान करते हैं। रमेश जैसे लोग और वहां कल्पवास कर रहे लाखों लोग ही असली तीर्थ यात्री हैं। इसमें अलग-अलग संप्रदाय के साधु-संतों के अखाड़े और शिविरों भी शामिल हैं।

इन अखाड़ों और शिविरों में लगातार धर्म, अध्यात्म, योग आदि विषयों पर प्रवचन चल रहा है। उनमें हो रहे मंत्रोच्चार की मधुर धुन से ऊर्जा मिल रही है। असली महाकुंभ तो उस रामायण का है जो सेक्टर 4 से संगम नोज की ओर जाने वाले रास्ते के एक कोने में नाई की एक स्थाई दुकान लगाते हैं। उनके पास मैला-



कुचैला कपड़ा पहने एक लड़का आता है। उसके गंदे बालों में लट पड़ गए थे। बाल कटवाना चाहता है पर पास में पैसे नहीं थे। रामायण ने कहा कि बाल शैंपू से धोकर आओ, बिना पैसे के काट देंगे। तुम्हारे इस बाल में न मेरी कंघी चलेगी न कैंची। रामायण ने यह कहकर दिल जीत लिया। मैंने पूछा कि उस लड़के पास पैसे होंगे। फिर क्यों उसका बाल मुफ्त काटने की बात कह रहे? जवाब था, गंगा मैया तो दे ही रहीं हैं। भर-भर कर। वह भी बिना मांगे। अभी एक बच्चे का मुंडन किया। श्रद्धा से 500 रुपए मिल गए। उन्होंने यह भी बताया कि योगी जी की व्यवस्था नंबर वन है। मुझे कोई परेशान नहीं करता। मुझे किसी को पैसा नहीं देना पड़ा।

जिस बस में मैं सवार था, उसमें एक उम्रदराज महिला भी थीं। उनकी बस छूट गई थी। पैसे कम थे। किराया दे देती तो आगे दिक्कत हो सकती थी। उसकी और महिला कंडक्टर की बात हो रही थी। कंडक्टर भी संवेदनशील थी। सोच रही थी, माताजी के पास जो पैसे हैं, उससे लखनऊ तक का टिकट काट दें तो आगे हरदोई की यात्रा में उनको दिक्कत आ सकती है। सामने बैठे एक सज्जन के कानों तक ये बात पहुंची, उन्होंने कहा कि मैं देता हूं माता जी के किराए का पैसा। माता जी, मेरे साथ ही हरदोई तक भी चलिएगा। बेफिक्र रहिए, कोई दिक्कत नहीं होगी।

मसलन, महाकुंभ में सिर्फ चंद वही लोग नहीं हैं जो दिख रहे। दिखाने और दिखने वालों, दोनों को फौरी तौर पर लाभ है। एक वायरल हो जाएगा, दूसरे के व्यूअर्स बढ़ जाएंगे। इसलिए उनका फोकस चंद लोगों पर है।

## भारतीय संस्कृति व धरोहर को दर्शाता है महाकुंभ

### प्रयागराज आकर उत्सुक दिखे विभिन्न देशों के राजदूत, खुद को बताया सौभाग्यशाली







**महाकुंभ नगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ में शनिवार को विभिन्न देशों के राजनयिकों व विदेशी अतिथियों का आगमन हुआ। 118 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिव्य-भव्य, नव्य महाकुंभ को देख अभिभूत हो उठा। इन अतिथियों ने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति व धरोहर को दर्शाता है। प्रयागराज पहुंचकर इन लोगों ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। इन अतिथियों ने योगी सरकार व विदेश मंत्रालय द्वारा राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था पर खुशी भी जताई। वहीं प्रयागराज पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुझे बहुत खुशी है कि राज्य सरकार और विदेश मंत्रालय राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था कर रहा है। महाकुंभ मेला बहुत ही खास आयोजन है, खासकर इस साल।

### हिंदू संस्कृति को समझने की उत्सुकता

इसलिए मैं हिंदू संस्कृति को समझने के लिए वहां जाने को उत्सुक हूं : केइची ओनो, भारत में जापान के राजदूत

मैं इस महत्वपूर्ण समारोह में भाग लेकर प्रसन्न हूं। यहां की परंपराओं का पालन करके बहुत खुशी भी हो रही है : मारियानो काउचिनो, भारत में अर्जेंटीना के राजदूत

### महाकुंभ के वातावरण का लूंगी आनंद

मैं कई वर्षों से भारत से जुड़ी हुई हूं। मैं हमेशा यहां आना चाहती थी, लेकिन कभी भी किसी कुंभ में जाने का अवसर नहीं मिला। आज यह खास और शुभ महाकुंभ का समय है, यह सौभाग्य है कि मैं भारत में हूं। मैं यहां के वातावरण का आनंद लूंगी। यह दृश्य मेरी आंखों और आत्मा के लिए गौरवान्वित करने वाला है। मैं यहां पवित्र स्नान करूंगी। यह निश्चित रूप से भारतीय धरोहर और संस्कृति को दर्शाता है, जिस पर गर्व होना चाहिए : डायना मिकेविकिएने, भारत में लिथुआनिया की राजदूत।

# पूज्य संतों के धैर्य के आगे विफल हुए सनातन के विरोधी : योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पट्टाभिषेक कार्यक्रम में लिया हिस्सा
- नव मनोनीत जगद्गुरुओं को दी बधाई
- मौनी अमावस्या में संतों के धैर्य और दायित्व निर्वहन की सीएम ने की प्रशंसा
- सनातन के खिलाफ हो रही साजिश पर किया आगाह







**महाकुंभ नगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज दौरे पर शनिवार को सेक्टर-22 में दो पूज्य संतों के पट्टाभिषेक के लिए आयोजित धर्म सभा कार्यक्रम में भी पहुंचे, जहां उन्होंने संतो का आशीर्वाद लिया और नव मनोनीत जगद्गुरुओं को बधाई दी। महाकुंभ के सेक्टर-22 में संतोष दास सतुआ बाबा और स्वामी राम कमला चार्य का पट्टाभिषेक किया गया। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी राम भद्राचार्य ने दोनो संतो को जगद्गुरु के पद के लिए नामांकित किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने सनातन धर्म के अभियान को आगे बढ़ाने वाले दोनों संतों का अभिनन्दन किया और बधाई दी। धर्म सभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी सनातन धर्म के स्तंभ है। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से चुनौतियों का सामना करते हुए अपने इस अभियान को आगे बढ़ाना है। क्योंकि सनातन धर्म ही मानव धर्म है। सनातन रहेगा तो मानव धर्म रहेगा, मानवता रहेगी, श्रृष्टि रहेगी। सीएम ने कहा कि उन पूज्य संतों का अभिनन्दन करूंगा, जिन्होंने मौनी अमावस्या के अवसर पर पूरे धैर्य का सामना किया। कुछ पुण्यात्मा हादसे का शिकार हुई, लेकिन उन पस्थितियों में हमारे संत एक अभिभावक के रूप में नजर आए। जैसे परिवार के ऊपर एक विपत्ति आती है तो परिवार का अभिभावक भयभीत नहीं होता, उसी तरह हिम्मत के साथ खड़े होते हुए इस चुनौती का सामना करते हुए उन्होंने इससे उबारने का कार्य किया। मुख्यमंत्री बोले, आपने देखा होगा जो सनातन धर्म के विरोधी हैं वो प्रयास कर रहे थे कि संतो का धैर्य जवाब दे जाए और उसके बाद जग हंसाई कराई जाए, लेकिन अभिनन्दन करूंगा पूज्य संतों का जिन्होंने उन परिस्थितियों में उस आयोजन को अपना आयोजन मानकर पूरे धैर्य के साथ परिस्थितियों का सामना करते हुए पुण्यात्माओं के प्रति श्रद्धांजलि भी दी और मां गंगा के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए इस आयोजन को सकुशल आगे बढ़ाया। इसी प्रेरणा से पिछले 19 दिनों के अंदर 32 करोड़ से अधिक श्रद्धाल डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बने हैं। सीएम ने कहा कि कुछ लोग गुमराह करके सनातन धर्म के हर एक मुद्दे पर षड्यंत्र करने से बाज नहीं आते हैं। राम जन्मभूमि से लेकर आज तक, उनका व्यवहार और चरित्र जग जाहिर है। ऐसे लोगों से सावधान होकर सनातन धर्म के आदर्शों और मूल्यों के साथ इन पूज्य संतों के सानिध्य में हमे निरंतर आगे बढ़ना होगा। जब तक पूज्य संतों का सम्मान है सनातन धर्म का कोई बाल बांका नहीं कर सकता। इस अवसर पर जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा कि ने जब से गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी जी ने उत्तर प्रदेश में शासन अपने हाथों में लिया है तब से सनातन का सूर्य पूरे विश्व को आलोकित कर रहा है। आज पूरे विश्व में सनातन मूल्यों के प्रति, योग आयुर्वेद के प्रति, आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जो स्वीकृति और मान्यता पैदा हुई है, इस अवसर पर बोलते हुए तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम भद्राचार्य ने कहा कि अब राम कमलाचार्य आज से जगद्गुरु स्वामी राम कमलाचार्य जी महराज और संतोष दास जी जगद्गुरु विष्णु स्वामी संतोष दास जी महराज सतुआ बाबा होंगे। स्वामी राम भद्राचार्य ने सीएम योगी को भी महाकुंभ के सफल आयोजन पर आशीष और बधाई दी।

### नि:स्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं की सेवा कर रहा भारत सेवाश्रम

मुख्यमंत्री महाकुंभ नगर के सेक्टर-5 स्थित भारत सेवाश्रम के शिविर गए, जहां उन्होंने सेवाश्रम के साधु संतों से मुलाकात की। साधु संतों ने महाकुंभ में उनके द्वारा किए जा रहे सामुदायिक और सेवा के कार्यों की जानकारी भी सीएम से साझा की। सीएम ने कहा कि भारत सेवाश्रम सौ से अधिक वर्षों से निस्वार्थ भाव से समाज में सेवा का कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके गुरु स्वामी अवैद्यनाथ और भारत सेवाश्रम के संत स्वामी असीमानंद जी ने साथ साथ समाज सेवा का लंबा समय बिताया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में सनातन को आगे ले जाने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील विभिन्न सम्प्रदायों के साधु संतों के साथ सामुदायिक और गरीबों की सेवा में लगे धार्मिक और आध्यात्मिक संगठनों से भी मुलाकात की। आयोजन की अगुवाई कर रहे भारत सेवाश्रम के स्वामी आत्मजानंद का कहना है कि मुख्य मंत्री ने शिविर में भारत सेवाश्रम के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उनकी आरती भी की। इस अवसर पर सीएम ने वहां मौजूद साधु संतों से बातचीत

# धमतरी जिले में 325 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

## नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को मिले निर्वाचन चिन्ह

### महापौर के 8 और नगरनिगम पार्षदों के 116 प्रत्याशी मैदान में

**धमतरी,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत आज अभ्यर्थिता से नाम वापसी के बाद स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। जिले के एक नगर निगम और पांच नगर पंचायतों सहित छः नगरीय निकायों में 325 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा, जिसके लिए आगामी 11 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए आज अभ्यर्थिता से नाम वापसी और उसके तत्काल बाद प्रतीक चिन्हों का आबंटन सामान्य प्रेक्षक प्रेमलता चंदेल की उपस्थिति में किया गया। अभ्यर्थिता से नाम वापसी के बाद नगरपालिक निगम में महापौर पद के लिए 8 और नगरनिगम के 40 वार्डों में पार्षदों के 116 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां 148 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें से 2 निरस्त और 30 लोगों ने नाम वापस लिया। इस तरह 116 प्रत्याशी पार्षद पर पर चुनाव लड़ेंगे।

नगरपालिक निगम धमतरी में महापौर पद के लिए 14 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था, जिसमें से दो अमान्य और 4 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया। इस तरह अब महापौर पद पर चुनाव लड़ने के लिए 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। नाम निर्देशन पत्र निरस्त किए गए उम्मीदवारों में महापौर के प्रत्याशी विजय गोलछा और मितेश जैन हैं। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती चंदेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय गोलछा, नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 17 (2) (पार्षद या महापौर होने के लिए व्यापक निर्हताएं) (छ) स्वयं या अपने साझेदार द्वारा निगम की आज्ञा से किए जा रहे किसी कार्य में या निगम के साथ या अधीन या द्वारा या उसकी ओर से किए गए किसी अनुबंध या सेवा नियुक्ति में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई अंश या हित रखता हो, के अंतर्गत महापौर होने के लिए निर्हरित है। इसी तरह महापौर प्रत्याशी मितेश जैन द्वारा प्ररूप 3 'क' शपथ पत्र संलग्न नहीं होने के कारण निरस्त किया गया।

**नगर पंचायत अध्यक्षों के 15 और पार्षदों के 186 प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव**

इसी तरह नगर पंचायत अध्यक्षों के 15 और पार्षदों के 186 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। नगर पंचायत कुरूद में 7 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया था, जिसमें आज नाम वापसी के अंतिम दिन 3 अभ्यर्थियों ने नाम वापस ले लिया है, अब यहां 4 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। कुरूद नगर पंचायत के 15 वार्डों के लिए 42 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें से 5 ने अभ्यर्थिता से नाम वापस ले लिया है। इस तरह 37 अभ्यर्थी कुरूद नगर पंचायत के 15 वार्डों के लिए पार्षद चुनाव लड़ेंगे। नगर पंचायत नगरी में अध्यक्ष पद के लिए 3 आवेदनों में से एक अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया, यहां दो अभ्यर्थी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। वहीं 15 वार्डों में पार्षद पद पर 44 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें से दो ने नाम वापस लिया और 42 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। नगर पंचायत मगरलोड में अध्यक्ष पद के लिए मिले चार में से एक ने नाम वापस लिया और 3 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे तथा 15 वार्डों में पार्षद के लिए मिले 47 में से एक अभ्यर्थी ने अभ्यर्थिता से नाम वापस लिया और 46 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह नगर पंचायत भखारा में अध्यक्ष पद के लिए 3 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमे से एक अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया। इस तरह भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं पार्षद पद के लिए 37 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें से 7 ने नाम वापस लिया, इस तरह इस नगर पंचायत में 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। नगर पंचायत आमदी में अध्यक्ष पद पर 4 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे और 31 प्रत्याशी वार्डों के पार्षद के लिए चुनाव मैदान में हैं। इस नगर पंचायत में 32 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था और एक ने अभ्यर्थिता से नाम वापस लिया। इस तरह 31 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

# मामूली बात को लेकर युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, युवक की मौत




**धमतरी,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। शहर में चाकू बाजी की घटना थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। गत 31 जनवरी को मामूली बात को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने मिलकर एक युवक के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ जानलेवा वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे को मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार 31 जनवरी की रात करीब 11 बजे शंकर ढीमर पिता कृष्णा ढीमर उम्र 24 साल निवासी मराठा पारा अपने साथी प्रार्थी रितेश पेंडरिया के साथ मराठा पारा निवासी हीरा गोंड के घर छठी कार्यक्रम में खाना खाने गया था। वहां से दोनों करीबन 11.30 बजे वापस आकर मराठा मंगल भवन के पास पीपल पेड़ के नीचे बैठे थे, उसी समय आरोपी कुई ऊर्फ मोनू गोंड पिता हिरउ राम ध्रुव उम्र 29 वर्ष साकिन मराठा पारा धमतरी और जन्मदेव सोरी पिता हिरदयाल सोरी उम्र 20 वर्ष साकिन पिपरौद थाना मगरलोड जिला धमतरी दोनों इसके पास आए और क्या मेटर है बोलकर दोनों अपने पास रखे चाकू से मृतक के सीना, पेट तथा जांघ में पांच छः बार वार कर चोट पहुंचाकर घायल कर दिए थे, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिए है, दोनों आरोपी को विधिवत तत्काल गिरफ्तार किया गया है, पुछताछ में आरोपी कुई ने बताया है कि दो तीन दिन पूर्व मृतक शंकर ढीमर आरोपी के मामा का सायकल को अपने पास रखा हुआ था वापस नहीं कर रहा था, जिसके कारण से मन मुटाव था। आरोपी की मां की 03दिन पहले मृत्यु हुई थी जिसका आज तिजनाहवन का कार्यक्रम था जिसमें दूसरा आरोपी जन्मदेव शामिल होने आया था। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 103 (1)351(2)3(5) बीएनएस0के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरी. राजेश मरई, उनि. विनोद शर्मा, लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रआर. सौरभ पटेल, आर. डायमंड यादव, मुकेश सिन्हा, चंदर जमदार का विशेष योगदान रहा।

**पुलिस ने आरोपी दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

# निर्विवाद रूप से धान खरीदी संपन्न होने पर कलेक्टर ने जताया आभार

**बलौदाबाजार,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। खरीफविपणन वर्ष 2024 25 अंतर्गत समर्थन मूल्य में 1 नवम्बर 2024 से प्रारंभ हुई धान खरीदी के तहत जिले के 1 लाख 60 हजार 23 किसानों से 8 लाख 55 हजार 396 मेट्रिक टन धान खरीदी की गई है। खरीदी के एवज में सभी किसानों को कुल 1967 करोड़ 46लाख 21 हजार 168 रूपये का भुगतान किया गया है। इस वर्ष धान खरीदी की समुचित व्यवस्थाओं से किसानों में खुशी का माहौल रहा। किसानों नें शासन की खरीदी व्यवस्था की तारीफकरते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।



**किसानों को 1967 करोड़ 46 लाख रूपये से अधिक राशि का हुआ भुगतान**

जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया कि जिले में 1 लाख 67 हजार 814 किसान पंजीकृत थे जिसमें 166 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 1 लाख 60हजार 23 किसानों ने 8 लाख 55 हजार 396 मे.टन धान बेचे है। पंजीकृत किसानों में से धान बेचने वाले किसानों का प्रतिशत 95.36 है। इसके साथ ही 68 प्रतिशत धान का उठाव उपार्जनों केन्द्रों से किया जा चुका है। आने वाले दिनों में उक्त उठाव 100 प्रतिशत हो जायेगी। जिले के 15 सहकारी बैंक शाखाओं के माध्यम किसानों के खाते में 1967करोड़ 46 लाख 21हजार 168 रूपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जा चुका है। लाभान्वित किसानों में शाखा कसडोल के 13994 किसानों 166 करोड़26 लाख 87 हजार 480 रूपये,कोदवा के 10449 किसानों को 127 करोड़ 64 लाख 49 हजार रूपये, कोसमंदी के 6032 किसानों को 70 करोड़ 37 लाख 39 हजार रूपये, टूण्डरा के 10218 किसानों को 118 करोड़ 20 लाख 10 हजार रूपये, निपानिया के 11245 किसानों को 139 करोड़ 93 लाख 73 हजार रूपये, पलारी के 6286 किसानों को 73 करोड़ 22 लाख 66हजार रूपये, बया के 9539 किसानों को 164 करोड़ 25 लाख 27 हजार रूपये, बलौदाबाजार के 17589 किसानों को 215 करोड़ 32 लाख 19 हजार,हथबंद 8450 किसानों को 100 करोड़ 55 लाख 55 हजार रूपये, भाटापारा 12579 किसानों को 149 करोड़ 92 लाख 12 हजार रूपये, लवन 14069 किसानों को 167 करोड़ 70 लाख 5 हजार रूपये, सिमगा 15881 किसानों को 185 करोड़ 53 लाख 51 हजार रूपये, भटभेरा के 8586 किसानों को 100 करोड़ 39 लाख हजार रुपये, वटगन के 6733 किसानों को 88 करोड़ 9 लाख 77 हजार रुपये एवं रोहांसी के 8373 किसानों को 100 करोड़ 3लाख 39 हजार रूपये का भुगतान किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले मे निर्विवाद तरीके से धान खरीदी होने पर खरीदी में लगे विभिन्न विभागों के सभी मैदानी कर्मचारी, अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप धान खरीदी में किसान को कोई तकलीफन हो इसका मैदानी कर्मचारियों ने विशेष ध्यान रखा। सभी ने बहुत मेहनत किया जिसका ही परिणाम है कि धान खरीदी में कोई बड़ी समस्याओं का सामना जिले में नहीं करना पड़ा। किसानों के लिए बारदानों से लेकर किसानों के पीने की पानी तक कि व्यवस्था सुचारू रूप से किया गया था।

# एसबीआई ब्रांच मैनेजर और एकाउंटेंट गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में डीएमएफ और सीएसआर मद की राशि में अनियमितता को लेकर पुलिस ने आज दो और गिरफ्तारियां की। इस मामले में भारतीय स्टेट बैंक दंतेवाड़ा के सीनियर मैनेजर निशांत ठाकुर और सीएस कार्यालय में एकाउंटेंट सहायक सुश्री सुतापा कुंडू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अन्य आरोपी अभी जमानत पर हैं।



- **जिला अस्पताल चेक कांड में पुलिस की कार्रवाई**
- **डीएमएफ-सीएसआर के 66 लाख की गड़बड़ी का मामला**

जिला अस्पताल में चेक के पन्ने गायब कर डीएमएफ और सीएसआर की 66 लाख 75 हजार 850 रूपए के आहरण और भुगतान मामला 4 महीने पहले उजागर हुआ था। इस मामले में पुलिस ने सीएस (सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक) दफ्तर के बाबू अभिजीत चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। उन्हें हाईकोर्ट से जमानत भी मिली। इसी मामले में तीन अन्य आरोपी भी जमानत पर हैं। इधर आज नगरीय और पंचायत चुनाव के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सबको चौका दिया। विवेचना के बाद मामले में संलिप्त पाये जाने पर एसबीआई दंतेवाड़ा शाखा के सीनियर मैनेजर निशांत ठाकुर और एकाउंटेंट सहायक सुश्री सुतापा कुंडू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। मामले में अभिजीत सिंह चौहान के साथ अन्य आरोपी अर्पणा चौहान, सौरभ सुद और मो. तौसिफ रजा के विरूद्ध पहले ही वैधानिक कार्यवाई की जा चुकी है। आज की दो गिरफ्तारी में सब इंस्पेक्टर किशोर जोशी, राम कुमार श्याम, एएसआई सुनीता साहू, पंकज धर, और महिला प्रधान आरक्षक डोमिनी बघेल का योगदान रहा। यह पूरी कार्रवाई एसपी गौरव राय के मार्गदर्शन में की गई।

# विंध्यवासिनी वार्ड की सफाई का निरीक्षण करने पहुंची आयुक्त प्रिया गोयल



**धमतरी,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयुक्त प्रिया गोयल व उपायुक्त पीसी सार्वा ने विंध्यवासिनी वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारी भी उपस्थित रहे। आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, कचरे के उचित निस्तारण और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त प्रिया गोयल ने वार्ड के विभिन्न हिस्सों में फैले कचरे को देखकर असंतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया।

आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने जनसमुदाय से अपील की कि वे कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। निगम अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान सहायक अभियंता प्रकृति जगताप, उप अभियंता लोमस देवांगन, नमिता नागवंशी, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा उपस्थित थे।

# ग्रामीण सरकार चुनने नामांकन दाखिले के लिए जनपद, तहसील और जिपं में जुट रही है भीड़

**महासमुंद,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। गांव की सरकार बनाने के लिए नामांकन दाखिल करने का सिलसिला जिले में जारी है। सोमवार 3 फरवरी को नामांकन दाखिले का आखिरी दिन है। तीन चरण में चुनाव संपन्न होगा। जिसको लेकर जहां चुनाव आयोग के कर्मचारियों का लगातार प्रशिक्षण जारी है। वही नामांकन भरने के लिए जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला पंचायत में ग्रामीण सरकार के प्रत्याशियों व समर्थकों की उपस्थिति के कारण मेले का माहौल है। अंतिम दिन रेलमपेल की स्थिति हो सकती है। महासमुंद विखं के अंतर्गत आने वाले 105 पंचायतों के पंच, सरपंच के लिए 10 स्थानों पर नामांकन भरा जा रहा है। जनपद पंचायत महासमुंद में तीन, सिरपुर, पटेवा, झलप में दो, झालखम्हरिया, खैरझिटी,रायतुम तथा जनपद पंचायत के 25 सदस्यों के लिए नामांकन तहसील कार्यालय में लिया जा रहा है। इसी तरह जिपं में 15 सदस्यों का नामांकन दाखिल करने जिले से प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ पहुंच रहे है।



**नामांकन दाखिले का अंतिम दिन है 3 फरवरी**

मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 3 बजे तक पंच पद के लिए 1958, सरपंच 331, जनपद सदस्य हेतु 81 तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए 47 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। नाम वापसी के बाद चुनावी मैदान में कितने प्रत्याशी है। यह स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। प्रथम चरण में बसना, सरायपाली, द्वितीय चरण में पिथौरा और बागबाहरा तथा तृतीय चरण में महासमुंद में चुनाव होना है। शनिवार को जनपद सदस्य, पंच, सरपंच पद के लिये नामांकन दाखिल करने के लिये जनपद पंचायत में उम्मीदवारों की भीड़ जुट रहद्दी थी। वहीं जिला पंचायत सदस्य के लिये क्षेत्र क्रमांक 1 से 15 तक के लिये जिला पंचायत में नामांकन दाखिल किया जा रहा है। यहां नाम निर्देशन पत्रों की जाँच के लिये पृथक.पृथक व्यवस्था की गई है, अंत में रिटर्निंग अफ्सर जाँच कर फायनल कर रहे हैं। जनपद पंचायत में पंच व सरपंच के लिये 3 काउंटर बनाए गए हैं। जिला पंचायत सदस्य के लिये अब तक प्रमोद सेवन लाल चंद्राकर, हेमंत कुमार साहू, गौकरण साहू, भोजराम साहू, भूपेंद्र पटेल, सृष्टि अमर चंद्राकर, पदमा किरण लक्ष्मण पटेल, देवकी पटेल, चंपालाल पटेल, खिलावन साहू, चंदूलाल साहू, थलेश कुमार, पुष्पेंद्र चंद्राकर, गनेशी बाई ठाकुर, भीखम सिंह ठाकुर, बसंता ठाकुर, चंद्रशेखर ध्रुव, करण सिंह दीवान, अनिता अजय नंद, सत्यभामा केडी नाग, नोविना अमृत जगत, वृंदावती सोमनाथ पांडे, मनोरमा नंद, पुष्पारानी पंडा ने नामांकन दाखिल किया है।

# 18 वर्ष से कम आयु के निरूद्धों के चिन्हांकन हेतु उपजेल का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड बलौदाबाजार मंजु सिन्हा की अगुवाई में विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के द्वारा उपजेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया। समिति के द्वारा उपजेल बलौदाबाजार के विभिन्न बैरकों में जाकर प्रथम दृष्टया में 18 वर्ष से कम आयु के लग रहे निरूद्धों से उनके आयु के संबंध मे पूछताछ की गई। कोई भी 18 वर्ष से कम आयु का बालक जेल में निरुद्ध नही मिला। कुछ विचाराधीन निरूद्धों के द्वारा विधि विरूद्ध कार्य के समय में अपनी आयु 18 वर्ष से कम होने की जानकारी विशेषज्ञ समिति को प्रदान की। जिनके प्रकरणो में समुचित कार्यवाही दस्तावेज सत्यापन के उपरांत करने का आश्वासन प्रधान मजिस्ट्रेट के द्वारा किया गया। उपजेल बलौदाबाजार में वर्तमान में निरुद्ध 435 बंदियों में से 18 से 25 वर्ष आयु के 24 निरुद्धों के साथ विशेषज्ञ समिति के द्वारा संवाद किया गया। जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा द्वारा उपजेल में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा वोकेशल प्रशिक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासो के संबंध में विशेषज्ञ समिति के सदस्यों को जानकारी प्रदान की।




ज्ञातव्य है कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग बलौदाबाजार द्वारा जिले में बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। आयु संबंधित समुचित एवं विधि सम्मत दस्तावेजों के अभाव में 18 वर्ष से कम आयु के बालकों को जेल में निरूद्ध किए जा सकने की संभावना को दृष्टिगत करते हुए विशेषज्ञ समिति का गठन जिले में किया गया है। जिनके द्वारा प्रत्येक त्रैमास में जेलों का निरीक्षण कर प्रथम दृष्टया में 18 वर्ष से कम आयु के लग रहे निरूद्धों का चिन्हांकन किया जाता है। इस दौरान जिला विधिक साक्षरता से नामांकित सदस्य रमेश कुमार पटेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास तथा टुकेश्वर लाल जगत उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी पक्षकार क्रेता श्रीमति पूनम सफी पति श्री संतोष सफी निवासी कोस्टापारा वार्ड, धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता श्री अरुण सोनी पति स्वशंकर लाल सोनी निवासी कोस्टापारा वार्ड, धमतरी तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की नजूल संपत्ति जो कि नजूल शीट नं. 45-अ, प्लाट नं. 67/1 रकबा 1011 वर्गफुट मोहल्ला कोस्टापारा तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) से क्रय कर रहे है। अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/ अर्द्धशासकीय विभागों, सेठ, साहूकार, वारिसान आदि किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे ऊपर लिखित पते/फोन नं. पर कार्यालीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। उपरोक्त वर्णित संपत्ति आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक राखी जा रही है।

उसके पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध मानी जाएगी व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से की गयी आपत्ति खंडन मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने...

दिनांक रायपुर
रायपुर 02.02.2025

भवदीय
ज्योति ताम्रकार, अधिवक्ता
म.नं. 38/37, ब्रम्हदेव कॉलोनी
भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.98276-89188/96855-60214

**न्यायालय द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग)**
**पीठासीन अधिकारी-डी.एन. भगत**

प्रो.क्र.-141 प्र.क्र.-22/24
पे.ता.-05.03.2025 धारा-27 वि.वि.अ.
आवेदक/आवेदिका-जामेश्वरी ध्रुव
बनाम
अनावेदक/अनावेदिका-महादेव ध्रुव
प्रति,
अनावेदक/अनावेदिका-महादेव ध्रुव निवासी पता- उम्र 42 वर्ष, पिता-स्व. श्री गोविंद ठाकुर कार्यालय पता-महादेव ध्रुव भृत्य छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय, विधानसभा भवन, जीरो पाइंट, रायपुर छ.ग.

उपरोक्त आवेदक/आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 27 वि.वि.अ. का प्रकरण प्रस्तुत किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 05.03.2025 को 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य / दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 05.03.2025 को प्रस्तुत कर सकते है। यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है, तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 30 माह 01 सन् 2025 को जारी किया गया।

स्थान-रायपुर
दिनांक 30.01.2025

डी.एन. भगत
द्वितीय अति.प्रधान न्यायाधीश
मुहर कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद जिला-महासमुंद (छ.ग)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.202501120600020अ/4 वर्ष 2024-2025
ग्राम-महासमुंद प.ह.नं.-42
तहसील व जिला महासमुंद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामशरण चन्द्राकर पिता स्व.तोरण प्रसाद चन्दाकर जाति कुर्मी निवासी ग्राम बेमचा तहसील व जिला महासमुंद के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 1694/5, 1694/23, 1694/21 रकबा 0.0164, 0.0200, 0.0075 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में रामशरण चन्द्राकर पिता तोरण प्रसाद चन्द्राकर के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। आवेदक की खरीदी हक से प्राप्त भूमि है, जो विधिवत नामांतरण पश्चात् आवेदक के नाम पर दर्ज हुआ है। उक्त भूमि का सभी खसरा नंबर एक साथ लगा हुआ है तथा खसरा नंबर अलग-अलग होने से आवेदक को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। एसलिए उक्त भूमि के सभी खसरा नबरों का संविलियन कर एक खसरा किया जाना आवश्यक है। उक्त खसरा को संविलियन कर एक नया बटांकन 15000 सीरिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 12/02/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
महासमुंद

**न्यायालय श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

व्यवहार बाद क्रमांक 12/2025
पेशी तारीख 17/03/2025
प्रोसस नबंर 14/25-
1. पन्नालाल भारती पिता स्व. श्री भेखलाल भारती उम्र 48 वर्ष
2. दाऊलाल भारती पिता स्व श्री भेखलाल भारती उम्र 43 वर्ष
3. नाबा. रणवीर भारतीय पिता स्व. राजकुमार उम्र 14 वर्ष वली मां गणेषी भारती पति स्व. राजकुमार भारती सभी निवासी ग्राम बरबसपुर थाना महासमुन्द तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.)

आवेदकगण

बनाम

1. क्षेत्रीय प्रबंधक नेशनल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पता- व्दितीय तल मोबिन महल लालगंगा शापिंग माल रायपुर (छ.ग.)
2 शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिरकोनी जिला महासमुन्द (छ.ग.)
3. आम जनता (जिसका इससे सबंध हो)

अनावेदकगण

आवेदकगण के व्दारा मृतक भेखलाल भारती के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिरकोनी, जिला महासमुन्द (छ.ग.) में बचत खाता है जिसका खाता क्रमांक 34059987234 है। भेखलाल के व्दारा अपने जीवनकाल में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में बीमा हुआ था। जिसका एप्लीकेशन सी.आई.एफ. क्रमांक 87570430606 बैंक रेफरेश नंबर एस.बी.आई.एस बी 06246202312-550117396 है। उक्त बीमा के तहत बीमित व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर 2,00,000/- रूपये उनके वारिसानों को दिये जाने का प्रावधान है। आवेदकगण मृतक मेखलाल भारती के विधिक वारिसान होने के कारण बीमा राशि प्राप्त करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिरकोनी, जिला महासमुन्द छ.ग. में आवेदन पेश किया तब भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिरकोनी, जिला महासमुन्द छ.ग. के ब्रांच मैनेजर व्दारा आवेदकगण को सक्षम न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, तब आवेदकगण के व्दारा माननीय न्यायालय में एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उत्तराधिकार प्रमाण प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तुत किए है। इसलिए तुम्हें सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, उक्त राशि पर हक या दावा रखते हों तो पेशी दिनांक 17/03/2025 को 11.00 बजे दिन को न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के मार्फत जिसको मुदकमे का हाल अच्छी तरह समझा दिया गया हो, अपना पक्ष प्रस्तुत करें। उपस्थित नहीं होने पर आवेदकगण के आवेदन पर आम जनता के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही किया जाकर निर्णय पारित कर दिया जावेगा ।।

दिनांक 17/03/2025 को अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर अगले कार्यदिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 30/01/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

(आनंद बोरकर)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
मुहर महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

# ऊर्जा से भरे प्रतिभाशाली युवाओं के सहयोग से होगा विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण: मुख्यमंत्री



**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। देश के लगभग 30 करो ? बच्चे और युवा विभिन्न स्तरों पर शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं। इस समूह के उज्जवल भविष्य के लिए गुणवत्ता भोजन, शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम खोले गए हैं, जिसमें डिग्री के साथ कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह उद्गार राज्यपाल रमेन डेका एवं कुलाधिपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में व्यक्त किये।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 10 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजिनियरिंग एण्ड बायोटेक्नोलॉजी, नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक डॉ. वांगा शिवा रेड्डी विशेष रूप से उपस्थित थे।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 तक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां वितरित की गई। मेधावी विद्यार्थियों को 16 स्वर्ण, 18 रजत एवं 4 कास्य पदक प्रदान किए गए। साथ ही लगभग 4200 विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की।

कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल रमेन डेका ने उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपने अपनी क ?ी मेहनत से अध्ययन कर ये मेडल प्राप्त किए हैं। आपके जीवन की यह अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने इस विश्वविद्यालय में जो शिक्षा प्राप्त की है, उसका उपयोग आप समाज एवं देश के कल्याण एवं विकास के लिए करेंगे तथा दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे। राज्यपाल रमेन डेका ने कृषि की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध समाप्त होगा लेकिन खाद्य सामग्री की हमेशा जरूरत प ?ेगी। उन्होंने डॉ स्वामीनाथन के योगदानों का जिक्र किया श्वेत क्रांति से दूध के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब नीली क्रांति का दौर है और आज मत्स्य पालन में देश काफी आगे ब ? चुका है। भूटान और ताइवान प्रवास के दौरान कृषि कार्य से जु ? कुछ रोचक तथ्यों को साझा किया। उन्होंने कहा कृषि एक शानदार व्यवसाय है और इससे जु ?कर भी हम देश के विकास में अपना योगदान दे सकते है। कृषि में असीम संभावनाएं है और युवा पी ?ी को इसे समझकर इससे जु ?ना होगा। उन्होंने जय जवान जय किसान जय विज्ञान का उल्लेख करते हुए कहा कि विज्ञान से जु ?कर ही हम कृषि को उन्नत बना सकते है।

श्री डेका ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की है एवं हम सबको इसे प्राप्त करने के लिए लगातार कार्य करना है। वर्तमान में हम सभी प्रकार के भोजन, अनाज, तिलहन, सब्जी, फल, दूध, मांस, मछली आदि के साथ लगभग 1000 मिलियन टन भोजन का उत्पादन कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक इसे 1500 मिलीयन टन तक ब ?ाना होगा। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। बदलते मौसम एवं बाजार के उतार च ?ाव से कृषि में जोखिम ब ? गया है। श्री डेका ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि ऐसी तकनीक का विकास करें जिससे किसानों की लागत कम हो एवं आय ब ?। हमें प्राकृतिक खेती एवं दलहन, तिलहन के उत्पादन पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के कुल वर्कफोर्स की संख्या का 45 प्रतिशत भाग अभी भी कृषि में लगा हुआ है एवं इस वर्कफोर्स के जीवन यापन को ऊपर उठाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। कम ऊर्जा की आवश्यकता वाले छोटे-छोटे कृषि यंत्र विकसित करे जिससे कृषि में लागत, मानव श्रम एवं विशेष रूप से महिलाओं की मेहनत कम हो सके। कृषि के क्षेत्र में लोगों को बनाए रखना आज एक ब ?ी चुनौती है। कृषि कार्य को आसान बनाना एवं उनकी आय ब ?ना हमारा प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में सर्वाधिक जनसंख्या युवाओं की है। देश एवं प्रदेश की प्रगति में भी युवा शक्ति का भी उल्लेखनीय योगदान है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि आप मुझे देश के 100 ऊर्जावान युवा दे दें, मैं देश के भविष्य को बदल दूंगा। आज भारत के पास ऊर्जा से भरी युवाओं की पी ?ी है, निश्चय ही हम स्वामी विवेकानंद जी के सपनों को पूरा करने की दिशा में सकारात्मक रूप से आगे ब ? रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है और इसे पूरा करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। विकसित भारत के साथ ही विकसित छत्तीसग ? के निर्माण के लिए हमने विजन डॉक्यूमेंट बनाया है। ऊर्जा से भरे प्रतिभाशाली युवाओं के बूते निश्चित ही हम विकसित छत्तीसग ? के सपनों को मूर्त रूप प्रदान करेंगें।

# धान मंडी में घुसने से रोका तो दल से बिछड़ा हाथी हुआ आक्रामक, तोड़ा बाउंड्रीवॉल



**कोरबा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। वनांचल क्षेत्र करतला अंतर्गत कुदमुरा में दंतैल हाथी का उत्पात लगातार जारी है. हाथी ने धान मंडी में घुसने की कोशिश की, लेकिन वहां तैनात कर्मियों और वन अमले के खदेड़े जाने से हाथी नाराज हो गया. हाथी ने वन विभाग के रेस्ट हाउस में बनी बाउंड्रीवाल को तोड़कर अपना गुस्सा उतारा. इतना ही नहीं हाथी ने रास्ते में एक किसान के बाड़ी के बाउंड्रीवाल को भी ढहा दिया.

कुदमुरा रेंज में घूम रहे 43 हाथी- वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में इन दिनों 43 हाथी विचरण कर रहे हैं, जिसमें 37 हाथी कुदमुरा वन परिसर के जंगल में हैं, जबकि 6 हाथी चचिया परिसर में सक्रिय हैं. कुदमुरा परिसर में मौजूद हाथियों के दल में से एक दंतैल हाथी अलग होकर लगातार उत्पात मचा रहा है. हर रोज यह हाथी दल से अलग होकर धान मंडी के पास पहुंच जाता है और वहां रखे धान को नुकसान पहुंचाने और खाने की कोशिश करता है. बीते 2, 3 रातों से यह दंतैल हाथी फिर मंडी के पास पहुंचकर मंडरा रहा था. जिसे वहां तैनात कर्मियों ने देख लिया और वन अमले को बुलाकर खदेड़ दिया.

# मीडियाकर्मियों से हुए दुर्व्यवहार को लेकर पत्रकारों ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



■ सीएम के नाम पत्रकारो ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

**राजिम,** 1 फरवरी (देशबंधु)। शनिवार को राजिम रेस्ट हाऊस में कुंभ कल्प मेले की बैठक के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारी विवेक आचार्य द्वारा मीडियाकर्मी से दुर्व्यवहार किए जाने को लेकर पत्रकारो में रोष फै ल गया। उक्त अधिकारी के नकारात्मक रवैये को लेकर पत्रकारो ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीएम विष्णुदेव साय के नाम राजिम एसडीएम विशाल महाराणा के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। उक्त अधिकारी के व्यवहार को लेकर पत्रकारो ने राजिम रेस्ट हाऊस में कमिश्नर महादेव कावरे को भी ज्ञापन दिया। मालूम हो कि राजिम कुंभ कल्प मेले की ख्याति को स्थानीय पत्रकार बहुत ही सुंदर ढंग से देश और दुनिया में समाचार को फैलाते है लेकिन पत्रकार जब मेले की बैठक में पहुंचते है तो उनके साथ सही व्यवहार नही होता।

## अधिकारियों ने ली बंद कमरे में राजिम कल्प कुंभ की बैठक, पत्रकारों से रखा परहेज

राजिम कल्प कुंभ के कार्यों की समीक्षा के लिए राजिम विश्राम गृह में अधिकारियों ने बंद कमरे में बैठक ली। जिससे पत्रकारों को मेला स्थल के विकास की जानकारी नहीं मिल पाई और देर शाम कार्यों की समीक्षा की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से भेजी गई। अधिकारी मेला विकास को लेकर पत्रकारों से परहेज क्यों कर रहे हैं ? यह चर्चा का विषय बना हुआ है, जबकि पिछले 24 सालों से राजिम कल्प कुंभ की हर बैठक अधिकारियों के साथ वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकारों को साथ में बिठालकर होने वाली परेशानियों की जानकारी लेकर उसे सुधारने का कार्य किया जाता था। मेल में जनता के लिए क्या क्या सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी इसकी जानकारी अब तक किसी को नहीं है।



# मुठभेड़ में मारे गए सभी 8 नक्सलियों के शव बरामद

■ बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की पुष्टि
■ आधुनिक हथियार व अन्य सामाग्री बरामद

**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षाबल को आज शनिवार को बड़ी कामयाबी मिली है। जवानों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में जवानों ने 8 नक्सलियों के मार गिराया है। इसके साथ ही जवानों ने घटनास्थल से मारे गए सभी 8 नक्सलियों के शवों और उनके आधुनिक हथियार समेत अन्य हथियार भी बरामद कर लिया है। इस मामले की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि बीते कल शुक्रवार को सुरक्षाबल को नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में हथियारबंद नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी. जिसके बाद डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 और सीआरपीएफ 222 बटालियन की एक संयुक्त टीम को उक्त जगह के लिए भेजा गया था। इस नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आज सुबह लगभग 8=30 बजे जवानों की टीम जैसे ही मौके पर पहुंची तभी पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया. नक्सलियों की तरफ से फायरिंग होता देख जवानों ने भी अपनी पोजीशन लेते हुए जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर मुठभेड़ होती रही । बस्तर आईजी ने बताया कि इस मुठभेड़ में अब तक जवानों ने 8 नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए सभी नक्सलियों के शवों को जवानों ने बरामद कर लिया है। वहीं जवानों ने नक्सलियों के ठिकानों से एक इंसास रायफल, बीजीएल लांचर के साथ अन्य हथियार भी बरामद किया है। इस मुठभेड़ में बस्तर आईजी ने कई और नक्सलियों के मारे जाने और घायल होने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल घटनास्थल और उसके आसपास जवानों के द्वारा अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।

## राजिम के नए मेला स्थल राजिम कुंभ कल्प में
# मुख्य मंच, हेलीपैड एवं मीना बाजार स्थल का निर्माण कार्य तेज

■ संभागायुक्त, एमडी टूरिज्म बोर्ड एवं कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण एवं अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश




**राजिम,** 1 फरवरी (देशबंधु)। नए मेला स्थल पर राजिम कुंभ कल्प 2025 की तैयारियां तेजी से जारी है। आयोजन के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित धमतरी, रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार नया मेला स्थल में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। नया मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जा रहे है। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही हे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा। बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे, प्रबंधक संचालक श्री आचार्य एवं कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू कर 5 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने रायपुर, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पर्यटन विभाग के जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, धमतरी के अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, एसडीएम विशाल महाराणा, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग श्री प्रतापचंद पारख, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह, पीएचई के कार्यपालन अभियंता विप्लव घृतलहरे, खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक में संभाग आयुक्त श्रीकावरे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड़, सजावट, लाईटिंग, शौचालय, हाईमास्ट लाईट, कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन, बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सुविधाएं, नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों का व्यवस्था, फूड जोन, वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था, पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था, साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफसफाई के निर्देश दिए गए। बैठक पश्चात आयुक्त महादेव कावरे, प्रबंधक संचालक विवेक आचार्य एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अधिकारियों सहित नए मेला स्थल पहुंचकर विभिन्न आयोजनों के लिए निर्धारित स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने नये मेला स्थल में पहुंचकर ले-आउट का अवलोकन करते हुए मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग, मीना बाजार, फूड जोन, कन्ट्रोल रूम, आम नागरिकों के लिए आवागमन एवं हेलीपैड स्थल, राजीव लोचन मंदिर, संत संमागम एवं गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल में आने के लिए नदी किनारे बन रहे सड़क के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# नदी में मिली लापता किसान की लाश, पत्नी ने पानी में देखा शव



**बिलासपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के मल्हार क्षेत्र में लीलागर नदी में डूबकर एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय विक्रम केवर्त के रूप में हुई है, जो खेत से घर लौटते समय नदी में डूब गए। परिवार के मुताबिक, शुक्रवार शाम से लापता किसान का शव शनिवार दोपहर नदी में मिला है।

आपको बता दे मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार चौकी अंतर्गत वार्ड 04 में रहने वाले विक्रम केवर्त का खेत नदी किनारे था, जहां वे सब्जी की खेती करते थे। गुरुवार शाम 5 बजे खेत से घर लौटते वक्त वे लापता हो गए। परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन शनिवार दोपहर उनकी पत्नी ने नदी में शव देखा। सूचना पर मल्हार चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अब आगे की जांच कर रही है।

# धरमजयगढ़ वनमंडल में वृद्ध एवं बीमार नर हाथी की मृत्यु

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़वनमंडल ने बताया कि छाल परिक्षेत्र स्थित बेहरामार परिसर में 31 जनवरी 2025 को एक वृद्ध मखना हाथी (नर हाथी) की मृत्यु हो गई। यह हाथी लगभग 60 वर्ष का था और पिछले दो माह से गंभीर रूप से बीमार था। हाथी के शरीर पर कई स्थानों, विशेषकर चारों पैर, ऊपरी उदर भाग और पुष्ट भाग में गहरे घाव थे, जिनसे लगातार मवाद (पस) निकल रहा था। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर, वन्यप्राणी चिकित्सकों ने 19 दिसंबर 2024 को करतला वन परिक्षेत्र (कोरबा वनमंडल) में इसका उपचार किया था। इसके बाद लगातार इसकी निगरानी की गई और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दवाएं दी जाती रहीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जनवरी 2025 को यह हाथी करतला वन परिक्षेत्र से धरमजयगढ़वनमंडल के छाल परिक्षेत्र में प्रवेश कर गया, जहां इसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और दवाएं दी जाती रहीं। हाथी ट्रैकर्स, हाथी मित्र दल और वन विभाग के कर्मियों द्वारा लगातार उसकी गतिविधियों की निगरानी की गई। हालांकि, कुछ दिनों तक स्वास्थ्य में सुधार दिखा, लेकिन बाद में स्थिति बिग ?ने लगी। 29 और 30 जनवरी 2025 को हाथी की गतिविधियों में कमी देखी गई और वह दिनभर 10-12 घंटे तक एक ही स्थान पर रहने लगा। बेहतर उपचार के लिए 30 जनवरी 2025 को सूरजपुर जिले के रमकोला हाथी राहत एवं पुनर्वास केंद्र से दो कुमकी हाथी मंगवाए गए।

31 जनवरी 2025 को बेहरामार परिसर (छाल परिक्षेत्र) में वन्यप्राणी चिकित्सकों की समिति द्वारा कुमकी हाथियों की सहायता से उपचार किया जा रहा था। इसी दौरान हाथी अचानक बैठ गया और गहरी सांसें लेने लगा। शाम 4 बजे वन्यप्राणी चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाम हो जाने के कारण शव विच्छेदन संभव नहीं था, इसलिए वनरक्षकों को सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात किया गया। 1 फरवरी 2025 की सुबह 9 बजे, जिला स्तरीय पशु चिकित्सकों की टीम ने शव विच्छेदन किया। रिपोर्ट के अनुसार, हाथी की मृत्यु गंभीर संक्रमण के कारण हुई। इसके बाद नियमानुसार 10म10 फीट का गड्ढा खोदकर उसका दफन किया गया। धरमजयगढ़वनमंडल एक हाथी प्रभावित क्षेत्र है, जहां वन विभाग हाथियों की सतत ट्रैकिंग और निगरानी की जा रही है।

# समिति प्रबंधक एवं फड़ प्रभारी पर 60 लाख की वसूली का प्रकरण दर्ज

■ धान खरीदी में गड़बड़ी के मामले में कलेक्टर कोरबा के निर्देश पर कार्रवाई



**कोरबा** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कोरबा जिले में कटघोरा ईलाके के अखरापाली धान खरीदी केंद्र में 60 लाख 53 हजार 680 रुपये की अनियमितता उजागर होने के बाद समिति प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद अनंत और फड़ प्रभारी हितेंद्र कुमार के खिलाफ वसूली और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। धान खरीदी में गड़बड़ी और धान की अफरा-तफरी के मामले में कार्रवाई कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देश पर की गई है।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री रोहित सिंह, तहसीलदार दीपका श्री अमित केरकेट्टा, नायब तहसीलदार कटघोरा और राजस्व विभाग की टीम ने अखरापाली धान खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन किया। जांच में 1952.80 क्विंटल धान कम पाया गया, जिसकी कीमत 60 लाख 53 हजार 680 रुपये आंकी गई। सत्यापन के दौरान 30 से 35 बोरों की तौल करने पर धान की मात्रा मानक से अधिक मिली, जिससे अनियमितता की पुष्टि हुई। जांच टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर दस्तावेज जब्त कर लिए, और दोषी पाए गए अधिकारियों पर वसूली और आपराधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

NECC

| 02.02.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 495 | 63 | 175 |
| चिल्हर | 6.50 | 85 | 200 |

डिलीवरी 510 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

राजू- सर मुझे कुछ याद नहीं रहता है।
टीचर- अच्छा बताओ कि क्लास में तुम्हारी पिटाई कब हुई थी?
राजू- सोमवार को।
टीचर- यह कैसे याद रह गया?
राजू- सर प्रैक्टिकल में नहीं, थ्योरी में प्रॉब्लम है...

# स्कूल से अनुपस्थित प्राचार्य सहित 24 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

## डीईओ ने जगदलपुर, तोकापाल एवं दरभा ब्लॉक के स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण





**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने शनिवार को जिले के जगदलपुर, तोकापाल एवं दरभा विकासखण्ड के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया और बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं नियमित तौर पर अध्यापन कार्य इत्यादि की जानकारी ली। उन्होंने आगामी वार्षिक परीक्षा के मद्देनजर छात्र-छात्राओं को बेहतर तैयारी करवाने के निर्देश दिया। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किए जाने के निर्देश दिए। डीईओ ने अपने निरीक्षण के दौरान स्कूलों में अनुपस्थित प्राचार्य सहित 24 शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं एक भृत्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक दिन की वेतन कटौती आदेश जारी किया है। डीईओ ने जगदलपुर ब्लॉक के प्राथमिक शाला पामेला एवं हजारीगुड़ा, तोकापाल ब्लॉक के प्राथमिक शाला डोंगरीगुड़ा, विकासखंड दरभा के आश्रम शाला माहकापाल, प्राथमिक शाला डुरकीगुड़ा, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला ककनार, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला छिंदबहार तथा शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल छिंदबहार का निरीक्षण किया। डीईओ ने जगदलपुर ब्लॉक के प्राथमिक शाला पामेला में बेगलेस डे के दौरान बच्चों के द्वारा कविता प्रस्तुति के साथ ही आकर्षक पेंटिंग को सराहा और इन बच्चों को टॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। डीईओ बीआर बघेल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान तोकापाल ब्लॉक के प्राथमिक शाला डोंगरीगुड़ा के अनुपस्थित सहायक शिक्षक टीलेश्वर साहू व प्रधान अध्यापक बीएल नाग एवं दशरू राम कश्यप, प्राथमिक शाला डुरकीगुड़ा के प्रधान अध्यापक रोशन झा, प्राथमिक शाला छिंदबहार के प्रधान अध्यापक बीआर नेताम, शिक्षक पुष्पल दत्ता एवं सहायक शिक्षक श्रीमती सुनीता खरे, माध्यमिक शाला छिंदबहार के प्रधान अध्यापक श्रीमती सुमन दास एवं शिक्षक भालेश्वर श्रीवास्तव, माध्यमिक शाला ककनार के प्रधान अध्यापक ललित कुमार पिल्लई सहित शिक्षक कृष्ण कुमार दास, विवियन रावेल एवं श्रीमती फूलकुमारी जोशी, प्राथमिक शाला ककनार के प्रधान अध्यापक निताशा साव एवं सहायक शिक्षक सुश्री कुन्ती नेताम को कारण बताओ नोटिस जारी करने सहित एक दिवस का अवैतनिक किया गया है। वहीं डीईओ ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदबहार के निरीक्षण में स्कूल के कक्षाओं की अव्यवस्था तथा बल्ब एवं पंखे की कमी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं की अनुपस्थिति पर गम्भीर नाराजगी जताई और स्कूल से अनुपस्थित प्रभारी प्राचार्य जीरूराम मौर्य, व्याख्याता अखिलेश त्रिपाठी, दीनबंधु नाग, तुलादास मानिकपुरी, लुदरसन कश्यप, राजेश गुप्ता, व्याख्याता मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी, पीटीआई नोहर सिंह सलाम तथा चतुर्थ वर्ग कर्मचारी जार्ज फिलिप को शो-कॉज नोटिस जारी करने सहित सभी का एक दिवस का वेतन कटौती करने आदेशित किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में स्कूलों का निरंतर निरीक्षण जारी रहेगा। उक्त निरीक्षण के दौरान बीआरसी दरभा समलूराम कश्यप तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गरीबों, अन्न दाताओं, युवाओं और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला बजट : केदार कश्यप



**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस बजट को लेकर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता और वन मंत्री केदार कश्यप ने बयान जारी करते हुए कहा कि मोदी सरकार का यह बजट गरीबों, अन्न दाताओं, युवाओं और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला है। केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण राहत का ऐलान किया गया है, जिसमें 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त किया गया है। उन्होंने इसे एक जनकल्याणकारी निर्णय बताते हुए कहा कि इससे न केवल देश के मध्यम वर्ग को लाभ होगा, बल्कि यह निर्णय आर्थिक विकास को भी गति देगा और लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएगा। यह बजट निश्चित तौर पर देश के विकास की दिशा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा और समग्र राष्ट्र के लिए एक मजबूत आर्थिक आधार प्रदान करेगा।

# आम आदमी पार्टी के महापौर प्रत्याशी समीर खान को बाइक सवार ने मारी ठोकर

**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। आप पार्टी महापौर प्रत्याशी समीर खान को बीती रात किसी ने झंकार टॉकिज के सामने चोटिल कर दिया है, जिसकी सूचना थाना को प्राप्त हुआ। मामले की जांच हेतु घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। सीसीटीवी में समीर खान रात्रि लगभग 11.24 बजे उल्टी दिशा से स्कूटी से शहीद चौक की और आते दिखे। झंकार टॉकीज के पास अपने स्कूटी को अचानक अपनी बायी और मोड़ते दिखे, तभी शहीद पार्क की ओर से एक मोटर साइकिल आ ≻≻ शेष पृष्ठ 9 पर≻

# धूल मुक्त विकसित शहर के लिए वोट मांग रहे संजय पांडे



## संजय के प्रचार में केदार ने झोंकी ताकत पहले दिन सात वार्डों में किया जनसंपर्क

**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी से महापौर प्रत्याशी संजय पांडे ने चुनाव प्रचार के पहले दिन कुल सात वार्डों में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क में मंत्री व चुनाव संचालक केदार कश्यप ने अपनी टीम के साथ पुरी ताकत झोंक दी। वहीं संजय की पत्नी रेखा ने भी महिलाओं की टीम के साथ डोर टू डोर संपर्क कर वोट मांगा। प्रवीर वार्ड में पार्षद प्रत्याशी योगेश सिंह ठाकुर के पक्ष में केदार कश्यप सहित कार्यकर्ताओं ने वोट मांगा। खड़गघाट स्थित माता मंदिर में महापौर व पार्षद प्रत्याशी ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया। वार्ड में स्थित मातागुड़ी से कार्यकर्ताओं की टोली निकली जो कि पूरे वार्डों का भ्रमण करते हुए विजय वार्ड पहुंची। यहां पार्षद प्रत्याशी सुश्री भारती श्रीवास्तव ने गाजे बाजे के साथ वार्ड में रैली निकाली। समाज के हर वर्ग के लोगों ने संजय व भारती को भरपुर जनसमर्थ दिया। इसके साथ ही शनिवार को शिव मंदिर वार्ड, भैरम देव वार्ड, वीरसावरकर वार्ड, भगत सिंह वार्ड, सिविल लाइन वार्ड में जनसंपर्क किया गया। संजय पांडे के साथ सभी वार्डों ≻≻ शेष पृष्ठ 9 पर≻

# शहर के विकास के लिए वोट मांग रहे हैं मलकीत सिंह गैदू

**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम से कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू नगर के विकास के लिए लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील मतदाताओं से कर रहे हैं। मलकीत सिंह गैदू ने पूर्व विधायक रेखचंद जैन के साथ महाराज प्रवीरचंद्र भंजदेव वार्ड पहुंचकर सर्वप्रथम हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद उन्होंने सघन जनसंपर्क शुरू किया। इस अवसर पर गैदू ने महाराज प्रवीर चंद्र भंजदेव वार्ड के युवा पार्षद प्रत्याशी जाहिद हुसैन को जिताने व जगदलपुर में कांग्रेस का महापौर बनाने हेतु कांग्रेस को प्रचंड मतों से विजयी बनाने हेतु वार्डवासियों से अपील कर समर्थन मांगा। इस दौरान मलकीत सिंह ने कहा मुझे कांग्रेस पार्टी ने मुझे जगदलपुर से महापौर प्रत्याशी के लिए टिकट दिया है, जिसमें मै पूरी तरह से प्रतिबद्धता के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आप सभी के सहयोग व आशीर्वाद से इस बार नगर निगम में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हमारा सबसे पहला



## कांग्रेस प्रत्याशी गैदू ने शुरू किया जनसंपर्क, शहर के सर्वश्रेष्ठ विकास हेतु वार्डवासियों से मांगा जीत का समर्थन

कदम शहर के समस्त वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। हम सभी एक नए विजन के साथ शहर को सुंदर, समृद्ध व बेहतर बनाने का हरदम प्रयास करेंगे। विकसित जगदलपुर बनाएंगे। नगर निगम में कांग्रेस का महापौर बनाकर कांग्रेस का विजयी परचम लहराएं। हनुमान मंदिर में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक रेखचंद जैन, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, अनवर खान, राजीव शर्मा, सेमियल नाथ सहित अन्य मौजूद रहे।

**दीपक बैज ने भी कसी कमर**

नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, जनपद व जिला पंचायतों में कांग्रेस को बड़ी जीत दिलाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी कमर कस ली है। बैज कांग्रेस के चुनावी अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रत्याशियों को भाजपा के हथकंडों से अलर्ट रहने के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज जगदलपुर में महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह को प्रोत्साहित करने खुद जगदलपुर पहुंचे हैं। वे सभी कांग्रेस नेताओं के साथ राजीव भवन जगदलपुर में बैठक लेकर आवश्यक चुनावी दिशा निर्देश देने वाले हैं। ऐसी संभावना भी है कि दीपक बैज कुछ वार्डों का भ्रमण कर जनता से महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू के साथ ही पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर सकते हैं। दीपक बैज के जगदलपुर आने से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का जोश और भी हाई हो गया है।

# एनएमडीसी का जनवरी 2025 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन

**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी एनएमडीसी ने जनवरी 2025 में लौह अयस्क का 5.10 मिलियन टन उत्पादन और 4.48 मिलियन टन बिक्री की। यह मजबूत निष्पादन आगामी वर्ष के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। एनएमडीसी का फोकस अगले वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड परिणाम प्राप्त करने पर केंद्रित है और इस दिशा में आगे बढ़ते हुए जनवरी 2025 तक संचयी उत्पादन और बिक्री क्रमश:35.87 मिलियन टन और 36.22 मिलियन टन रही है। जनवरी 2025 में उत्पादन निष्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि (सीपीएलवाई) की तुलना में 12.36 प्रतिशत बढ़ कर 5.10 मिलियन टन तक पहुंच गया है जो कि स्थापना के पश्चात से अब तक का जनवरी माह का सर्वोच्च उत्पादन है। यह वृद्धि खनिज की बढ़ती मांग को पूरा करने, देश की औद्योगिक आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने और भारत की आत्मनिर्भरता-यात्रा में योगदान देने के लिए एनएमडीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।



## बजट 2025-26 एनएमडीसी की अगली पंचवर्षीय विकास योजना को गति प्रदान करेगा

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, कि, एनएमडीसी का उत्पादन और प्रेषण निष्पादन स्थापना के बाद से जनवरी माह में अब तक का सर्वोच्च है, जो इसके असाधारण नेतृत्व एवं परिचालन उत्कृष्टता को दर्शाता है।

शनिवार सुबह घोषित बजट पर उन्होंने कहा, कि च्सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए च्विकासोन्मुखी बजट 2025-26 एनएमडीसी को अपने विजन 2030 के तहत 100 मिलियन टन उत्पादन क्षमता प्राप्त कर सीमा से आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगा। घरेलू बाजार में 1/6 हिस्सेदारी के साथ भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में, सहयोग और सुधार उपायों पर बल, घरेलू विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगा और 'आत्मनिर्भर भारत 'के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगाज्ज। प्रगति के चक्र के साथ -साथ एनएमडीसी की यात्रा जारी है, इसका प्रत्येक मील का पत्थर एक समृद्ध भविष्य की ओर एक कदम है। कंपनी अक्षय ऊर्जा क्षेत्रों और भारत के हरित परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए लिथियम और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का गवेषण भी कर रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने हाल ही में स्टेकधारकों की एक बैठक आयोजित की और अगले पांच वर्षों में लगभग 70,000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी पूंजीगत व्यय (सीएपीईएक्स) योजना की जानकारी दी। यह निवेश नई विस्तार योजनाओं और आधारभूत संरचना विकास के लिए इसके रोडमैप और रणनीतियों का हिस्सा है।

# नगरीय निकाय चुनाव हेतु ईव्हीएम और मतदान दल का किया गया रेण्डमाईजेशन




**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत जिला कार्यालय में ईव्हीएम मशीनों और मतदान दलों का रेण्डमाईजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी सीपी बघेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, बस्तर नगर पंचायत के रिटर्निंग अधिकारी आर राणा उपस्थित थे। इसके उपरान्त कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगर निगम जगदलपुर और बस्तर नगर पंचायत के लिए ईव्हीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस रेंडमाइजेशन में 229 बैलेट यूनिट और 200 कंट्रोल यूनिट (रिजर्व यूनिट के साथ) को जिनका उपयोग जगदलपुर और बस्तर के नगरीय निकाय निर्वाचन में किया जाएगा।

# निर्दलीय प्रत्याशी गायत्री नाग ने नाम वापस लेकर कांग्रेस प्रत्याशी का किया समर्थन



**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड क्रमांक 38 में निर्दलीय प्रत्याशी गायत्री नाग ने शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य, कांग्रेस प्रत्याशी रितिका कर्मा एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासियों व वार्ड वासियों के उपस्थिति में नाम वापसी का फैसला लिया और कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन दिया। इस दौरान सत्येंद्र सिंह भदौरिया, यशवर्धन सिंह बिसेन, अशोक शर्मा, श्रीकांत नायर, हेमंत डोंगरे, जागेन्द्र भदौरिया, श्याम सिंह कुशवाहा, महेश पटेल, अर्जुन मदान, गगन मिश्रा, आकाश श्रीवास्तव, परमजीत सिंह, दुर्गा ठाकुर, करुणा सिंह, ललिता भदौरिया, सुमित्रा सोनी, पूनम विश्वकर्मा, शशि पटेल, विजया नामदेव, पिंकी, मालती, रानी, भानु, गीता नाग एवं अन्य मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समापन समारोह

**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। 36 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन समारोह पुलिस कोआर्डिनेशन सेंटर लालबाग जगदलपुर में शुक्रवार को किया गया। उक्त समापन कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि बस्तर संभाग कमिश्नर डोमन् सिंह, बस्तर रेंज आईजी सुंदर राज पी, कलेक्टर बस्तर हरिश एस, पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा तथा स्कूल कॉलजे के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, मीडिया, प्रशासन व पुलिस के अधिकारी, सड़क सुरक्षा मितान, गुड सेमेरिटन व आम जनता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रतिभागी छात्र-छात्राएं जिन्होने यातायात से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान कुल 95 छात्र-छात्राएं तथा गुड सेमेरिटन (सड़क दुर्घटना के घायलों के मदद करने वाले), सड़क सुरक्षा मितान, सड़क सुरक्षा माह एवं यातायात जागरूकता के दरम्यान अच्छे कार्य करने वाले अधि/कर्मचारी एवं आम जनता कुल करीब 200 लोगों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो के साथ प्रशस्ति पत्र व नि:शूल्क हेलमेट देकर सम्मानित किया गया तथा इसके पूर्व भी दिनांक 11.01.2025 को सड़क सुरक्षा माह 2025 के दरम्यान गुड सेमेरिटन (सड़क दुर्घटना के घायलों के मदद करने वाले) 100 लोगों को प्रशस्ति पत्र के साथ हेलमेट देकर सम्मानित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ दोपहिया वाहन चलाते समय आम जनता को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना। ताकि सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाले मौतों से लोगों की जान बचाई जा सके। समापन दिनांक को स्कूली छात्र-छात्राओं ने यातायात से संबंधित नृत्य-संगीत का भी प्रस्तुति दिये। इस तरह से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जो 30 दिवस तक सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों को जागरूक करने के संबंध में महत्वपूर्ण एवं सार्थक प्रयास किया गया है। कार्यक्रम के अवसर पर सभी अतिथियों ने आम जनता से अपील की है कि लोग दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलावें, ओव्हर स्पीड पर वाहन न चलावें, वाहन चलाते समय ओव्हरटेक न करें, कार चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करें, सड़क दुर्घटना के घायलों को तत्काल मदद करें एवं हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें। बस्तर पुलिस ने 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात जागरूकता संबंधि जागरूकता के कई कार्यक्रम आयोजीत किया। जो प्रमुख रूप से बाईक हेलमेट रैली, स्कूल कॉलेजों में यातायात जागरूकता, सप्ताहिक हाट बाजार में बैनर पोस्टर के माध्यम से यातायात जागरूकता, आटो, टैक्सी, ट्रैक्टर, बस, टिप्पर, पीकप चालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराना, ड्राईविंग लायसेंस



## सबके मुंडी, सब बर हेलमेट

बनाने का शिविर, आटो एवं अन्य छोटी वाहनों में पोस्टर, पाम्पलेट चिपकाकर लोगों को यातायात जागरूक करना, यात्री बसों की चेकिंग कर उनकी खामियों को दुर करने हेतु जागरूकता, सड़क सुरक्षा झांकी का गणतंत्र परेड में सम्मिलित होना, नुक्कड़ नाटक, आवारा मवेशियों में रेडियम सबेल्ट लगाना, वाहनों के दस्तावेजों की जांच एवं चालकों को समझाइश, स्कूल कॉलेजों में प्रतियोगिता निबंध, स्लोगन, भाषण, वाद-विवाद, रंगोली, क्विज, ड्रॉइंग एण्ड पेंटिंग का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत करना, स्कूली छात्रों के साथ मिलकर यातायात जागरूकता रैली, बस, टैक्सी, आटो, टेक्टर, ट्रक चालक का प्रशिक्षण शिविर, गुड सेमेरिटन का सम्मान, सड़क किनारे के पेड़ पर रेडियम ट्री रिफलेक्टर लगाना, सारथी दिवस पर वाहन चालकों का सम्मान, माय भारत युवा टीम के 22 सदस्यों को ट्रैफिक नियम के संबंध में प्रशिक्षण, वाहनों में रेडियम रिफलेक्टर लगाना आदि कार्यक्रम किया गया है। पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा द्वारा भी समापन अवसर पर आम जनता से अपील की है कि लोग सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाले मौतों से लोगों की जान बचाई जा सके और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम वाहन चलाते समय अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, सड़क सुरक्षा मितान, गुड सेमेरिटन ,आम जनता के अलावा पुलिस तथा प्रशासन व यातायात के स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने यातायात से संबंधित नृत्य-संगीत का भी प्रस्तुति दिये। इस तरह से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जो 30 दिवस तक सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों को जागरूक करने के संबंध में महत्वपूर्ण एवं सार्थक प्रयास किया गया है।कार्यक्रम के अवसर पर सभी अतिथियों ने आम जनता से अपील की है कि लोग दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलावें, ओव्हर स्पीड पर वाहन न चलावें, वाहन चलाते समय ओव्हरटेक न करें, कार चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करें, सड़क दुर्घटना के घायलों को तत्काल मदद करें एवं हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें। बस्तर पुलिस ने 1से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात जागरूकता संबंधि जागरूकता के कई कार्यक्रम आयोजन किया है। जो प्रमुख रूप से बाईक हेलमेट रैली, स्कूल कॉलेजों में यातायात जागरूकता, सप्ताहिक हाट बाजार में बैनर पोस्टर के माध्यम से यातायात जागरूकता, आटो, टैक्सी, ट्रैक्टर, बस, टिप्पर, पीकप चालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराना, ड्राईविंग लायसेंस बनाने का शिविर, आटो एवं अन्य छोटी वाहनों में पोस्टर, पाम्पलेट चिपकाकर लोगों को यातायात जागरूक करना, यात्री बसों की चेकिंग कर उनकी खामियों को दुर करने हेतु जागरूकता, सड़क सुरक्षा झांकी का गणतंत्र परेड में सम्मिलित होना, नुक्कड़ नाटक, आवारा मवेशियों में रेडियम सबेल्ट लगाना, वाहनों के दस्तावेजों की जांच एवं चालकों को समझाइश, स्कूल कॉलेजों में प्रतियोगिता निबंध, स्लोगन, भाषण, वाद-विवाद, रंगोली, क्विज, ड्रॉइंग एण्ड पेंटिंग का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत करना, स्कूली छात्रों के साथ मिलकर यातायात जागरूकता रैली, बस, टैक्सी, आटो, टेक्टर, ट्रक चालक का प्रशिक्षण शिविर, गुड सेमेरिटन का सम्मान, सड़क किनारे के पेड़ ≻≻ शेष पृष्ठ 9 पर≻

# सड़क सुरक्षा माह के समापन में पुलिस ने यातायात नियम पालन करने की अपील



**भिलाईनगर**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। सडक सुरक्षा माह के अंतिम दिन कला मंदिर सेक्टर-6 भिलाई में पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम सुश्री ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के द्वारा अपने प्रतिवेदन में इस एक माह के दौरान जो भी जागरूकता कार्यक्रम जैस हेलमेट रैली, नुक्कड नाटक, चौक चौराहो पर समझाईस, रंगोली, पेटिंग प्रतियोगिता भारी वाहन चालको का स्वास्थ्य परीक्षण, यातायात जागरूकता 26 जनवरी के दौरान झाकी प्रर्शनीय एवं विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी दी गई। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि यातायात पुलिस वाहन चालको को लगातार दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने एवं सभी यातायात नियमों के पालन करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चला रही है परंतु पुलिस के प्रयास के साथ साथ आमजन को भी इस मुहीम का हिस्सा बनना चाहिए एवं उनकी भी जिम्मेदारी है कि वाहन चालन के समय यातायात नियमों का पालन करे तभी किसी सड़क दुर्घटना से बच सकते है। जिस तरह एक पालक को अपने बच्चे को चोट लगने पर तकलीफ होती है। इसी प्रकार किसी सडक दुर्घटना में लोगो के घायल एवं मौत होने की सूचना मिलने पर मुझे भी इसी प्रकार तकलीफ महसूस होती है। मै इस जिले के पुलिस अधीक्षक होने नाते आज इस मंच के माध्यम से जिले के सभी रहवासियों से अपील करता हूॅ कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करे। इसी कम्र में कार्यक्रम में उपस्थित नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन के द्वारा कहा गया कि स्वयं की सुरक्षा एवं अपनी परिवार की सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करे एवं शराब पीकर वाहन कद्यापि न चलाने कहा गया। तेज रफ्तार वाहन चालन न करे यह स्वयं एवं दूसरे की जान को जोखिम न डाले। पुलिस अधीक्षक के उदबोधन पश्चात रंगोली, पेटिंग में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से प्रथम से तृतीय स्थान आने वाले छात्र, छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यातायात पुलिस का विशेष सहयोग के लिए ऑटडाट कॉम भिलाई, स्वयं सिद्धा महिला समूह भिलाई, जन आक्रोश समालिक संस्थाए स्पर्श हास्पिटल, पपेट शो टीम, न्यू वेज थेरेपी क्लिनिक, लिण्डे कंपनी, चौहान मारूति, बाफ्ना टोल प्लाजा, ऑटो यूनियन संघ भिलाई, ई रिक्शा संघ दुर्ग-भिलाई रोटरी क्लब, बाला जी ब्लड बैंक, को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप पुलिस अधीक्षक यातायात सदानंद विन्ध्यराज के द्वारा कार्यकम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम के परीवीक्षाधीन राहुल बसंल भापुसे, सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, मीता पवारस जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारीस क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस एल लकड़ा एवं डॉ जय तिवारी, यातायात के अधिकारी, कर्मचारीं तथा अन्य उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा माह के समापन के दौरान पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा रंगालोध्पेटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं परस्कार से सम्मानित किया गया। सडक दुर्घटनाओ को रोकने हेतु आम नागरिको को भी यातायात नियम के प्रति जागरूक होना होगा। सडक सुरक्षा माह के दौरान विशेष सहयोग करने वाले सामाजिक संस्थाओं को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा माह 1 महीने किया गया।

# मृतक श्रमिक के परिवार को आफर लेटर जारी



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु) भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चेंट मिल में बीती रात हादसा में मारे गये ठेका श्रमिक के परिजनों व विभिन्न यूनियन के पदाधिकारियों ने उचित मुआवजे की मांग को लेकर सेक्टर-9 मुख्य चिकित्सालय के मरचुयरी के सामने प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार परिवार की मांग है कि 20 लाख रुपए मुआवजा और नौकरी दी जाए। बीएसपी की तरफ से आश्रित को नौकरी देने का लेटर जारी किया गया। 31 जनवरी को द्वितीय पाली में ठेका श्रमिक ओमप्रकाश की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से मिलकर उनके परिवार के एक सदस्य को भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थाई नौकरी एवं ठेका कंपनी की ओर से 3 लाख रुपए सहयोग राशि एवं 10 लाख रुपए सामूहिक दुर्घटना बीमा नहीं होने के कारण चेक प्रदान किया गया। आज पंचनामा करने के बाद सुपेला शास्त्री हॉस्पिटल के शवगृह में रखी जाएगी एवं कल पोस्टमार्टम के उपरांत दाह संस्कार किया जाएगा।स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कल ड्यूटी पाली में दुर्घटना स्थल पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रबंधन से मांग की है कि क्रेन ऑपरेटर उच्च कुशल श्रेणी का श्रमिक हो या बीएसपी के नियमित कर्मचारी से कार्यकराया जाए एवं दोबारा इस तरह की दुर्घटना की पुनरावृति ना हो इसकी जांच की जाए एवं कार्य पद्धति में सुधार किया जाए। सहयोग दिलाने के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन की ओर से संजय कुमार साहू, सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, मनोहर लाल, जसवीर सिंह, गुरुदेव साहू, डीपी खरे, आर दिनेश उपस्थित थे। वहीं ठेका कंपनी से विवाद बना हुआ है। दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद ही पुलिस की कार्रवाई शुरू की गई। ग्रीप स्ट्रैपिंग के ठेका श्रमिक ओम प्रकाश 54 वर्षीय की मौत हुई है। ठेका कंपनी ने 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा नहीं कराया था। इसलिए कंपनी ने 10 लाख इंश्योरेंस का और ढाई लाख रुपए अंतिम संस्कार के लिए देने की बात कही। संयुक्त यूनियन के नेताओं ने इस एजेंसी को भी बुलाया है, ताकि आगे की बातचीत तय की जा सके। इधर बीएसपी प्रबंधन की ओर से दिए गए आफर लेटर में आश्रित को जाँच के बाद नियुक्ति वाले कलम हटाने की मांग परिवार ने की। अगर किसी का बीमा नही तो इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार माना जाए। इस संबंध में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन का कथन है, कि 31 जनवरी को रात लगभग 9.30 बजे संयंत्र के मर्चेंट मिल में लोडिंग करते हुए एक दुर्घटना हो गई। क्रेन नंबर 10 के माध्यम से एंगल 65 के बंडल को आंतरिक वैगन बीआरएनआई-04 पर लोड किया जा रहा था। लोडिंग के दौरान स्लिंग खींचते समय बंडल फिसलकर मेसर्स ग्रीप स्ट्रैपिंग के ठेका श्रमिक ओम प्रकाश 54 वर्षीय पर गिर गया। घायल श्रमिक को तत्काल संयंत्र परिसर में स्थित मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पजांबी ब्राह्मण समाज लोहड़ी मिलन आज

**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। छ.ग.पंजाबी ब्राह्मण समाज भिलाई नगर की वार्षिक आम सभा व लोहड़ी मिलन समारोह का आयोजन आज रविवार को संध्यां-6 बजे सेक्टर 6 स्थित आर्य समाज भवन में आयोजन किया गया है। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चे, उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन भी किया गया है। इस अवसर पर समाज के नव विवाहित व नवजात शिशु का भी सम्मान किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष विनोद शारदा वह महासचिव राकेश शर्मा ने स्वजाति बंधुओ से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है । समाज के कोषाध्यक्ष गजेन्द्र शर्मा द्वारा आय-व्यय प्रस्तुत किया जायेगा। तथा पूर्व अध्यक्ष प्रो. डी.एन. शर्मा प्रतिवेदन तथा अध्यक्ष विनोद शारदा स्वागत भाषण देगे।

# विधायक ने बजट को बताया बेहतर

**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज पेश हुए आम बजट को गरीबों के कल्याण, किसानों की भलाई, महिलाओं के सम्मान व युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया है। श्री सेन ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अपने कार्यकाल के पेश 8वें आम बजट में देश की प्रगति के साथ.साथ किसान, युवा, महिला समेत अलग-अलग क्षेत्र पर फोकस किया गया है। बजट में जहां किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ा कर 5 लाख रुपये किए जाने से किसानों को बड़ा लाभ होगा वहीं प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के तहत 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस आम बजट में ग्रामीण विकास, किसान सशक्ति करण और देश की समृद्धि के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैब में बड़े बदलाव के साथ ही रेलवे के लिए 2 लाख 55 हजार 445 करोड़ रुपए के बजट का ऐलान किया है। नई रेल लाइन के लिए 32 हजार 235 करोड़ रुपये, दोहरीकरण के लिए 32 हजार करोड़ के आलावा कंप्युटराइजेशन के लिए 428 करोड़ का अलॉकेशन तथा 4550 करोड़ रुपए में



गेज कन्वर्जन होगा। रेलवे उपभोक्ता के लिए 12 हजार 118 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह बजट आबंटन रेलवे के विकास और सुधार के साथ ही यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देगा। स्कूलों और पीएचसी को डिजिटली सशक्त, शिक्षण संसाधनों तक बेहतर पहुंच बनाने सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ने का निर्णय अभूतपूर्व है। 12 लाख तक की इंकम पर अब कोई टैक्स नहीं लगने से आम मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक स्वतंत्रता मिलेगी और वे अपनी आय का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। वित्त मंत्री की तरफ से ये भी बताया गया है कि अगले हफ्ते संसद में इनकम टैक्स बिल पेश किया जाएगा यानि देश में अब नया इनकम टैक्स कानून बनाया जाएगा। श्री सेन ने कहा कि आज का केंद्रीय बजट आत्मनिर्भरता, समावेशिता और ग्रामीण उत्थान का प्रतीक है। बजट में वित्त मंत्री ने गरीबों के कल्याण, किसानों की भलाई, महिलाओं के सम्मान व युवाओं के लिए महत्वपूर्ण और स्वागतेय कदम उठाए हैं। विधायक ने बजट को देश के विकास वाला बजट बताते हुए इसका स्वागत किया है।

## स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित जगदलपुर नारे के साथ वोट मांग रहे महापौर के निर्दलीय प्रत्याशी रोहित आर्य

**जगदलपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। महापौर पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी और रोहित सिंह आर्य ने अपने चुनाव लड़ने के उद्देश्य बताते हुए कहा कि शहर के सभी उपभोक्ताओं को नगर निगम में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भुगतान की व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं एकल खिड़की पद्धति से समस्याओं के समाधान की व्यवस्था करने, सफाई अभियान को मिशन मोड में लाना, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की मजबूत व्यवस्था, खुले में कचरा फेंकने और जलाने पर सख्त नियम, नगर निगम को जवाबदेह बनाना, उन्होंने अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर देखना चाहते हैं, तो इस बार बदलाव को वोट देने की अपील मतदाताओं से कर रहे हैं।

# मैत्रीबाग में अवैध व्यापारियों पर की जा रही है कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा मैत्रीबाग म 2 फरवरी को आयोजित होने वाले पुष्प प्रदर्शनी के मद्देनजर मैत्रीबाग के मुख्य प्रवेश द्वार पर सड़क तथा साइकिल स्टैंड से तीन दर्जन से अधिक अवैध चाट, गुपचुप ठेले, आइसक्रीम ठेले, दुकानें, झूले आदि हटाए गए। इस कार्यवाही के तहत साइकिल स्टैंड संचालक के संरक्षण में संचालित की जा रही 20 से भी अधिक अवैध दुकानों को हटाया गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि साइकिल स्टैंड परिसर में दुकानों का संचालन न किया जाए। इसके अतिरिक्त मैत्री बाग चौक व सड़क किनारे अवैध दुकानदारो, ठेलेवालों तथा टैक्सी वालों को चेतावनी दी गई कि अवैध दुकानें संचालित न करें, ना ही टैक्सी खड़े करें। इसके अलावा टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों के सड़क पर अवरोध उत्पन्न कर रहे एक दर्जन से भी अधिक ठेलों को जप्त किया गया। बताया जा रहा है कि मैत्रीबाग में 2 फरवरी को होने वाले फ्लावर शो में बड़ी संख्या में लोग आते है।जिसे ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। भिलाई इस्पात संयंत्र के लोगों से अपील की है, कि किसी तरह से अवैध कब्जा न किया जाये। जिससे लोगों को परेशानी होती है।

# टैक्सेबल इनकम एवं टैक्स स्लैब में सुधार होने चाहिए

**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)।कर्मचारियों को अपने आय के फलस्वरूप टैक्स देनदारियों को कम करने के लिए आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 का आकर्षक प्रावधान ओल्ड टैक्स रेजीम में था। यह सेक्शन बचत और निवेश के संभावनाओं में वृद्धि करता था। जो कि न्यू टैक्स रेजीम में नहीं है। उक्ताशय को व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, उप प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, संभाग अध्यक्ष संजय सिंह, भानुशंकर नागराज, के दुबे, डॉ बी के दास ने कहा है कि केन्द्र सरकार को अपने बजट 2025 में वेतनभोगी कर्मचारियों को मौजूदा टैक्स स्लैब में छूटों एवं कटौतियों को ओल्ड टैक्स रेजीम अनुसार संशोधन करना चाहिए। इससे कर्मचारियों में बचत एवं निवेश की भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कर्मचारियों को होम लोन लेने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उनका कहना है कि इस नीति से बैंकिंग तथा इन्सुरेंस सेक्टर में इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा मिलेगा। फलस्वरूप केन्द्र सरकार के विकास कार्यों के लिये राजस्व आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि न्यू टैक्स रेजीम की शुरूआत केंद्रीय बजट 2020 में की गई थी। बतौर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा किया था। लेकिन न्यू टैक्स रेजीम में छूट एवं कटौतियों के प्रावधान को शामिल नहीं किया गया था। जो कि कर्मचारियों के बचत एवं निवेश की भावना के अनुकूल नहीं था। वेतनभोगी करदाताओं को न्यू टैक्स रेजीम में छूट एवं कटौतियों को शामिल करने की उम्मीद है। आई टी एक्ट 1961 की धारा 80-सी में कर कटौती में वृद्धि किये जाने पर विचार करना चाहिए। पेंशनभोगियों के लिए स्लैब में राहत देने पर विचार किया जाना चाहिये। हालांकि बजट 2024 में वित्तमंत्री सीतारमण ने नई



कर व्यवस्था के तहत वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए मानक कटौती 50000 को बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया था। न्यू टैक्स रेजीम में कर्मचारियों पर टैक्स देनदारी कम हुआ है। लेकिन उनके बचत और निवेश की प्रवृत्ति प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि वेतन आयोगों के अनुशंसा अनुसार कर्मचारियों के वेतन में निरंतर वृद्धि हुआ है। लेकिन कर योग्य आय तथा इनकम टैक्स स्लैब में परिवर्तन उस अनुपात में नही हुआ है। एम्प्लाइज प्रोविडेंट फण्ड आर्गेनाईजेशन को और अधिक सुदृढ़ करना देश हित में है। मुद्रास्फीति अथार्त वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अथार्त महंगाई बढ़ रही है। मुद्रास्फीति की वजह सेए कर्मचारियों को पहले जितना ही मात्रा में सामान खरीदने के लिए अधिक मूल्य देना पड़ रहा है। वेतनभोगी कर्मचारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है,क्रय शक्ति कम हुई है।

# मैत्री बाग में आज से फ्लावर शो का आयोजन

**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेगा फ्लावर शो-2025 का आयोजन मैत्री बाग में किया जा रहा है। फ्लावर शो-2025 का उद्घाटन आज शनिवार को मुख्य अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता द्वारा संध्या 4 बजे किया। फ्लावर शो-2025 के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु पंजीयन एवं प्रवेश 1 फरवरी से प्रारंभ किया। जनता की मांग तथा अनावश्यक भीड़.भाड़ को देखते हुए इस वर्ष यह आयोजन दो दिनों तक किया जा रहा है। फ्लावर शो में आवासीय व शालेय बागवानी प्रतियोगिता, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज़, फर्न, सेवंती, डहलिया, गुलाब एवं मौसमी पौधों की प्रतियोगिता और इन्हीं पौधों के कट फ्लावर की प्रतियोगिता तथा बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों से विशेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन, औषधीय वनस्पतियों का प्रदर्शन उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय के समक्ष किया जायेगा। इसके अलावा पुष्प.सज्जा, रंगोली, गुलदस्ता व फलों एवं सब्जियों से तैयार मॉडल आदि जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सब्जियों एवं फलों से तैयार आकर्षक सलाद का प्रदर्शन भी किया जाएगा। 2 फरवरी को फ्लावर शो-2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संध्या 4 बजे आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह के दौरान संयंत्र के सभी कार्यपालक निदेशक सपत्निक उपस्थित होंगे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को परिवहन सहित अपनी अन्य व्यवस्था सामग्री स्वयं के व्यय पर करनी होगी व प्रतिभागी अपना गमला, फूल व अन्य सामग्री 2 फरवरी को संध्या 7 बजे से पूर्व न हटायें। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार के मार्क्सए स्लोगन या नाम लिखने की अनुमति नहीं होगी।

# सेंट थॉमस कॉलेज द्वारा ज्ञानदान सेवा का समापन



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सरकारी प्राथमिक विद्यालय रूआबांधा में सामुदायिक सेवा ज्ञानदान का समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। यह ज्ञान दान कार्यक्रम 2016 से प्रारंभ किया गया। यह शैक्षणिक सत्र सितम्बर 2024 से जनवरी 2025 तक लिया गया। इस सामुदायिक सेवा के अंतर्गत अर्थशास्त्र की विद्यार्थियों ने न सिर्फ पाठ्यक्रम बल्कि जीवन की वास्तविकता से भी अवगत कराया। सरकारी स्कूल की विद्यार्थियों में पढ़ाई में रुचि पैदा करने के लिए और जीवंत उदाहरण देने के लिए अर्थशास्त्र विभाग की स्नातक की छात्राएं कुमारी सुहानी, तनुजा, नंदिनी, निहारिका, शालिनी, जूही, अंजलि, और स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग से ब्लेसी, कलश, सृष्टि और तरनवीर ने पूरे शैक्षणिक सत्र में ज्ञानदान के माध्यम से बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक में भी रुचि दिलाए। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती ज्ञानेश्वरी मिश्रा, वरिष्ठ गुरु श्रीमती गोस्वामी एवं अन्य गुरुगण श्रीमती पुष्पा लता तिवारी एवं नागेंद्र मरावी के सराहनीय सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सेंट थॉमस कॉलेज के प्रशासक रेवरेंट फादर डा. पी एस वर्गीज और प्राचार्य डॉ. एम.जी रोईमोंन ने प्राथमिक शाला को प्रदान की गई इस सेवा की सराहना की है। इस सेवा को सुचारू रूप से संचालन के लिए अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अपर्णा घोष, संकाय सहायक अध्यापक मिस अपर्णा दत्ता द्वारा निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन से किया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### आम आदमी पार्टी के महापौर ...

रही थी जो चालक के द्वारा गति धीमी नहीं करने के कारण समीर खान की स्कूटी से टकरा गई, जिसमें समीर खान स्कूटी से गिर गए और उन्हें सामान्य चोटे आई है। उक्त बाइक चालक की पता तलाश पुलिस कर रही है । समीर ख़ान से थाना प्रभारी ने मिलकर बातचीत की ,वर्तमान में समीर खान स्वस्थ एवं कुशल है।


### धूल मुक्त विकसित शहर ...

के प्रत्याशी भी शामिल हुए, जिसमें निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रंधारी, राणा घोष, खेम सिंह देवांगन, नीलिमा दत्ता प्रमुख हैं। जनसंपर्क के बाद संजय पांडे ने सामाजिक बैठक भी ली। सिंधी समाज, क्षत्रिय समाज, करण समाज सहित अनेक संघ संगठन की बैठक ली गई। बैठक में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समापन ...

पर रेडियम ट्री रिफलेक्टर लगाना, सारथी दिवस पर वाहन चालकों का सम्मान, माई भारत युवा टीम के 22 सदस्यों को ट्रैफिक नियम के संबंध में प्रशिक्षण, वाहनों में रेडियम रिफलेक्टर लगाना आदि कार्यक्रम किया गया है। पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा द्वारा भी समापन अवसर पर आम जनता से अपील की है कि लोग सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाले मौतों से लोगों की जान बचाई जा सके और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम वाहन चलाते समय अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, सड़क सुरक्षा मितान, गुड सेमेरिटन ,आम जनता के अलावा पुलिस तथा प्रशासन व यातायात के स्टाफ उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी कर्मियों को विदाई



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र की सेवा से जनवरी माह में कुल 92 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिसमें खदान बिरादरी के 5 सहित 17 कार्यपालक व 75 गैर कार्यपालक शामिल हैं। जनवरी में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार तथा सफी चेयरमैन व ओए.बीएसपी के अध्यक्ष श्री एन के बंछोर ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। 31 जनवरी को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोइत्रा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

# सफाई अभियान में पार्षद की सहभागिता प्रमुख : आयुक्त

**भिलाईगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने रिसाली को स्वच्छ रखने पार्षदों की भूमिका को सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने वार्डो की तस्वीर बदलने पार्षदों को सामने आकर अभियान स्वरूप कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने का आव्हाहन किया। खास बात यह है कि रिसाली निगम स्वच्छता की अलग जगाने फरवरी प्रथम सप्ताह से ही पूरे वार्डो में एक साथ भ्रमण कार्यक्रम आरंभ करने जा रही है। उक्त बातें उन्होंने पार्षदों की कार्यशाला में कही।



निगम आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में घरों और बाजार क्षेत्र से निकलने वाले मिक्स कचरे की निष्पादन करना चुनौती है। अगर शुरूआती दौर से नागरिकों का सहयोग मिले तो यह कार्य आसान हो जाएगा। अन्यथा एक समय के बाद यह समस्या विकराल रूप में सामने आता है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कार्यशाला में आग्रह की है कि पार्षद की थोड़ी सी सक्रियता रिसाली को सुंदर बना सकती है। केवल जागरूकता की आवश्यकता है। कार्यशाला में निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साह, पार्षद रमा साहू, मनीष यादव, सारिका साहू, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, ममता यादव, विलास बोरकर, ईश्वरी साहू, सरीता देवांगन, रंजीता बेनुआ, टीकम साहू, हरिशचन्द्र, शीला नारखेड़े, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, खिलेन्द्र चन्द्राकर, रोहित, सविता ढवस आदि उपस्थित थे। आयुक्त ने कहा कि फरवरी प्रथम सप्ताह से हम योजनाबद्ध तरीके से सफाई कार्य आरंभ करने का प्रयास कर रहे है। टाउनशिप को छोड़ रिसाली को चार भागों में विभक्त कर 20-20 स्वच्छता मित्र का 2 गैंग बनाए है। सफाई कहा से शुरू करे इसकी रूपरेखा वार्ड पार्षद बताए। आयुक्त ने कहा कि पार्षद वार्ड का आइना है। प्रतिदिन उस वार्ड के नागरिक पार्षद से मुलाकात करते है। उन्हें पता होता है कि सफाई की आवश्यकता कहा होती है। इसलीए वे गैंग का रोस्टर देख स्वयं तय करे कि अभियान की शुरूआत कहा से करे। आयुक्त ने बताया कि निगम के कर्मचारी एक बार फिर नई व्यवस्था के तहत घर घर दस्तक देंगे। वे गीला व सूखा कचरा को अलग.अलग रखने की न केवल नसीहत देंगे बल्कि यह देखेंगे कि सफाई एजेंसी कचरा कलेक्शन में लापरवाही तो नहीं बरत रहा है। उन्होंने कहा है कि अगर बार.बार समझाईश के बाद नागरिक स्वच्छता नियमों की अनदेखी करेंगे तो निगम कर्मचारी जुर्माना वसूल करेंगे। आयुक्त ने कहा कि जहां लोग सार्वजनिक रूप से कचरा फेकते है। ऐसे स्थानों को निगम ने चिन्हित किया है। उस स्थान को बेहतर करने कार्य योजना है, लेकिन यह कार्य पार्षद के सहयोग बिना अधूरा है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि आम नागरिकों को खुला में कचरा न फेकने के लिए प्रेरित करे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का समापन

**कोण्डागांव,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर कोण्डागांव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के समापन के लिए एक समारोह का आयोजन करके सड़क सुरक्षा मितानों को प्रषस्ति पत्र एवं आमजनों को हेलमेट का वितरण किया गया और इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी द्वारा आमजनों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए अपील भी किया गया।

वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा एक चिंता का विषय बन गया है। बीते कुछ सालों में सड़क दुर्घटना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है। इसको लेकर सरकार ने भी सक्रियता दिखाते हुए कुछ अहम कदम उठाए हैं। हर साल 01 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाता है। इस दौरान लोगों में जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तरह के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कराया जाता है। माह भर चलने वाले इन कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों के बीच सड़क सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने और सड़क दुर्घटना के मामलों को कम करना है।

कोण्डागांव पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौषलेन्द्र पटेल के मार्गदर्षन एवं उप पुलिस अधीक्षक डॉ.भुवनेष्वरी पैकरा एवं श्रीमति स्निग्धा सलाम तथा रक्षित निरीक्षक मुकेष जोषी के नेतृत्व में 01 से 31 जनवरी शैक्षणिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक, गायन, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, पंचायत स्तर पर भी नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।



- सड़क सुरक्षा मितानों को प्रदान किया गया, प्रशस्ति पत्र
- कलेक्टर व एसपी ने आमजनों से किया अपील, यातायात नियमों का पालन करने का

कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया एवं चिन्हांकित सड़क सुरक्षा मितानों जिनके द्वारा विभिन्न सड़क दुर्घटना में घायलों की त्वरित मदद् कर मार्ग व्यवस्था का सुचारु संचालन करने में यातायात पुलिस की मदद् करने वाले चयनित सड़क सुरक्षा मितानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हेलमेट वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका कोण्डागांव में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों को चिन्हित कर हेलमेट का वितरण किया।

इस अवसर पर कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए और उनके द्वारा उपस्थित सभी आमजनों, विद्यार्थियों एवं शासकीय कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। समापन समारोह में कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार उप पुलिस अधीक्षक यातायात स्निग्धा सलामे, लितेश सिंह, के.पी.मरकाम, रुपेश कुमार, उपस्थित थे जिनके द्वारा भी यातायात विषय पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया गया।

# गांजा तस्करी करते 1 आरोपी को माकड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 2.845 किलोग्राम गांजा व स्कूटी को किया जप्त

**कोण्डागांव,** 1 फरवरी (देस्बन्धु)। मादक पदार्थ गांजा तस्करी करते 01 आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा कुल 02 किलो 845 ग्राम कीमती 8520 रूपये एवं स्कूटी को जप्त करने के साथ ही माकड़ी पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना माकड़ी पुलिस द्वारा क्षेत्र में लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते हुए 30 जनवरी 2025 को जरिये मोबाईल से मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अपनी स्कूटी हिरो क्र.सी.जी. 23 एन 5463 में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर उड़ीसा से मिरमिण्डा होते हुए हीरापुर साप्ताहिक बाजार की ओर जा रहा है। सूचना पर ग्राम कुरलूबहार जंगल किनारे मोड़ के पास नाकाबंदी की गई। मुखबिर के बताये अनुसार एक सिल्वर रंग की स्कूटी हिरो क्र. सी.जी. 23 एन 5463 को रोककर हमराह स्टाफ के तालाशी ली गई। जिसपर एक काले रंग के पिट्ठू बैग में 2 किलो 845 ग्राम गांजा मिला। आरोपी को पूछताछ करने पर अपना नाम भोजलाल हरिजन पिता कामेश्वर हरिजन 29 वर्ष निवासी कोलियापारा थाना रायघर जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से में 2 किलो 845 ग्राम कीमती 8520 रूपये एवं स्कूटी कीमती 60000 रूपये को जप्तकर अपराध क्र.03/2025 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया।



उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुशील पटेल, प्र.आर.मोनाराम मण्डावी, बिजूराम सोरी, आरक्षक केमेन्द्र उइके, राजू पानीग्राही, हेमलाल रावटे, गंगाराम मरकाम एवं महिला आरक्षक वंदना मरकाम का कार्य सराहनीय रहा।

# ईव्हीएम से दो पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया की दी जा रही जानकारी



**कोण्डागांव,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए जागव बोटर कार्यक्रम के तहत व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के जामकोट पारा वार्ड स्थित सांस्कृतिक भवन, बाजार पारा आंगन बाड़ी और बाजारपारा मिडिल स्कूल में मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मतदाता एक ही ईव्हीएम से अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान कैसे करेगा इस प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई, ताकि मतदाता सही तरीके से अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए अपना मतदान कर सकें। साथ ही सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। गौरतलब है की नगरीय निकायों में आगामी 11 फरवरी को अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान होगा।

# दंतेवाड़ा में शानदार रही धान खरीदी

**दंतेवाड़ा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से हुई। इसका पूरा श्रेय कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और उनके कुशल मार्गदर्शन को जाता है। जिले में 31 जनवरी यानि अंतिम तारीख तक कुल 3 लाख 34 हजार 315 क्विंटल 60 किलो धान खरीदी हुई, जबकि पिछले वर्ष 2 लाख 76 हजार 190 क्विंटल 40 किलो धान खरीदी हुई थी। इस तरह इस बार 58 हजार 125 क्विंटल 20 किलो ज्यादा धान खरीदी हुई।



धान खरीदी के दौरान किसानों से 12 करोड़ 29 लाख 59 हजार 40 रूपए की ऋण वसूली भी हो गई और किसानों को 64 करोड़ 59 लाख 66 हजार 943 रूपए का शुद्ध भुगतान भी किया गया। इस तरह कुल 76 करोड़ 89 लाख 25 हजार 984 रूपए की धान खरीदी की गई। अंतिम तारीख तक इस सीजन में 8 हजार 317 किसानों ने धान बेचा, जबकि पिछले वर्ष 7 हजार 841 किसानों ने धान बेचा था। सबसे ज्यादा धान खरीदी गीदम में 64 हजार 132 क्विंटल हुई। इसके बाद नकुलनार में 50 हजार 444 क्विंटल, दंतेवाड़ा में 31 हजार 414 क्विंटल और पालनार में 20 हजार 736 क्विंटल धान खरीदी हुई। मोखपाल में 27 हजार 844 क्विंटल धान खरीदी हुई। धान खरीदी में इस बार पूरी व्यवस्था चाक चौबंद रही। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी स्वयं खरीदी की मॉनिटरिंग करते रहे। इसी वजह से प्रदेश सरकार के इस कार्य का सुचारू संचालन हुआ। राजस्व, सहकारिता और खाद्य विभाग ने धान खरीदी में पूरा समन्वय बनाकर किसानों को राहत पहुंचायी। धान के उठाव के लिए भी मिलर्स की बैठक प्रशासन द्वारा 15-15 दिनों में लेकर व्यवस्था सुदृढ़ की गई। सभी 15 केन्द्रों में शानदार व्यवस्था रही। किसी भी दिन धान खरीदी बंद करने की नौबत नहीं आयी। माइक्रोएटीएम का नवाचार भी इस दौरान हुआ और किसानों को 10 हजार तक का भुगतान इसके माध्यम से हुआ। पूरे केन्द्र प्रभारी धान खरीदी में रात-दिन जुटे रहे।

- कलेक्टर मयंक के कुशल मार्गदर्शन में कामयाबी
- 15 केन्द्रों में कुल 3 लाख 34 हजार 315 क्विवंटल खरीदी
- किसानों को 64 करोड़ 59 लाख का शुद्ध भुगतान

# आजाक थाना कोंडागांव में पदस्थ एसआई हबील मिंज को दी गई विदाई



**कोण्डागांव,** 1 फरवरी (देस्बन्धु)। आजाक थाना कोंडागांव, जिला कोंडागांव छग में सब इंस्पेक्टर पद पर पदस्थ हबील मिंज को सेवानिवृत हो जाने पर 31 जनवरी 2025 को विदाई दी गई। थाना आजाक जिला कोंडागांव में कार्यरत पुलिस सब इंस्पेक्टर हबील मिंज जो पुलिस विभाग में 43 वर्ष के लंबे सेवा कार्यकाल को पूर्ण करने बाद सेवानिवृत आयु 62 वर्ष में 31 जनवरी को सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस थाना आजाक कोंडागांव के समस्त स्टॉफ द्वारा उन्हें भावपूर्ण विदाई दिया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत हुए हबील मिंज के उज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया गया।

## सार-संक्षेप

### नाम वापसी बाद अध्यक्ष पद पर कोण्डागांव 3, फरसगांव में 2 एवं केशकाल में 5 अभ्यर्थी


**कोण्डागांव,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत जिले के नगरीय निकायों में नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। साथ ही सभी अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह भी आबंटित कर दिए गए हैं। नाम वापसी के बाद नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव से अध्यक्ष पद हेतु 03 एवं पार्षद के लिए 54 अभ्यर्थी, नगर पंचायत फरसगांव से अध्यक्ष पद हेतु 02 और पार्षद हेतु 35 अभ्यर्थी तथा नगर पंचायत केशकाल से अध्यक्ष पद हेतु 05 और पार्षद पद हेतु 55 अभ्यर्थी निर्वाचन में शामिल होंगे। नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु नरेन्द्र देवांगन, नरपति पटेल और नीलकंठ शार्दूल का नाम शामिल है। इसी प्रकार नगर पंचायत फरसगांव से अध्यक्ष पद हेतु प्रशांत पात्र 'गोलु' और उग्रेश चंद मरकाम और नगर पंचायत केशकाल से अध्यक्ष पद हेतु गोपाल बघेल, पितांबर नाग, रमेश कुमार नेताम, अंजु बेलसरिया और बिहारी लाल शोरी का नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका आम निर्वाचन के लिए मतदान तिथि 11 फरवरी और मतगणना 15 फरवरी को होगी।

### एमए मुस्तफा व्यय प्रेक्षक नियुक्त

दंतेवाड़ा, 1 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत व्यय प्रेक्षक एम.ए. मुस्तफा को नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक श्री मुस्तफा नगर पालिका दंतेवाड़ा, नगर पालिका बचेली, नगर पालिका किरंदुल, नगर पंचायत गीदम तथा नगर पंचायत बारसूर के नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये है। व्यय लेखा के संबंध में अभ्यर्थी सर्किट हाउस दन्तेवाड़ा के कक्ष क्रमांक 03 में कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10 बजे से 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही व्यय प्रेक्षक श्री मुस्तफा से मोबाइल नम्बर 94255-16730 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# गंभीरता से समझे चुनाव की बारीकियां : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समस्त सेक्टर अधिकारियों की बैठक रखी गयी थी।



बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादित करने के लिए समन्वय सुनिश्चित करें। इस दिशा में सभी जनपद सीईओ, नगर पालिका एवं नगर पंचायत सीएमओ तथा सेक्टर ऑफिसर, को टीम भावना के साथ समन्वय स्थापित कर दायित्व निर्वहन करें। इसके साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता हेतु नगरीय निकायों के हर वार्डों में डेमो" ईव्हीएम मशीन से मतदान प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन कराना सुनिश्चित करें क्योंकि यह देखा गया है कि निकाय निर्वाचन में प्रत्येक स्तर पर एक से अधिक प्रत्याशी होने के कारण प्राय: मतदाताओं के समक्ष असमंजस की स्थिति आती है। इस देखते हुए डेमो ईव्हीएम मशीन का निकायों के हर वार्डों में जीवंत प्रदर्शन किया जायें। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदाता हेतु मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पेयजल, रैम्प, व्यवस्थित प्रसाधन कक्ष की सुविधा अनिवार्य होनी ही चाहिए। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को ईव्हीएम से जुड़ी समस्याओं का निराकरण की पूरी जानकारी, मतदाताओं के प्रबंधन, कानून व्यवस्था के संबंध में भी सतर्क रहना होगा।

इसके अलावा मतदान दिवस पर कंट्रोल रूम भेजने वाले प्रत्येक प्रपत्रों की परिपूरित जानकारी समय पर भेजना भी सेक्टर अधिकारियों की अहम जिम्मेदारी है। इस संबंध में जिन मतदान केन्द्रों में नेटवर्क संबंधी समस्याएं आ रही है, वहां रनर की भी व्यवस्था रखना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा सहित निर्वाचन दायित्वों से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

- सीईओ, सीएमओ तथा सेक्टर ऑफिसर की संयुक्त बैठक
- हर वार्डों में डेमो ईव्हीएम से होगा मतदान का प्रदर्शन

# पीसीसी अध्यक्ष दीपक ने प्रत्याशियों की ली बैठक

## दंतेश्वरी दर्शन के बाद जीत का दिया महामंत्र



**दंतेवाड़ा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज आज दंतेवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने नगरीय और पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के साथ बैठक की और उनका मार्गदर्शन किया। श्री बैज हेलीकाप्टर से सीधे दंतेवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और कांग्रेस भवन में महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में नगरीय व पंचायत चुनाव के सभी प्रत्याशियों के साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम, पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा, सुलोचना कर्मा, पूजा साव, रविश सुराना, श्रीमती सुमित्रा शोरी, युकां अध्यक्ष गणेश दुर्गा, राजेन्द्र मृणाल राय, शकील अहमद रिजवी, प्रवीण राणा, रितेश जैन, राजकुमार तामो, वरूण तामो, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

# छात्रों ने समझाया, हादसों से बचाते हैं यातायात के नियम

**दंतेवाड़ा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह सिटी कोतवाली परिसर में हुआ। आयोजन में डीआईजी कमलोचन कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने की।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, श्रीमती पूजा कुमार, राम कुमार बर्मन, उप पुलिस अधीक्षक नसर उल्लाह सिद्दीकी नोडल अ कारी यातायात, उप पुलिस अधीक्षक राहुल उइके, ठाकुर गौरव सिंह, आकांशा पाण्डेय, जिला परिवहन अधिकारी गौरव पाटले भी उपस्थित थे। आयोजन में नोडल अधिकारी यातायात द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात प्रभारी संजय कुमार यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा पूरे माह भर यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से लगातार शहर में एवं भीड़-भाड वाले ईलाके में यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया गया। हेलमेट रैली के माध्यम से लोगों दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने जागरूक करने के लिये सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस व डीआरजी के जवानों द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली निकाली गई। इसमे दिल्ली उच्चतम न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश, चैयरमेन सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑनरोड सेफ्टी अजय मनोहर सप्रे द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाई थी। यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट पहनाओं अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों का चालान न काटने के एवज में उन्हे हेलमेट लगाकर वहीं से पहनकर आने-जाने प्रोत्साहित किया जा रहा है।



यातायात जागरूकता के क्रम मे इस माह यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में जाकर जागरूकता कार्यकम कराये गये इस दौरान लगभग 52 कार्यक्रमों में 6400 विद्यार्थी एव्र शिक्षक लाभान्वित हुए। जिला पुलिस एवं जिला परिवहन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से कोतवाली परिसर में 2 दिवसीय लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें कुल 760 लोगों के लर्निंग लायसेंस बनाया गया। भारी वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण हेतु गीदम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें हाईवे में चलने वाले करीब 150 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। 24 जनवरी को ड्राइवर्स डे के अवसर पर जिला परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा सारथी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें जिले के विभिन्न विभाग स्कूल एवं बस चालकों में से 55 चालकों का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस प्रकार के विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ शराब सेवन कर वाहन चलाने एवं काली फिल्म वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में लगभग 70 प्रतिशत चालानी कार्यवाही में वृद्धि की गई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में दुर्घटना मृत्युदर में करीब 5 प्रतिशत की कमी लाकर लगातार उल्लेखोत्तर सुधार करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन द्वारा उद्बोधन पश्चात् सक्षम आवासीय विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्रों द्वारा यातायात जागरूकता विषयक पेंटिंग प्रदर्शन ,स्वरचित कविता, सामूहिक गीत एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गयी। एकलव्य आवासीय विद्यालय जावांगा के छात्र छात्रों द्वारा यातायात पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी एवं यातायात व्यवस्था में सहयोग हेतु एनसीसी कैडेट्स को स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में यातायात प्रभारी संजय यादव द्वारा लोगों को यातायात नियमो के प्रति जागरूक होकर पुलिस चालान से बचने नहीं अपितु स्वयं की सुरक्षा एवं जनता की सुगममता हेतु यातायात नियमो का पालन करने अपील की गयी।

इस समापन समारोह में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली धनंजय सिन्हा, थाना फरसपाल प्रभारी चन्द्रशेखर श्रीवास, स.उ.नि. जितेन्द्र त्रिपाठी एवं यातायात एवं कोतवाली दंतेवाड़ा के स्टाफ, स्कूल के छात्र-छात्राए, शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन रेणुका सिंह ने किया।

- 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह
- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई महत्वपूर्ण सीख
- डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक ने बढ़ाया उत्साह

# ईव्हीएम से वोटिंग के लिए जागरूकता अभियान

## जागो मतदाता कार्यक्रम के तहत गीदम और कारली में आयोजन




**दंतेवाड़ा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईव्हीएम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीदम एवं लाइवलीहुड कॉलेज कारली में किया गया था। इस जागरूकता कार्यक्रम के तहत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.व्ही.एम.) मशीन से मतदान की प्रक्रिया की जानकारी मतदाताओं को दी गई। इसके अलावा जिले के नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में मतदाताओं को ईव्हीएम मशीन के द्वारा वोट डालने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रकार जाबो मतदाता जागरूकता अभियान अन्तर्गत जिले में सभी मतदाताओं से मतदान दिवस के दिन पोलिंग बुथ में आकर वोट डालने की समझाइश दी जा रही है।

लड़का- जरा मेरी आँखों में देखो, क्या नजर आता है, सच-सच बताना।
लड़की- मुझे इनमें प्यार नजर आता है।
लड़का (गुस्से में)- ज्यादा बात मत बना, मेरी आँख में मच्छर चला गया है, गौर से देख और निकाल इसे।



# आयकर विभाग ने सीज किए दस करोड़ नगद, ढाई करोड़ के जेवरात

## सत्यम बालाजी समूह, साईं हनुमंत इंडस्ट्रीज , कमीशन एजेंट्स, राइस ब्रोकर्स पर कारवाई

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। राइस मिलर्स, एक्सपोर्ट्स, कमीशन एजेंट्स और राइस ब्रोकर्स के ठिकानों पर मिले मदद में से अब तक 10 करोड़ रुपए सीज किए गए हैं।इसके साथ ही सभी आवासीय परिसरों में की गई जांच के दौरान मिली ज्वेलरी में से करीब 2.5 करोड़ मूल्य की ज्वेलरी सीज की गई है आयकर अन्वेषण द्वारा प्रदेश में की गई आयकर छापे की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही।सभी 25 ठिकानों से मिले कैश में से बुक्स के रिकार्ड्स का मिलान करने के बाद अब तक 10 करोड़ रुपए नगद सीज कर लिए गए हैं।

दोनों कारोबारी समूह के संचालकों के आवास के साथ ही कमीशन एजेंट्स व राइस ब्रोकर्स फर्म के संचालकों के आवासीय परिसर से मिली ज्वेलरी का मूल्यांकन कराने के बाद ढाई करोड़ की ज्वेलरी सीज की गई है। टीम हवाला के लेन-देन और बेनामी सम्पत्ति के एंगल से भी जांच कर रही है।




**18 ठिकानों पर जांच जारी**

शुक्रवार रात कुछ ठिकानों पर की जा रही जांच पूरी कर ली गई है, लेकिन अभी भी मुख्य दफ्तर और अन्य कार्यालय व आवास मिलाकर अभी भी 18 ठिकानों पर जांच की प्रक्रिया जारी है। टीम जांच के दौरान मिले दस्तावेज के आधार पर संचालकों का बयान दर्ज कर रही है। अब तक मिले 18 लॉकर्स में 12 लॉकर्स उनके संचालकों की उपस्थिति में आपरेट किए जा चुके हैं तथा शेष लॉकर्स की जांच भी जल्द ही की जाएगी।विशेषज्ञों की एक टीम डिजिटल रिकार्ड्स का बैकअप लेने में जुटी है। आयकर अन्वेषण छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की टीम ने सत्यम बालाजी समूह, साईं हनुमंत इंडस्ट्रीज के साथ ही कमीशन एजेंट्स, राइस ब्रोकर्स के 25 ठिकानों पर दबिश दी थी।

**कांट्रेक्टर फर्म पीआरए ग्रुप में भी आयकर जांच जारी**

मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय की टीम द्वारा कांट्रेक्टर फर्म पीआरए ग्रुप में की गई सर्वे की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही।प्रारंभिक जांच में खर्चे ज्यादा दिखाकर लाभ कम दर्शाए जाने के दस्तावेज मिले हैं। बताया जा रहा है टीम ने कांट्रेक्टर के कुछ दस्तावेज, खर्चों के बिल और हार्डडिस्क को भी सीज किया है। टीम को डिजिटल रिकार्ड में भी अनियमितताएं मिली हैं।संभावना बताई जा रही है कि संचालकों का बयान लेने के बाद देर रात तक सर्वे की कार्रवाई पूरी हो सकती है। गड़बड़ियों का खुलासा फाइनल रिपोर्ट तैयार होने पर ही हो पाएगा।

**स्वच्छ वायु सर्वेक्षण**

# देश के टॉप 10 शहरों में 8वें स्थान पर रायपुर

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय वन, पर्यावरण और जल वायु परिवर्तन मंत्रालय ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 के परिणाम घोषित किए हैं. इसमें छत्तीसग की राजधानी रायपुर को देश के टॉप 10 शहरों में 8वां स्थान मिला है. रायपुर को 177.5 स्कोर मिला है. वहीं सूरत देश में पहले स्थान पर है।




इस सर्वेक्षण में रायपुर ने टॉप 10 शहरों में अपनी जगह बनाते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले 41 शहरों की स्पर्धा में आठवां स्थान अर्जित किया है. केंद्र सरकार द्वारा धूल मुक्त वातावरण, कचरे को जलाने की प्रवृति पर अंकुश, निर्माण व विध्वंस अवशेष के निपटान, वायु गुणवत्ता स्तर और जागरूकता गतिविधियों के प्रभावी संचालन जैसे कई मापदंडों के आधार पर यह सर्वेक्षण किया गया था.

**इसलिए रायपुर को मिला 8वां स्थान**

निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के अनुसार स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर अंतर विभागीय समन्वय के आधार पर बीरगांव और रायपुर नगर निगम, पर्यावरण सरक्षण मंडल, सी एस आई डी सी, परिवहन, यातायात और पुलिस विभाग मिलकर काम कर रहे हैं. धूल कम करने निरंतर जल छिड़काव, बीटी व सीसी सड़क निर्माण, एंड टू एंड पेविंग, सी एंड डी प्रोसेसिंग प्लांट से निर्माण व विध्वंस अवशेष को पुन: उपयोगी बनाने के साथ ही वृक्षारोपण, कई नवाचारों पर इस बार फ़ोकस किया जा रहा है.

**टॉप टेन शहरों में ये शहर शामि**-इसके अलावा यांत्रिक विधि से रात्रिकालीन सड़क सफाई का दायरा 152 किमी तक बढ़ाया गया है. प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जांच शुरू की गई है. जागरूकता कार्यकर्मों के लिए रणनीति आधारित आईईसी गतिविधियां भी संचालित की जा रही है. निगम कमिश्नर ने कहा कि इन सभी प्रयासों का लाभ इस सर्वेक्षण में रायपुर को मिला है. इस रैंकिंग में टॉप-10 शहरों में सूरत, जबलपुर, आगरा, लखनऊ, कानपुर, वडोदरा, इंदौर, भोपाल, विजयवाड़ा, अहमदाबाद और दिल्ली के नाम भी शामिल हैं।

## दपूमरे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में बृजमोहन का नामांकन

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। सांसद बृजमोहन अग्रवाल को भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेल उपभोक्ता सलाहाकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। माननीय संसदीय कार्य मंत्री श्री किरेन रिजिजू की तरफ से जारी एक पत्र के माध्यम से यह जानकारी देते हुए आशा की गई कि, श्री अग्रवाल इस समिति में सदस्य के रूप में अपने बहुमूल्य समय से योगदान देंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेल उपभोक्ता सलाहाकार समिति के सदस्य के रूप में श्री अग्रवाल का यह नामांकन रेलवे सेवाओं और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने में सहायक होगा। इस समिति का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं और जरूरतों को सुनना और उनका समाधान करना है, ताकि रेलवे सेवाओं में सुधार किया जा सके।



रेल मंत्रालय द्वारा शीघ्र ही इस समिति के गठन, कार्य और कार्यक्रमों से संबंधित औपचारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। श्री अग्रवाल ने इस नए कार्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और इस समिति में कार्य करने का अवसर देने के लिए मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि वे इस समिति में उपभोक्ताओं के हित में काम करेंगे और रेलवे से संबंधित मुद्दों पर सक्रिय रूप से योगदान देंगे, ताकि बेहतर रेलवे सेवा सुनिश्चित की जा सके।

# निकाय चुनाव : भाजपा का घोषणा पत्र कल

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का नगरीय निकाय चुनाव का घोषणा पत्र 3 फरवरी को जारी हो रहा है। नगरी निकाय चुनाव का घोषणा पत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव की उपस्थिति में 3 फरवरी को दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जारी होगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को घोषणा पत्र समिति की फाइनल ड्राफ्ट की बैठक हुई। बैठक में घोषणा पत्र समिति के संयोजक पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। इस दौरान घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि हमने नगरीय क्षेत्र के समग्र विकास के दस्तावेज को अंतिम रूप दे दिया है।शहरों का विकास कैसे हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्र के विकास के इस दस्तावेज में प्रदेश वासियों के महत्वपूर्ण सुझाव संकलित किए गए हैं। घोषणा पत्र समिति की ओर से जारी नंबर व्हाट्सएप नंबर 9111014400, ईमेल आईडी व क्यूआर स्कैनर से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। आंकड़ों के मुताबिक व्हाट्सएप से 1115 ई-मेल से 310, और क्यूआर स्कैनर से 2086 सुझाव पूरे प्रदेश से प्राप्त हुए हैं।



आज की बैठक में घोषणा पत्र समिति के सदस्यों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को घोषणा पत्र में शामिल कर अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर विधायक मोतीलाल साहू, राकेश सेन, राकेश पांडेय, पूर्व महापौर अंबिका यदु, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, प्रवक्ता दीपक म्हस्के, शशांक शर्मा, उज्जवल दीपक एवं हेमंत पाणिग्रही मौजूद थे।

# बजट को लेकर भाजपा-कांग्रेस में घमासान

## पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने नकारा

**रायपुर, 1 फरवरी ( देशबन्धु )। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सितारमण ने आज अपने कार्यकाल में 8वां केंद्रीय आम बजट पेश किया। बजट से भाजपा नेता जहां गद्गद् नजर आए वहीं कांग्रेस बजट से खुश नहीं है। भाजपा नेताओं ने बजट को ऊंची उड़ान देने वाला विकसित भाजपा का बजट करार दिया है। वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस बजट से नाखुश है। बजट को कांग्रेस ने अव्यावहारिक करार देते हुए कहा कि बजट में मिडिल क्लास , लोअर मिडिल क्लास, गरीब और किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। वहीं कर्मचारी संघों, व्यापारियों और पेंशनरों ने बजट की प्रशंसा की है।**

### बजट मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसा : भूपेश बघेल



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज अपना बजट पेश किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि इस बजट में मिडिल क्लास, लोअर मिडिल क्लास, गरीबों और किसानों के लिए कुछ नहीं है।

भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि रुपए का अवमूल्यन हो चुका है। 86 रुपए (प्रति डॉलर) पार हो चुका है।ऐसे में ये अंतर (आयकर की सीमा) बढ़ाए हैं, उससे कुछ फर्क पड़ने वाला नहीं है। इसके अलावा बजट पेश करने के बाद बाजार बैठ गया है। विदेशी निवेशक पहले से ही पैसे निकाल रहे थे, अब और इससे दुष्प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए, रोजगार के लिए कुछ भी नहीं है। जो भी कहा गया है वह अव्यवहारिक है। घाटा कैसे कम होगा, इसके बारे में कुछ भी नहीं है। इस तरह से जो कुछ भी बताया जा रहा है वह मुंगेरी लाल के हसीन सपने के अलावा और कुछ नहीं है।

### विकास को ऊंची उड़ान देने वाला बजट : किरणदेव सिंह



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने इसे गरीब-किसान और मध्यमवर्ग के जीवन को संवारने वाला बजट करार दिया है।इसमें देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मध्यम वर्ग को जहां 12 लाख की सालाना आय को टैक्स मुक्त करते हुए किसानों को 5 लाख रुपए तक के लोन में छूट दी है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में मोदी की सरकार ने कई बड़ी सौगात दी है, इससे छत्तीसगढ़ के विकास को और रफ्तार मिलेगी और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हमारे प्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। केंद्रीय बजट ने हुई घोषणाओं से छत्तीसगढ़ के विकास में और तेजी आएगी। केंद्रीय बजट से किसान, युवा और उद्यमियों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ मिलेगा।

### बजट से आम जनता, किसानों सहित सभी वर्गों को लाभ मिलेगा : चौधरी



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट 2025 को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अलग-अलग वर्ग को होने वाले फायदे गिनाए हैं।उन्होंने 12 लाख रुपए की आमदनी पर टैक्स में पूरी तरह से दी गई छूट का सबसे पहले जिक्र करते इसे मध्यम वर्ग के लिए बहुत बड़ी छूट करार दिया है।

. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 12 लाख रुपए तक की आमदनी में आयकर में छूट से सरकारी कर्मचारियों को, छोटे व्यापारियों को, मध्यम वर्ग के लोगों को बड़ा लाभ होगा।

इसके अलावा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत तीन लाख तक का लोन बिना ब्याज के मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब पांच लाख रुपए कर दिया गया है, जो बहुत बड़ी बात है।

### झूठे वादे, खोखले दावे का बजट : दीपक बैज



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि अर्थव्यवस्था को गर्त में ले जाने वाला घोर निराशाजनक बजट है। दावा था 8 से 9 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ रेट का लेकिन हकीकत 7 प्रतिशत से कम है। मोदी सरकार का फोकस केवल बिहार चुनाव पर है, जहा इसी वर्ष अक्टूबर नवंबर में चुनाव है मखाना बोर्ड केवल बिहार के लिए ? देश के बाकी किसान भाजपा सरकार के फोकस में नहीं हैं। छत्तीसगढ़ के नई राजधानी में एम्स का अपोजिट पिछले 3 साल से अटका है इस बजट में उसके लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। रावघाट सहित नई रेल लाइन रायपुर-बलौदा होकर रायगढ़ का अब तक सर्वे तक नहीं करवा पाए हैं।इस बजट में बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता के लिए प्रत्यक्ष तौर पर कोई राहत रियायत या सब्सिडी नहीं है।

मोदी सरकार के बजट में एक बार फिर से किसानों को ठगा है। केवल क्रेडिट कार्ड से कर्ज की लिमिट बढ़ाने से किसानों का भला नहीं हो सकता।उन्होंने कहा है कि बेसिक एक्जम्पशन लिमिट और 87 के रिबेट में अंतर है। केवल नए रिजिम ऑप्ट करने वालों के लिए बेसिक एक्जम्पशन लिमिट में मात्र एक लाख की बढ़ोतरी की गई है।3 से 4 लाख, अर्थात 12 लाख से अधिक आय पर 4 लाख से अधिक के इनकम पर टैक्स देना होगा।

### केंद्रीय बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाला : विजय शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय बजट पर कहा कि केंद्रीय बजट में ग्रामीण अंचलों में रोजगार बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। आज मोदी सरकार के10 वर्षों के कार्यकाल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकल गए हैं, इस बजट के प्रावधानों से यह आकड़ा और बढ़ेगा। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में देश का रक्षा बजट केवल 2 लाख करोड़ का होता था आज यह बजट लगभग 7 लाख करोड़ हो गया है यह हम सबके लिए गर्व की बात है देश की सेना को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है।

विजय शर्मा ने कहा 'यह बजट सरकार की विकास की गति को बढ़ाने, सभी के डेवलपमेंट, मिडिल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित है, जो 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।आज भारत की इकोनामी विश्व की सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 7.7 करोड़ किसानों को अल्पकालिक लोन की सुविधा दी जाएगी। वहीं, यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए 12.78 लाख मीट्रिक टन की क्षमता वाला यूरिया संयंत्र स्थापित किया जाएगा। इसका लाभ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से छत्तीसगढ़ को भी मिलेगा। ग्रामीण संपन्नता और अनुकूलन निर्माण राज्यों की भागीदारी से शुरू किया जाएगा। कौशल, निवेश से कृषि में रोजगार का सुधार होगा। इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में विकल्प पैदा करना है। युवा किसानों, ग्रामीण महिलाओं, और छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित किया गया । पहले चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा। श्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है।

### कार्पोरेट परस्त बजट : सीटू

सीटू ने भाजपा/एनडीए सरकार के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 की कड़ी निंदा की है। सीआईटीयू इस बजट को सरकार की पूंजीवादी और जनविरोधी नीतियों का प्रतीक मानता है, जो कथित तौर पर जनहित और विकास की बजाय इस सरकार की कार्पोरेट परस्ती का प्रमाण है।सीआईटीयू ने बजट में आर्थिक सर्वेक्षण के निष्कर्षों को नजरअंदाज करने के लिए आलोचना की है, जो 2023-24 में सैलरीड और स्व-रोजगार करने वाले श्रमिकों की मजदूरी/आय की स्थिति को उजागर करता है। कॉरपोरेट लाभ 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बावजूद, मजदूरी और आय अभी भी पूर्व-कोविड स्तर से नीचे है, जिससे आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ रहा है।

### बजट राज्य के कर्मचारी भी खुश
### फेडरेशन ने पीएम, वित्त मंत्री का जताया आभार



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए देश का आम बजट पेश किया। केंद्रीय बजट ने छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को भी खुश कर दिया है। कर्मचारी- अधिकारी नेता केंद्र सरकार का आभार व्यक्त कर रहे हैं।छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े कर्मचारी संगठन कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने केंद्रीय बजट में आयकर के स्लैब में किए गए बदलाव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आयकर स्लैब में बदलाव की मांग हम लंबे समय से कर रहे थे। केंद्र सरकार की घोषणा से न केवल सरकारी कर्मचारी बल्कि आम लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। आयकर के स्लैब में किए गए बदलाव के लिए फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारण को धन्यवाद कहा है।

### मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट: हरख

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा है की केंद्रीय बजट मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट है हमने वित्त मंत्री से आयकर की सीमा बढ़ाने एवं नए रिज्यूम में टैक्स स्लैब में 25त्न को भी शामिल की मांग की थी जिसे स्वीकार कर लिया गया अब 12 लाख तक की आय पर किसी प्रकार का कर नहीं देना पड़ेगा इसके साथ ही पहले 15 लाख के बाद 30त्न कर देना पड़ता था अब 24 लाख की बाद 30त्नकर देना पड़ेगा यह मध्यम वर्ग के लिए बहुत बड़ी राहत है वित्त मंत्री बधाई की पात्र हैं

### बजट का उद्देश्य विकास को गति देना,स्वास्थ्य एवं शिक्षा आदि नियामक सुधारों में सुधार शुरू करते हुए देश की क्षमता को खोलना है

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन प्रदीप टंडन ने कहा कि बजट का उद्देश्य विकास को गति देना और कराधान, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र, बिजली और नियामक सुधारों में सुधार शुरू करते हुए देश की क्षमता को खोलना है। समावेशी विकास और अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए मध्यम वर्ग के खर्च को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एमएसएमई वर्गीकरण के लिए 2.5 गुना की निवेश सीमा से इस सबसे बड़े क्षेत्र में अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। फुटवियर, चमड़ा और खिलौने उद्योग को बढ़ावा देने से 22 लाख नौकरियां, ?4रुकरोड़ का राजस्व और 1.1रुकरोड़ से अधिक का निर्यात होगा। मछली उत्पादन और जलीय कृषि, समुद्री क्षेत्र में समुद्री खाद्य निर्यात भारतीय अनन्य आर्थिक क्षेत्र से मत्स्य पालन के स्थायी दोहन के लिए एक सक्षम ढांचा लाएगा और उच्च समुद्र नए अवसर पैदा करेगा और अर्थव्यवस्था को समृद्ध करेगा। हर जिले में कैंसर अस्पताल खोलना और शहरों को बदलने के उद्देश्य से शहरी चुनौती निधि, प्राथमिक विद्यालयों में ब्रॉडबैंड सुविधा से शिक्षा और सामाजिक चेतना के नए रास्ते खुलेंगे। विस्तारित जल जीवन मिशन के साथ बढ़ी हुई लागत से न केवल पीने योग्य पानी उपलब्ध होगा बल्कि पाइप निर्माण को और बढ़ावा मिलेगा। 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन से नए रास्ते खुलेंगे। संशोधित उड़ान योजना, चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ 120 नए गंतव्यों को जोड़कर यात्रा-पर्यटन और बुनियादी ढांचा उद्योग को बढ़ावा देगी, जिससे 4 करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी। बीमा एफडीआई को 74त्न से बढ़ाकर 100त्न करने से नई और सस्ती योजनाएं शुरू होंगी। एलआरएस प्रेषणों पर टीसीएस की सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये, टीडीएस सीमा 6 लाख रुपये, निर्दिष्ट वित्तीय संस्थानों से 10 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण पर टीसीएस हटाने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खर्च करने की शक्ति को बढ़ावा मिलेगा।



### देश में पूंजी का निर्माण करने वाला ऐतिहासिक बजट : चेंबर

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान ने आज पेश हुए बजट का स्वागत किया।उन्होंने कहा प्रस्तुत बजट में आयकर में महत्वपूर्ण छूट दी गई है जिससे देश में पूंजी का निर्माण होगा और क्रय शक्ति बढ़ेगी जिसके फलस्वरूप उद्योग एवं व्यापार का विकास होगा और देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। व्यापार एवं उद्योग के साथ गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी एवं वरिष्ठ नागरिकों पर आधारित यह एक संतुलित बजट है। प्रस्तुत बजट च्विजन 2047 समृद्ध भारतज्की ओर ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रशिक्षण लेने पश्चात अधिकारियों द्वारा ननि के सभी वार्डों के मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन



**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के जोन कमिश्नरों द्वारा रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज मास्टर ट्रेनर्स से ईव्हीएम मशीनों के प्रदर्शन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के तत्काल पश्चात सभी 10 जोनों के 70 वार्डों के मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिया गया है. नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी एवं नगर निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा सहायक नोडल अधिकारी रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त की गयी हैं. सभी जोन कमिश्नरों को अपने - अपने जोन क्षेत्र में सभी वार्डों के मतदान केन्द्रों में ईवहीएम मशीनों का प्रदर्शन करने का दायित्व दिया गया है. जोन कमिश्नरों ने वार्डों में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन करने जोन अधिकारियों को प्रशासनिक कार्य दायित्व दिया है. नगर निगम जोन 10 के तहत गुरू घासीदास वार्ड नम्बर 48 में श्रीमती सत्यभामा सुंदरानी कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंधी कॉलोनी रवि ग्राम कमरा नम्बर 3, प्राथमिक शाला नई इमारत श्याम नगर,जेआर नायडू उच्चतर माध्यमिक शाला रविग्राम कमरा नम्बर,रानी दुर्गावती वार्ड नम्बर 49 के पुरैना स्कूल परिसर, पण्डित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 51 के अमलीडीह स्कूल परिसर, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 के सेंट जोसेफ स्कूल, द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल,आंगनबा ?ी अमलीडीह जोन 10 गणेश राम जीवनानी स्कूल, बाबू जगजीवन राम वार्ड नम्बर 53 में डुमरतराई प्राथमिक शाला परिसर, देवपुरी प्राथमिक शाला,प्राथमिक शाला परिसर डुंडा, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड नम्बर 54 में प्राथमिक शाला बोरियाखुर्द, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरियाखुर्द, थ्रोसियन पब्लिक स्कूल, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड नम्बर 55 में स्वामी आत्मानंद पूर्व माध्यमिक शाला भवन लालपुर, स्वामी आत्मानंद प्राथमिक शाला भवन लालपुर,लेफ्टिनेंट अरविन्द दीक्षित वार्ड नम्बर 56 में स्वामी आत्मानंद पूर्व माध्यमिक शाला भवन लालपुर, सरस्वती शिशु मन्दिर, संत ज्ञानेश्वर उच्चतर माध्यमिक शाला प्रियदर्शिनी नगर, श्वेता विद्या मन्दिर के मतदान केन्द्र में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन किया गया एवं नागरिकों को ईव्हीएम मशीन से मतदान करने की प्रक्रियाओं से अवगत करवाया गया. इसी प्रकार सभी 10 जोनों के सभी 70 वार्डों के मतदान केन्द्रों में मतदाता नागरिकों को ईव्हीएम मशीनों से मतदान करने की प्रक्रियाओं की जानकारी देने ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन नगर निगम के जोन अधिकारियों द्वारा छत्तीसग ? राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार प्रारम्भ कर दिया गया है. मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीनों के प्रदर्शन का मतदाता नागरिकों को ईव्हीएम मशीन से मतदान करने की प्रक्रियाओं से अवगत करवाने का सिलसिला नगर निगम रायपुर के सभी 70 वार्डों के मतदान केन्द्रों में जारी रहेगा. छत्तीसग ? राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु मतदान की तिथि दिनांक 11 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजे से संध्या 5 बजे तक निर्धारित की गयी है, जबकि दिनांक 15 फरवरी 2025 को मतगणना की जाएगी.

## ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन सभी वार्डों में किया जाएगा

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार राजधानी शहर रायपुर के जे. एन. पाण्डेय शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन सभी वार्डों में करने जोन कमिश्नरों एव मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्रशिक्षण छत्तीसग ? राज्य निर्वाचन आयोग ओर रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के दिशा - निर्देश अनुसार दिया गया. ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन नगर पालिक निगम रायपुर के समस्त 70 वार्डों में छत्तीसग ? राज्य निर्वाचन आयोग ओर रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के आदेशानुसार किया जायेगा. इस हेतु रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में ईव्हीएम मशीनों के प्रदर्शन एवं इस हेतु अधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा को नोडल अधिकारी एवं नगर पालिक निगम रायपुर की उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है.आज ईव्हीएम मशीनों के प्रदर्शन हेतु दिए गए प्रशिक्षण में रायपुर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा सहित उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, डॉक्टर दिव्या चन्द्रवंशी, श्री जसदेब सिंह बाबरा की उपस्थिति रही. आज रायपुर जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार ईव्हीएम मशीनों के वार्डों में प्रदर्शन किये जाने हेतु सभी जोन कमिश्नरों को नगर निगम के जोन क्षेत्र हेतु एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को रायपुर जिले के शेष नगरीय निकाय के तहत नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों में ईव्हीएम मशीनों के प्रदर्शन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण छत्तीसग ? राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के दिशा - निर्देश अनुसार दिया गया. अब नगरीय निकाय क्षेत्र के समस्त वार्डों में ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्शन किया जायेगा. नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु मतदान दिनांक 11 फरवरी 2025 एवं मतगणना दिनांक 15 फरवरी 2025 को होनी है.

**जोन कमिश्नरों, सीएमओ को दिया गया प्रशिक्षण**

## निकाय चुनाव तथा ईवीएम पर रेडक्रास सभाकक्ष कलेक्टोरेट में मीडिया के लिए कार्यशाला




**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव तथा ईवीएम के संबंध में आज रेडक्रॉस सभाकक्ष कलेक्टोरेट में मीडिया के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह तथा मास्टर ट्रेनर डॉ अजीत हुंडेत ने निर्वाचन में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम के कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इस दौरान मीडिया के साथियों ने स्वयं ईवीएम मशीन का डेमो लिया। इस दौरान कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि जल्द ही ईवीएम मशीन का प्रदर्शन नगर निगम मुख्यालय में किया जाएगा। इस अवसर पर एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बजट पर प्रतिक्रिया....

### मोदी सरकार की अदूरदर्शिता का प्रमाण है बजट : सुशील शुक्ला



मोदी सरकार की अदूरदर्शिता का प्रमाण है 2025 का केंद्रीय बजट। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस बजट ने देश की जनता को निराश किया है। यह बजट बताता है कि मोदी सरकार के आने वाले साल भी देश की जनता के लिए अच्छा नहीं रहने वाला, बजट में कोई भी दूरदर्शिता नहीं दिख रही। युवा, किसान, मजदूर, महिला सभी इस बजट से खुद को ठगा महसूस कर रहे है। किसानों के उपज की पूरी कीमत मिले इसके लिये एमएसपी को कानूनी गारंटी के लिए कोई प्रावधान नहीं। इसके साथ ही कृषि ऋण माफी पर बजट में कुछ नहीं। पीएम फसल बीमा योजना में सुधार के लिए कुछ नहीं है। मनरेगा के बजट में कटौती कर दिया। रोजगार बढ़ाने के लिए कोई प्रावधान नहीं। युवाओं को रोजगार के नये अवसर कैसे बढ़ेंगे। इस बजट में कुछ भी नहीं बताया है। महिलाओं के लिए बजट में कुछ नहीं है। श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा की जुमला नीति से महंगाई की मार लगातार बढ़ती जा रही है।

### बजट में महिलाओं के लिए कुछ नहीं : वंदना राजपूत




प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने केंद्रीय बजट को जन अपेक्षा के विपरीत निराशाजनक बजट कहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। बजट का महिलाएं बेसब्री से प्रतीक्षा करती रहती है कि महिला वित्त मंत्री बजट पेश कर रही है तो महिलाओं के लिए बजट की पिटारा में बहुत कुछ निकलेगा लेकिन हर बार की तरह इस बार भी बजट के पिटारा में महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं निकला। इस बजट में महंगाई से राहत या महंगाई को नियंत्रण करने की कोई योजना नहीं है।महिला सुरक्षा को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

### पहली बार आम लोगों का बजट है : चेतन तारवानी



सीए चेतन तारवानी ने बजट को लेकर कहा कि पहली बार इस बजट को हर व्यक्ति ने सराहा है क्योकि यह आम लोगो का बजट है। हर व्यक्ति को लगा कि यह बजट हमारे लिए है इंकम टैक्स में उम्मीद से ज़्यादा छूट देकर करदाताओ का दिल जीत लिया है।इस बजट ने किसानों के साथ साथ व्यापारी युवा महिलाओ के लिए अवसर प्रदान किए गए है गलती से इंकम बताना छूट जाना अब अपराध नहीं वरन चार साल में ठीक करने का मौका दिया जा रहा है। अब दो मकान अपने निजी रहवास के लिए रख सकते है उस पर काल्पनिक किराया लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीडीएस तथा टीसीएस में अनेक प्रकार की रियायतें दे कर सरलीकरण का संदेश दिए है।पहले अगर किसी व्यक्ति ने आयकर का रिटर्न नहीं भरा है तो उसे पर टीडीएस अधिक दर से लगता था। अब यह प्रावधान भी हटा दिया गया है।अब केवल ऐसे व्यक्ति जिनके पास पैन कार्ड नहीं है उन पर ही टीडीएस की अधिक दर लगेगी ।

### बजट में जीवन रक्षक दवाओं को सीमा शुल्क से छूट का स्वागत : अश्विनी विग



रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के उपाध्यझ अश्वनी विग का कहना है बजट कुल मिला कर आम जनता के हितो को ध्यान रख कर तैयार किया गया है जो स्वागतयोग है। 36 जीवन रक्षक दवाओ पर कस्टम टैक्स मे छूट दी गयी है जिसमे कुछ कैंसर की दवाये है आम जनता को उक्त दवाये सस्ती मिलेंगी कुछ मेडिकल उपकरणो पर भी छूट का प्रावधान है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए 37,226.92 करोड़ का बजट का प्रावधान है जो सरकार की मंशा को प्रदर्शित करता है। सरकार द्वारा 200 नए कैंसर केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है, इससे कैंसर के इलाज में सुधार होगा और अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचेंगी, इसके साथ ही, अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डेकेयर कैंसर केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### जनता को राहत देने वाला बजट है : ललित जैसिंघ



भाजपा रायपुर जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने आज पेश हुए बजट पर प्रतिक्रिया में कहा जनता को राहत देने वाला बजट है। हर वर्ग का बजट में ख्याल रखा गया है।साथ में इनकम टैक्स के स्लैब में जो राहत दी है जिसमे मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है।ललित जैसिंघ ने शानदार बजट देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवम रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार जताया है।

### बजट से बुजुर्गों में खुशी : नामदेव

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री व छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने लोकसभा में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिकों को राहत देने वाला बजट निरूपित किया है। टीडीएस कटौती सीमा को पचास हजार से बढ़ाकर एक लाख करने के साथ ही आयकर की सीमा को भी 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख किए जाने की घोषणा को पेंशनरों, कर्मचारियों तथा सभी वेतनभोगी लोगो के लिए कल्याणकारी कदम बताया है।

### सराफा कारोबारियों को कोई राहत नहीं : प्रकाश

छग सराफा एसोसिएशन के महामंत्री प्रकाश गोलछा ने बजट पर प्रतिक्रिया में कहा कि मेटल में टेक्स,28 फीसदी से, घटाकर,10 फीसदी करने, से सभी तरह के मेटल के रेट कम होगे। लेकिन सरकार ने सोने चांदी में कोई राहत नहीं दी है। सराफा कारोबारियों को उम्मीद थी कि डेबिट और क्रेडिट कार्ड में जो कमीशन कटता है वो समाप्त किया जाना थ।,कैश लेने में अभी दो लाख रुपए नकद भुगतान तक माल बिक्री का प्रवधान है लेकिन ग्राहक अगर माल बिक्री करता है तो उसे दस हजार से अधिक नगद भुगतान नहीं किया जा सकता है,उसकी सीमा बढाये जाने मांग की गई थी।

### अर्थव्यवस्था को गति देने की मंशा : देवेन्द्र अग्रवाल



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मोदी 3.0 के पहले बजट का मुख्य उद्देश्य बाजार में मांग को बढ़ाना है, ताकि अर्थव्यवस्था को गति दी जा सके। कर सलाहकार देवेन्द्र अग्रवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा आयकर में 12 लाख तक की छूट टीडीएस के मानक राशि में बढ़ोत्तरी से अतिरिक्त नगद प्रवाह को बल मिलेगा जिससे बाजार में नयी मांग सृजन हो सकेगी।बजट में आयकर में भारी छूट को 8 वे वेतन आयोग जो कि जनवरी 2026 में लागू होने जा रहा है, कि दृष्टिगत से भी देखा जा रहा है। मध्यम एवं लघु उद्योग के विभिन्न वर्गों की सीमा में परिवर्तन किया गया है जिससे कि वे उद्योग बेहतर तकनीक उन्नयन और पूंजी निवेश कर सके। निर्यात को बढ़ावा के लिए भारत टेऊ्ड नेट का एकीकृत मंच विकसित करने की योजना है, जहां से निर्यात संबंधित सभी कार्य पूर्ण हो सकेंगे। कुल मिलाकर बजट सुस्त अर्थव्यवस्था में पुन: जान फूंकने का प्रयास मांग एवं धन प्रवाह के जरिये गति देने का प्रयास है।

### मध्यम वर्ग, गरीबों, युवाओं एवं किसानों के लिए तोहफा : कैट



कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह ने प्रतिक्रिया में कहा कि बजट मध्यम वर्ग, गरीबों, युवाओं एवं किसानों के लिए तोहफा है। यह देश को विकास की ओर ले जाने वाला बजट है। देश में पहली बार 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वहीं किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख तक बढ़ाई गई है। एमएसएमई के लिए 5 करोड से बढ़ाकर 10 करोड़ तक लोन की सीमा की गई। 4) स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड तक सीमा बढाई गई है। ग्रामीण भारत मे रोजगार के अवसर बढेंगे। पीएम धन-धान्य योजना लाई जायेगी। युवाओं को रोगार देना सरकार की प्राथमिकता। नये उद्योगपतियों को 2 करोड़ का लोन। 50 पर्यटनों स्थलों को विकसित किया जायेगा। गंभीर बीमारी के मंहगी दवाओं पर कस्टम डयूटी फ्री और इलेक्ट्रिकल वाहन एवं मोबाईल सस्ते होगे।

### कार्पोरेट परस्त बजट : सीटू

सीटू ने भाजपा/एनडीए सरकार के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 की कड़ी निंदा की है। सीआईटीयू इस बजट को सरकार की पूंजीवादी और जनविरोधी नीतियों का प्रतीक मानता है, जो कथित तौर पर जनहित और विकास की बजाय इस सरकार की कार्पोरेट परस्ती का प्रमाण है। सीटू छत्तीसगढ़ के सचिव धर्मराज महापात्र ने बजट में आर्थिक सर्वेक्षण के निष्कर्षों को नजरअंदाज करने के लिए आलोचना की है।

कॉरपोरेट लाभ 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बावजूद, मजदूरी और आय अभी भी पूर्व-कोविड स्तर से नीचे है, जिससे आर्थिक मंदी का सामना करना पड़ रहा है।यह बजट बड़े व्यवसायों और कॉरपोरेट्स के हितों को प्राथमिकता देता है, जबकि श्रमिक वर्ग और आम जनता की जरूरतों को नजरअंदाज करता है। सीटू ने सरकार पर अमीरों के हित में गरीबों के साथ विनाशकारी परियोजना चलाने का आरोप लगाया है।कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2025-26 को च्लूट और प्लंडर का ब्लूप्रिंटज्ज करार दिया है।

### केंद्रीय बजट राष्ट्र को समर्पित : धरमलाल कौशिक



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्र सरकार की बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि केंद्र की यह बजट राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने वाली बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदृष्टि का महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसे केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने देश के सदन के पटल पर रखा है। यह बजट 3ष्ठ को समर्पित है अर्थात डी फॉर - डेवलपमेंट, डी फॉर - डिमांड, डी फॉर - डिजिटाइजेशन डेवलपमेंट के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना। डिमांड से समाज में समग्र पूर्ति की बातें और डिजिटलाइजेशन से समाज में नए भारत और विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने का फैसला लिया गया है।

### पिपरी रिटायर, विजय को मिला ईएनसी का अतिरिक्त प्रभार

राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग मंत्रालय में ओएसडी विजय भतपहरी को आगामी आदेश तक ईएनसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। पिपरी हुए रिटायर, विजय को मिला ईएनसी का अतिरिक्त प्रभार वैकल्पिक व्यवस्था के तहत यह नियुक्ति की गई है। करीब दो वर्ष पहले कांग्रेस शासन में सरकार ने भतपहरी को हटाकर पिपरी को ईएनसी नियुक्त किया था।

### गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए केंद्रीय बजट में मिली बड़ी सौगात : संजय श्रीवास्तव



भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्रीय बजट में सम्पूर्ण क्षेत्र और वर्गों के विकास की ऐतिहासिक नींव रखी गई है। इससे भारत विकसित राष्ट्र बनने के साथ ही विश्व गुरू बनेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में पेश हुआ बजट सबका साथ सबका विकास के संकल्प पर आधारित है। कहा कि केंद्रीय बजट में ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसके लिए ख्याल न रखा गया हो। केंद्रीय बजट से निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों पर बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा, इसमें सभी वर्ग शामिल है। जिनके विकास से ही विकास की परिभाषा पूरी होती है। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विकास की राह पर तेजी के साथ आगे बढ़ेगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने की दिशा में क्रांतिकारी कदम : जगदीश रामू रोहरा

भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि पीएम मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत हुआ बजट देश के लिए क्रांतिकारी साबित होगा। बजट देश की स्वास्थ्य के व्यवस्था को सुधारने की दिशा में बड़ा कदम है। इसके अलावा आईआईटी में 6,500 सीटों की वृद्धि की भी इस बजट में घोषणा की गई है। माइनिंग सेक्टर में बड़े रिफॉर्म्स के लिए मिशन चलाए जा रहे है। हमारे छत्तीसगढ़ के कटघोरा में लिथियम का डिपोजिट मिला है। इस तरह के मिशन को इससे बड़ा लाभ मिलेगा। इसके अलावा 36 प्रकार की जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स मुक्त किया गया है। जिसका लाभ देश की गरीब जनता को मिलेगा।

### बजट में जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स मुक्त करना क्रांतिकारी कदम : रामजी भारती

भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि आजाद भारत को कांग्रेस ने हमेशा कमजोर करने की साजिश रची है। इसलिए कभी कांग्रेस शासित या समर्थित सरकारों ने गरीबों और दबे कुचलों तथा दलितों, आदिवासियों के साथ आम जन को सबल बनाने वाला बजट नहीं लाई। लेकिन पीएम मोदी की सरकार ने ऐसी नीतियां और अपने केंद्रीय बजट से प्रावधान किए कि आज करोड़ों लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले। कहा कि इतना ही नहीं देश आज ने हर क्षेत्र में विकास किया है।

### बजट से सच होंगे सबके सपने : भरत लाल वर्मा

भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने भरत लाल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट में सर्व कल्याणकारी योजनाओं को शामिल करके यह साबित कर दिया है पीएम मोदी सिर्फ देश के लिए सोचते हैं। इस ऐतिहासिक बजट में सभी वर्गों का ख्याल किया गया है। 6 जीवन रक्षक दवाओं पर पूरी तरह से ड्यूटी टैक्स खत्म किया जाएगा। सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। इसके अलावा, कैंसर के इलाज की दवाएं सस्ती होंगी और 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5 फीसदी कर दी गई है। इससे गरीब जनता को बड़ा लाभ मिलेगा। लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, इसका लाभ छत्तीसगढ़ को भी मिलेगा।

### भारत का भाग्य बदलने केंद्र सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित करने वाला, सर्व समावेशी बजट : केदार कश्यप



आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस बजट को लेकर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता और वन मंत्री केदार कश्यप ने बयान जारी करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का ये महत्वपूर्ण बजट प्रस्तुत हुआ है। यह बजट देश के गरीबों, अन्न दाताओं, युवाओं, नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला बजट है। प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरदर्शी सोच और सशक्त नेतृत्व के कारण इस बजट हमारे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए आय को कर मुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निश्चित तौर पर इस जनकल्याणकारी निर्णय से मध्यम वर्ग सहित देश का जन-जन लाभान्वित होगा। यह फ़ैसला न केवल आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि लोगों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव लाएगा।

## दपूमरे ने किया 6900.98 ट्रैक किमी लाइन का विद्युतीकरण

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने विद्युतीकरण अभियान में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। रेलवे क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता और हरित परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अब तक 6900.93 ट्रैक किलोमीटर (ञ्चरू) का विद्युतीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, जो 1 अप्रैल 2003 को अस्तित्व में आया, ने अपने गठन के बाद से ही रेलवे संरचना को आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न मंडलों ङ्क बिलासपुर, रायपुर और नागपुर ङ्क में तीव्र गति से विद्युतीकरण कार्य हुए हैं।


## निधन

### पुष्पा देवी माहेश्वरी



**बलौदाबाजार,** 1 फरवरी। नगर की पुष्पा देवी माहेश्वरी पति स्व. प्रेमचंद माहेश्वरी का 90 वर्ष की आयु में लोक गमन हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा 2 फरवरी दिन रविवार दोपहर 1 बजे निज निवास शनि मंदिर दशहरा मैदान से रायपुर स्थित मोक्ष धाम में जाएगी जहां अंतिम संस्कार होगा। वे अरुण, सुनील, प्रदीप एवं दिलीप माहेश्वरी की माता एवं अंशुल, आयुष, हर्षित की दादी थी।

### सेजबती बघेल



**दुर्ग,** 1 फरवरी। ग्राम मटंग (पाटन) निवासी सेजबती बघेल 95 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बड़ी मां और त्रिवेणी, देवहूती की माता थी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, परिवारजन एवं गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

### सुनील श्रीवास्तव



**दुर्ग,** 1 फरवरी। भिलाई-3 बिजली कालोनी निवासी सुनील श्रीवास्तव (66) का आज शंकराचार्य अस्पताल में निधन हो गया। वे सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यापक रह चुके थे। अंतिम संस्कार आज ही कर दिया गया। वे सूरज श्रीवास्तव एवं प्रियंका वर्मा के पिता तथा समक्ष वर्मा के श्वसुर थे।

# मालवाहक वाहन में दुकान का संचालन

## वाहन मालिकों के विरूद्ध यातायात पुलिस का अभियान , 6 वाहन जप्त




**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)।शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस लगातार नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज शहर के प्रमुख मार्गो पर कुछ छोटे मालवाहक वाहन मालिकों द्वारा मोडिफाइ कर दुकान का स्वरूप देकर सामान्य यातायात को बाधित करते हुए व्यवसाय किया जा रहा था।इनके द्वारा आम सड़क पर नोपार्किंग में वाहन खड़ी कर व्यवसाय किया जा रहा था इनके ग्राहक भी रोड पर वाहन खड़ी कर खरीदारी करते थे इस दौरान सामान्य यातायात बाधित होकर जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी एवं दुर्घटना की आशंका बनी हुई रहती है जिसे देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा सुगम.सुरक्षित व्यवस्था हेतु उक्त वाहनों के विरूद्ध जप्ती की कार्यवाही करते हुए पंचनामा तैयार कर प्रकरण निराकरण के लिए न्यायालय भेजा गया है। इस संबंध में डीएसपी ट्रेफिक सतीश ठाकुर द्वारा बताया गया कि उपरोक्त वाहन चालकों द्वारा बिना आर.टी.ओ के जानकारी के बिना परमिट के वाहनो को मोडिफाइ कर लिया गया है जो कि परमिट शर्तो का उल्लंघन है इतना ही नही इनके द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र में बिना निगम के अनुमति लिए व्यवसाय किया जा रहा है इसके अतिरिक्त शहर के मुख्य मार्गो पर लापरवाही पूर्वक नो पार्किंग में वाहन खड़ी कर दूसरे वाहन चालकों की जान को जोखिम में डाल कर व्यवसाय किया जा रहा था जिसे यातायात पुलिस द्वारा पकड़ कर जप्ती की कार्यवाही की गई एवं प्रकरण निराकरण के लिए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से ठगी



**आरोपी टामन सोनवानी के साले के बाद उसका सहयोगी गिरफ्तार**

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नौकरी का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने के मामले में सीजीपीएससीके पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी के बाद अब उनके सहयोगी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी देवेंद्र जोशी का सहयोगी स्वपनिल दुबे रेलवे में काम करता है सीजीपीएससी घोटाले में जेल बंद टामन सोनवानी के साले देवेंद्र जोशी और उसकी पत्नी झगीता जोशी को बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने पर दो दिन पहले गिरफ्तार किया था अब तक 20 लोगों से ठगी की जानकारी पुलिस के हाथ लगी है पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान देवेंद्र ने बताया कि ठगी के इस पूरे गिरोह में कई रेलवे और पुलिस के कर्मचारी भी शामिल हैं मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए देवेंद्र जोशी के सहयोगी रेलवे कर्मचारी स्वप्निल दुबे को भी गिरफ्तार किया है सिविल लाइन थाना प्रभारी रोहित मालेकर ने बताया कि स्वप्निल दुबे को परसों गिरफ्तार करके कल कोर्ट पेश किया गया है अभी आरोपी को जेल नहीं भेजा गया है फिलहालए पुलिस रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है पूछताछ में और भी कई खुलासे हो सकते हैं जानकारी के अनुसारए पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि देवेंद्र जोशी ने अपने जीजा समेत कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से अपनी पहचान का हवाला देते हुए रिश्तेदारों से डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की है वहीं जांच में यह बात भी सामने आई कि मामले में कई पुलिस कर्मचारियों के नाम सामने आने के बाद भी उनके खिलाफथाने में दर्ज एफआईआर की जांच सुस्त पड़ी थी अब सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफधोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# जल्द बदलेगा रायपुर एसपी ऑफिस का पता



- कबीर चौक के सरकारी बंगले में होगा नया दफ्तर
- ऑफिस शिफ्टिंग की चल रही तैयारियां

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)।रायपुर जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय का पता जल्द बदलने वाला है। कई दशकों के बाद रायपुर कलेक्टोरेट परिसर में स्थित एसएसपी दफ्तर अब आकाशवाणी चौक के आगे नीर भवन के पास कबीर चौक के सामने स्थित सरकारी बंगले में शिफ्ट किया जाएगा। कांग्रेस सरकार में इस बंगले को विधायक रहे मोहन मरकाम को आवंटित किया गया था।अभी यह बंगला खाली है। अफसरों के अनुसार एसएसपी दफ्तर को इस बंगले में शिफ्ट करने के लिए सरकार से मंजूरी मिल गई है। अफसरों का दावा है कि एक हफ्ते के भीतर शिफ्टिंग शुरू कर दी जाएगी। नीर भवनए कबीर चौक के पास सरकारी बंगले में शिफ्ट होगा एसपी ऑफिस।

**मतदान से पहले शिफ्ट होगी दफ्तर**

मिली जानकारी के मुताबिक मतदान के पहले तक दफ्तर शिफ्ट हो जाएगा। एसएसपी दफ्तर को शिफ्ट करने के लिए पिछले कई महीने से नई जगह की तलाश की जा रही थी। कई लोकेशन को तलाश करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के निवास सागौन बंगले को भी पसंद किया गया था।लेकिन बंगले की स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से बाद में इस विकल्प को हटा दिया गया।

# ईओडब्लू ने विशेष कोर्ट में आरोपी मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर के खिलाफ 3500 पन्नों की चार्जशीट की दाखिल

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्लू ने आज राजधानी रायपुर स्थित विशेष कोर्ट में मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी और राइस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के खिलाफ 3500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। दोनों आरोपी अभी न्यायिक हिरासत में हैं और मामले की जांच जारी है।

**क्या है कस्टम मिलिंग घोटाला**

ईओडब्लू ने कस्टम मिलिंग स्कैम में मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी सहित 5 पर एफआईआर दर्ज कराई है।आरोप है कि 140 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की गई। इसमें अफसरों से लेकर मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी तक शामिल हैं। अलग.अलग राइस मिलर्स के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम और एफसीआई में कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया जाता है। इस प्रक्रिया में भ्रष्टाचार कर प्रति क्विंटल के हिसाब से अवैध राशि की वसूली की गई।जांच में पता चला है कि




एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर लेवी वसूलते और अफसरों को जानकारी देते।जिनसे रुपए नहीं मिलते उनका भुगतान रोक दिया जाता।

**अक्टूबर 2023 को ईडी ने मारा था छापा :** 20 अक्टूबर 2023 को ईडी ने छापा मारा था।ईडी ने अपने ऑफिशियल अकाउंट पर लिखा किए 20.21 अक्टूबर को मार्कफेड के पूर्व एमडी छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स संगठन के कोषाध्यक्ष और कुछ सदस्यों राइस मिलर्स और कस्टम मिलिंग से जुड़े लोगों के घर पर जांच की गई। चावल घोटाले से जुड़ी इस जांच में कई संदिग्ध दस्तावेजए डिजिटल डिवाइस और 1 करोड़ 6 लाख कैश मिला।म्क् ने इनकम टैक्स की शिकायत के आधार पर जांच शुरू की। इस जांच के बाद ईडी की स्थानीय टीम ने प्रतिवेदन दिया और उसके बाद एफआईआर हुई।

**फोर्टिफाइड राइस के भुगतान पर भी वसूली का आरोप**

राइस मिलर्स ने फोर्टिफाइड राइस का भुगतान करने पर पैसे मांगने का आरोप लगाया था। उनके अनुसारए केंद्र सरकार ने पीडीएस के जरिए गरीबों को दिए जाने वाले अनाज की पौष्टिकता बढ़ाने के लिए फोर्टिफाइड राइस की मात्रा बढ़ाने का आदेश दिया था। सरकार के आदेश के मुताबिक एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में जमा होने वाले चावल में फोर्टिफाइड राइस होना चाहिए। 99 किलो सामान्य चावल का पैमाना तय किया गया था। आरोप है कि इसमें कमीशनखोरी और घूसखोरी का खेल चला।

# गांजा का परिवहन अलग-अलग मामलों में 5 युवक पकड़ाए



**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य म एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना प्राप्त हुई कि मोटर सायकल सवार 02 व्यक्ति धमतरी से गांजा लेकर अभनपुर की ओर आ रहे है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टीम को आरोपियों की पतासाजी कर गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी करते हुये वाहन एवं उसमें सवार व्यक्तियों को ग्राम गोतियारडीह उपरपारा मोड़ अभनपुर पास चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम महेन्द्र वर्मा एवं विवेक वर्मा होना बताया।टीम के सदस्यों द्वारा उनकी तलाशी लेने पर उनके पास प्लास्टिक की थैली में गांजा रखा होना पाया गया।जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी महेन्द्र वर्मा एवं विवेक वर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 किलो 600 ग्राम गांजा गांजा परिवहन में प्रयुक्त होण्डा साईन मोटर सायकल क्रमांक सी जी04 एम टी 1386 तथा 01 नग रेडमी कंपनी का मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 80 000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना अभनपुर में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।इधर एक अन्य मामलें में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना प्राप्त हुई कि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत केनाल रोड फ्लाई ओव्हर ब्रीज के नीचे कुष्ठ रोग अस्पताल लालपुर पास कुछ व्यक्ति खड़े है जो अपने बैग में गांजा रखें है तथा कहीं जाने की फिराक में है। थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम सुशांत बेहरा अभय सिंह बघेल एवं स्वास्तिक पाठक होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया।

# बीफ करी के नाम पर बिक रहा था गौमांस

**एक महिला समेत दो आरोपी पहुंचे जेल**

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। बीफकरी के नाम पर डिब्बा बंद गौ मांस बेचने और उसे पका कर खिलाने के आरोप में तेलीबांधा थाना पुलिस ने नॉर्थ ईस्ट फूड नामक दुकान की संचालक रूबी वनलारेग और नॉर्थ ईस्ट किचन के संचालक रविंद्र पाल अग्रवाल के खिलाफमामला दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम और अन्य धाराओं में अपराध दर्ज किया है।


यह मामला तब सामने आया जब गौ सेवकों ने सूचना दी कि तेलीबांधा तालाब के सामने ईश्वरी प्लाजा के बेसमेंट में स्थित नॉर्थ ईस्ट फूड कार्ट और किचन नामक दुकान में डिब्बा बंद गौ मांस बिक रहा है। पुलिस ने छापेमारी कर दुकान के रेफ्रिजरेटर से गौ मांस बरामद किया। आरोपियों ने बताया कि वे डेढ़ साल से गौ मांस के डिब्बे बेच रहे थे।

सूत्रों के मुताबिक रविंद्र अग्रवाल ही इस दुकान और रेस्टोरेंट के मालिक और निवेशक हैं। मिजोरम की निवासी रूबी अपने संपर्कों से रायपुर और आसपास के स्पा सेंटर और मसाज सेंटर के कर्मचारियों को रेस्त्रां में बुलाती थी जहां उन्हें बीफकरी परोसी जाती थी।

## पैरी नदी किनारे बना रहे थे अवैध शराब, 3 लाख की शराब जप्त

**गरियाबंद,** 1 फरवरी। जिला आबकारी टीम और रायपुर संभागीय उड़तदस्ता की टीम ने पैरी नदी किनारे बरेठिन कोना के जंगल में बड़ी मात्रा में महुआ से बनाई जा रही अवैध शराब जप्त की है। इसकी कुल कीमत करीब 3 लाख बताई जा रही है।

# रायपुर में 6 फरवरी से होगी लीजेंड 90 लीग की शुरुआत




**थीम सॉन्ग और जर्सी लॉन्च के लिए क्रिकेटर सुरेश रैना पहुंचे**

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 6 फरवरी से लीजेंड.90 लीग की शुरुआत होने जा रही है। इस ब्लॉकबस्टर टूर्नामेंट में हरभजन सिंह शाकिब अल.हसन, शिखर धवन और सुरेश रैना जैसे क्रिकेट के महारथी जलवा बिखेरते नजर आएँगे।टूर्नामेंट में कुल 7 टीमें भाग लेंगी इनमें छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की कमान पूर्व भारतीय क्रिकेट सुरेश रैना के हाथों में होगी। आज सुरेश रैना टूर्नामेंट के थीम सांग और जर्सी की लॉन्चिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे हैं। लीजेंड.90 लीग की शुरुआत 6 फरवरी को छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल्स के बीच मुकाबले से होगी।इस टूर्नामेंट की खास बात यह है कि इसमें 90 बॉल की एक पारी होगी।7 फरवरी को राजस्थान किंग्स और दुबई जायंट्स के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच होगा। इसके बाद अगले दिन से हर रोज 2 मैच खेले जाएंगे। 17 फरवरी को क्वालिफायर मैच होंगे। वहीं 18 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा। वहीं गुजरात सैंपआर्मी और बिग बॉयज के बीच दूसरा मैच खेला जाएगा।

**लीजेंड 90 लीग की सभी 7 टीमें और खिलाड़ी**

**दुबई जायंट्स** - शाकिब अल हसन,थिसारा परेरा, केनर लुईस, केविन ओ ब्रायन, ब्रेंडन टेलर, लियाम प्लंकेट, ड्वेन स्मिथ, एच मसाकद्ज़ा, रिचर्ड लेवी, ल्यूक फ्लेचर, राहुल यादव, क्रिस्टोफर एम, सिड त्रिवेदी, एस प्रसन्ना

**छत्तीसगढ़ वारियर्स**-सिद्धार्थ कौल, शेल्डन जैक्सन, पवन नेगी, केविन कूपर,सुरेश रैना, विशाल कुशवाहा, मार्टिन गुप्टिल, अभिषेक सकूजा,अंबाती रायुडु,अमित वर्मा, गुरकीरत सिंह मान, अमित मिश्र,ऋषि धवन, कलीम खान, उन्मुक्त चंद, मनोज सिंह, अभिमन्यु मिथुन, कॉलिन डी ग्रैंडहोम

**हरियाणा ग्लेडिएटर्स**- पवन सुयाल,प्रवीण गुप्ता, अबू नीशम, अनुरीत सिंह, इमरान खान, असेला गुनारत्ने,इशांक जग्गी, हरभजन सिंह, नागेंद्र चौधरी, रिक्की क्लार्क, पीटर ट्रेगो,चाडविक वाल्टन, मनन शर्मा

**गुजरात सैंप आर्मी**- युसुफपठान, मोइनी अली, ओबस पिएनार, सौरभ तिवारी, केसरिक विलियम्स, जेसल करिया,मिगुएल कमिंस, चंद्रपॉल हेमराज, शापूर ज़ाद्रान,मोहम्मद अशरफुल, विलियम पर्किन्स, नवीन स्टीवर्ट,अभिषेक, चतुरंगा डी सिल्वा,मौसिफखान

**बिग बॉयज**- मैट प्रायर, इशान मल्होत्र, मोनू कुमार, चिराग गांधी, तमीम इकबाल, तिलकरत्ने दिलशान, हर्शेल गिब्स, उपल थरंगा, अब्दुर रज्जाक, शैनन गेब्रियल,वरुण आरोन, नील ब्रूम,करमवीर सिंह,रॉबिन बिस्ट, नमन शर्मा, कपिल राणा,विनोद चांवरिया

**दिल्ली रॉयल्स**-शिखर धवन, लेंडल सिमन्स,दनुश्का गनथिलका, एंजेलो परेरा, सहरद लुम्बा, बिपुल शर्मा, लखविंदर सिंह, राजविंदर सिंह,रयाद इमरीत, रॉस टेलर, जेरोम टेलर, सुमित नरवाल,परविंदर अवाना

**राजस्थान किंग्स**- ड्वेन ब्रावो, अंकी राजपूत, फिल मस्टर्ड,शाहबाज़ नदीम, फैज़ फज़ल, शादाब जकाती, जसकरन मल्होत्रा, इमरान ताहिर, जयकिशन कोलसावला, राजेश बिश्नोई, कोरी एंडरसन,पंकज राव,शमीउल्लाह शिनवारी, रजत सिंह,एशले नर्स,दवलत जादरान, मनप्रीत गोनी

# प्रयागराज कुंभ जाने का मनमाना किराया वसूल रहे हैं बस संचालक

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ मेले में पुण्य स्नान करने के लिए रायपुर से रोजाना हजारों श्रद्धालु ट्रेन और बस से प्रयागराज जा रहे हैं। ट्रेन में कंफर्म बर्थ नहीं मिलने से यात्री बस से सफर कर रहे हैं।इसका फायदा उठाकर बस संचालक मनमाना किराया वसूलने से नहीं चूक रहे हैं। परिवहन विभाग तक इसकी शिकायत लगातार पहुंच रही है लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।लिहाजा बस संचालक बेखौफहोकर अपने कर्मचारियों से अवैध उगाही करवाने से बाज नहीं आ रहे हैं। भाठागांव बस टर्मिनल में इसकी पड़ताल की तो पाया कि जब से महाकुंभ शुरू हुआ है तब से रायपुर से प्रयागराज जाने वाली दो बसों के आपरेटर दो से ढाई गुना किराया यात्रियों से वसूल रहे हैं।

**ढाई गुना तक बढ़ा दिया किराया :** कुंभ से पहले आम दिनों में स्लीपर कोच का किराया 1,800 से 2,000 रुपये था। उसे बढ़ाकर 3,000 से 3500 रुपये तक कर दिया है। हालांकिए पिछले दिनों गंगा किनारे हुई भगदड़ की घटना के बाद प्रयागराज जाने वाली बसों के किराये में गिरावट भी आ गई है।भाठागांव बस टर्मिनल से इन दिनों गिनी.चुनी यात्री बसें ही प्रयागराज जा रही हैं। इनमें राम दूत और मनीष ट्रैवल की यात्री बस के साथ अन्य बसें शामिल हैं। इन ट्रैवल कंपनियों की स्लीपर बसे अयोध्या तक चल रही हैंए लेकिन महाकुंभ की शुरुआत से ही श्रद्धालुओं से मनमाना किराया वसूलना शुरू कर दिया हैए जबकि डीजल की कीमत पिछले एक वर्ष से यथावत है बढ़ी नहीं है।

**बसवालों ने मचा रखी है लूट :** प्रयागराज जाने वाले अजय सिंहए विक्रम चौहानए राहुल कुमारए सत्येंद्र तिवारी आदि ने बताया कि ट्रेनों में कंफर्म सीट नहीं मिलने के कारण मजबूरी में बस में सफर करना पड़ा। यहां तो बस वालों ने लूट मचा रखी है। एक.एक यात्रियों से करीब 3 000 से 3 500 रुपये किराया लिया जा रहा है।इससे यात्रियों में आक्रोश है।शिकायत करने के बाद भी न तो यातायात पुलिस न ही परिवहन विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है।यात्रियों से अधिक किराया लेने वाले बसों की जांच कर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए उड़नदस्ता प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।जल्द ही प्रदेशभर में जांच अभियान चलाकर कार्रवाई होगी।जांच में दोषी पाए जाने वाले बसों की परमिट निरस्त भी करेंगे। . मनोज धुव्र उप परिवहन आयुक्त

**भगदड़ के बाद घटाया शुल्क :** बुधवार की सुबह प्रयागराज कुंभ में भगदड़ की घटना के बाद से लोग किसी अनहोनी की आशंका से फिलहाल प्रयागराज जाने से बच रहे हैं।यात्रियों की कमी को देखते हुए बस संचालकों ने भी अचानक से बढ़ा हुआ किराया कम कर दिया। भाठागांव स्थित बुकिंग काउंटर से पूछने पर बताया गया कि दो हजार से लेकर ढाई हजार रुपये में प्रयागराज की टिकट उपलब्ध है।भगदड़ के बाद से प्रयागराज में कुछ यात्री बसें फंसी हुई हैं।

# चुनाव ड्यूटी में तैनात जवान ने की फायरिंग

**स्ट्रांग रूम में मचा हड़कंप**

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। चुनाव ड्यूटी में तैनात एक जवान की करतूत से स्ट्रांग रूम में हड़कंप मच गया। जवान ने सर्विस हथियार से तीन हवाई फायरिंग कर दी।बताया जा रहा है कि जवान नशे में था और नशे की हालत में ही उसने फायरिंग की है।जानकारी के मुताबिक पुलिस में आरोपी जवान को हिरासत में ले लिया है।

**नशे की हालात में फायरिंग :** निकाय चुनाव के पूर्व ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया है।जहां सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।चंद्रपाल बर्मन की भी तैनाती स्ट्रांग रूम में की गई थी। जवान चंद्रपाल बर्मन नशे की हालत में स्ट्रांग रूम पहुंचा और फिर हवाई फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि चंद्रपाल बर्मन पिछले कुछ दिनों से पारिवारिक तनाव में था जानकारी यह भी मिल रही है कि ड्यूटी के लिए वो नशे की हालत में ही पहुंचा था और तैश में आकर उसने हवाई फायरिंग कर दी।गोलियों की आवाज सुनते ही हड़कंप मच गया। ड्यूटी में तैनात अन्य जवानों ने तत्काल चंद्रपाल बर्मन को पड़कर अपने कब्जे में लिया और उसके हाथ के हथियार छीना। पुलिस की टीम हिरासत में लेकर उसे डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए भेजा।

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री, ले जाते आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। अवैध प्रतिबंधित मादक पदार्थों सहित प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं सिरप तथा सूखे नशे के तस्करी खरीदी.बिक्री नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति उम्र करीबन 30.31 साल जो कि दुबला पतला लाल रंग वाला फुल शर्ट एवं नीला जिंस पेंट पहना है जो कि अपने कब्जे में एक पीले कलर का पिटठू बैग के अंदर अवैध नशीली गोली भारी मात्रा में रखकर खमतराई ओवर ब्रिज के तरफसे भनपुरी की ओर विक्रय करने हेतु जा रहा है।जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खमतराई पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम सूरज दुर्गा पिता स्व तपकेश्वर दुर्गा उम्र 31 वर्ष निवासी गुलाब नगर गुढ़ियारी होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनकी तलाशी लेने पर उनके पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया जिस पर व्यक्ति से उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी सूरज दुर्गा पिता स्व तपकेश्वर दुर्गा उम्र 31 वर्ष निवासी गुलाब नगर गुढ़ियारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित नशीली को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई धारा 22 ;सीद्ध एन.डी.पी.एस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया।

उल्टा पुल्टा

लड़का- जरा मेरी आँखों में देखो, क्या नजर आता है, सच-सच बताना।
लड़की- मुझे इनमें प्यार नजर आता है।
लड़का (गुस्से में)- ज्यादा बात मत बना, मेरी आँख में मच्छर चला गया है, गौर से देख और निकाल इसे।

# नाम वापसी के बाद, महापौर पद के दो और 59 वार्डों में पार्षद के 229 प्रत्याशी मैदान में

## नगर निगम दुर्ग चुनाव : कांग्रेस-भाजपा को एक-एक वार्डों में नहीं मिला पार्टी का चुनाव चिन्ह

**दुर्ग**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के चुनाव में नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आबंटन के बाद कुल 59 वार्डो में 229 प्रत्याशी शेष रह गये है। वार्ड क्रमांक 21 से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गई है। इस वार्ड से कांग्रेस की अधीकृत प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया है। एक वार्ड क्रमांक 36 से कांग्रेस प्रत्याशी को अधीकृत चुनाव चिन्ह पंजा तकनीकी कारणों से आबंटित न होने के कारण अब कांग्रेस 58 वार्डो में अपने चुनाव चिन्ह पंजा से चुनाव लड़ रही । इसके विपरीत भाजपा भी सभी 58 वार्डो में कमल छाप से चुनाव लड़ रही है। वार्ढ क्रमांक 13 में भाजपा का कोई प्रत्याशी नहीं है। यहां से घोषित पूर्व पार्षद अजीत वैद्य का नामांकन निरस्त हो चुका है और अन्य किसी को भाजपा का चुनाव चिन्ह आबंटित नहीं हुआ है। वार्डवार प्रत्याशियों की सूची-

**वार्ड 1** - चिराग शर्मा कांग्रेस हाथ, मनीष कुमार साहू भाजपा कमल, मनीष मिश्रा आप झाड़ू, भारती चंद्राकर निर्दलीय कैमरा, हिमांशु सिन्हा निर्दलीय॒ सिलाई मशीन, विनय ताम्रकार निर्दलीय बैटरी टार्च।
**वार्ड 2** - धनवंतीन निषाद कांग्रेस हाथ, गोविन्द देवांगन भाजपा कमल, बलदेव साहू आप झाड़ू, लिखन साहू निर्दलीय ब्लैक बोर्ड, अविनाश सपहा निर्दलीय रूम कूलर, कृष्णा बंसौड़ निर्दलीय हांडी, अजय श्रीवास्तव निर्दलीय सिलाई मशीन।
**वार्ड 3** - नरेन्द्र बंजारे भाजपा कमल, विजय साहू कांग्रेस हाथ, नरेश निषाद आप झाड़ू ।
**वार्ड 4** - लीना दिनेश देवांगन भाजपा कमल, प्रेमी ठाकुर कांग्रेस हाथ, पूर्णिमा अजय श्रीवास्तव निर्दलीय ब्लैक बोर्ड, सरस्वती सोनी निर्दलीय॒ सिलाई मशीन।
**वार्ड 5** - विजयंत पटेल कांग्रेस हाथ, ओम प्रकाश पटेल भाजपा कमल, ईश्वर यादव निर्दलीय हांडी, संतोषी बाई पटेल निर्दलीय सिलाई मशीन।
**वार्ड 6** - राजेश यादव कांग्रेस हाथ, नीलेश अग्रवाल भाजपा कमल, चोखेलाल सोनी निर्दलीय हांडी, मनीष यादव निर्दलीय सिलाई मशीन।
**वार्ड 7** - कविता विकास सेन भाजपा कमल, सरोज यादव कांग्रेस हाथ, देवानंद कुम्भकार बसपा हाथी, जितेन्द्र कुमार ताम्रकार निर्दलीय सिलाई मशीन, रितुराज सोनी निर्दलीय टेलीविजन, राजेश नायक निर्दलीय ब्लैक बोर्ड।
**वार्ड 8** - अब्दुल गनी कुरैशी कांग्रेस हाथ, अब्दुल खालिद भाजपा कमल, मोहम्मद फरूख कुरैशी बसपा हाथी, मो॒ साहिद हसन आप झाड़ू, अलीम निर्दलीय तकियां, अहमद हसन निर्दलीय॒ सिलाई मशीन।
**वार्ड 9** - बीजेन्द्र राजू भारद्वाज कांग्रेस हाथ, ज्ञानेश्वर ताम्रकार भाजपा कमल, विनोद कुमार साहू आप झाड़ू, गणेश लाल अहीर निर्दलीय हांडी।
**वार्ड 10** - चन्द्रशेखर चन्द्राकर भाजपा कमल, दीपेश देवांगन कांग्रेस हाथ, बंटी चैरे बसपा हाथी।
**वार्ड 11** - आशीष चंद्राकर भाजपा कमल, सुनीता देवांगन कांग्रेस हाथ, रितेश सोनी बसपा हाथी, सतीश कुमार देवांगन निर्दलीय सिलाई मशीन।
**वार्ड 12** - कुणाल मेश्राम भाजपा कमल, मोहित कुमार कांग्रेस हाथ, अजित कुमार वैद्य निर्दलीय सिलाई मशीन।
**वार्ड 13** - संजय कोहले कांग्रेस हाथ, सचिन गवई बसपा हाथी, अजय कुमार साहू आप झाड़ू, राकेश डोंगर निर्दलीय बैटरी टार्च।
**वार्ड 14** - ललिता ठाकुर भाजपा कमल, राम कुमारी ठाकुर कांग्रेस हाथ।
**वार्ड 15** - उषा ठाकुर कांग्रेस हाथ, युवराज कुंजाम भाजपा कमल, शंकर ठाकुर आप झाड़ू, पायल नेताम निर्दलीय हांडी।
**वार्ड 16** - आकाश मजुमदार कांग्रेस हाथ, जगेश कुमार यादव भाजपा कमल, कौशल सिंह राजपूत आप झाड़ू, संदीप पाटिल बसपा हाथी, अब्दुल मांकीम खान निर्दलीय सिलाई मशीन, डी प्रकाश निर्दलीय बिजली खम्भा, खिलावन मटियारा निर्दलीय ब्लैक बोर्ड।
**वार्ड 17** - श्यामा सेन कांग्रेस हाथ, सुरूचि उमरे भाजपा कमल, लता सेन निर्दलीय सिलाई मशीन।
**वार्ड 18** - देवनारायण चंद्राकर भाजपा कमल, निर्मला साहू कांग्रेस हाथ, महेन्द्र सागरवंशी निर्दलीय सिलाई मशीन, रामजी यादव निर्दलीय बल्ला।
**वार्ड 19** - हीरा बाई कांग्रेस हाथ, सरिता बंजारे भाजपा कमल, कविता दास निर्दलीय ब्लैक बोर्ड, रंजिता पाटिल निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 20** - किरण साहू कांग्रेस हाथ, सावित्री दमाहे भाजपा कमल, रीना देवांगन निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 21** - विद्यावती सिंह भाजपा कमल निर्विरोध निर्वाचित
**वार्ड 22** - काशी राम कोसरे भाजपा कमल, लोकेश चक्रधारी कांग्रेस हाथ, अरूण कुमार जोशी आप झाड़ू, थंवर रात्रे निर्दलीय बल्ला।
**वार्ड 23** - मनोज कुमार सोनी भाजपा कमल, राजकुमार पाली कांग्रेस हाथ, भारत साहू निर्दलीय बल्ला, शीला मानिक निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 24** - जयश्री देशमुख भाजपा कमल, पायल पाटिल कांग्रेस हाथ, सरस्वती शिव सेना तीर कमान।
**वार्ड 25** - मनीषा सोनी कांग्रेस हाथ, श्रद्धा सोनी भाजपा कमल।
**वार्ड 26** - चंद्रभान मेघनानी भाजपा कमल, आरएन वर्मा कांग्रेस हाथ।
**वार्ड 27** - बली राम यादव भाजपा कमल, मनीष कुमार बघेल कांग्रेस हाथ
**वार्ड 28** - ममता सेन भाजपा कमल, शबाना निशा कुरैशी कांग्रेस हाथ।
**वार्ड 29** - रोशनी साहू भाजपा कमल, श्यामा साव कांग्रेस हाथ, बबिता यादव निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 30** - भोला महोबिया कांग्रेस हाथ, श्याम शर्मा भाजपा कमल, खिलेश्वरी देवांगन निर्दलीय सिलाई की मशीन, सीमा मिश्रा निर्दलीय ब्लैक बोर्ड, विकास कुमार ताम्रकार निर्दलीय टेलीफोन।
**वार्ड 31** - हर्षिता जैन भाजपा कमल, मीना मानिकपुरी कांग्रेस हाथ, नीता जैन निर्दलीय टेलीफोन।
**वार्ड 32** - जितेन्द्र कुमार महोबिया भाजपा कमल, संजय ताम्रकार कांग्रेस हाथ, जगदीश सोनी निर्दलीय हांडी।
**वार्ड 33** - अम्बा सेन कांग्रेस हाथ, शशि बाई साह भाजपा कमल, अनीता मटियारा निर्दलीय सिलाई की मशीन, विजय लक्ष्मी मिश्रा निर्दलीय ब्लैक बोर्ड।
**वार्ड 34** - कमल देवांगन भाजपा कमल, कन्या ढीमर कांग्रेस हाथ, सुजाता साहू निर्दलीय. सिलाई की मशीन।
**वार्ड 35** - कुलेश्वर साहू भाजपा कमल, शत्रुहन चक्रधारी कांग्रेस हाथ।
**वार्ड 36** - पूनम यादव भाजपा कमल, प्रतिमा गुप्ता कांग्रेस हाथ।
**वार्ड 37** - शिव नायक भाजपा कमल, श्रद्धा सोनी कांग्रेस हाथ, ध्रुव कुमार सोनी निर्दलीय सिलाई की मशीन, लक्की नागेश निर्दलीय गैस का चुल्हा।
**वार्ड 38** - मनोज सिन्हा कांग्रेस हाथ, रामचंद्र सेन भाजपा. कमल, दिनेश कुमार वर्मा निर्दलीय टेलीफोनए रामरतन जलतारे निर्दलीय कढ़ाई।
**वार्ड 39** -गुलाब चन्द्र वर्मा भाजपा कमल, शकुन ढीमर कांग्रेस हाथ, शेख नबी निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 40** - दानेश्वरी देशमुख कांग्रेस हाथ, सरिता चंद्राकर भाजपा कमल, पूजा देवांगन निर्दलीय लेटर बाक्स।
**वार्ड 41** - जयंती साहू भाजपा कमल, रूबिना खोखर कांग्रेस हाथ।
**वार्ड 42** - शिवाकांत कांग्रेस हाथ, ताम्रध्वज यादव भाजपा कमल, संजय सिंह आप झाड़ू, डुमेश्वर प्रसाद साहू निर्दलीय कैमरा, प्रकाश राव गीते निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 43** - दशरथ लाल बसपा हाथी, दीपक साहू कांग्रेस हाथ, विवेक कुमार सिन्हा भाजपा कमल।
**वार्ड 44** - मनीष कुमार कोठारी भाजपा कमल, प्रकाश जोशी कांग्रेस हाथ, बसंत खिलाड़ी निर्दलीय सिलाई की मशीनए मोहित कुमार टंडन निर्दलीय बल्ला।
**वार्ड 45** - राजेश शर्मा कांग्रेस हाथ, संजय अग्रवाल भाजपा कमल, दीपक निर्दलीय सिलाई की मशीन
**वार्ड 46** - लीलाधर पाल भाजपा कमल, नीलरतन सोनी कांग्रेस हाथ।
**वार्ड 47** - डॉ देवनारायण तांडी भाजपा कमल, आरएन सेनापति कांग्रेस हाथ, मुकेश नायक आप झाड़ू, नरेन्द्र हरपाल शिव सेना तीर कमान।
**वार्ड 48** - लोकेश्वरी ठाकुर भाजपा कमल, महेश्वरी ठाकुर कांग्रेस हाथ, दिवाकर सिंह ठाकुर आप झाड़ू।
**वार्ड 49** - भास्कर कुण्डले कांग्रेस हाथ, प्रिती चंद्रभान चंद्राकर भाजपा कमल, तारिणी चंद्राकर निर्दलीय हेलमेट, लुकेश कुमार साहू निर्दलीय बल्ला।
**वार्ड 50** - त्रिवेणी साहू भाजपा कमल, रेखा बंजार कांग्रेस हाथ, लता मनोज कुमार निर्दलीय ब्लैक बोर्ड, रेखा बन्दे निर्दलीय बल्ला, प्रतिभा आदित्य झा निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 51** - जेम्स साजन जोसेफ भाजपा कमल, पोषण साहू कांग्रेस हाथ, अश्वनी साहू निर्दलीय टेलीफोन।
**वार्ड 52** - गुलशन गायत्री साहू भाजपा कमल, सुधीर चंदेल कांग्रेस हाथ, कन्हैया लाल साहू निर्दलीय टेलीफोन, रविकांत यादव निर्दलीय कम्प्यूटर, महेश यादव निर्दलीय तरबूज, प्रशांत कुमार साहू निर्दलीय बल्ला।
**वार्ड 53** - अंशुल पाण्डेय कांग्रेस हाथ, विनायक नातू भाजपा कमल, निकिता आप झाड़ू, मेघदत्त साहू निर्दलीय हांडी, सविता साहू निर्दलीय ब्लैक बोर्ड, योगेश्वर निर्मलकर लाल निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 54** - हिरौंदी चंदानिया भाजपा कमल, सुनिता अनूप चंदानिया कांग्रेस हाथ, सतरूपा सुमित भारती निर्दलीय रूम कूलर।
**वार्ड 55** - अश्वनी कुमार निषाद कांग्रेस हाथ, भूपेन्द्र साहू ;राजेशद्ध भाजपा कमल, बलबीर साहू निर्दलीय हांडीए कुशल उजाला अधिवक्ता निर्दलीय नारियल फार्म, मोतीलाल साहू निर्दलीय सिलाई की मशीन।
**वार्ड 56** - संतोषी सोनी कांग्रेस हाथ, कुमारी राकेश भारती साहू भाजपा कमल, भगवती प्रसाद ठाकुर आप झाड़ू, अरूण कुमार यादव निर्दलीय नारियल फार्म, ललित ढीमर निर्दलीय सिलाई की मशीन, पदुम साहू निर्दलीय ब्लैक बोर्ड।
**वार्ड 57** - घनश्याम ;गोपी साहू बसपा हाथी, जमुना साहू कांग्रेस हाथ, सरस कुमार निर्मलकर भाजपा कमल, रजत कुमार पाण्डेय आप झाड़ू, सुदेश्वर नायक शिव सेना तीर कमान, नीलम पवार निर्दलीय सिलाई की मशीन, पीलिया साह निर्दलीय हांडी।
**वार्ड 58** - ज्ञानी देवांगन कांग्रेस हाथ, रेशमा सोनकर भाजपा कमल, यशोदा साहू आप झाड़ू, ममता चौरे बसपा हाथी, हितेश्वरी देवलाल साहू निर्दलीय बल्ला, भानूमति साहू निर्दलीय नारियल फार्म ।
**वार्ड 59** -निकिता सिंह कांग्रेस हाथ, नीलम शिवेन्द्र सिंह परिहार भाजपा .कमल, दुर्गा बाई यादव निर्दलीय नारियल फार्म, कंचन ललित यादव निर्दलीय सिलाई की मशीन, पिंकी यादव निर्दलीय बैटरी टार्च।
**वार्ड 60** - नीरा खिचरिया कांग्रेस हाथ, श्वेता ओझा ताम्रकार भाजपा कमल, नीलू सोनी शिव सेना तीर कमान, कुसुम राम मिलन सेन निर्दलीय सिलाई की मशीन ।

# जिला पंचायत सदस्य के लिए आज 15 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल

- अब तक जिला पंचायत के 12 निर्वाचन क्षेत्रो से कुल 42 अभ्यर्थियों का नामांकन
- जनपद सदस्य के लिए 28 अभ्यर्थियों ने जमा किया नामांकन

**दुर्ग**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य के लिए आज 15 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया अब तक जिला पंचायत के 12 निर्वाचन क्षेत्रो से कुल 42 अभ्यर्थियों का नामांकन फार्म प्राप्त हो चुका है वहीं दुर्ग जनपद क्षेत्र से जनपद सदस्य के लिए पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोषी सहित 28 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किया जिन्हें मिलाकर यहां 24 निर्वाचन क्षेत्रो से अब तक 85 अभ्यर्थी जनपद सदस्य के लिए नामांकन फार्म जमा कर चुके हैं

जिला पंचायत सदस्य के लिए प्राप्त हुआ इनका नामांकन : जिला पंचायत सदस्य के लिए आज जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से पवन शर्मा, क्षेत्र 2 मनीष कुमार साहू व सत्यम कुमार उमरे, क्षेत्र 3 अमिता बंजारे, कल्याणी दिवाकर व चन्द्रकला मनहर, क्षेत्र 4 हिमांशी कुर्रे, क्षेत्र 6 प्रिया साहू, क्षेत्र 9 दिव्या कलिहारी व देवेन्द्र चंद्रवंशी, क्षेत्र 10 टिकेश्वरी बंजारे व संतोषी तिवारी, क्षेत्र 11 शैलेन्द्री मंडावी व नोमिन ठाकुर तथा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 से सुमन साहू ने जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन फार्म जमा किया

**जनपद सदस्य के इन्होंने किया नामांकन दाखिल**-वहीं दुर्ग जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से दुर्गेश्वरी देशमुख व हेमलता साहू, क्षेत्र 3 स्वपन सिकदार, क्षेत्र4 तिहारू ठाकुर, क्षेत्र 5 संतोषी देशमुखए क्षेत्र 6 संतोष निषाद, भागवत निषाद व योगेश साहू, क्षेत्र 7 कुलेश्वरी साहू, क्षेत्र 9 प्रतिभा देवांगन, क्षेत्र10 पूर्णिमा यादव व पन्ना लाल यादव, क्षेत्र 11 चंद्रकुमार देवांगन व गोपाल यादव, क्षेत्र 12 प्यारी निषाद, क्षेत्र 13 चंद्रकला दिल्लीवार ने नामांकन दाखिल किया।

वहीं क्षेत्र 15 किशोरी लाल देशमुख, क्षेत्र 16 हेमकुमारी देशमुख, क्षेत्र 17 नेहा देशमुख, क्षेत्र 19 हेमलता देशमुख, प्रदीप देशमुख कोठिया व विजय यादव, क्षेत्र 20 गीतांजली देशमुख, क्षेत्र 21 राकेश हिरवानी व लीलाधर साहू, क्षेत्र 22 झमित गायकवाड़, क्षेत्र क्रमांक 24 से लेखुदास साहू एवं अरविन्द बंजारे ने नामांकन दाखिल किया।

# मुकाबले की तस्वीर साफ हो चली, महापौर सहित अधिकांश वार्डों में कांग्रेस-भाजपा के बीच कड़ी टक्कर

- आधा दर्जन वार्डो में बागी प्रत्याशी बिगाड़ेगें समीकरण
- कुछ वार्डो में आम आदमी पार्टी सहित दमखम वाले निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनौती

नगर निगम दुर्ग चुनाव

**दुर्ग,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के चुनाव में नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आबंटन के बाद महापौर व 59 वार्डो में प्रत्याशियों के मध्य मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। इस चुनाव में पहली बार महापौर पद के लिये कांग्रेस व भाजपा के मध्य सीधी टक्कर होने से चुनाव रोमांचक हो गया है। आठ वार्डो में इन्ही दोनों पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है।

पूरे चुनावी संघर्ष में ये ही दोनों दल एक दूसरे को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में है मगर कहीं कहीं आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी के साथ ही कुछ वार्ड में कांग्रेस व भाजपा के बागी प्रत्याशी भी राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर देते आ रहे है। नाम वापसी तक इन दोनों राष्ट्रीय दल के नेता इनकी मान मनौव्वल में लगे रहे । इनमें कुछ प्रत्याशियों ने तो नाम वापस ले लिया मगर अभी भी आधा दर्जन से ज्यादा प्रत्याशी मैदान में उतरकर चुनौती बनाये हुए है। इन बागियों से कुछ वार्डो के समीकरण बदल सकते है।

इस बार के चुनाव मैदान में आम आदमी के शहर जिला अध्यक्ष संजय सिंह अपने कसारीडीह वार्ड से पार्षद पद के लिये भाग्य आजमा रहे है। वे स्वयं एवं उनकी पत्नी इसी वार्ड से पार्षद भी रह चुके है। इनके अलावा अजीत वैद्य वार्ड 12 से निर्दलीय है। नामांकन भरने के कारण उन्हें निर्दलीय होना पड़ा। अब अपने ही वार्ड में वे निर्दलीय होकर भाजपा कांग्रेस प्रत्याशी को चुनौती देगें।

कांग्रेस के चर्चित चेहरों में बागी लड़ रहे प्रत्याशी वार्ड 2से पूर्व पार्षद लिखन साहू, वार्ड 6 से मनीष यादव, वार्ड 37 से ध्रुव कुमार लंगूर सोनी, वार्ड 42 से प्रकाश गीते, वार्ड 44 से बसंत खिलाड़ी प्रमुख है। भाजपा से अजीत वैद्य वार्ड 12 के अलावा वार्ड 16 से खिलावन मटियारा, पूर्व पार्षद मोतीलाल साहू वार्ड 55 से चुनाव लड़ रहे है।

इसी तरह वार्ड 31 से निर्दलीय प्रत्याशी नीता जैन है। इन्हें बागी तो नहीं कहा जा सकता क्योंकि भाजपा से लगभग 25 वर्षो से स्वतंत्र रूप से राजनीति कर रही है। वे पिछला चुनाव भी निर्दलीय रूप से जीतीं है।

# जनपद पंचायत दुर्ग के कांग्रेस से प्रत्याशियों की सूची घोषित

**दुर्ग,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जहां भाजपा ने दो दिन पहले ही जनपदए जिलाए नगर अध्यक्षों की सूची जारी कर दीए वहीं कांग्रेस ने नामांकन के अंतिम दूसरे दिन आज जनपद सदस्यों की सूची जारी की है। सूची जारी करने में देरी को लेकर जनपद सदस्य के प्रत्याशियों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि जनपद सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल करना पहले ही शुरू कर दिया है। इसके बाद नामांकन की अंतिम तारीख कल 3 फरवरी को अधिकृत रूप से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। जनपद सदस्यों की सूची जारी करने की जानकारी दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर ने दी। क्रमांक 1 सरस्वती सेन, 2 मिलनतीन ठाकुर, 3 अजय वैष्णव, 4, राजेन्द्र ठाकुर, 5 माया साहू, 6 किशोर यादव, 7 कुलेश्वरी साहू, 8 सविता साहू 9 शोभा रवि ताम्रकार, 10 पन्ना यादव, 11 दीपिका चंद्राकर, 12 प्यारी निषाद, 15 किशोरी लाल देशमुख, 16 दामिनी साहू, 17 लीलावती देशमुख, 18 मनीष कुमार चंद्राकर, 19 हेमलता देशमुख, 20 सुरेन्द्र दास, 21 राकेश हिरवानी, 22 झमित गायकवाड़, 23 लता कुर्रे, 24 अरविंद बंजारे ।

# भाजपा का आज गंजमंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन

- डिप्टी सीएम शर्मा सहित अन्य नेता करेगें संबोधित

**दुर्ग,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की दुर्ग महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार एवं दुर्ग के समस्त वार्डों के भाजपा प्रत्याशियों के के समर्थन को लेकर विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन दुर्ग के गंज मंडी प्रांगण में 2 फरवरी दिन रविवार को शाम 5 बजे से डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मुख्य अतिथ्य में संपन्न होगा। आयोजित आमसभा में विशिष्ट अतिथि सुश्री सरोज पांडेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, लोकसभा सांसद विजय बघेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, डोमन लाल कौर्सेवाडा, ईश्वर साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक उपस्थित रहेंगे । आयोजित ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# पार्श्व तीर्थ नगपुरा में कल भव्य तीर्थ प्रतिष्ठा समारोह

**दुर्ग,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में सोमवार 3 फरवरी को तीर्थ प्रतिष्ठा की 30 वीं वर्षगांठ. ध्वजारोहण उत्सव मनाया जावेगा। इस उत्सव में निश्रा प्रदान करने अध्यात्मयोगी उपाध्याय महेन्द्र सागर मसा, उपाध्यायप्रवर युवा मनीषी मनीष सागर मसा के शिष्यवृंद तीर्थ पधार रहे हैं। पूज्य गुरु भगवंतो की निश्रा में तीर्थ संकुल में प्रतिष्ठित मंदिरावली के 57 शिखरों पर ध्वजारोहण किया जावेगा। उल्लेखनीय है तीस वर्ष पूर्व 5 फरवरी 1995 माघ शुक्ल षष्ठी तिथि को सुप्रसिद्ध जैनाचार्य . वर्तमान आचार्यदेव श्रीमद् विजय राजयश सूरीश्वर मसा के वरदहस्ते सैकड़ो साधु साध्वीजी भगवंतो की पावन सान्निध्यता एवं देश.विदेश के लाखों श्रद्धालुओं की समृद्ध उपस्थिति में इस तीर्थ की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा महोत्सव दस दिवसीय आयोजना के साथ सम्पन्न हुई थी। )इस तीर्थ के तीर्थपति श्री उवसग्गहरं पार्श्व प्रभु के शिखर पर श्राविका उगमदेवी मांगीलाल पगारिया दुर्गादेवी गजराज पगारिया परिवार रायपुर द्वारा ➤➤ शेष पृष्ठ 4



देशभर से जुटेगें तीर्थ भक्त

# महेश कुमार साठिया व्यय प्रेक्षक दुर्ग में उपलब्ध

**दुर्ग,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निवार्चन के लिए नगर पालिक निगम दुर्ग नगर पालिका परिषद कुम्हारी, अहिवारा नगर पंचायत उतई, पाटन, धमधा में निर्वाचन लड़ने वाले महापौर अध्यक्ष प्रत्याशियों के द्वारा किए जा रहे व्यय का सूक्ष्म निरीक्षण व मॉनीटरिंग के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संयुक्त संचालक महेश कुमार साठिया को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक महेश कुमार साठिया का आगमन आज जिले में हो चुका है। व्यय से संबंधित किसी भी विषय पर मार्गदर्शन शिकायत आदि के निराकरण के लिए व्यय प्रेक्षक श्री साठिया से कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कलेक्टोरेट परिसर में प्रात: 11 से दोपहर 1 बजे तक भेंट कर सकते है। मोबाईल नंबर 9424262396 पर इस अवधि में चर्चा की जा सकती है।

# हेमचंद विवि वार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन हेतु अंतिम अवसर

**दुर्ग,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग द्वारा वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत सम्मिलित पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर नियमित/स्वाध्यायी विद्यार्थियो हेतु 25. जनवरी निर्धारित थी। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम बार परीक्षा आवेदन फॉर्म 03 दिवस के लिए पुन: खोला जा रहा है। जिसका निर्धारित तिथि 3.फरवरी है। छात्रों हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भराए जाने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। यह जानकारी देते हुए उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा बीए/बीएससी/बीकॉम/बीसीए तथा स्नातकोत्तर का आवेदन परीक्षा फॉर्म 03 फरवरी तक अनिवार्य रूप भर लेंगे। वार्षिक पद्धति के अंतर्गत शामिल महाविद्यालय अपने अंतर्गत अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों से उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि के परीक्षा आवेदन अनिवार्य रूप से भरवाना सुनिश्चित करेंगे। तत्पश्चात् परीक्षा आवेदन हेतु पुन: अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी। परीक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, तथा सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ वि.वि. में जमा करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी तक निर्धारित हैं।

# विद्यावती सिंह वार्ड 21 से पार्षद पद पर निर्विरोध निर्वाचित



- निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया

**दुर्ग,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नगर निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक 21 में पार्षद पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। कलेक्टोरेट के रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष क्रमांक 4 में रिटर्निंग ऑफिसर एडीएम अरविन्द कुमार एक्का ने भाजपा की पार्षद प्रत्याशी विद्यावती सिंह को पार्षद के रूप में निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम एच.एस. मिरी व अन्य अधिकारी, निर्वाचित पार्षद, उनके समर्थकगण उपस्थित थे।

# नाटक, नाचा, लोकनाट्य की शानदार प्रस्तुतियों के साथ नाट्य कार्यशाला का समापन



**दुर्ग,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ के हिन्दी एवं संस्कृत विभाग द्वारा 24 जनवरी से 31 जनवरी तक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी नाचाएलोक कला लोकनाट्य एवं नाटक हमारे देश की संस्कृति का अनमोल धरोहर है। हमें इनको संजोकर रखना है, संभाल करके रखना है । स्थानीय जनजीवन का प्रतिबिंब हमें लोकनाट्य, नाचा एवं नाटक में देखने मिलता है ।

उन्होंने हिंदी एवं संस्कृत विभाग के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को सात दिवसीय कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अभिनेष सुराना ने प्राचार्य एवं सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इस कार्यशाला में दुर्ग जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी कार्यशाला में सम्मिलित हुए। जिसमें शैलदेवी महाविद्यालय अंडा तथा भिलाई महिला महाविद्यालय से. 9, भिलाई के विद्यार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। हिन्दी विभाग से लोक में प्रसिद्ध नाचा एवं लोकमंचीय प्रस्तुति लोक नाट्य का प्रशिक्षण दिया गया। नाट्य कार्यशाला के समापन के अवसर पर तीन मंचीय प्रस्तुतियां दी गई।

संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत के कवि कालिदास के जीवन पर आधारित मोहन राकेश लिखित नाटक आषाढ़ का एक दिन का मंचन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अभिनय किया। अभिनेता विद्यार्थियों के कला कौशल की बहुत प्रशंसा हुई। नाटक आषाढ़ का एक दिन मूलत: संस्कृत के कवि कालिदास के जीवन पर आधारित नाटक है इस नाटक में कालिदास के अंत:मन के अंतर्द्वंद्व को नाटककार ने मनोवैज्ञानिक ढंग से उकेरा है। कालिदास के साथ नाटक की नायिका मल्लिका के चरित्र एवं निश्छल प्रेम को नाटककार ने गरिमा प्रदान की है। इस के निर्देशक राकेश बमबार्डे तथा हरजिंदर सिंह मोतिया थे।

छत्तीसगढ़ का नाचा एक ऐसी विधा है जिसका कोई स्क्रिप्ट नहीं होता। नाचा की इसी स्वाभाविकता को बनाए रखते हुए स्वाभाविक प्रशिक्षण दिया गया, जिसके प्रहसन का नाम है सुम्मत के मितान का मंचन किया गया। इस मनमोहक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों की तालियां एवं तारीफें बटोरी । इसके निर्देशक अजय कुमार उमरे एवं उनकी टीम रही।

छत्तीसगढ़ के लोक नाट्य अग्निपरीक्षा का मंचन भी बहुत बढ़िया तरीके से किया गया। इसके निर्देशक छत्तीसगढ़ी एवं भोजपुरी फिल्म कलाकार राग अनुराग संस्था के संचालक हेमलाल कौशल रहे ।

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष ए वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा सभी प्रशिक्षक कलाकारों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त प्राध्यापक डॉ शंकर निषादए थानसिंह वर्मा उपस्थित थे। प्रसिद्ध चित्रकार गिलबर्ट भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सभी विभागों के वरिष्ठ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिनमें डॉ ए के पाण्डेय, डॉ वि एस गीते, डॉ के पद्मावती, लक्ष्मेंद्र कुलदीप, तरूण कुमार साहू, प्रशांत कुमार दुबे, डॉ गोविन्द गुप्ता, डॉ शारदा सिंह, डॉ लता गोस्वामी, डॉ रमनी चंद्राकर प्रमुख थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ रजनीश उमरे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग के विभाग अध्यक्ष जनेंद्र कुमार दीवान एवं डॉ ओमकुमारी देवांगन ने किया।

# सड़क सुरक्षा माह के समापन में पुलिस ने यातायात नियम पालन करने की अपील



**भिलाईनगर**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। सडक सुरक्षा माह के अंतिम दिन कला मंदिर सेक्टर-6 भिलाई में पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम सुश्री ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के द्वारा अपने प्रतिवेदन में इस एक माह के दौरान जो भी जागरूकता कार्यक्रम जैस हेलमेट रैली, नुक्कड नाटक, चौक चौराहो पर समझाईस, रंगोली, पेटिंग प्रतियोगिता भारी वाहन चालको का स्वास्थ्य परीक्षण, यातायात जागरूकता 26 जनवरी के दौरान झाकी प्रर्शनीय एवं विभिन्न कार्यक्रम की जानकारी दी गई। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि यातायात पुलिस वाहन चालको को लगातार दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने एवं सभी यातायात नियमों के पालन करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चला रही है परंतु पुलिस के प्रयास के साथ साथ आमजन को भी इस मुहीम का हिस्सा बनना चाहिए एवं उनकी भी जिम्मेदारी है कि वाहन चालन के समय यातायात नियमों का पालन करे तभी किसी सड़क दुर्घटना से बच सकते है। जिस तरह एक पालक को अपने बच्चे को चोट लगने पर तकलीफ होती है। इसी प्रकार किसी सडक दुर्घटना में लोगो के घायल एवं मौत होने की सूचना मिलने पर मुझे भी इसी प्रकार तकलीफ महसूस होती है। मै इस जिले के पुलिस अधीक्षक होने नाते आज इस मंच के माध्यम से जिले के सभी रहवासियों से अपील करता हूॅ कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करे। इसी कम्र में कार्यक्रम में उपस्थित नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन के द्वारा कहा गया कि स्वयं की सुरक्षा एवं अपनी परिवार की सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करे एवं शराब पीकर वाहन कद्यापि न चलाने कहा गया। तेज रफ्तार वाहन चालन न करे यह स्वयं एवं दूसरे की जान को जोखिम न डाले। पुलिस अधीक्षक के उदबोधन पश्चात रंगोली, पेटिंग में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से प्रथम से तृतीय स्थान आने वाले छात्र, छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। यातायात पुलिस का विशेष सहयोग के लिए ऑटडाट कॉम भिलाई, स्वयं सिद्धा महिला समूह भिलाई, जन आक्रोश समालिक संस्थाए स्पर्श हास्पिटल, पपेट शो टीम, न्यू वेज थेरेपी क्लिनिक, लिण्डे कंपनी, चौहान मारूति, बाफ्ना टोल प्लाजा, ऑटो यूनियन संघ भिलाई, ई रिक्शा संघ दुर्ग-भिलाई रोटरी क्लब, बाला जी ब्लड बैंक, को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप पुलिस अधीक्षक यातायात सदानंद विन्ध्यराज के द्वारा कार्यकम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम के परीवीक्षाधीन राहुल बसंल भापुसे, सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, मीता पवारस जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारीस क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस एल लकड़ा एवं डॉ जय तिवारी, यातायात के अधिकारी, कर्मचारीं तथा अन्य उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा माह के समापन के दौरान पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा रंगालोध्पेटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं परस्कार से सम्मानित किया गया। सडक दुर्घटनाओ को रोकने हेतु आम नागरिको को भी यातायात नियम के प्रति जागरूक होना होगा। सडक सुरक्षा माह के दौरान विशेष सहयोग करने वाले सामाजिक संस्थाओं को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा माह 1 महीने किया गया।

# मृतक श्रमिक के परिवार को आफर लेटर जारी



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु) भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चेंट मिल में बीती रात हादसा में मारे गये ठेका श्रमिक के परिजनों व विभिन्न यूनियन के पदाधिकारियों ने उचित मुआवजे की मांग को लेकर सेक्टर-9 मुख्य चिकित्सालय के मरचुयरी के सामने प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार परिवार की मांग है कि 20 लाख रुपए मुआवजा और नौकरी दी जाए। बीएसपी की तरफ से आश्रित को नौकरी देने का लेटर जारी किया गया। 31 जनवरी को द्वितीय पाली में ठेका श्रमिक ओमप्रकाश की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से मिलकर उनके परिवार के एक सदस्य को भिलाई इस्पात संयंत्र में स्थाई नौकरी एवं ठेका कंपनी की ओर से 3 लाख रुपए सहयोग राशि एवं 10 लाख रुपए सामूहिक दुर्घटना बीमा नहीं होने के कारण चेक प्रदान किया गया। आज पंचनामा करने के बाद सुपेला शास्त्री हॉस्पिटल के शवगृह में रखी जाएगी एवं कल पोस्टमार्टम के उपरांत दाह संस्कार किया जाएगा।स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कल ड्यूटी पाली में दुर्घटना स्थल पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रबंधन से मांग की है कि क्रेन ऑपरेटर उच्च कुशल श्रेणी का श्रमिक हो या बीएसपी के नियमित कर्मचारी से कार्यकराया जाए एवं दोबारा इस तरह की दुर्घटना की पुनरावृति ना हो इसकी जांच की जाए एवं कार्य पद्धति में सुधार किया जाए। सहयोग दिलाने के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन की ओर से संजय कुमार साहू, सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, मनोहर लाल, जसवीर सिंह, गुरुदेव साहू, डीपी खरे, आर दिनेश उपस्थित थे। वहीं ठेका कंपनी से विवाद बना हुआ है। दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद ही पुलिस की कार्रवाई शुरू की गई। ग्रीप स्ट्रैपिंग के ठेका श्रमिक ओम प्रकाश 54 वर्षीय की मौत हुई है। ठेका कंपनी ने 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा नहीं कराया था। इसलिए कंपनी ने 10 लाख इंश्योरेंस का और ढाई लाख रुपए अंतिम संस्कार के लिए देने की बात कही। संयुक्त यूनियन के नेताओं ने इस एजेंसी को भी बुलाया है, ताकि आगे की बातचीत तय की जा सके। इधर बीएसपी प्रबंधन की ओर से दिए गए आफर लेटर में आश्रित को जाँच के बाद नियुक्ति वाले कलम हटाने की मांग परिवार ने की। अगर किसी का बीमा नही तो इसके लिए प्रबंधन जिम्मेदार माना जाए। इस संबंध में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन का कथन है, कि 31 जनवरी को रात लगभग 9.30 बजे संयंत्र के मर्चेंट मिल में लोडिंग करते हुए एक दुर्घटना हो गई। क्रेन नंबर 10 के माध्यम से एंगल 65 के बंडल को आंतरिक वैगन बीआरएनआई-04 पर लोड किया जा रहा था। लोडिंग के दौरान स्लिंग खींचते समय बंडल फिसलकर मेसर्स ग्रीप स्ट्रैपिंग के ठेका श्रमिक ओम प्रकाश 54 वर्षीय पर गिर गया। घायल श्रमिक को तत्काल संयंत्र परिसर में स्थित मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पजांबी ब्राह्मण समाज लोहड़ी मिलन आज

**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। छ.ग.पंजाबी ब्राह्मण समाज भिलाई नगर की वार्षिक आम सभा व लोहड़ी मिलन समारोह का आयोजन आज रविवार को संध्यां-6 बजे सेक्टर 6 स्थित आर्य समाज भवन में आयोजन किया गया है। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चे, उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन भी किया गया है। इस अवसर पर समाज के नव विवाहित व नवजात शिशु का भी सम्मान किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष विनोद शारदा वह महासचिव राकेश शर्मा ने स्वजाति बंधुओ से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है । समाज के कोषाध्यक्ष गजेन्द्र शर्मा द्वारा आय-व्यय प्रस्तुत किया जायेगा। तथा पूर्व अध्यक्ष प्रो. डी.एन. शर्मा प्रतिवेदन तथा अध्यक्ष विनोद शारदा स्वागत भाषण देगे।

# विधायक ने बजट को बताया बेहतर

**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज पेश हुए आम बजट को गरीबों के कल्याण, किसानों की भलाई, महिलाओं के सम्मान व युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया है। श्री सेन ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अपने कार्यकाल के पेश 8वें आम बजट में देश की प्रगति के साथ.साथ किसान, युवा, महिला समेत अलग-अलग क्षेत्र पर फोकस किया गया है। बजट में जहां किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ा कर 5 लाख रुपये किए जाने से किसानों को बड़ा लाभ होगा वहीं प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के तहत 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस आम बजट में ग्रामीण विकास, किसान सशक्ति करण और देश की समृद्धि के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने टैक्स स्लैब में बड़े बदलाव के साथ ही रेलवे के लिए 2 लाख 55 हजार 445 करोड़ रुपए के बजट का ऐलान किया है। नई रेल लाइन के लिए 32 हजार 235 करोड़ रुपये, दोहरीकरण के लिए 32 हजार करोड़ के आलावा कंप्युटराइजेशन के लिए 428 करोड़ का अलॉकेशन तथा 4550 करोड़ रुपए में



गेज कन्वर्जन होगा। रेलवे उपभोक्ता के लिए 12 हजार 118 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह बजट आबंटन रेलवे के विकास और सुधार के साथ ही यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देगा। स्कूलों और पीएचसी को डिजिटली सशक्त, शिक्षण संसाधनों तक बेहतर पहुंच बनाने सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ने का निर्णय अभूतपूर्व है। 12 लाख तक की इंकम पर अब कोई टैक्स नहीं लगने से आम मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक स्वतंत्रता मिलेगी और वे अपनी आय का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। वित्त मंत्री की तरफ से ये भी बताया गया है कि अगले हफ्ते संसद में इनकम टैक्स बिल पेश किया जाएगा यानि देश में अब नया इनकम टैक्स कानून बनाया जाएगा। श्री सेन ने कहा कि आज का केंद्रीय बजट आत्मनिर्भरता, समावेशिता और ग्रामीण उत्थान का प्रतीक है। बजट में वित्त मंत्री ने गरीबों के कल्याण, किसानों की भलाई, महिलाओं के सम्मान व युवाओं के लिए महत्वपूर्ण और स्वागतेय कदम उठाए हैं। विधायक ने बजट को देश के विकास वाला बजट बताते हुए इसका स्वागत किया है।

# तुष्टीकरण का बजट : कुरैशी

**भिलाईनगर।** 1 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश किया है देश की आम जनता को तुष्टीकरण वाला बजट है 1 महीने पहले देश के राज्यों के वित्त मंत्रियों की जीएसटी की बैठक बुलायी गयी थी उस बैठक में 12 प्रतिशत जीएसटी को 18 प्रतिशत किया गया उसी वक्त यह एहसास हो गया था कि देश कि जनता महंगाई, बेरोजगारी की समस्या से जूझ रही है इसे दूर करने का विकल्प तैयार नहीं किया गया है। केवल नाम के लिए टैक्सों का स्लेब बढा दिया गया है। इससे देश के किसानों, बेरोजगार युवकों, जनता को विशेष लाभ नहीं होना है। आज देश में बढती हुए महंगाई, बढती हुई बेरोजगारी, किसानों की ज्वलंत समस्या का निराकरण करने का बजट पेश किया जाता तो देश का और आम जनता का भला हो सकता था।

# मैत्रीबाग में अवैध व्यापारियों पर की जा रही है कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा मैत्रीबाग म 2 फरवरी को आयोजित होने वाले पुष्प प्रदर्शनी के मद्देनजर मैत्रीबाग के मुख्य प्रवेश द्वार पर सड़क तथा साइकिल स्टैंड से तीन दर्जन से अधिक अवैध चाट, गुपचुप ठेले, आइसक्रीम ठेले, दुकानें, झूले आदि हटाए गए। इस कार्यवाही के तहत साइकिल स्टैंड संचालक के संरक्षण में संचालित की जा रही 20 से भी अधिक अवैध दुकानों को हटाया गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि साइकिल स्टैंड परिसर में दुकानों का संचालन न किया जाए। इसके अतिरिक्त मैत्री बाग चौक व सड़क किनारे अवैध दुकानदारो, ठेलेवालों तथा टैक्सी वालों को चेतावनी दी गई कि अवैध दुकानें संचालित न करें, ना ही टैक्सी खड़े करें। इसके अलावा टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों के सड़क पर अवरोध उत्पन्न कर रहे एक दर्जन से भी अधिक ठेलों को जप्त किया गया। बताया जा रहा है कि मैत्रीबाग में 2 फरवरी को होने वाले फ्लावर शो में बड़ी संख्या में लोग आते है। जिसे ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है। भिलाई इस्पात संयंत्र के लोगों से अपील की है, कि किसी तरह से अवैध कब्जा न किया जाये। जिससे लोगों को परेशानी होती है।

# टैक्सेबल इनकम एवं टैक्स स्लैब में सुधार होने चाहिए

**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कर्मचारियों को अपने आय के फलस्वरूप टैक्स देनदारियों को कम करने के लिए आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 का आकर्षक प्रावधान ओल्ड टैक्स रेजीम में था। यह सेक्शन बचत और निवेश के संभावनाओं में वृद्धि करता था। जो कि न्यू टैक्स रेजीम में नहीं है। उक्ताशय को व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, उप प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, संभाग अध्यक्ष संजय सिंह, भानुशंकर नागराज, के दुबे, डॉ बी के दास ने कहा है कि केन्द्र सरकार को अपने बजट 2025 में वेतनभोगी कर्मचारियों को मौजूदा टैक्स स्लैब में छूटों एवं कटौतियों को ओल्ड टैक्स रेजीम अनुसार संशोधन करना चाहिए। इससे कर्मचारियों में बचत एवं निवेश की भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कर्मचारियों को होम लोन लेने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उनका कहना है कि इस नीति से बैंकिंग तथा इन्सुरेंस सेक्टर में इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा मिलेगा। फलस्वरूप केन्द्र सरकार के विकास कार्यों के लिये राजस्व आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि न्यू टैक्स रेजीम की शुरूआत केंद्रीय बजट 2020 में की गई थी। बतौर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा किया था। लेकिन न्यू टैक्स रेजीम में छूट एवं कटौतियों के प्रावधान को शामिल नहीं किया गया था। जो कि कर्मचारियों के बचत एवं निवेश की भावना के अनुकूल नहीं था। वेतनभोगी करदाताओं को न्यू टैक्स रेजीम में छूट एवं कटौतियों को शामिल करने की उम्मीद है। आई टी एक्ट 1961 की धारा 80-सी में कर कटौती में वृद्धि किये जाने पर विचार करना चाहिए। पेंशनभोगियों के लिए स्लैब में राहत देने पर विचार किया जाना चाहिये। हालांकि बजट 2024 में वित्तमंत्री सीतारमण ने नई कर व्यवस्था के तहत वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए मानक कटौती 50000 को बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया था। न्यू टैक्स रेजीम में कर्मचारियों पर टैक्स देनदारी कम हुआ है। लेकिन उनके बचत और निवेश की प्रवृत्ति प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि वेतन आयोगों के अनुशंसा अनुसार कर्मचारियों के वेतन में निरंतर वृद्धि हुआ है। लेकिन कर योग्य आय तथा इनकम टैक्स स्लैब में परिवर्तन उस अनुपात में नही हुआ है। एम्प्लाइज प्रोविडेंट फण्ड आर्गेनाईजेशन को और अधिक सुदृढ़ करना देश हित में है। मुद्रास्फीति अथार्त वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अथार्त महंगाई बढ़ रही है। मुद्रास्फीति की वजह सेए कर्मचारियों को पहले जितना ही मात्रा में सामान खरीदने के लिए अधिक मूल्य देना पड़ रहा है। वेतनभोगी कर्मचारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है,क्रय शक्ति कम हुई है।



# मैत्री बाग में आज से फ्लावर शो का आयोजन

**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेगा फ्लावर शो-2025 का आयोजन मैत्री बाग में किया जा रहा है। फ्लावर शो-2025 का उद्घाटन आज शनिवार को मुख्य अतिथि भिलाई महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता द्वारा संध्या 4 बजे किया। फ्लावर शो-2025 के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु पंजीयन एवं प्रवेश 1 फरवरी से प्रारंभ किया। जनता की मांग तथा अनावश्यक भीड़.भाड़ को देखते हुए इस वर्ष यह आयोजन दो दिनों तक किया जा रहा है। फ्लावर शो में आवासीय व शालेय बागवानी प्रतियोगिता, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज़, फर्न, सेवंती, डहलिया, गुलाब एवं मौसमी पौधों की प्रतियोगिता और इन्हीं पौधों के कट फ्लावर की प्रतियोगिता तथा बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों से विशेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन, औषधीय वनस्पतियों का प्रदर्शन उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय के समक्ष किया जायेगा। इसके अलावा पुष्प.सज्जा, रंगोली, गुलदस्ता व फलों एवं सब्जियों से तैयार मॉडल आदि जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सब्जियों एवं फलों से तैयार आकर्षक सलाद का प्रदर्शन भी किया जाएगा। 2 फरवरी को फ्लावर शो-2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संध्या 4 बजे आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह के दौरान संयंत्र के सभी कार्यपालक निदेशक सपत्निक उपस्थित होंगे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को परिवहन सहित अपनी अन्य व्यवस्था सामग्री स्वयं के व्यय पर करनी होगी व प्रतिभागी अपना गमला, फूल व अन्य सामग्री 2 फरवरी को संध्या 7 बजे से पूर्व न हटायें। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार के मार्क्सए स्लोगन या नाम लिखने की अनुमति नहीं होगी।

# सेंट थॉमस कॉलेज द्वारा ज्ञानदान सेवा का समापन



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सरकारी प्राथमिक विद्यालय रूआबांधा में सामुदायिक सेवा ज्ञानदान का समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। यह ज्ञान दान कार्यक्रम 2016 से प्रारंभ किया गया। यह शैक्षणिक सत्र सितम्बर 2024 से जनवरी 2025 तक लिया गया। इस सामुदायिक सेवा के अंतर्गत अर्थशास्त्र की विद्यार्थियों ने न सिर्फ पाठ्यक्रम बल्कि जीवन की वास्तविकता से भी अवगत कराया। सरकारी स्कूल की विद्यार्थियों में पढ़ाई में रुचि पैदा करने के लिए और जीवंत उदाहरण देने के लिए अर्थशास्त्र विभाग की स्नातक की छात्राएं कुमारी सुहानी, तनुजा, नंदिनी, निहारिका, शालिनी, जूही, अंजलि, और स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग से ब्लेसी, कलश, सृष्टि और तरनवीर ने पूरे शैक्षणिक सत्र में ज्ञानदान के माध्यम से बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक में भी रुचि दिलाए। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती ज्ञानेश्वरी मिश्रा, वरिष्ठ गुरु श्रीमती गोस्वामी एवं अन्य गुरुगण श्रीमती पुष्पा लता तिवारी एवं नागेंद्र मरावी के सराहनीय सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सेंट थॉमस कॉलेज के प्रशासक रेवरेंट फादर डा. पी एस वर्गीज और प्राचार्य डॉ. एम.जी रोईमोंन ने प्राथमिक शाला को प्रदान की गई इस सेवा की सराहना की है। इस सेवा को सुचारू रूप से संचालन के लिए अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.अपर्णा घोष, संकाय सहायक अध्यापक मिस अपर्णा दत्ता द्वारा निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन से किया गया।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी कर्मियों को विदाई



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र की सेवा से जनवरी माह में कुल 92 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिसमें खदान बिरादरी के 5 सहित 17 कार्यपालक व 75 गैर कार्यपालक शामिल हैं। जनवरी में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार तथा सफी चेयरमैन व ओए.बीएसपी के अध्यक्ष श्री एन के बंछोर ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। 31 जनवरी को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोइत्रा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

# सफाई अभियान में पार्षद की सहभागिता प्रमुख : आयुक्त

**भिलाईगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने रिसाली को स्वच्छ रखने पार्षदों की भूमिका को सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने वार्डो की तस्वीर बदलने पार्षदों को सामने आकर अभियान स्वरूप कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने का आव्वाहन किया। खास बात यह है कि रिसाली निगम स्वच्छता की अलग जगाने फरवरी प्रथम सप्ताह से ही पूरे वार्डो में एक साथ भ्रमण कार्यक्रम आरंभ करने जा रही है। उक्त बातें उन्होंने पार्षदों की कार्यशाला में कही।



निगम आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में घरों और बाजार क्षेत्र से निकलने वाले मिक्स कचरे की निष्पादन करना चुनौती है। अगर शुरूआती दौर से नागरिकों का सहयोग मिले तो यह कार्य आसान हो जाएगा। अन्यथा एक समय के बाद यह समस्या विकराल रूप में सामने आता है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कार्यशाला में आग्रह की है कि पार्षद की थोड़ी सी सक्रियता रिसाली को सुंदर बना सकती है। केवल जागरूकता की आवश्यकता है। कार्यशाला में निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साह, पार्षद रमा साहू, मनीष यादव, सारिका साहू, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, ममता यादव, विलास बोरकर, ईश्वरी साहू, सरीता देवांगन, रंजीता बेनुआ, टीकम साहू, हरिशचन्द्र, शीला नारखेड़े, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, खिलेन्द्र चन्द्राकर, रोहित, सविता ढवस आदि उपस्थित थे। आयुक्त ने कहा कि फरवरी प्रथम सप्ताह से हम योजनाबद्ध तरीके से सफाई कार्य आरंभ करने का प्रयास कर रहे है। टाउनशिप को छोड़ रिसाली को चार भागों में विभक्त कर 20-20 स्वच्छता मित्र का 2 गैंग बनाए है। सफाई कहा से शुरू करे इसकी रूपरेखा वार्ड पार्षद बताए। आयुक्त ने कहा कि पार्षद वार्ड का आइना है। प्रतिदिन उस वार्ड के नागरिक पार्षद से मुलाकात करते है। उन्हें पता होता है कि सफाई की आवश्यकता कहा होती है। इसलीए वे गैंग का रोस्टर देख स्वयं तय करे कि अभियान की शुरूआत कहा से करे। आयुक्त ने बताया कि निगम के कर्मचारी एक बार फिर नई व्यवस्था के तहत घर घर दस्तक देंगे। वे गीला व सूखा कचरा को अलग.अलग रखने की न केवल नसीहत देंगे बल्कि यह देखेंगे कि सफाई एजेंसी कचरा कलेक्शन में लापरवाही तो नहीं बरत रहा है। उन्होंने कहा है कि अगर बार.बार समझाईश के बाद नागरिक स्वच्छता नियमों की अनदेखी करेंगे तो निगम कर्मचारी जुर्माना वसूल करेंगे। आयुक्त ने कहा कि जहां लोग सार्वजनिक रूप से कचरा फेकते है। ऐसे स्थानों को निगम ने चिन्हित किया है। उस स्थान को बेहतर करने कार्य योजना है, लेकिन यह कार्य पार्षद के सहयोग बिना अधूरा है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि आम नागरिकों को खुला में कचरा न फेकने के लिए प्रेरित करे।

# अधिभार से बचने समय पर निगम जमा करे टैक्स :आयुक्त



**भिलाईनगर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित भवन, भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन, भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर जमा करने पर अधिभार (ब्याज) में छूट दी गई है। निगम क्षेत्र में संपत्तिकरदाता जिनका संपत्तिकर एवं अन्य कर जो बकाया है और जिसने वर्ष 2024-25 का कर जमा नहीं किये है। उन सभी को संपत्तिकर एवं अन्य कर जमा करने पर अधिभार से छूटी दी जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के करदाताओ से अपील की है, कि जो भी भूस्वामी अपना संपत्तिकर एवं अन्य कर की राशि निगम में अभी तक जमा नहीं किये है। वे सभी करदाता 31 मार्च के पहले अपना बकाया सभी कर की राशि निगम में जमा कर दे। जो करदाता 31 मार्च के बाद अपना संपत्तिकर की राशि जमा करेगे। उनको 18 प्रतिशत ब्याज संपत्तिकर एवं बकाया करों पर अतिरिक्त अधिभार लगाकर संपत्तिकर की राशि जमा करना पड़ेगा। निगम का काउंटर कार्यालय समय में छुट्टी के दिनों भी खुला रहेगा। एजेंसी के टोल फ्री नंबर 9770778431 पर कॉल करके अपने घर से भी संपत्ति कर जमा कर सकते है।

# भाजपा ने किया जनपद सदस्य के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा

**खैरागढ़,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मंडल एवं जिला चयन समिति की अनुशंसा तथा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति के पश्चात जिला चुनाव प्रभारी घम्मन साहू व जिला भाजपा अध्यक्ष बिसेसर साहू के द्वारा पहले जिला पंचायत की सूची जारी करने के बाद अब खैरागढ़ छुईखदान जनपद पंचायत के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। शुक्रवार की देर रात तक जारी की गई सूची में पुराने व अनुभवी चेहरों के साथ ही नए चेहरों को भी चुनावी मैदान में उतारा गया है।

**खैरागढ़ जनपद में अधिकृत सदस्यों का नाम**

खैरागढ़ जनपद पंचायत के सभी 25 क्षेत्रों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है जिसमें पूर्व जनपद अध्यक्ष उमाबाई सिन्हा को भंडारपुर से मौका दिया गया है उसी प्रकार दपका से लखन साहू,अकरजन से शैलेन्द्र मिश्रा,चिचका से डॉ. राजे श्री त्रिपाठी,पांडादाह से सरस्वती यदु, टेकापार कला से राजेश्वरी कोसरे, भरतपुर से मंजू धुर्वे, गातापार जंगल से द्रुपद कंवर, बैगाटोला से महेश्वरी वर्मा, मुढ़ीपार से पुरुषोत्तम साहू, जुरलाकला से गोपाल साहू, टोलागांव से मीरा वर्मा, चारभाठा से भूपेंद्र सिंह, सिंगारपुर से सविता जांगड़े, विक्रमपुर से डोमन वर्मा, कुलीकसा से सुनीति गिरिया, राहुद से रजनी निषाद, अतरिया से दीक्षा गुप्ता, जोरातराई से सुरेखा वर्मा, पांडुका से कोमल वर्मा को भारतीय जनता पार्टी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है।

**छुईखदान जनपद में अधिकृत प्रत्याशियों का नाम**

जनपद पंचायत छुईखदान के लिए जारी की गई सूची में भी जिला भाजपा ने जिला पंचायत प्रत्याशियों की तरह ही सभी वर्गों का समायोजन किया है सभी वर्ग के साथ ही वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी अवसर दिया है जिससे सभी वर्गों के साथ ही कार्यकर्ताओं में भी हर्ष का माहौल है। जनपद पंचायत छुईखदान में भाजपा के जिला महामंत्री पूरन जंघेल को बोरई,रामपुर से महेंन्द्र यादव,उदान से सुधीर गोलछा रामपुर से नीलम महेंन्द्र यादव,खादी से मीना बाई पटेल, ठाकुरटोला से संतन साहू, जीराटोला से संगीता जंघेल, दुल्लापुर से सेतलाल पटेल, नादिया से सरिता पटेल, पथर्रा से राजू जंघेल, हनईबन से अमर सिंह साहू, गर्रा से संतोषी जोशी, खैरा नवापारा से डोमार सिंह दद्दू, कानीमेरा से सरिता कमलेश साहू, झूरानदी से लता वर्मा, विचारपुर से सुमरित उत्तम जंघेल, पद्मावतीपुर से पुष्पा प्रकाश वर्मा, खैरी से चंद्रकला सिंह को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

# पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत, कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**खैरागढ़,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत सरकारी एवम गैर सरकारी अनुदान प्राप्त कक्षा 1 से 8 तक के अध्ययनरत देश के 11.70 करोड़ छात्र-छात्राओं को प्रति दिन स्कूल दिवस में गरम पका हुआ एवम गुणवत्ता पूर्ण पौष्टिक भोजन प्रदान करना है। इस योजना के तहत मध्यानं भोजन के रूप में प्रति बच्चे को प्रत्येक दिवस 700 कैलोरी और 20 ग्राम प्रोटीन देने का प्रावधान है। राज्य शासन की ओर से प्राथमिक शाला के प्रत्येक बच्चों के लिए 100 ग्राम एवम पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए 150 ग्राम गेहूँ/चावल प्रदान किया जा रहा है।

कुकिंग प्रतियोगिता में उपस्थित स्वय सहायता समूह के सदस्यों एवम रसोइयो को सम्बोधित करते हुए विकास शिक्षा अधिकारी राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण योजना शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के बहुसंख्यक बच्चो की दी गंभीर समस्याओं अर्थात भूख और शिक्षा का समाधान करना है सरकारी और गैर- सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पात्र बच्चो की पोषण की स्थिति में सुधार लाना है। देश का कोई भी बच्चा भोजन की तलास में शिक्षा से वंचित ना हो और पौष्टिक भोजन के अभाव में बच्चा कुपोषित ना रहे। आयोजन के निर्णायक डॉ. कमलेश्वर सिंह ने स्वय सहायता समूह के सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सबका ध्येय बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण भोजन मिलना चाहिए, स्वादिष्ट भोजन मिलने से बच्चे शाला की ओर आकर्षित होंगे,और उनकी उपस्थिति बढ़ेगी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में पांच जोन के स्वय सहायता समूह ने भाग लिया विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता मे प्रतिभागी समूह की रसोइयो ने शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप मध्यानं भोजन तैयार किये गए भोजन की स्वाद, स्वच्छता, रसोइयो के ड्रेस, स्थानीय स्तरीय समाग्री के उपयोग पर अंक निर्धारित किये गए थे। निर्णायक द्वारा मूल्यांकन के पश्चात प्रथम स्थान शासकीय प्राथमिक शाला चिंगली संकुल सिघोरी, द्वितीय स्थान खैरागढ़ संकुल प्राथमिक शाला क्रमांक, 01 एवम तृतीय स्थान प्रकाशपुर संकुल के पूर्व माध्यमिक शाला प्रकाशपुर को प्रदान किया गया विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजपूत के कर कमलो से उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में डॉ.कमलेश्वर सिंह व्याख्याता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरागढ़, डॉ. सविता यादव एवम रश्मि चंद्रवंशी डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल खैरागढ़ उपस्थित रहे इस आयोजन की व्यवस्थापक सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल अमेला, खंड श्रोत समन्वयक सुजीत चौहान, संकुल समन्वयकों निमेश् सिंह, निखिल सिंह, कमल वर्मा ,भानु मेश्राम, चंद्रशेखर गुनी, तोपचंद वर्मा, गणेश रजक, आरती यादव सहित शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# फायर ब्रिगेड की गाड़ी से बुझाया गया आग



**गंडई पंडरिया,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। गंडई तहसील क्षेत्र के मोहगांव थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुरटोला में राजा श्मशान घाट के पास तीन किसानों के पैरावट के ढेर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भड़क गई कि किसान घबरा गए और तुरंत गंडई नगर पंचायत के फायर ब्रिगेड को बुलाया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। घंटों के मशक्कत बाद आग फैलने से काबू पाया गया है।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम ठाकुरटोला के तीन किसान कपूर यादव पिता मनीराम यादव, यशवंत यादव पिता आसाराम यादव और कार्तिक यादव पिता कृष्णा यादव का लगभग सात एकड़ धान का तीन पैरावट जो गांव के बाहर राजा श्मशान घाट के पास है जिसमें अचानक आग लग गई, जिसकी सूचना मिलने पर गांव में अफरातफरी मच गई। तत्काल गंडई फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने में सफल रहे। आग को फैलने रोका गया है। आग लगने का कारण अज्ञात है। मोहगांव पुलिस आग लगने के कारण पता लगाने में जुटी हुई है।

# संस्कृत विद्यालय द्वारा निकाला गया मतदान मेरा अधिकार प्रेरणा स्रोत

**धमधा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर में संचालित एक यैसा निजी विद्यालय जो नगर/क्षेत्र के संस्कृति,समाज कल्याण के विकास पर नि:स्वार्थ भाव से विविधता पूर्ण 13 वर्ष से अनवरत नगर धमधा में केवल ऊँ सांई संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय धमधा जिला दुर्ग (छगश) द्वारा प्रत्येक वर्ष अलग अलग विषयो पर जागरूकता शोभायात्रा निकाला जाता है। इस वर्ष भी संस्था ने आने वाले चुनाव को लेकर 76वें गणतंत्र दिवस के पावन बेला पर दिनांक 26/01/2025 को दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशानिर्देश पर प्रेणाश्रोत झाँकी च्मतदान मेरा अधिकारज्ज से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए धमधा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। संस्थान में सुबह 7ऱ्40 को शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण ताम्रकार के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण कर 8ऱ्30 बजे शोभायात्रा को निकाला गया। संस्थान में 11 बजे से धर्मेंद्र ताम्रकार के दिशानिर्देश पर लोक प्रहरी- हमारी संस्कृति छत्तीसगढ़ी लोक साँस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। इसमें विद्यालीन बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिए। संस्था में स्काउट गाईड एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के बालक बालिकाओं का विशेष सहयोग रहा। समाज सेवक कुबेर साहू ने कक्ष निर्माण के लिए 2,50,000 की राशि का घोषणा किया। कार्यक्रम में आम नागरिकों की भीड़ अधिक था। कल्याण सिंह चौहान, पवन देवांगन,विष्णु ताम्रकार,मनहरण साहू चित्तरेखा योग,देवदास बंजारे,सुंदर लाल साहू,विष्णु साहू,दुधवा पटेल, प्राचार्य श्रीमती नीतू साहू सहित विद्यालय स्टाफ़ उपस्थित रहे हैं। अंत में शिक्षण समिति के सह सचिव पवन देवांगन द्वारा आभार व्यक्त किया।



# केसीजी भाजपा ने किया जिपं उम्मीदवारों की घोषणा

**खैरागढ़,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष बिशेसर साहू व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रभारी घम्मन साहू ने जिला पंचायत उम्मीदवारों की विधिवत घोषणा 31 जनवरी को किया है। जिसमें क्षेत्र क्रमांक 2 अनारक्षित महिला पैलीमेटा से परमेश्वरी सिन्हा क्षेत्र क्रमांक 3 कटंगी अन्य पिछडा वर्ग महिला प्रियंका ताम्रकार क्षेत्र क्रमांक 4 भुरभूसी अनारक्षित मुक्त विक्रांत सिंह क्षेत्र क्रमांक 5 उदयपुर अनारक्षित मुक्त ललित चोपड़ा क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह अन्य पिछड़ा मुक्त दिनेश लाल वर्मा क्षेत्र क्रमांक 7 मुढ़ीपार अनारक्षित महिला लिमेश्वरी साहू क्रमांक 8 अनुसूचित जाति महिला बाजार अतरिया जमुना कुरे क्षेत्र क्रमांक 9 जालबांधा अनारक्षित महिला जयंत्रि साहू क्षेत्र क्रमांक 10 ठेलकाड़ीह अन्य पिछड़ा वर्ग महिला भुनेश्वरी देवांगन को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

## मतदान अधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

**चिकनाकसा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत चिखलाकसा अंतर्गत नगर पालिका निर्वाचन 2025 के तहत मास्टर ट्रेनर आर के देवांगन द्वारा पिठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी क्रमांक 01 का प्रशिक्षण दिया गया उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम मे सहायक रिटर्निंग अधिकारी अरविन्द नाथ योगी एवं अश्वनी कुमार गावड़े उपस्थित थे।

## नियुक्ति



**बालोद,** 1 फरवरी। आगामी नगरीय निकाय चुनाव के परिप्रेक्ष्य मे जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा की अनुसंशा पर नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी बालोद के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर युवा नेता अंचल प्रकाश साहू की नियुक्ति किया गया है। उक्त नियुक्ति पर समस्त कांग्रेस् जनो ने अंचल प्रकाश साहू को बधाई दिये।

## भाजपा ने नगर पालिका चुनाव संचालन समिति की घोषणा की

**बेमेतरा,** 1 फरवरी। भारतीय जानता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय साहू की सहमति से विधायक दीपेश साहू की अनुशंसा से शहर मंडल अध्यक्ष मोतीलाल साहू ने नगर पालिका चुनाव संचालन समिति की घोषणा की है जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता हर्षवर्धन तिवारी को चुनाव संचालक बनाया गया है संचालन समिति में महेश साहू, अजय शर्मा, होरीलाल सिन्हा,सुरेंद्र मोटवानी,मिंटू सलूजा, जैनेन्द्र सिंह,डॉ लाला राम साहू, सुरेश पटेल ,डॉ प्रदीप तिवारी, रेवाराम निषाद, राकेश मोहन शर्मा, नारद साहू, प्रवीण नीलू राजपूत, चंद्रशेखर वर्मा, राजेश शर्मा, दोहाई वर्मा, मनोज मिश्रा, दीपक नामदेव, राजकुमार चौहान, रामानंद त्रिपाठी, योगेशपुरी गोस्वामी, मनोज सेन, संदीप यादव नंद गुप्ता तानशुख़दास मानिकपुरी को जवाबदारी सौपी गई है।

# डौण्डी जनपद सदस्य के लिए 13 लोगों ने दाखिल किया नामांकन



**डौण्डी,** 1 फरवरी (देशबन्धु)।शुक्रवार को जनपद सदस्य के लिए 13 लोगों ने नामांकन दाखिल किया डौण्डी ब्लॉक 15 जनपद क्षेत्र मे विभक्ति हैं जिसमें अभी तक 11 क्षेत्रों के लिए ही 27 आवेदन जमा हो चुके हैं शुक्रवार को पचेड़ा क्षेत्र से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन मितेन्द्र वैष्णव चंद्रर सिंह नुरूटी सल्हाईटोला क्षेत्र से दो पूर्व जनपद सदस्य साधना सोरी राजेश्वरी पुरेंद्र सिंगनवाही क्षेत्र से कुलदीप राम साहू घसियाराम कोरेटी तेजेश्वर भट्ट छिंदगाव क्षेत्र से सियाराम कोठारी खैरवाही से शिवगिरी चुरेंद्र भर्रीटोला 36 से राधा बाई कामता क्षेत्र से शिवप्रसाद बरला ने जनपद सदस्य के लिए नामांकन दाखिल किया है त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत डोंडी ब्लॉक में 60 ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए चुनाव होगा जिसमें अभी तक 53 सरपंचों के लिए 130 अभ्यर्थियों ने पर्चा दाखिल किया है ग्राम पंचायत नर्रालगुडा पेंड्री धुर्वाटोला गुजरा बोरगांव टेका डोढ़ाऔर ग्राम पंचायत कामता के लिए सरपंच पद के लिए कोई आवेदन नहीं मिले हैं इसके अलावा डोंडी ब्लॉक में पंच पद के लिए 873 पद है जिसमें 655 पद के लिए 811 नामांकन दाखिल हुए हैं।

# फरार आरोपी अयोध्या उप्र से गिरफ्तार



**गंडई पंडरिया,** 1 फरवरी। थाना गंडई एवं थाना छुईखदान में लूट के प्रकरण का शातिर आरोपी अवधराम ध्रुव तीन वर्षों से फरार था। जिसे पुलिस ने बड़े ही सुझबुझ से आरोपी को आयोध्या (उत्तरप्रदेश) से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अवधराम ध्रुव को भेजा गया जेल। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार उच्चाधिकारियों के मार्ग दर्शन में थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक थाना गंडई प्रभारी निरीक्षक भीमसेन यादव एवं शिवशंकर गेन्दले के नेतृत्व में थाना छुईखदान के अपराध क्रमांक 242/2022 धारा 392, 411 भादवि0 एवं थाना गंडई के अपराध क्रमांक 214/2022 धारा 392, 34 भादवि0 के प्रकरण में फरार आरोपी अवधराम ध्रुव की गिरफ्तारी हेतु टीम तैयार कर आयोध्या(उत्तरप्रदेश) रवाना किया गया था। आयोध्या(उत्तरप्रदेश) से आरोपी अवधराम ध्रुव पिता मनकु राम ध्रुव उम्र 39 साल साकिन ग्राम सिंगपुर पुलिस चैकी खंडसरा थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) को हिरासत में लिया गया। आरोपी अवधराम ध्रुव के विरूध्द अपराध धारा का सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुईखदान निरीक्षक शिवशंकर गेन्दले, थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक भीमसेन यादव, सहायक उपनिरीक्षक धुरवाराम नागवंशी, प्रधान आरक्षक 84 कीर्तिलाल वर्मा, आरक्षक 128 शिशुपाल साहू, आरक्षक 300 चुरामणी पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# खालसा पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा सरगुन कौर भारत मंडपम् नई दिल्ली में सम्मानित

**डोंगरगढ़,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। भारत मंडपम् में आयोजित विकसित भारत अभियान 2047ज्ज में खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ की पूर्व छात्रा सरगुन कौर भाटिया को 12-01-2025 सम्मानित किया गया। नगर की प्रतिष्ठित संस्था खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ की पूर्व छात्रा सरगुन कौर भाटिया पिता अमरदीप सिंग भाटिया ने च्विकसित भारत अभियान 2047ज्ज द्वारा आयोजित प्रस्तुतीकरण में प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्राप्त किया। यह आयोजन प्रश्नमंच (क्विज) एवं निबंध लेखन के रुप में आयोजित किया गया था। प्रथम चरण में पूरे भारत से 30 लाख प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें 2 लाख प्रतिभागी दूसरे चरण के लिए चयनित हुए। जिसमें से 9000 प्रतिभागियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के आधार पर चुना गया। इसके पश्चात रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय चयन प्रक्रिया में 200 प्रतिभागियों का चयन हुआ। यह आयोजन 7 जनवरी को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव सॉय एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह की उपस्थिति में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी के आवास में आयोजित हुआ। उसके पश्चात् दिल्ली में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम दिवस में दिल्ली स्थित च्भारत मंडपम्ज्ज में स्वयं के विषय पर पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन (क्क्क्ष्) द्वारा प्रस्तुत किया गया। ज्ञात हो इस कार्यक्रम में सांसद टोकन साहू, ओ.पी. चौधरी (वित्तमंत्री छ.ग. सरकार) उपस्थित थे। दूसरे दिन 11 जनवरी को विषय विशेषज्ञ डॉ. एस. सोमनाथ (चेयरमेन ऑफ इसरो) और अमिताभ कांत (त्र20 शेरपा) नीति आयोग के पूर्व अधिकारी के समक्ष अपने विचार (विषय) पर बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ। तीसरे दिन 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं इस आयोजन में उपस्थित होकर प्रतिभागियों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए और च्विकसित भारत 2047 पर विशेष चर्चा की एवं पावर पाइंट प्रेजेन्टेशन का भी अवलोकन किया गया। इस आयोजन में सफलतापूर्वक भाग लेने पर छात्रा सरगुन कौर को सिक्ख एजूकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंघ जी अरोरा सचिव सरदार गुरुशरण सिंघ जी कक्कड. संस्था की प्राचार्या डॉ. योगिता बाजपेयी एवं समस्त शाला परिवार छात्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।



## निधन

### पुष्पा देवी माहेश्वरी



**बलौदाबाजार,** 1 फरवरी। नगर की पुष्पा देवी माहेश्वरी पति स्व. प्रेमचंद माहेश्वरी का 90 वर्ष की आयु में लोक गमन हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा 2 फरवरी दिन रविवार दोपहर 1 बजे निज निवास शनि मंदिर दशहरा मैदान से रायपुर स्थित मोक्ष धाम में जाएगी जहां अंतिम संस्कार होगा। वे अरुण, सुनील, प्रदीप एवं दिलीप माहेश्वरी की माता एवं अंशुल, आयुष, हर्षित की दादी थी।

### सेजबती बघेल



**दुर्ग,** 1 फरवरी। ग्राम मटंग (पाटन) निवासी सेजबती बघेल 95 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बड़ी मां और त्रिवेणी, देवहूती की माता थी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, परिवारजन एवं गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

### सुनील श्रीवास्तव



**दुर्ग,** 1 फरवरी। भिलाई-3 बिजली कालोनी निवासी सुनील श्रीवास्तव (66) का आज शंकराचार्य अस्पताल में निधन हो गया। वे सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यापक रह चुके थे। अंतिम संस्कार आज ही कर दिया गया। वे सूरज श्रीवास्तव एवं प्रियंका वर्मा के पिता तथा समक्ष वर्मा के श्वसुर थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपा का आज ...

आमसभा की जानकारी देते हुए दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन दुर्ग महापौर के प्रत्याशी एवं समस्त वार्डों के प्रत्याशियों के पक्ष में वोट अपील को लेकर किया जा रहा है

### पार्श्व तीर्थ नगपुरा में ...

ध्वजारोहण किया जावेगा। इसके साथ ही स्वरूपाबेन अमरचंदभाई मेहता नागपुर, हँसालक्ष्मी ललितकुमार मेहता कटक, मोहनलाल गुलाबचंद लूंकड चेन्नई, नीलाबेन कीर्तिकुमार वोरा घाटकोपर मुम्बई, फ्तेहचंद एम राणावत मुम्बई, नवीनभाई कांतिलाल डी शाह अंधेरी मुम्बई, हर्षदभाई कालिदास शाह कलकत्ता, घेवरचंद पोरवाल नेल्लूर, श्यामभाई नेणसी भाई वोरा माटुंगा मुम्बई परिवार मुख्य रूप से अन्य मंदिरों में ध्वजारोहण करेंगें। इस उत्सव में भाग लेने देशभर के तीर्थभक्तों का आगमन हो रहा है। सोमवार 3 फ्रवरी को सुबह 6 बजे भक्तामर स्तोत्र वंदनावली, सुबह 6.15 बजे वासक्षेप पूजा, सुबह 8 बजे से तीर्थपति का पक्षाल पूजा तथा सुबह 9 बजे से श्री जिन कुशल बहू मंडल दुर्ग के नेतृत्व में श्री सत्तरभेदी महापूजन की रचना होगी। संगीत संरचना राकेश दुगड़ दुर्ग द्वारा किया जावेगाए दुर्ग से आवागमन हेतु प्रात: 7 बजे दादा ट्रावेल्स दुर्ग विनित लूनिया द्वारा नि:शुल्क बस व्यवस्था किया गया है। महापूजन अंतराल में तीर्थ के मंदिरों में सुबह 10 बजे विधि विधान के साथ ध्वजारोहण का मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

# आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि स्मृति महामहोत्सव में पहुंच मुख्यमंत्री साय ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**डोंगरगढ़,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि स्मृति पर उनके अनुयायियों द्वारा 1 फरवरी से 6 फरवरी तक महामहोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा और अरूण साव समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने समाधि स्थल पहुंचकर आचार्य श्री को नमन किया। बता दें कि आचार्य विद्यासागर महाराज दिगंबर जैन संप्रदाय के महान संत थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में कठोर तप, साधना और ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए समाज में नैतिकता और आध्यात्मिकता का प्रसार किया। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक के सदलगा गाँव में हुआ था और 18 फरवरी 2024 को उन्होंने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में समाधि लिया।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह हमारा परम सौभाग्य है कि हम इस पावन भूमि पर आचार्य श्री को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे हैं। उनके आशीर्वाद से समाज में नैतिकता और शुचिता बनी रहेगी।ज्ज्मुख्यमंत्री ने हाल ही में पेश किए गए बजट पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, च्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के तीसरे कार्यकाल का यह पहला संपूर्ण बजट है, जो देश के हर वर्ग के सपनों को साकार करने वाला है। खासतौर पर मध्यम वर्ग के लिए यह वरदान साबित होगा। पहले 7 लाख तक की आयकर छूट थी, जिसे अब बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया है, जिससे एक लाख रुपये मासिक वेतन पाने वालों को भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के लिए किए गए प्रावधानों का भी जिक्र किया और बताया कि पहले किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपये थी, जिसे अब बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। इससे किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और कृषि क्षेत्र को लाभ होगा।ज्ज्गौरतलब है कि डोंगरगढ़ में इस महामहोत्सव के तहत कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देशभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। साथ ही 6 फरवरी को देश के गृह मंत्री अमित शाह भी डोंगरगढ़ पहुंचने वाले हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने चंद्रगिरी परिसर में वृक्षारोपण करके हाथ करघा में होने वाले उद्योगों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुनि श्री आगम सागर महाराज एवं मुनि श्री पुनीत सागर महाराज, ऐलक श्री धैर्य सागर महाराज ऐलक श्री निश्चयसागर महाराज ऐलक श्री निजानंद सागर महाराज सहित आर्यिका गुरुमति माताजी,आर्यिका दृणमति माताजी सहित प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ,लाभचंद बापना , विनोद खांडेकर , महेंद्र भाई पटेल ,शहर अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना ,ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिंहा, अमित जैन ,विजेंद्र सिंह ठाकुर ,महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, लक्ष्मी यादव ,वात्सला श्रीवास्तव सहित महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन कमेटी के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ,विद्यातन के अध्यक्ष विनोद बडजात्या ,निर्मल जैन, सुभाष चन्द जैन, चंद्रकांत जैन, सप्रेम जैन, डोंगरगढ़ जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव यतीश जैन, सुरेश जैन, निशांत जैन, विद्यातन पदाधिकारी निखिल जैन, दीपेश जैन, अमित जैन, सोपान जैन, जुग्गू जैन, यश जैन, प्रतिभास्थली के अध्यक्ष श्री पप्पू भैया सहित अन्य उपस्थित थे।



# निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी के नाम वापसी के बाद अब भाजपा-कांग्रेस में टक्कर

**कुम्हारी,** 1 फरवरी। नगरपालिका परिषद कुम्हारी में शुक्रवार को प्रत्याशियों के नाम वापसी का दौर चला जिसमे प्रमुख रूप से कॉंग्रेस से टिकट न मिलने पर निर्दलीय अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करने वाली श्रीमती बेबी वर्मा का नाम उल्लेखनीय है। उनके नाम वापसी के साथ ही अब पूरी तस्वीर साफ हो गई है अब अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की श्रीमती मीना वर्मा और कॉंग्रेस की ओर से श्रीमती रामप्यारी पटेल के बीच सीधा मुकाबला होगा। जहां भाजपा की श्रीमती मीना वर्मा सार्थक परिणाम को लेकर पूरी तरह आश्वश्त हैं वहीं श्रीमती रामप्यारी पटेल को पूरा भरोसा है कि नगरपालिका में एक बार फिर कॉंग्रेस अपना परचम लहरायेगी। इस बार का यह निकाय चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण है मसलन विगत 10 वर्षों के पश्चात अध्यक्ष पद हेतु महिला का होना, परिसीमन के बाद वार्डों की स्थिति के मद्देनजर वार्डों का टूटकर अन्य वार्डों में विलय होना और दोनों ही पार्टियों में उम्मीदवारी को लेकर हुई खींचातानी। यही कारण है कि कई नाराज दावेदारों ने पार्टी से हटकर अपनी उम्मीदवारी को कायम रखते हुए नाम वापस नही लिया। इन सबके अलावा और एक चीज देखने को मिल रही है वह है कुछ वार्डों में पार्षद पद हेतु आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों की उपस्थिति, बहरहाल ज्यादातर वार्डों में भाजपा कॉंग्रेस की सीधी टक्कर दिखाई दे रही है।



# केन्द्रीय बजट से विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी नई गति : भावना बोहरा

## टैक्स में छूट और किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा में बढ़ोत्तरी की घोषणा ऐतिहासिक

**कवर्धा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट में कई अहम व जनता को राहत देने वाली घोषणाएं की है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार च्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासज्ज के ध्येय को लेकर कार्य कर रही है। मोदी सरकार 3.0 का बजट केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद भवन में प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर अमृत काल के इस बजट से सीधे जनता को लाभ मिलेगा।

भावना बोहरा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा के अंत्योदय की परिकल्पना को सार्थक एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण व सुशासन को परिलक्षित करते हुए बजट प्रस्तुत किया है। अमृतकाल के इस बजट में केंद्र सरकार ने देश की महिलाओं, गरीब, किसान, व्यापारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर, रक्षा, कृषि, पशुपालन, कौशल विकास, डिजिटल विकास सहित सबसे बड़ी राहत मध्यमवर्गीय परिवार को देते हुए 12 लाख रुपए तक की आय में टैक्स छूट की सुविधा ऐतिहासिक घोषणा है। बजट में सभी क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता के साथ शामिल किया है। वहीं हमारे अन्नदाताओं का सम्मान करते हुए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड में ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने की घोषणा हमारे देश के 7.7 करोड़ किसान भाई-बहनों के परिश्रम और देश के विकास में उनकी भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला निर्णय है।



भावना बोहरा ने कहा कि विगत 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी है। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार में देश ने विकास का जो रोल मॉडल बनाया और संरचनात्मक सुधारों को किया है उससे पूरे विश्व की निगाह आज भारत की ओर है। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में गरीब, युवा, किसान, महिला पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री धन- धन्य कृषि योजनाज्की शुरुआत की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋण मानकों वाले 100 जिले शामिल होंगे। इससे 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। लघु एवं सूक्ष्म उद्योग चलाने वाले एमएसएमई के लिए ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया गया है जिससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा । स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और हमारे युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऋण को 10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये तक,आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण के लिए गारंटी शुल्क को घटाकर 1 प्रतिशत किया गया। अगले 5 साल में मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल एजुकेशन में 75 हजार सीटों को बढ़ाया जाएगा।

भावना बोहरा ने बताया कि अनुसूचित जाती और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के सशक्तिकरण और च्पहली बार उद्यमीज्बनने वालों के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें योजना के तहत देश भर में 8 करोड़ से अधिक बच्चों, 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं तथा आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 20 लाख किशोरियों को पोषण संबंधी सहायता मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के उन्न्यायाँ और भारत नेट परियोजना के तहत उन्हें डिजिटल बनाने के लिए अगले 5 वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी वहीं ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी कोग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा । अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर स्थापित किये जाएंगे जिससे कैंसर पीड़ित मरीजों को उपचार मिलेगा। घर घर स्वच्छ पेयजल की अपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन का विस्तार 2028 तक कराया जा रहा है। ऐसी कई अन्य घोषणाएं हैं जो देश के विकास को नई गति देने के साथ ही जनता की सुविधाओं, आर्थिक सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, किसानों व कृषि को विस्तार तथा महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए बजट में निहित हैं। मैं इस सर्वव्यापी एवं सर्वसमावेशी बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करती हूँ।

### मोदी सरकार के बजट पर विधायक साहू ने दी प्रतिक्रिया

# आम जनता का बजट, किसानों की आय दोगुनी

**बेमेतरा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट पेश किया। इस बजट को लेकर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर बनाया गया है। साहू ने बजट को बहुआयामी और सर्व स्पर्शी बताया है द्य



बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। कर्मचारियों के लिए 12 लाख 75 हजार रुपए तक की आय को इनकम टैक्स से मुक्त कर दिया गया है। किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है। घरेलू और इलेक्ट्रॉनिक सामान को सस्ता करने का भी प्रावधान किया गया है। विधायक साहू ने बताया कि यह बजट विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने वाला है। साथ ही, गरीब वर्ग को पर्याप्त आर्थिक सहायता और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने की योजना है। इस बजट के माध्यम से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व विकास और उन्नति के नव सोपान भारत विश्व पटल पर स्थापित करने की क्षमता प्राप्त करेगा। उन्होंने इस जन कल्याणकारी बजट के लिए सभी देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# आयकर छूट सीमा उम्मीद से अधिक: डॉ. रमेश

**कवर्धा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। छग टीचर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय बजट में नौकरीपेशा अर्थात कर्मचारियों-अधिकारियों को टैक्स में छूट की सीमा बढ़ाने का स्वागत किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने कहा कि यह पहला अवसर है, जिसमें हमारे उम्मीद से अधिक आय सीमा पर आयकर से छूट दिया गया है।



इस बजट से हमें दस लाख रुपये तक वार्षिक आय पर आयकर से छूट की उम्मीद था, लेकिन अब कर्मचारियों को नए टैक्स स्लैब में बारह लाख रुपये तक वार्षिक आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके साथ ही पचहत्तर हजार रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन का भी लाभ मिलेगा, जिसे मिलाकर अब कर्मचारियों के लिए 12 लाख 75 हजार रुपये तक की वार्षिक आय टैक्स फ्री हो जाएगा।

### नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय निर्वाचन

# सेक्टर अधिकारियों के ईव्हीएम कमिशनिंग प्रशिक्षण प्रक्रिया संपन्न

**बेमेतरा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा के निर्देशन में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग सहित सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे ।

प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर श्री सुनील झा ने नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से ईवीएम मशीन की कमीशनिंग, संचालन, और सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही, अधिकारियों को यह भी बताया गया कि निर्वाचन के दौरान उनकी जिम्मेदारियां क्या-क्या होंगी। अधिकारियों को ईवीएम की सीलिंग, मतदाता सूची के साथ मिलान और मतदान के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई। मतदान केंद्रों की तैयारियों पर विशेष ध्यान सेक्टर अधिकारियों को बताया गया कि वे अपने सेक्टर में आने वाले सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि वहां न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। इनमें बिजली, पानी, फर्नीचर, रैंप, टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही, मतदान कक्ष की व्यवस्था, पहुंच मार्ग की स्थिति और रूट चार्ट तैयार करना भी अधिकारियों के प्रमुख दायित्वों में शामिल है। आदर्श आचरण संहिता और चुनावी प्रक्रिया अधिकारियों को आदर्श आचरण संहिता के पालन के निर्देश भी दिए गए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे। मतदान दिवस से पूर्व और मतदान दिवस के दिन किन कर्तव्यों का पालन करना होगा, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, यह भी समझाया गया कि किसी भी आपात स्थिति या गड़बड़ी के समय किस प्रकार की कार्रवाई करनी होगी। चुनाव संबंधी सुरक्षा उपायों और प्रक्रियाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया।



### चुनाव की सफलता में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि सेक्टर अधिकारियों की भूमिका चुनावी प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की स्थिति की समीक्षा कर समय पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न और सुचारू रूप से संपन्न हो सके । श्री शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और सतर्कता के साथ निभानी होगी ताकि लोकतंत्र की मर्यादा बनी रहे।

# बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा में बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

**थानखम्हरिया,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। बाल संस्कार शिशु मंदिर, बरगा में आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर माता सरस्वती का विधिवत पूजन कर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर की गई। इसके पश्चात सामूहिक विद्या मंत्र का जाप कर मां शारदा से ज्ञान, बुद्धि और विवेक की प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी को श्वेत पुष्प, खीर, दूध और वस्त्र अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



बसंत पंचमी को विद्या और कला की देवी माता सरस्वती के प्रकटोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन से बसंत ऋतु का आगमन होता है, जो प्रकृति में उल्लास और नवजीवन का संदेश लाता है। चारों ओर खिलते फूलों और खुशियों की बहार ने वातावरण को और भी मनोरम बना दिया।

विद्यालय परिवार के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ रेवाराम पाल ने इस अवसर पर बच्चों में ज्ञान और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। अंत में आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आचार्य श्री राजेश निषाद,जलेश्वर निर्मलकर, हरेंद्र साहू,छत्रवती साहू, गायत्री साहू, प्रीति साहू, सीता लहरे, अनुराधा यादव, पूर्णिमा साहू, गीतेश्वरी साहू, तिलेश्वरी साहू, रोमा निषाद उपस्थित रहें।

# नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा ने किया जनसंपर्क

**बेमेतरा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा ने आज पूरे जोर शोर से चुनावी मैदान में अपना चुनाव प्रचार का आगाज भाजपा के वार्ड प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं के साथ किया। वॉर्ड नंबर एक दो तीन और चार नंबर वॉर्ड में घर घर जाकर हर एक मतदाता और परिवारिक सदस्य से भेंट मुलाकात कर नगर की जनता से भाजपा के कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा को भारी वोटों से जिताने आशीर्वाद मांगा ।चुनावी प्रचार के दौरान विजय सिन्हा का वॉर्ड वासियों द्वारा स्वागत कर आशीर्वाद भी दिया गया।



भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा ने चुनाव मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डेय के माध्यम से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि आज भाजपा सर्वमान्य राजनीतिक पार्टी है घर घर गांव गांव नगर नगर और शहर में भाजपा के काम काज को देखकर व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है ।बेमेतरा नगरीय परिक्षेत्र के संपूर्ण और सामूहिक विकास के लिए भाजपा को साथ देने कहा ।सबका साथ सबका विकास भाजपा का नारा है और नगर के हर वॉर्ड की समस्या को प्राथमिकता देना मेरा परम कर्तव्य है।

विजय सिन्हा ने आगे कहा मैं यहां की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि बेमतरा का उत्तरोत्तर विकास मेरे द्वारा होकर रहेगा और यह मै करके दिखाऊंगा ।राज्य शासन की रीति नीति और सहयोग से नगर विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दूंगा ।आज देश और राज्य में भाजपा की स्थाई सरकार है जिसका पूरा लाभ और सहयोग नगर पालिका बेमेतरा क्षेत्र को विकास के लिए मिलेगा और नगर की समस्त जनता को मै आश्वस्त करता हूं कि नगर की छोटी से छोटी जनसमस्या को ध्यान देकर उसका निदान करना मेरे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता में रहेगा ।भाजपा की जीत जनता की जीत होगी इसलिए मैं आपके द्वार में उपस्थित हुआ हूं ।उन्होंने अपने सघन जनसंपर्क में कहा अपने वार्ड के विकास के लिए नगर के 21वार्डों में भाजपा के पार्षद को कमल निशान पर बटन दबा बेमेतरा नगर पालिका में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक जीत बनाएं।

आज के जनसंपर्क में वार्ड नंबर एक पार्षद प्रत्याशी यशवंत लहरें वार्ड नंबर 2 प्रत्याशी पुष्पा दुर्गा साहू वार्ड नंबर 3 पार्षद प्रत्याशी पंचू साहू वार्ड नंबर चार पार्षद प्रत्याशी रवि मुलवानी शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू भाजपा नेता अनिल रजक,राजेश शर्मा हर्षवर्धन तिवारी गोलू कोसले नंदू राठी अमरीका निर्मलकर वैभव तिवारी प्रकाश साहू अभिनव ठाकुर संदीप यादव भागीरथी यदु , पूर्व पार्षद लछनी लहरें,प्रभु वर्मा अजय वर्मा गोपी वर्मा आशिक बंजारे, रोहित अनंत, माखन अनंत ,सतीश नौरंगे, अशोक साहू ,धरमू वर्मा, तारण वर्मा, श्रीराम रजक,संतोष वर्मा, जमुना रजक , सुनीता वर्मा, चकबती वर्मा ,नंदू गुप्ता दामोदर गुप्ता शिव प्रसाद पांडे, नंदू राठी, वैभव तिवारी, प्रकाश साहू, गुलापा यादव भगवंतीन सोनी, त्रिवेणी साहू मुन्नी यादव, हेतुल्य सिंह, जैनेन्द्र सिंह,अभिनव ठाकुर, विजय साहू,,देवेश तिवारी,सावित्री मराठा, सवाना बाई सेन, योगेश वर्मा नरेश साहू ,धर्मेंद्र साहू,सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता साथ रहे।

### गुरु की महिमा सर्वोपरि

# शिवशक्तिधाम राखी में भागवत कथा के सप्तम दिवस पर पंडित देवेन्द्र दुबे का अमृत वचन



**थानखम्हरिया,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। शिवशक्तिधाम राखी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस पर कथा व्यास पंडित देवेन्द्र दुबे ने श्रद्धालुओं को गुरू की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए गुरू को ईश्वर से भी श्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि गुरू ही वह दीपक हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। पंडित दुबे ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा, 'गुरू बिना ज्ञान की प्राप्ति असंभव है। जैसे बिना सूर्य के प्रकाश के संसार अंधकारमय हो जाता है, वैसे ही गुरू के बिना जीवन की दिशा खो जाती है।' उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी अपने गुरू संदीपनि मुनि के चरणों में शिक्षा ग्रहण कर आदर्श स्थापित किया ।कथा स्थल पर भजन और कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने गुरू महिमा के महत्व को समझते हुए अपने जीवन में गुरू के मार्गदर्शन की अनिवार्यता को आत्मसात किया।

# दुर्घटना से बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक: कलेक्टर

■ समापन में पद्मश्री शमशाद बेगम, पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में महिला कमाण्डो हुए शामिल




**बालोद,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना वर्तमान समय की बहुत ही विकराल समस्या है। इससे बचाव हेतु सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के अलावा यातयात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। श्री चन्द्रवाल पुलिस विभाग एवं यातायात कार्यालय द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में यातायात कार्यालय के सामने जय स्तंभ चैक में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में पद्मश्री शमशाद बेगम, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश राठौर, सीएसपी दल्लीराहजरा डाण् चित्रा वर्मा, एसडीओपी गुरूर बोनीफास एक्का, यातायात निरीक्षक राकेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला कमाण्डो, छात्र.छात्राएं एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं वक्ताओं ने सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सावधानी को ही एक मात्र उपाय बताया। उन्होंने आम जनता से नशापान करके तथा तेज गति से वाहन नही चलाने एवं वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने तथा हेलमेट का उपयोग करने की अपील भी की।

श्री चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु अपने जान.माल की रक्षा करने तथा अपने आप को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी व्यक्ति की स्वयं की है। इसलिए यातायात निमयों का पालन करते हुए नियंत्रित एवं संयमित होकर वाहन चलाकर हमें अपने एवं अपने परिवार तथा समाज को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने आम नागरिकों से नाबालिग एवं छोटे बच्चों से वाहन नही चलवाने की भी अपील की। कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक नागरिकों को एक जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने नैतिक दायित्वों को निर्वहन करने को कहा। इस अवसर पर श्री चन्द्रवाल ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस विभाग एवं आम नागरिकों के सहयोग से सड़क सुरक्षा के संबंध में जिले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों की सराहना भी की। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना एवं सड़क सुरक्षा हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करना केवल पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से नही होगा। इस कार्य में आम जनता की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री शमशाद बेगम ने जिले के आम नागरिकों से सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सावधानी ही एक मात्र उपाय है। इसलिए हम सभी को यातायात नियमों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने जिले में सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने हेतु महिला कमाण्डो की भागीदारी के संबंध में भी जानकारी दी। समारोह में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने सड़क सुरक्षा माह के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का आयोजन मात्र एक माह भर का आयोजन नही है वरन् यह पूरे वर्ष भर चलने वाला कार्यक्रम है। श्री भगत ने कहा कि सड़क दुर्घटना वर्तमान समय की भीषण समस्या है। उन्होंने कहा कि हमारी एक लापरवाही एवं असावधानी के कारण हमारे परिवार एवं समाज को अपूरणीय क्षति हो जाती है। हम सभी को एक जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन कर सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराकर उनका तत्काल मदद पहुँचाने वाले नेक नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लेखनीय भागीदारी निभाने वालों के अलावा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में आयोजित चित्रकला, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं का सम्मान किया गया। समारोह में स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा सड़क सुरक्षा उपायों के संबंध में नुक्कड़.नाटकों की भी प्रस्तुति दी गई।

# व्यास पीठ की गरिमा बनाए रखने का आह्वान: पं. मोहननारायण शास्त्री



**थानखम्हरिया,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। श्रीमद् देवीभागवत कथाअमृत स्वर्ण वर्षा महोत्सव एवं शतचंडी महायज्ञ के शुभ अवसर पर कथा व्यास भागवत कथा अलंकार वेदविभूषण पंडित मोहननारायण शास्त्री जी ने व्यास पीठ की शुद्धता और गरिमा को बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अनधिकृत, अयोग्य, वर्णसंकर एवं अशुद्ध आचरण वाले लोग व्यास पीठ पर बैठकर इसकी पवित्रता को धूमिल कर रहे हैं।

पं. शास्त्री जी ने कहा कि अंतरजातीय विवाह, व्यापारिक स्वार्थ, नौकरी या मादक द्रव्यों का सेवन करने वाले, शराब, मांस, बीड़ी-सिगरेट एवं तंबाकू जैसी वस्तुओं का सेवन करने वाले और भारतीय संस्कृति व वेशभूषा से विमुख व्यक्ति व्यास पीठ के उपयुक्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अशुद्ध ब्राह्मण से सुना गया ज्ञान फूटे घड़े में पानी भरने के समान व्यर्थ है ।उन्होंने व्यास पीठ पर बैठने के लिए आवश्यक गुणों का उल्लेख करते हुए कहा कि परम वैष्णव, विप्र, विवेकवान, धैर्यवान, क्षमाशील, निर्लोभ, दयालु, सत्यप्रिय, मन-वाणी-शरीर से पवित्र, संतोषी, छल-कपट रहित, और अजातशत्रु ब्राह्मण ही व्यास पीठ के अधिकारी हैं।

यज्ञ एवं यज्ञ परिक्रमा की महिमा पर प्रकाश

कथामृत के पश्चात भगवताचार्य ओमप्रकाश जोशी ने शतचंडी यज्ञ और यज्ञ परिक्रमा के महत्व पर विशेष प्रवचन दिया। उन्होंने यज्ञ की पवित्रता और इसके धार्मिक महत्व को विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भव्य उपस्थिति

इस दिव्य कार्यक्रम में पंडित रामविलास शर्मा, विनोद शर्मा, अनिल सिंघानिया, गोविंद सिंघानिया, प्रमोद सिंघानिया, शिवेंद्र ढाल सिंह राजपूत एवं आदर्श जोशी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। ग्रामीण अंचल से भी बड़ी संख्या में लोग इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनने पहुंचे।

# प्रत्येक जिला अस्पताल में कैंसर यूनिट की स्थापना अभूतपूर्व कदम

## किसान,युवा,महिला के साथ मध्यम एवं श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिकः अभिषेक सिंह

**राजनांदगांव,** 1 फरवरी (देशबन्धु)।



राजनांदगांव, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का को पूरा करेगा।

श्री सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ में प्रत्येक क्षेत्र में हो रहे कार्यों में तेजी आएगी । सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट के माध्यम से किसानों के लिए बहुत सकारात्मक कार्य किए हैं, आज छत्तीसगढ़ धान के समर्थन मूल्य के अलावा देशभर के किसानों को उनके फसलों का वाजिब दाम और उनकी आय बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है.। अभिषेक सिंह ने कहा कि इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है।

## मध्यम वर्गीय के लिए स्वर्णिम अवसरः खूबचंद पारख

भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने आज पेश



हुए बजट पर कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा। देश के टैक्स पेयर और मध्यम वर्ग का सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसकी कल्पना भी लोगों को नहीं थी, पूर्व की सरकार में जहां 2 लाख रुपए की आय पर टैक्स लगता था, मोदी जी की सरकार में 12 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके साथ ही पहली बार केंद्र सरकार द्वारा इस बजट में मध्यम वर्गीय परिवार को योजनाओं का लाभ दिया गया है, अभी तक लोग कहा करते थे कि बजट से बड़े लोगों को एवं छोटे लोगों को फायदा मिलता है परंतु मध्यम वर्गीय के लिए कुछ नहीं रहता , परंतु मोदी सरकार ने इस बजट में पूरा ध्यान माध्यम वर्गीय परिवारों के लिए रखा है, उनके लिए यह बजट संजीवनी साबित होगा।

## बहुमुखी आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को गति प्रदान करने वाला बजटः मधुसूदन यादव

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आज संसद में पेश किये गये बजट को देश के बहुमुखी आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को गति प्रदान करने वाला बजट बताया है। उन्होंने माननीय वित्त मंत्री द्वारा सदन में प्रस्तुत बजट की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 को वित्तीय समावेश की दृष्टि से बेहद संतुलित, ग्रामीण विकास के लिये प्रतिबद्धता सूचक और एमएसएमई क्षेत्र के विकास की दिशा में एक संकल्पित बजट बताया है। इस बजट में इनकम टैक्स को लेकर मिडिल



क्लास को बड़ी राहत दी गई है, जिसमें नए टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। बुजुर्गों को टैक्स की छूट की सीमा दोगुनी कर दी गई है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर ?5 लाख करना और नई कर सुधार नीतियां आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के संतुलित प्रयास हैं । डेयरी और फिशरी फार्मर्स के लोन की सीमा बढ़ाने का ऐलान किया है। स्कूली और उच्च शिक्षा के लिये भारतीय भाषाओं की पुस्तकें डिजीटल रूप में उपलब्ध करायी जायेंगी। देश के प्रत्येक जिला अंतर्गत सरकारी अस्पताल में कैंसर यूनिट की स्थापना अभूतपूर्व कदम है एवं कैंसर एवं अन्य जीवन रक्षक दवाओं को करछूट प्रदान कर सस्ती दवा उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य सुविधाओं में जनता को राहत देने वाला कदम है। माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज के लिए गारंटी योजना की अधिकतम सीमा ?5 करोड़ से बढ़ाकर ?10 करोड़ कर दी गई है, जिससे इस क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ेगा । एमएसएमई सेक्टर का क्रेडिट कवर बढ़ाने का भी ऐलान किया गया है। स्टार्टअप इंडिया मिशन और मेक इन इंडिया मिशन को और मजबूत करने के लिए भी कई उपायों की घोषणा की गई है । इलेक्ट्रानिक सामान सस्ता होने से मध्यम वर्ग की सुविधाओं में विस्तार होगा और बाजार में कैशफ्लो में वृद्धि होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), हरित ऊर्जा और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता प्रदान की गई है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत देश एक वैश्विक स्टार्टअप केंद्र के रूप में विश्वपटल पर स्थापित होगा।. समग्र रूप से, यह बजट एमएसएमई और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने के सरकार के संकल्प को दोहराता है।

## किसानों के लिए वरदान साबित होगा बजटः कोमल सिंह राजपूत


भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह



राजपूत ने कहा कि मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों के उत्थान के लिए दूरगामी नीतियाँ बनाई हैं। इस बजट में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने, दालों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों के लिए यूरिया फैक्ट्री लगाने और किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने के निर्णय किसानों की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

## स्वास्थ्य संबंधी निर्णय स्वागतयोग्यः सुरेश डुलानी

राजनांदगांव भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी ने कहा कि प्रस्तुत बजट में नया इनकम टैक्स बिल लाने पर लोगों को पुराने कानून से मुक्ति मिलेगी, साथ ही शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना भी सरकार की है एक लाख अधूरे घर भी पूरे होंगे और 2025 में 40 हजार में मकान हैंडोवर



किए जाएंगे हर घर नल से जल पहुंचने का जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ गया है, जिससे जनता को स्वच्छ जल पीने को मिलेगा।

सुरेश जी ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी राहत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज की जीवन रक्षक दवाइयों को पूरी तरीके से टैक्स में छूट दे दी गई है, साथ ही कैंसर के लिए 200 केयर यूनिट भी बनाई जाएंगी। ऐसे संवेदनशील निर्णय पर हम मोदी सरकार का धन्यवाद करते हैं।

## आधारभूत संरचना एवं छत्तीसगढ़ के लिए प्रावधानः संतोष अग्रवाल

जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता संतोष



अग्रवाल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आधारभूत संरचना के लिए राज्यों को डेढ़ लाख करोड़ रुपए दिए जाने का निर्णय राज्यों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला प्रशंसनीय निर्णय है। साथ ही 1 लाख करोड़ का फंड अर्बन डेवलपमेंट के लिए मिलने से शहरों का विकास होगा।आदिवासी एवं दलित महिलाओं को 5 लाख तक के लोन का प्रावधान किया गया है।

## रोजगार की नई संभावनाओं को जन्म देगा यह बजटः भरत वर्मा

राजनांदगांव प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा



ने कहा कि यह बजट देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं को समर्पित बजट है। देश में रोजगार की नई संभावनाओं का सृजन होगा। भारत को विकसित भारत बनाने की दिशा में इस बजट के प्रावधान बेहद मददगार साबित होंगे। देश की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। देश के हर वर्ग के लिए बजट में प्रावधान है। यह भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला बजट है। यह बजट भारत में निवेश की संभावनाओं को प्रबल करेगा और भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ की संभावनाओं को बल देगा।

## श्रेष्ठ भारत के निर्माण का ब्लूप्रिंट है यह बजटः संतोष पाण्डेय

केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने बजट को श्रेष्ठ भारत के निर्माण एवं वैश्विक पटल पर भारत देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने हेतु रोड मैप बताया है. एक



ओर केसीसी लोन की सीमा में वृद्धि कर किसानों को सेठ साहुकारो के चंलुग से मुक्ति दिलाई गयी है तो दूसरी ओर आयकर में छुट प्रदान मध्यम वर्ग के हितो का ध्यान रखा गया है. सरकारी अस्पतालों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज हेतु बजट में प्रावधान एवं किसानो के लिए नयी योजना पीएम धन-धान्य योजना की घोषणा की गई है. सांसद पाण्डेय ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की सोच होती थी कि बजट से सरकार का खजाना कैसे भरेगा लेकिन मोदी जी ने इसका उल्टा करते हुए देश के नागरिको की आय में कैसे वृद्धि होगी उनकी बचत कैसे बढ़ेगी इस हेतु नीव रखा है. किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, बच्चो की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्ट अप, नवाचार और निवेश हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट मोदी जी आत्म निर्भर भारत का रोड मैप है.

## सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी मां लक्ष्मी की कृपा का बजट :आभा तिवारी

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व पार्षद आभा



तिवारी ने कहा कि यह बजट गरीब मध्यम वर्ग महिला युवा किसान का बजट है विकसित भारत का बजट संसद में केंद्रीय बजट 2025 पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख की इनकम तक कोई भी इनकम टैक्स नहीं लगेगा। बजट 2025 में कृषि और एमएसएमई जैसे कई फोकस क्षेत्रों के लिए कई उपायों का ऐलान किया है। मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश करते हुए निर्मला सीतारमण ने लगातार आठ बार केंद्रीय बजट पेश करने वाली एकमात्र वित्त मंत्री होने की उपलब्धि हासिल की है।

जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटाई गई

वित्त मंत्री ने हेल्थ सेक्टर में बड़ी राहत दी है। सरकार ने 36 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह से हटाया गया।

आभा तिवारी ने कहा चाइना की चीनी खिलौनों का अब दबदबा समाप्त होगा

खिलौनों का यूनिवर्सल हब बनेगा भारत, वित्त मंत्री ने रखा विशेष प्रस्ताव।

गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से लोन की सीमा 3 लाख से बढ़कर 5 लाख रुपये हो गई ।सभी ने विकास को नई गति दी है। मुझे पूरा विश्वास है कि बजट में गरीबों, महिलाओं, युवाओं, उद्योगों के लिए बहुत कुछ होगा।

वित्त मंत्री ने विदेश में पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्रों को राहत दी है. अगर एजुकेशन लोन किसी मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्था से लिया गया है, तो उस पर ज्ञ्ष्टस् (टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स) नहीं लगेगा.

सरकार पहली बार उद्यम शुरू करने वाली पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण शुरू करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी में बीते कुछ वर्षों में बड़ा इजाफा हुआ है।

## महिलाएं,युवा, कृषि व ग्रामीणों सहित उद्यमियों को बढ़ावा देने वाले जनहित कारी बजटः आलोक बिंदल

देश की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा



पेश किए गए जनहितकारी बजट को जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल ने कहा कि यह बजट देश की महिलाओ ? सहित युवाओं व कृषि के अलावा ग्रामीण क्षेत्र तथा युवा उद्यमियों के लिए प्रगति के द्वार खोलने वाला है। इसमें वित्त मंत्री जी ने फूट वियर क्षेत्र में रोजगार के सेक्टर व भारत को खिलौनो का बाजार के लिए बढ़ावा देकर रोजगार के लिए अवसर खोल दिया है। वहीं पारंपरिक सूती उद्योग, डेयरी पालन , मछली पालन के लिए लाखों का कर्ज की व्यवस्था कर ग्रामीण क्षेत्र के युवा उद्यमियों के लिए उन्नति/ प्रगति के द्वार खोल दिए हैं। इसी तरह हास्पीटलाइट के क्षेत्र व मेडिकल कालेज के लिए 10 हजार सीटें बढ़ाई जाने से रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

भाजपा के युवा नेता श्री बिंदल ने बजट में विकसित भारत को गरीबी से मुक्ति दिलाने सबसे ज्यादा रोजगार, व स्वास्थ्य सहित शिक्षा पर भी ध्यान दिया गया है। सौ प्रतिशत अच्छी शिक्षा, गांव के स्कूल को इंटरनेट से जोड़ने, डिजिटल पुस्तके व ग्रामीणो सहित शहरी गरीबों की आय बढ़ाने की नई योजना और सोलर प्रोडक्ट बढ़ाने पर जोर सहित राज्यों के साथ कृषि क्षेत्र को बढ़ाना,एक करोड़ गिग वर्करों की सामाजिक सुरक्षा व नवाचार के लिए 20 हजार करोड़ के प्रावधान देश को प्रगति के शिखर पर ले जाने वाला है। श्री बिंदल ? ने कहा कि मध्यम वर्गीय व नौकरी पेशा लोगों के लिए 12 लाख तक इंकमटैक्स में छूट प्रत्यक्ष ?कर निर्धारित नया इनकम टैक्स बिल की सुविधा देकर देश के नागरिक के जेब कैसे भरेंगे इसकी व्यवस्था की गई है तथा एक आई हाईटेक के लिए 500 करोड़ का प्रावधान कर सभी क्षेत्रों के लिए बूम करने वाला बजट बनाया गया है जो देश को विकसित भारत बनाने की राह में ले जाने वाला है।

## केन्द्रीय बजट से मध्यम वर्ग भारत देश के विकास को शक्ति प्रदान करेगाः नीलू शर्मा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा ने प्रस्तुत केन्द्रीय



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकर ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है और योगदान को अतुलनीय माना है जिस हेतु सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है।आयकर में 2014 के ठीक बाद, ‘शून्य कर’ स्लैब को बढ़ाकर 2.5 लाख कर दिया गया था जो कि 2025 में नईव्यवस्था के तहत 12 लाख तक छुट की सीमा को बढाया गया है जिससे आम आदमी की बचत में वृद्धि के साथ ही उनके क्रय करने की क्षमता में भी वृद्धि होगी जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगा। बजट में किसानो हेतु केसीसी लोन की सीमा को बढ़ाना प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना एवं दलहन फसलो पर की गयी घोषणा से यह सिद्ध होता है बजट में सर्व सम्भाव का विशेष ध्यान रखा गया है। रोगियों, विशेषकर कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने 36 जीवनरक्षक औषधियों को मूल सीमा शुल्क से पूर्ण छूट वाली औषधियों की सूची में जोड़ने का प्रस्ताव किया है जो की स्वागत योग्य है। बजट में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग की महिलाओ हेतु नए उद्यमों की स्थापना पर नयी योजना बनाये जाने से लेकर बच्चो की खिलौना उत्पादन से जुडी ईकाईयो हेतु प्रावधान किया है जो कि बजट को समावेशी बनाता है। प्रस्तुत बजट पर नीलू शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद प्रेषित किया है ।

## सबसे बड़ा राहत इनकम टैक्स स्लैब :अशोक चौधरी

राजनांदगांव किसान नेता अशोक चौधरी जो केंद्रीय



बजट आज पेश किया गया है सभी मायनो में भाजपा शासित केंद्रीय बजट बहुत शानदार है हमने टीवी पर उद्योगपतियों को सुना उद्योगों के जानकार लोगों को सुना सभी ने उद्योग के लिए बजट को बहुत शानदार कहा है।किसानों के लिए चाहे वह कपास का किसान हो चाहे वह मखाने का किसान हो मछली पालन डेयरी विकास हो बजट शानदार है पूरे देश के किसानों को क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख की जगह 5 लाख रुपए क्रेडिट कार्ड से मिलेगा जिससे किसानों को राहत होगी इससे कृषि कार्य में गतिशीलता आएगी जहां तक बहु प्रतीक्षित इनकम टैक्स स्लैब की बात हो तो आजाद भारत में आज तक का सबसे बड़ा राहत इनकम टैक्स स्लैब में दिया गया है जहां पर 12 लाख तक के इनकम में नौकरी पेशा वालों को कोई भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा और जनरल स्लैब में जहां 15 लख रुपए से ऊपर में 30ल टैक्स लगता था आज वहां 24 लख रुपए के बाद वह स्लैब लगेगा इससे पूरे देश की जनता को लाभ होगा। यहां बीजेपी शासित प्रदेश औरविपक्ष शासित सभी प्रांत के लोगो को फायदेमंद होगा ।शिक्षाक्षेत्र मे मेडिकल मे 75000 सीटें बढायेंगे आई आई टी मे 6500 सीटें बढाई जायेगी सभी दिशा मे बजट ने ध्यान देकर पेश किया गया है ।गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को इस बजट में बहुत कुछ दिया गया है गरीब और पिछड़े राज्यों के लिए भी अलग से योजनाएं देकर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है ।यह आम आदमियों का बजट है संपूर्ण देश के लोगों के बेहतरीन के लिए यह बजट है इसके लिए नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री सीतारमण जी बधाई के पात्र है।

# अवैध प्लॉटिंग की जमीन खरीद कर बुजुर्ग और मध्यमवर्गीय बेचने वाले दबंगों से भयभीत, न्याय के लिए विष्णु सरकार से गुहार

**राजनांदगांव,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। शहर के रिद्धी-सिद्धी कालोनी स्थित आधा दर्जन परिवार के जमीन के बाउंड्रीवॉल को जेसीबी से जमींदोज किए जाने के मामले में जमीन बेचने वाले जैन परिवार पर साजिश के तहत परेशान करने का आरोप लगाया है।

शनिवार को एक प्रेसवार्ता पीड़ित आधा दर्जन बुजुर्गों ने जैन परिवार पर सीमांकन प्रक्रिया में बेवजह आपत्ति करने को धोखाधड़ी करार दिया है। प्रशासन से कार्रवाई की मांग की गई है। जैन परिवार पर 38 से ज्यादा लोगों को भी अनावश्यक तौर पर परेशान करने का आरोप लगाया गया है।




जैन परिवार ने बाउंड्रीवाल तोड़ने लगाया क्रेशर संचालक की जेसीबी

प्रेसवार्ता में सुलोचना गनवीर, रमेश प्रसाद शुक्ला, सविता डे, महेश खोब्रागढ़े, श्रीमती रश्मि पांडे समेत अन्य लोगों ने जानकारी देते बताया कि 2002-03 में आठों खरीददारों ने बाउंड्रीवाल चौहद्दी की निशानदेही के लिए बनवाए थे। बयनामा रजिस्ट्री में जमीन को खरीददारों का दिखाया गया था और मौके पर खूंटा गाड़कर भूमि का कब्जा सौंपा गया था। इसके बाद जैन परिवार ने परेशान करने के उद्देश्य से सीमांकन में हमेशा अड़चने खड़ी की। सड़के बनने में भी बाधा पैदा की। जिसके चलते पीड़ितों को कई तरह की दिक्कतों का है। सामना करना पड़ रहा है। जैन परिवार पर सामूहिक रूप से षडयंत्र करने का आरोप लगाते बताया कि जमीन बेचने और कब्जा देने के बाद से संगीता जैन, अर्चना जैन, मनोज जैन, मधुलता जैन, सुशीला जैन और रोहित जैन द्वारा सीमांकन में आपत्ति की जा रही है। प्रशासन इस पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। रोहित जैन द्वारा 27-28 जनवरी की रात को जेसीबी से बाउंड्रीवाल तोड़वाया गया। पुलिस ने 28 जनवरी की शाम को जेसीबी को जब्त कर लिया और रोहित जैन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुआ है।

पीड़ितों ने आरोप लगाया कि तेन्दूपत्ता व्यापारी अंकित जैन के नाम पर भी डराया-धमकाया जा रहा है। रोहित जैन एवं परिवार द्वारा खुलकर कहा जा रहा है कि अंकित जैन की ऊपर तक पहुंच है। उसके मर्जी के बगैर सीमांकन नहीं होगा। इस मामले को लेकर पीड़ितों ने और भी आरोप लगाए हैं। प्रशासनिक मिलीभगत की कहानी वर्तमान में हो रहे विवादों से नहीं बल्कि इसकी शुरुआत 2002 /2003 से हो चुकी है जहां तत्कालीन पटवारी से मिली भगत कर बिना अप्रूवल नक्शा के प्लाट काट कर बिक्री कर दिया गया जो जमीन निजी थी उसे रोड दिखा दिया गया, सरकारी नुमाइंदों का चेहरा देखकर लोगों ने विश्वास किया और ठगी करने वाले के झांसे में आकर मौके पर स्थित 38 परिवारों ने वह धोखा खाया कि आज तिल तिल कर रोने मजबूर हो गए हैं लेकिन वहीं प्रशासन के नुमाइंदों के कान बंद है अब अवैध कॉलोनी के कॉलोनाइजर तथा जमीन मालिकों के बीच विवादों का लोहा निरंतर गर्म होते जा रहा है जिससे कभी भी बड़ी घटनाओं की संभावनाओं को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता द्य प्रशासन और अधिकारियों से तत्काल इस मामले में सुनवाई व जांच कर भविष्य में होने वाली बड़ी घटनाओं को विराम लगाने के अपील की है।

# प्रदेश में बर्ड फ्लू की दस्तख, जिले में चारों तरफ है पोल्ट्री फार्म उद्योग !

■ प्रदेश में एवियन एनफ्लूएंजा की पुष्टि

**राजनांदगांव,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में एवियन एनफ्लूएंजा की पुष्टि से पोल्ट्री फार्म उद्योग संचालकों में मायूसी छा गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में बर्ड फ्लू के प्रकरण की पुष्टि होने पर इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य भर में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। राज्य में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए रेपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन करते हुए सभी कलेक्टरों और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने, सतर्कता बरतने और बायोसेक्युरिटी निर्देशों का पालन के निर्देश भी दिए गए हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश के रायगढ़ जिले में स्थित शासकीय कुक्कट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन एनफ्लूएंजा) के मामले की पुष्टि हुई है। 30 जनवरी 2025 को कुक्कट पालन प्रक्षेत्र में बड़ी संख्या में पक्षियों की अकस्मिक मृत्यु की सूचना के बाद, पशु चिकित्सकों की एक टीम गठित की गई थी। जांच के बाद राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल ने 31 जनवरी 2025 को बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि की है।संचालक पशु चिकित्सक सेवाएं के निर्देश पर बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए रायगढ़ जिले में प्रभावित कुक्कट पालन प्रक्षेत्र के 1 किलोमीटर क्षेत्र को इन्फेक्टेड जोन घोषित कर कुक्कट, अंडे, आहार और अन्य सामग्रियों का विनिष्टीकरण किया गया है। प्रभावित क्षेत्र के 1 से 10 किलोमीटर के दायरे को सर्वलेंस जोन घोषित



कर पोल्ट्री और अंडे की दुकानों को बंद कर दिया गया है और सीरो सर्वलेंस कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा कुक्कट पालकों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। रायगढ़ कुक्कट प्रक्षेत्र में इन्फेक्टेड जोन से पोल्टी प्रोडक्ट की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को पर्सनल प्रोटेक्शन इक्यूपमेंट किट का उपयोग भी करने कहा गया है।

संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा आम जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि संक्रामित क्षेत्र में सभी आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है। पोल्ट्री उत्पादों का सेवन स्वच्छता और सावधानी से किया जा सकता है, क्योंकि ये पोषण से भरपूर होते हैं और कुपोषण दूर करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया है कि राज्य के अन्य हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामलों की कोई सूचना नहीं मिली है। एवियन एनफ्लूएंजा एक घातक संक्रामक रोग है, जो पक्षियों में फैलता है। हालांकि अब तक भारत में इस वायरस के मानवों में संक्रमण का कोई मामला नहीं देखा गया है। फिर भी वायरस के लक्षण और संक्रमण के जोखिम को लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

राजनांदगांव जिला भी पोल्ट्री फार्म के कारोबार से घिरा हुआ है ऐसे में ऐतिहात के तौर पर बर्ड फ्लू को लेकर जांच की आवश्यकता निश्चित रूप से सामने आ रही है। जानलेवा और संक्रमण जिसका नुकसान आम लोगों को भी हो सकता है ऐसे में जिले में संचालित पोल्ट्री फार्म की सघन जांच कर लोगों को आश्वस्त किए जाने की आवश्यकता है। क्योंकि प्रदेश में यह मामला सामने आया है जिसके चलते मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं ने गंभीरता से लेते हुए सभी जिले के कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो बर्ड फ्लू के मामले को लेकर सतर्क होकर जानकारी लेवे और सभी तरह की सावधानियां बरती जाएं।**

**कलेक्टर
संजय अग्रवाल**

# 35वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन कलेक्टर संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में

**राजनांदगांव,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। 35वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापसमारोह का आयोजकिया गया, जिसमें मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल जिलाधीश , अध्यक्ष श्री मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक , राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज0, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक श्री अरविंद साहू रक्षित निरीक्षक, अजय कुमार खेस निरीक्षक यातायात प्रभारी एवं यातायात टीम, पत्रकार बंधु व शहर के गणमान्य नागरिक गण एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ श्री विजय मानिकपुरी एवं सुरेश यादव के नुक्कड नाट्य के टीम द्वारा नुक्कड़ के माध्यम से यातायात जागरूकता के साथ सड़क सुरक्षा माह का समापसमारोह किया गया।

सड़क सुरक्षा माह के दौरानिम्यातायात जन-जागरूकता अभियाचलाया गयाः-

सड़क सुरक्षा माह के दौरा127 स्कूल/कॉलेज/अन्य संस्थानों एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियाचलाकर 21897 लोगो को जागरूक किया गया। यह रिकार्ड के रूप में ‘‘गोल्डबुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स’’ में दर्ज हो गया है।

सड़क सुरक्षा माह के दौरादुपहिया वाहचालकों को 2500 निशुल्क हेलमेट वितरण किया।

यातायात कार्यालय में 03 दिवसीय लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजकर 439 लोगों को लर्निंग लायसेंस जारी किया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शहर के चौक-चौराहों में लगभग 4000 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

यातायात रथ के माध्यम से शहर एवं गांवों में घूमकर यातायात नियम संबंधी पाम्पलेट वितरण कर लोगो को यातायातनियमों के बारे में बताया गया एवं यातायात नियमों का पालकरने अपील की गई।

50 ऑटो/रिक्शा चालकों को वर्दी वितरण किया गया एवं शहर में चलने वाले सभी वाहचालकों को वर्दी पहनने अपील की गई।

सड़क सुरक्षा माह में 95 स्कूली बसों का चेकिंग किया गया जिसमें 02 बस अनफिट पाये जाने पर कार्यवाही किया गया।

सड़क सुरक्षा पर आधारित स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थियों का चित्रकला, स्लोगन, वाद-विवाद, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजकिया गया। जिसमें शहर के लगभग 384 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। विभिन्न प्रतियेगिताओं में प्रथम से तृतीय स्थातक विजेताओं को पुरूस्कार वितरण किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर रोड सेफ्टी झांकी निकाली गयी। झांकी सड़क सुरक्षा पर आधारित था जिसके माध्यम से आम लोगो को यातायात नियमों का पालकरने एवं सुरक्षित रहने का संदेश दिया गया।

एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजठाकुरटोला टोल प्लाजा में किया गया जिसमें 50 लोग शिविर का लाभ उठायें।

यातायात माह के दौरा4000 पाम्पलेट वितरण कर यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया गया।

स्काउट कैडेट्स एवं यातायात विभाग द्वारा शहर में यातायात जन-जागरूकता रैली का निकाली गयी। रैली का उद्देश्य आम लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना है।

सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद कर सहायता पहुंचाने वाले 22 गुड सेमेरिट‘‘ नेक व्यक्ति’’ को माननीय मुख्यमंत्री महेदय एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

माननीय सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण की उपस्थिति में हेलमेट जागरूकता रैली निकालकर लोगों के हेलमेट पहनने जागरूक किया गया।

यातायात पुलिस एवं स्काउट गाईड कैडेट्स द्वारा यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। हेलमेट सवार दुपहिया वाहचालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार समापकार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सड़क सुरक्षा माह के दौराविभिन्न आयोजित कार्यक्रमों के प्रतियोगी स्कूल एवं कॉलेज के विजेता छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इसी क्रम में यातायात माह में विशेष सहयोग प्रदाकरने वाले अतिथि को सम्मानित किया गया। नुक्कड़ नाटक, एन.सी.सी. एवं स्काउट गाईड्स अन्य विशेष सहयोगी प्रेस मीडिया, प्रेस क्लब सड़क सुरक्षा माह में सराहनीय योगदाप्रदाकरने वाले को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टों से सम्मानित किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने ली समीक्षा बैठक



बालोद, 1 फरवरी (देशबन्धु)। शनिवार को पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक एसणआरण् भगत ने समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना , चौकी प्रभारियों की बैठक बुलाई। बैठक में आगामी चुनाव को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से चुनाव संबंधी संवेदनशील, अतिसंवेदनशील, राजनीतिक संवेदनशील, सेक्टर पेट्रोलिंग, आगामी कार्य योजना की जानकारी के विषय में चर्चा किया गया। मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा, डीएसपी बोनीफास एक्का, डीएसपी राजेश बागड़े, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, यातायात प्रभारी, साइबर सेल प्रभारी समेत समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहें।

**उल्टा पुल्टा**

राजू- सर मुझे कुछ याद नहीं रहता है।
टीचर- अच्छा बताओ कि क्लास में तुम्हारी पिटाई कब हुई थी?
राजू- सोमवार को।
टीचर- यह कैसे याद रह गया?
राजू- सर प्रेक्टिकल में नहीं, थ्योरी में प्रॉब्लम है...

**बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया**

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का सर्वोत्तम है केंद्रीय बजट : रोहित साहू



**राजिम, 1 फरवरी (देशबन्धु)।** विधायक रोहित साहू ने संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को सराहनीय बताते हुए इसका स्वागत किया है। उन्होंने आम बजट में 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त करने के निर्णय को मध्यमवर्गीय परिवार के लिए स्वागतेय बताया है तथा कहा कि इससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकास भारत के संकल्प के लिए यह सर्वोत्तम बजट है। यह बजट गाँव, गरीब, महिला, किसान, युवा, मध्यम वर्ग सभी को समृद्धि देता हुआ नजर आता है। 12 लाख 75 हजार रूपये तक के आय पर कोई टैक्स नहीं, नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने मध्यम वर्ग को नई ताकत दी है। यह बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की राह दिखाता है जो सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के परिकल्पना के एकदम अनुकूल है। किसानों की केसीसी लोन की सीमा बढ़ाया जाना किसानों के हित में बढ़ाया गया कदम है जिससे किसानों को पूर्व से अधिक राहत मिलने वाली है। कुल मिलाकर यह बजट अत्यंत संतुलित बजट है जो विकसित भारत के संकल्प को गति देगा। उन्होंने आगे कहा कि यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा। मोदी सरकार द्वारा लाया गया यह बजट, एक दूरदर्शी बजट है। आत्मनिर्भर भारत का यह बजट स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव बनेगा। इस बजट में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

## बजट में सभी वर्गों का ध्यान : विधायक



**महासमुंद।** शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया। बजट को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह आम आदमी, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बजट बनाया गया है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पूरे केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हैं। श्री सिन्हा ने कहा है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय बजट का आकार हर साल बढ़ रहा है। इससे देश विकास की राह में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय बजट के संबंध में उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भरता, समावेशिता और ग्रामीण उत्थान का प्रतीक है। गरीब कल्याण, किसानों की भलाई, महिलाओं के सम्मान व युवाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। केंद्रीय बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर में छूट का निर्णय करदाताओं को बड़ी राहत प्रदान करेगा, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक स्वतंत्रता मिलेगी। वे अपनी आय का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने का निर्णय लिया, जिससे किसानों को लाभ होगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री धन.धान्य योजना के तहत 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। हमारे प्रदेश के 27 लाख से अधिक किसान भाइयों को इसका लाभ मिलेगा। बजट में 36 जीवनरक्षक औषधियों और दवाओं को बुनियादी सीमा.शुल्क बीसीडी से पूरी तरह छूट.प्राप्त दवाओं की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव है। साथ ही 6 जीवनरक्षक दवाओं को 5 प्रतिशत के रियायती सीमा.शुल्क वाली दवाओं की सूची में शामिल करने का भी प्रस्ताव है। जिज्ञासा, नवाचार और युवा मस्तिष्कों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए आगामी पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50000 अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा युवाओं के लिए स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा, 500 करोड़ रुपए से 3 एआई आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे, मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी, 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी, देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेशन होगा। इस प्रकार यह बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला है।

## जनता जनार्दन की अपेक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट : विजय केसरवानी



**बलौदाबाजार।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला एक बेहतरीन बजट बताते हुए भाजपा नेता विजय केसरवानी ने बजट को ऐतिहासिक एवं जनता जनार्दन का बजट निरूपित किया है। श्री केसरवानी ने कहा कि बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। यह युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला आम आदमी का बजट है। बजट में 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स के छूट का प्रावधान कर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान किया हैं। इसी तरह किसानों के केसीसी ऋण सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर बहुत बढ़ा सौगात दिया है। जनता जनार्दन की आशाओं और अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए संसद में प्रस्तावित आम बजट 2024-25 सर्वस्पर्शी व समावेशी है। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का धन्यवाद।

## बजट से कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त : मिश्रा



**नवापारा राजिम।** केंद्रीय बजट में आयकर में छूट से शिक्षकों कर्मचारियों में हर्ष राजिम छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता तथा रायपुर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण मिश्र ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने आज बजट प्रस्तुत किया जिसमें आयकर में 12 लाख वार्षिक आमदनी वालों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा साथ ही साथ आयकर स्लैब में भी बदलाव किया है जिसके लिए मिश्रा जी ने वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण का आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि आयकर में भारी छूट की सीमा बढ़ाने से शिक्षकों कर्मचारियों में हर्षव्याप्त है 12 लख रुपए से 15 लख रुपए तक 15: टैक्स लगेगा16 लाख से 20 लख रुपए तक 20: टैक्स लगेगा तथा 25 लख रुपए तक 25 परसेंटेज लगेगा तथा 25 लाख से अधिक वार्षिक आय वालों 30: टैक्स लगेगा अब अगले वित्त वर्ष से मध्यम आय वर्ग वाले कर्मचारियों को आयकर में छूट से बहुत आर्थिक लाभ होगा। श्रीमिश्रा ने कहा कि 12 लाख वार्षिक आमदनी वाले कर्मचारियों में अधिक खुशी व्याप्त है क्योंकि उन्हें आप अगले वित्त वर्ष में इनकम टैक्स जमा नहीं करना पड़ेगा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने केंद्र सरकार को साधुवाद दिया है।

## मध्यम वर्ग के व्यक्तियों के जीवन में अमूल चूल परिवर्तन आएगा : नंद कुमार



**बलौदाबाजार।** नन्द कुमार साहू पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका एवं जनपद पंचायत बलौदाबाजार ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 12 लाख रूपये तक टेक्स फ्री होने से 10 करोड़ टेक्स पेयी व्यक्तियों को बहूत बड़ी राहत प्रदान किया जाना चमत्कार से कम नही है। इस बजट से आर्थिक रूप से मध्यम वर्ग के व्यक्तियों के जीवन मे अमूल चूल परिवर्तन आएगा। श्री साहू ने कहा कि बच्चों के शिक्षा तथा रोजगार के अवसर बढेगा, नौकरी पेशा व्यक्ति को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, 266 हजार लाख रूपये ग्रामीण विकास पर खर्च, देश की 70 प्रतिशत महिलाओ को आत्म निभर करने की सोच के इस बजट से राष्ट्र के और उन्नति की ओर अग्रसर किया। देश के वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन ने देश के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने, देश के प्रति व्यक्ति आय मे वृद्धि करने का सकल्प पूरा किया। देश के वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन ने देश के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने देश के प्रति व्यक्ति आय मे वृद्धि करने का सकल्प पूरा किया।

## दिशाहीन बजट, किसी को कुछ नहीं मिला: रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि यह दिशाहीन बजट है। इसमें किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला। इस बजट में गरीब और गरीब होगा, अमीर और अमीर होता जाएगा। देश के किसान धरने पर बैठे हैं लेकिन बजट में एमएसपी तक की बात नहीं की गई। यह देश को डुबोने वाला बजट है। देश में महंगाई गरीबी और बेरोजगारी की जबरदस्त मार के साथ ही सड़क, पानी शिक्षा सुख.शान्ति आदि की जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण लगभग 140 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत में लोगों का जीवन काफी त्रस्त है जिसका केन्द्रीय बजट के माध्यम से भी निवारण होना जरूरी है। मोदी सरकार का फोकस केवल बिहार चुनाव पर है, जहा इसी वर्ष अक्टूबर नवंबर में चुनाव है मखाना बोर्ड केवल बिहार के लिए, देश के बाकी किसान भाजपा सरकार के फोकस में नहीं हैं। छत्तीसगढ़ के नई राजधानी में एम्स का अपोजिट पिछले 3 साल से अटका है इस बजट में उसके लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। रावघाट सहित नई रेल लाइन रायपुर. बलौदा होकर रायगढ़ का अब तक सर्वे तक नहीं करवा पाए हैं। महासमुंद जिले के पिथौरा, बसना, सरायपाली रेल लाइन को महासमुंद भाजपा सांसद बजट में शामिल तक नहीं करवा पा रहे हैं। इस बजट में बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता के लिए प्रत्यक्ष तौर पर कोई राहत रियायत या सब्सिडी नहीं है। केंद्रीय विभागों कंपनियों और सरकारी उपक्रमों में लाखों की संख्या में पद रिक्त हैं लेकिन उन्हें भरने के लिए कोई कार्य योजना इस बजट में नहीं दिख रही है।

## कल्याणकारी, सर्व स्पर्शी, समावेशी बजट : येतराम



**महासमुंद।** भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला बताया है। श्री साहू ने कहा कि यह कल्याणकारी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ स्टार्टअप्स, इनोवेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए, अंत्योदय की भावना और नवोन्मेष की नव.दृष्टि से परिपूर्ण है। जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक देश को विकसित भारत का सपना बनाने के लक्ष्य की झलक दिखती है। बजट में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की झलक दिख रही है। आयकर में मिली छूट से नौकरी पेशा खासकर थर्ड और फोर्थ ग्रेड के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा छोटे.मोटे उद्यमियों को भी राहत देने का काम किया गया है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। यह बजट युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। इस बेहतरीन बजट का गरीब, मध्यम सहित हर वर्ग के लोग मुक्त कंठ की प्रशंसा कर रही है।

### बजट निराशाजनक है—हितेन्द्र ठाकुर



**बलौदाबाजार।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने इस बजट को निराशा जनक बताया है। इन्होन कहा है कि बजट में मिडिल क्लास, लोअर मिडिल क्लास, गरीबों और किसानों के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। बजट में जो कुछ भी कहा गया है सब अव्यवहारिक है।

## नगर निगम का महासफाई अभियान- स्वच्छता में जनभागीदारी जरूरी



**धमतरी, 1 फरवरी (देशबन्धु)।** धमतरी नगर निगम क्षेत्र में 1 फरवरी से 15 फरवरी तक विशेष सफाई महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में नगर निगम प्रशासन ने जनता की भागीदारी को अहम बताया है और सभी नागरिकों से स्वच्छता को लेकर जागरूक होने की अपील की है। नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल स्वयं शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और लोगों से संवाद कर उन्हें स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### युद्धस्तर पर सफाई अभियान

नगर निगम के सफाई कर्मचारी वार्डों में गंदगी हटाने और नालियों की सफाई युद्धस्तर पर कर रहे हैं। जहां-जहां गंदगी अधिक देखी जा रही है, वहां तत्काल सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों खासकर जेवीपी प्वाइंट्स (जहां गंदगी की समस्या ज्यादा है) पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन इलाकों को पूरी तरह स्वच्छ करने के लिए कचरा हटाने, गोबर से लिपाई करने और दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग कर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

### स्वच्छता दीदियों की अहम भूमिका

इस स्वच्छता अभियान में स्वच्छता दीदियां भी सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। वे सड़क पर फेंकी गई पॉलीथिन और अन्य कचरे को इकट्ठा कर प्लॉगिंग कर रही हैं। इसके अलावा, वे घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में समझा रही हैं और उन्हें कचरा प्रबंधन के सही तरीके अपनाने की सलाह दे रही हैं।

### व्यापारियों से सहयोग की अपील

आयुक्त ने व्यापारियों से भी सहयोग की अपील की है। शहर में चलने वाले सभी कचरा वाहनों में रूट चार्ट लगाया गया है, ताकि कचरा निस्तारण व्यवस्थित रूप से किया जा सके। नगर निगम ने व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने कचरे को नियमित रूप से कचरा गाड़ी में ही डालें और सड़क या गलियों में न फेंके।

### स्वच्छ धमतरी, सुंदर धमतरी

नगर निगम का लक्ष्य न केवल सफाई अभियान चलाना है, बल्कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना भी है। इसलिए दीवारों पर सुंदर चित्रकारी कर, गंदगी वाले स्थानों को सजाया जा रहा है, जिससे लोग दोबारा वहां गंदगी न फैलाएं।

### जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छ शहर

यह सफाई महाअभियान तब ही सफल होगा, जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और सफाई बनाए रखने में सहयोग करे।नगर निगम ने अपील की है कि लोग अपने घर, गली, मोहल्ले और बाजार को स्वच्छ रखें और इस अभियान का हिस्सा बनें। 'स्वच्छ धमतरी - सुंदर धमतरी' का सपना तभी साकार होगा, जब हम सब मिलकर इसे अपनी आदत बनाएंगे।

## दस देवी-देवता विराजित होंगे महामाया मंदिर में

**महासमुंद, 1 फरवरी (देशबन्धु)।** गुप्त नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय महामाया मंदिर में 3 से 7 फरवरी तक पांच दिवसीय दस देवी-देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए महामाया मंदिर समिति के कमलेश चंद्राकर, भाऊराम साहू, कन्हैया शुक्ला, खोरबाहरा साहू ने बताया कि कार्यक्रम के आचार्य पं पंकज तिवारी महाराज होंगे। 3 फरवरी को दोपहर 2 बजे महामाया मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होगा व गणेश पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व वेदी पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 4 को अग्नि स्थापन, देवताओं का जलाधिवास, 5 को पूजन, अन्नादिवास, फलादिवास, मंत्राधिवास, 6 को वास्तु शांति, कलश हवन, प्राण प्रतिष्ठा, 7 फरवरी को लक्ष्मीनारायण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, प्रसादी व भंडारा होगा।

## जनपद सदस्य के लिए नीलकंठ साहू ने दाखिल किया नामांकन



**बलौदाबाजार, 1 फरवरी (देशबन्धु)।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए नामांकन का दौर चल रहा है। इसी दौर मे जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र क्र.11 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला सयोजक नीलकंठ साहू ने क्षेत्र के वरिष्ठ जनों के साथ गार्डन चौंक से मार्च करते हुए जनपद कार्यालय पहुंच कर नामांकन दाखिल किया। नीलकंठ ने कहा की मेरा उदेश्य जनपद सदस्य नहीं बल्कि जनसेवा है। जनपद सदस्य के माध्यम से क्षेत्र की जनता के अधिकारों को दिलाने के लिए और क्षेत्र की विकास करने करना चाहता हु। इस दौरान संत पटेल, पुनाराम पटेल, बोंदरू पटेल, खेलावन साहू, डेरहाराम साहू, डॉ चिंता बंजारे, राजू भारद्वावाज, सोनू कोसरिया, अश्वनी साहू, मुन्ना साहू, सीताराम साहू, दायसागर साहू भोजराम पटेल, भुवन साहू लखन, सीताराम प्रदीप के साथ क्षेत्र के सैकड़ो समर्थक उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 10 टीमों ने लिया भाग**

**बलौदाबाजार, 1 फरवरी (देशबन्धु)।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम बलौदाबाजार में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य पौष्टिक एवं संतुलित आहार को बढ़ावा देना था जिसमें बच्चों के लिए पोषणयुक्त व्यंजनों की प्रस्तुति की गई।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान विकासखण्ड भाटापारा से ज्ञान गंगा महिला स्व सहायता समूह, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी, द्वितीय स्थान विकासखण्ड बलौदाबाजार से जागृति महिला स्व सहायता समूह, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनाडीह तथा तृतीय स्थान विकासखण्ड सिमगा से जय मां शीतला महिला स्व सहायता समूह, शासकीय प्राथमिक शाला चुचरूंगपुर रही। विजेता टीमों को क्रमश: 6000, 4000, एवं 2000 रुपये नकद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. अर्पिता सोनी सहायक प्राध्यापक मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, डॉ. चित्ररेखा सिंगरौल सहायक प्राध्यापक मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, श्रीमती अनिता बघेल व्याख्याता पं.ल.प्र.ति. शासकीय कन्या उ.मा.वि. बलौदाबाजार द्वारा प्रतिभागी टीम को उनके ड्रेस साफ-सफाई, मेन्यू का पालन, भोजन के स्वाद, भोजन बनाने में लगने वाले व्यय, भोजन बनाने में लगने वाले समय के आधार पर अंक निर्धारित करते हुए अंक प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अन्य संबंधित अधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

## पीएमश्री स्कूल कसडोल में वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया




**कसडोल/बलौदाबाजार, 1 फरवरी (देशबन्धु)।** कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय उपस्थित थें। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य के आर कैवर्त्य, जिला नोडल ऋतु शुक्ला शामिल हुए। इस शुभ अवसर पर पीएमश्री स्कूल के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक गानों पर नृत्य किए है। इस वर्ष डॉन्स का विविध थीम पर बॉलीवुड, रेट्रो और फेस्टिवल डॉन्स के नाम पर रखा गया था।

इस अवसर पर विद्यालय में बोर्ड वार्षिक परीक्षा कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी भारतीय के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही खेल के क्षेत्र में जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय स्तर पर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए वार्षिक परीक्षा की तैयारी में लगने के लिए प्रेरित किया। इन्होने कहा कि एक बच्चे को जो सर्वांगीण विकास चाहिए वो सभी यहां मिलता है चाहे पढ़ाई हो, खेलकूद हो, विभिन्न प्रतियोगिताएं हो, सांस्कृतिक कला कौशल हो, नवाचार हो पूरा स्टाफव बच्चे लगन से पूर्ण करते है इसके लिए प्राचार्य की प्रशंसा की। साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ के 90 प्रतिशत से अधिक सबसे ज्यादा छात्रों में 5 जी रैंक के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथियों ने भी इस विद्यालय की गतिविधियों की प्रसंशा की। पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी: एकता लंगेह



**महासमुंद, 1 फरवरी (देशबन्धु)।** जय हिन्द कॉलेज महासमुंद में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एकता लंगेह शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ एकता लंगेह ने छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने प्रेरणादायक शब्दों में कहा प्रयास करने से आज नहीं तो कल सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि जो छात्र सफल हुए हैं, वे अत्यधिक खुश न हों और जो असफल रहे हैं वे निराश न हों। निरंतर प्रयास करने से सफलता अवश्य प्राप्त होगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ी भाषा पर आधारित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने इन प्रस्तुतियों की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नपा चुनाव हेतु प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित

**बागबाहरा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नामांकन फॉर्म वापसी के बाद बागबाहरा के रिटर्निंग ऑफिसर उमेश कुमार साहू ने सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया है।

नगरपालिका परिषद बागबाहरा में अध्यक्ष पद हेतु 2 एवं 15 वार्डो वाली पार्षद पद के लिए कांग्रेस भाजपा समेत अन्य दलों को मिलाकर कुल 35 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल को पंजा छाप एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शंकर तांडी को कमल छाप आबंटित हुआ है। वहीं पार्षद पद के प्रत्याशियों को वार्ड नंबर 1 से सविता दीवान को कमल छाप एवं एकता रामकुमार ठाकुर को पंजा छाप एवं वार्ड नंबर 2 से देवेश साहू को पंजा छाप एवं नीरज नीरु मानिकपुरी को कमल छाप, वार्ड नंबर 3 भूषण जलक्षत्री ? को पंजा छाप एवं कुलेश्वर देवांगन को कमल छाप, आशीष कुमार देवांगन को ब्लैकबोर्ड, वार्ड नंबर 4 शैलेस कुमार साहू को पंजा छाप एवं सूर्या देवांगन को कमल छाप, वार्ड नंबर 5 प्रीति महेन्द्र गुप्ता को कमल छाप एवं श्रीमती पुष्पा बैकुंठो बघेल को टेलीफोन छाप, वार्ड नंबर 6 डिगेश्वर मोहन कमल छाप, लोकेश कुमार दीवान पंजा छाप, मनीष कुमार ठाकुर कढ़ाही छाप, रमेश ठाकुर घड़ा छाप, वार्ड नंबर 7 बलराम सिंह ठाकुर कमल छाप एवं मंता राम यादव पंजा छाप, वार्ड नंबर 8 श्रीमती मेनका पोखराज साहू पंजा छाप एवं श्रीमती पूजा पांडेय कमल छाप, वार्ड नंबर 9 मिथुन अमीर पंजा छाप एवं मोहन लाल बघेल कमल छाप, वार्ड नंबर 10 आशाराम बांधे पंजा छाप एवं थानूराम पाण्डेय कमल छाप, वार्ड नंबर 11 चुम्मन तांडी पंजा छाप एवं रुपेश प्रेम साहू कमल छाप, कुंवर सिंह मोंगरे नारियल झाड़ छाप, वार्ड नंबर 12 श्रीमती ममता गौरव सांवरा पंजा छाप एवं श्रीमती श्यामा लोकू चंद्राकर कमल छाप एवं वार्ड नंबर 13 दिनेश साहू पंजा छाप एवं उदय सिंह चंदेल कमल छाप, वार्ड नंबर 14 नंदू सोनी कमल छाप एवं शिवा जगत पंजा छाप के अलावा वार्ड नंबर 15 से श्रीमती अनिता अजीत तांडी कमल छाप एवं श्रीमती लक्ष्मी वीरेंद्र महानंद पंजा छाप से अपनी किस्मत आजमां रहे हैं।



### प्रचार कार्य पकड़ा जोर

नगर पालिका के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशी मतदाताओं के बीच जाकर अपनी जनसम्पर्क अभियान शुरु कर दिया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं एवं पदाधिकारियों ने अपनी प्रत्याशियों को जिताने के लिए जुट गए हैं। इस बार यहाँ के परिणाम चौकाने वाले आएंगे। कांग्रेस एवं भाजपा पार्टी ने चुनाव को गंभीरता से लेते हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी हित में लेते हुए उम्मीदवारों को जिताने की पुरजोर अपील की गई है। यहां के नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में दो कोणीय संघर्ष है। जिसमें सत्तासीन भाजपा एवं कांग्रेस के उम्मीदवार शामिल है। वहीं वार्ड पार्षदों के उम्मीदवारों के बीच भी कड़ी टक्कर है।।अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि किसके सिर पर ताजपोशी होगी ? बहरहाल कांग्रेस एवं भाजपा पार्टी के लोग अपने अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए जी जान से जुट गए हैं। वे लोग झंडा बैनर लेकर गली मोहल्लों में अपने प्रत्याशियों को वोट देने के लिए मतदाताओं से सम्पर्क करने में जुट गए हैं।

# बिलाईगढ़ जनपद सदस्य का आरक्षण क्षेत्र, नामांकन की अंतिम तिथि कल

**बिलाईगढ़,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायत आम चुनाव अंतर्गत जिले में जिला,जनपद और ग्राम पंचायत के सदस्य, सरपंच और पंच के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2025 निर्धारित है। बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के 25 सदस्य हेतु नाम निर्देशन प्राप्त और जमा करने का कार्य तहसील कार्यालय बिलाईगढ़ में होगा। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ का अध्यक्ष पद अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित है।

जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के 25 सदस्यों हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत टुण्डरी, अमलडीहा, कोरकोटी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 अनारक्षित महिला अंतर्गत पुरगांव, तौलीडीह, लिमतरी, सिंघीटार, करियाटार,निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत छिर्रा, सोनाडुला, मड़कड़ी, परसाडीह, कैथा, देवरहा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत पचरी, मुड़पार, दुमुहानी, बिसनपुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 अनारक्षित महिला अंतर्गत नगरदा, बेल्हा, गोरबा, सोनियाडीह, मिरचिद, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत गोविन्दवन, मल्दी, खजरी, छपोरा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत भण्डोरा, रमतला, देवरबोड़, खुरसुला, करबाडबरी, खैरझिटी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत पण्डरीपानी, छुईहा, धनसीर, टेंगनाकछार, सुतीउरकुली, बांसउरकुली, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 अनुसूचित जनजाति महिला अंतर्गत सलिहा, धौराभाठा (सु), सुरगुली, परसापाली, गारडीह, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 अनुसूचित जनजाति मुक्त अंतर्गत गेड़ापाली, खुरदरहा, बघमल्ला, पिरदा, चारपाली, बोड़ा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 अनारक्षित महिला अंतर्गत धारासीव, रिकोटार, डोकरीडीह, सिंघीचुवा, देवसागर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला अंतर्गत बेलटिकरी, चुरेला, डुरूमगढ़, जमगहन, बंदारी, टेढ़ीभदरा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 अनारक्षित महिला अंतर्गत सलौनीकला,सलिहाघाट, चिचोली, गदहाभाठा, गिरवानी,

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत खम्हरिया, पिपरभवना (ते), रोहिना, गिरसा, धौराभाठा घो।

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 15 अनारक्षित महिला अंतर्गत धनगांव, चिकनीडीह, जोरा, जुनवानी, खपरीडीह, नवापारा, तौलीडीह(ध), निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16 अनुसूचित जाति मुक्त अंतर्गत कोसमकुण्डा, जैतपुर, ओडकाकन, बलौदी, बछौरडीह, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 17 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत बालपुर, पण्डरीपाली, टिहलीपाली, कोट, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत मधाईभाठा, मोहतरा (स), सरधाभाठा, पेण्ड्रावन, चकरदा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 19 अनुसूचित जाति मुक्त अंतर्गत मुच्छमल्दा, झुमका, पीपरडुला, सेंदुरस,निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 20 अनुसूचित जाति महिला अंतर्गत कोदवा, तिलाईपाली, पिकरीपाली, बम्हनपुरी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 21 अनुसूचित जाति मुक्त अंतर्गत बिलासपुर, टाटा, मुड़पार (स), चोरभट्ठी,निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 22 अनुसूचित जाति मुक्त अंतर्गत गगोरी, रायकोना, भिनोदा, गोपालपुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 23 अनारक्षित महिला अंतर्गत तेन्दूदरहा, बेंगपाली, पिपरभवना (ग), धोबनी, दुरूग, घोघरा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 अनारक्षित महिला अंतर्गत सोहागपुर, ढनढनी, किसड़ा, मनपसार, मोहतरा (न) निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 25 अनारक्षित मुक्त अंतर्गत हरदी, सिहारजोर - घरजरा, अमोदी, गाताडीह ग्राम पंचायत शामिल है।

# ननि चुनाव के लिए ईव्हीएम का हुआ प्रथम रैण्डमाईजेशन



**बलौदाबाजार,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत ईव्हीएम से चुनाव हेतु शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में ईव्हीएम का प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे सहित विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे। ईव्हीएम के प्रथम रैण्डमाइजेशन में मशीनों का नगरीय निकायों के लिए निर्धारित किया गया जिसमें 419 नग बैलट यूनिट एवं 309 नग कंट्रोल यूनिट शामिल थे। अगले चरण में इन्ही ई व्ही एम का द्वितीय रैण्डमाजेशन होगा जिसमें व्ही एम का मतदान केंद्र निर्धारित होगा। इसके पश्चात उपस्थित अभ्यर्थियों को ईव्हीएम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी डेमो ईव्हीएम के प्रदर्शन कर दिया गया तथा उनके जिज्ञासाओ एवं शांकओ का समाधान भी किया गया।

# पंचायती राज चुनाव आया सरगर्मी बढ़ी

**पांडुका,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायत भवन में इन दिनों 22 गाव के पंच-सरपंच बनने वाले लोगो की भीड़ देखिल जा सकती है फार्म भरने का कार्य तेजी से चल रही है 5 वर्षो में एक बार आता है पंचायत चुनाव स्थानीय स्तर के स्थानीय स्तर के नेताओं की लम्बी लाईन आ जाती है। चूंकि आदिवासी क्षेत्र छुरा ब्लाक होने के कारण लोगो की इस बार इच्छा कम है। पंचायती राज में लाटरी लग जाती है आदिवासी समाज की पूरे ब्लाक में आदिवासी सरपंच पाण्डुका का दुर्भाग्य है। सरपंच हमेशा की तरह आदिवासी ही आया है। वह भी महिला ही है। कुछ स्थानो पर चुनाव आयोग संसोधन प्रक्रिया करे तो पाण्डुका जैसे गांव का भला होगा पाण्डुका में तो कुल मिला कर 4-5 ही आदिवासी परिवार है। ऐसे में लोगो को चैन प्रक्रिया मे मुस्किल होती है। किसे सरपंच बनाये जन संख्या के आधार पर चुनाव होता तो अ.पि.वर्ग को फायदा मिलता यहा पर सभी 22 गांव के सरपंच आदिवासी होंगे। पाण्डुका 20 वार्डो में 10 आदिवासी की पंच 4 सामान्य एवं अन्य बाकी हरिजन इस तरीका से 20 होते है। उपसरपंच की मार्गदर्शन होकर ही कार्य करते है।



सरपंच सिर्फहस्ताक्षर करने के लिए होते है। उपसरपंच ही सरमूढ़ हो कर कार्यभार का निर्वहन करते है। फिर सचिव के हाथो कार्य चलता रहा है। सरपंच सही मार्ग दर्शन देने मे सफल नही रहे। सभी सीटो पर महिलाओं का अधिकार पुरूष हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। जनपद सदस्य भी महिला है। जिला पंचायत सदस्य भी महिला है। इस तरह पंचायत का ज्यादातर सफर महिलाओं के पास गया है परंतु महिला विधायक बनने जैसे भीड़ इकट्ठा करके ले गये फार्म जमा करने। बसो में ठुस ठुस कर जिला कार्यालय गया । कांग्रेस भाजपा दोनो का यही हाल है। अब आगे की स्थिति जनता जनार्दन के ऊपर है।

# गरियाबंद जिपं क्षेत्र क्र. 7 के नामांकन में संजय नेताम ने दिखाया दम



**गरियाबंद,** 1 फरवरी। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। जिला पंचायत गरियाबंद के क्षेत्र क्रमांक 07 से निवर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष व बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी संजय नेताम ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। इस दौरान रैली में जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू सहित क्षेत्र के सैकड़ों मतदाताओं और वरिष्ठ जनों ने शामिल होकर संजय नेताम को विजय का आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान नामांकन रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों में जबरदस्त जोश दिखा। सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पार्टी और संजय नेताम समर्थक पूरे जोश में नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने नामांकन रैली के बहाने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए और अपनी ताकत दिखाई। उनके समर्थक गरियाबंद जिला मुख्यालय के रावणभाठा मैदान में एकत्र हुई जो रैली की शक्ल में गरियाबंद कलेक्टर कार्यालय पहुँची जहाँ संजय नेताम ने जिला पंचायत सदस्य के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कार्यकर्ता और आम मतदाताओं की भागीदारी से पूरा माहौल काफी जोश भरा रहा। नामांकन पश्चात कांग्रेस नेता संजय नेताम ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं,पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का अभिवादन किया तथा क्षेत्र में परिवर्तन और विकास के लिए जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व के पांच वर्षों में क्षेत्र के गाँव गाँव में सभी के सुख दुख में सहभागिता निभाई है और सतत आशीर्वाद उन्हें मिलता रहा है जो अब चुनाव में बड़ी संख्या में मिलने वाली है।

# सरबदा से सरपंच पद के लिए पुष्पलता साहू ने की नामांकन दाखिल



**भखारा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सरबदा में सरपंच पद के लिए पुष्पलता हरिश्चंद्र साहू ने अपने समर्थकों के साथ रिटर्निंग आफिसर के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल की है।पुष्पलता साहू मृदुभाषी, मिलनसार,संघर्षशील एवं शिक्षित प्रत्याशी हैं जो विगत 20-25 वर्षों से भाजपा में कर्मठ सक्रिय कार्यकर्ता के रुप में एवं धार्मिक व सामाजिक क्षेत्रों में अपना योगदान देते आ रही हैं। वर्तमान में पुष्पलता साहू परिक्षेत्र साहू समाज सेमरा(बी) की कार्यकारणी सदस्य हैं।उन्होंने ग्राम सरबदा की सर्वांगीण विकास के लिए अपने ग्रामवासियों की सेवा में सदैव तत्पर रहने के लिए आशीर्वाद मांग रही हैं।

# छग ग्राम विकास एकता समिति के सदस्य ने भरा नामांकन



**खरोरा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। तिल्दा ब्लाक के ग्राम पंचायत माठ से छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति के सदस्य गोवर्धन पाल ने वार्ड पंच के लिए किया नामांकन भरा गोवर्धन पाल ने कहा पंचायती राज व्यवस्था परिवर्तन ग्राम सभा मजबूत करने गांव के विकास के लिए मिलजुल कर काम करने की बात किया उन्होंने कहा सरकार के हर योजना को पूरा वार्ड में घर-घर जाकर बताएंगे स्वच्छ मिशन भारत के तहत हितग्राहियों को पैसे दिलाने में काम करेंगे हर चौक चौराहे पर ग्राम सभा में आने के लिए आमंत्रण करेंगे सरपंच ग्राम सभा बुलाई या ना बुलाए लेकिन हम पंच बनने के बाद सभी गांव वाले को ग्राम सभा में समस्या रखने के लिए कहेंगे और उसका समाधान भी ढूंढेंगे किसी भी व्यक्ति को समस्या ना हो इसके लिए भरपूर प्रयास करेंगे और गली-गली में जाकर चर्चा करेंगे ताकि हर व्यक्ति यह कहे कि हमारे गांव का विकास के लिए नवयुवक आ गए हैं बेरोजगारों के लिए रोजगार महिलाओं के लिए स्वरोजगार लाने के प्रयास करेंगे बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था किया जाएगा बिजली पानी नल सभी की समस्या का समाधान किया जाएगा मैं समिति का धन्यवाद देता हूं जो मुझे पंच पद का टिकट दिया है मुख्य रूप से नामांकन में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष परमानंद पटेल पुनीत पटेल कुमार वर्मा पंचराम वर्मा कौशलेंद्र पाल उपस्थित रहे।

# भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी रिखीराम ने की जनसम्पर्क की शुरुआत



**गरियाबंद,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका गरियाबंद भाजपा प्रत्याशी रिखीराम यादव ने शनिवार को अपने जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत नगर के मां गायत्री मंदिर में पूजा-अर्चना कर की। पहले दिन उन्होनें नगर के वार्ड क्रमांक 5, 6 और 4 का भ्रमण कर अपने एवं भाजपा पार्षद प्रत्याशी के पक्ष में जन समर्थन मांगा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमीत पारख सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उनके साथ शामिल थे। जनसमर्थन के दौरान भाजपा प्रत्याशी रिखीराम यादव ने आम जनता से केन्द्र और राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देते हुए भाजपा के रीति नीति से अवगत कराया साथ ही नगर के विकास के लिए उनके विजन और पार्टी के सोच को जनता के बीच रखा। इस दौरान श्री यादव ने आम जनता को आश्वस्त किया वे नगर का बेटा बनकर उनकी सेवा करेंगे। उन्होने कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। नगर में भाजपा की सरकार बनेगी तो दुगुनी गति से विकास होगा। ट्रिपल इंजन की सरकार में गरियाबंद विकास की नई ऊँचाई तक पहुँचेगा। नगर में मूलभूत सुविधाओ के विस्तार के साथ ही सौंदर्यीकरण में भी विशेष ध्यान देंगे। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता बलदेव सिंह हुंदल, मिलेश्वरी साहू, सुमीत पारख, युगल समदरिया, पार्षद प्रत्याशी परस राम देवांगन, प्रहलाद ठाकुर, आलोक मेढ़ी, सरला उईके, सीमा यादव, प्रकाश सोनी, नमन सेन, यश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे।

# कलेक्टर ने डबल केज व्हील वाहनों का सड़क में उपयोग पर लगाया प्रतिबंध

**बिलाईगढ़,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि प्राय: यह देखा जा रहा है कि डबल केज व्हील युक्त वाहनों के सड़कों पर आवागमन से सड़कों का अत्यधिक क्षरण होता है, जिसके परिणामस्वरूप सड़कें खराब हो जाती हैं तथा नवनिर्मित सड़कों को भी समय पूर्व मरम्मत की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे खराब सड़कों से दुर्घटना की संभावना एवं आमजन के लिए समस्या उत्पन्न होती है, जिससे शासन को न केवल वित्तीय हानि होती बल्कि शासन की छवि भी धूमिल होती है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत सड़कों पर डबल केज व्हील युक्त वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाता है।इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।



### कार्रवाई के लिए अधिकारियों को दिए आदेश

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने इस आदेश को पालन करवाने और नियमानुसार कार्यवाही के लिए जिले के एसपी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (भ/स), जिला परिवहन अधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) सारंगढ़ और बिलाईगढ़, सभी तहसीलदार (कार्यपालिक दण्डाधिकारी), सभी थाना प्रभारी को आदेशित किया है।

## निधन

### पुष्पा देवी माहेश्वरी



**बलौदाबाजार,** 1 फरवरी। नगर की पुष्पा देवी माहेश्वरी पति स्व. प्रेमचंद माहेश्वरी का 90 वर्ष की आयु में लोक गमन हो गया है। इनकी अंतिम यात्रा 2 फरवरी दिन रविवार दोपहर 1 बजे निज निवास शनि मंदिर दशहरा मैदान से रायपुर स्थित मोक्ष धाम में जाएगी जहां अंतिम संस्कार होगा। वे अरुण, सुनील, प्रदीप एवं दिलीप माहेश्वरी की माता एवं अंशुल, आयुष, हर्षित की दादी थी।

### सेजबती बघेल



**दुर्ग,** 1 फरवरी। ग्राम मटंग (पाटन) निवासी सेजबती बघेल 95 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बड़ी मां और त्रिवेणी, देवहूती की माता थी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, परिवारजन एवं गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

### सुनील श्रीवास्तव



**दुर्ग,** 1 फरवरी। भिलाई-3 बिजली कालोनी निवासी सुनील श्रीवास्तव (66) का आज शंकराचार्य अस्पताल में निधन हो गया। वे सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यापक रह चुके थे। अंतिम संस्कार आज ही कर दिया गया। वे सूरज श्रीवास्तव एवं प्रियंका वर्मा के पिता तथा समक्ष वर्मा के श्वसुर थे।

# क्षेत्र क्र. 9 से जपं सदस्य हेतु परस गेन्डरे ने रैली निकालते हुए अपना नामांकन पत्र भरा



**सिमगा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। आज नामांकन पत्र जमा करने के 5 वें दिवस क्षेत्र क्रमांक 9 से परस गेन्डरे ने अपने समर्थकों के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र जमा किया ।उनके जनपद क्षेत्र में ग्राम खडंवा दुलदुला हरिनभट्ठा बैकोनी मुसवाडीह नवागांव भोथीडीह शामिल है ।इस अवसर पर घोसू यदु भुपेन्द्र ध्रुव श्रवण ध्रुव गेंदु कोसले ओम प्रकाश राज प्रकाश जीवन साहू धनु गोलू पाटले बली यादव उपस्थित थे। निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध मिश्रा ने बताया कि 25 जनपद पंचायत सदस्य हेतु कुल अब तक 109 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पीएमश्री स्कूल कसडोल में वार्षिक...

अतिथि और पालकों को धन्यवाद दिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पीएम श्री स्कूल के सांस्कृतिक विभाग प्राचार्य और समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कठिन परिश्रम ही सफलता...

सराहना की और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में मेधावी एवं विजयी छात्रों को मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रचार्य श्रीमती पुष्पलता देशमुख, समस्त शिक्षकगण एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा भागवत कथा एवं उर्स पाक में हुए शामिल



**तिल्दा नेवरा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा नगर पालिका से कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने तिल्दा के वार्ड क्रमांक 20 में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में उपस्थित हुए। पूजा अर्चना पश्चात उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं सर्वप्रथम इसी वार्ड से पार्षद बना था। और उसके बाद लगातार 3 बार अलग अलग वार्डो से प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी ने मुझे अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी घोषित किया है अत: आप सभी का सहयोग और आशीर्वाद बना रहे। और तिल्दा नेवरा शहर के सर्वांगीण विकास कार्य करवाने हेतु कांग्रेस पार्टी को विजई बनावे। इसी तरह रात्रि में नेवरा में उर्स पाक कार्यक्रम में शामिल हुए, और मुस्लिम जमात को बधाई दी।

### भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

**तिल्दा नेवरा,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका चुनाव का दौरा का बिगुल बज चुका है वार्डो से लेकर पूरे तिल्दा शहर में दो दल भाजपा कांग्रेस और चुनावी मैदान में कूद चुके हैं इसी के चलते वार्ड 19 में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर यादव ने फीता काटकर किया वर्तमान में 15 वर्षो से कांग्रेस का इस वार्ड में कब्जा बना हुआ है इसे भेदने भाजपा से नारायण वर्मा मैदान में है उसका मुकाबला कांग्रेस के दिलीप देवांगन से है पैसे से नारायण वर्मा कृषक व समाज सेवा से जुड़ा हुआ है वही दिलीप देवांगन वकील के साथ से केजरीवाल के आप पार्टी से आशीष गुप्ता अपना किस्मत आजमा रहे हैं वह तीन निर्दलीय क्रमश: अजय वर्मा, पवन यादव, दिनेश साहू मैदान में है सभी प्रत्याशी वार्ड के विकास हेतु कटिबद्ध है देखना है पल्ला किसके पक्ष में पड़ता है 11 फरवरी के मतदान से दिखेगा कार्यालय उद्घाटन में ईश्वर यादव, द्वारिका नायक ,शिव वर्मा, हीलेश्वर वर्मा ,अमित चौहान, अशोक वर्मा ,नारायण वर्मा, दामिनी निषाद सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित है।



# जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में चार सौ से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

### कलेक्टर ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



**बलौदाबाजार,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। जिला प्रशासन एवं जिला खेल संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी, व्हालीबाल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी शनिवार को बलौदाबाजार स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्राउंड में खिलाड़ियों के बीच पहुंचे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता से चयन होकर पहुंचे खिलाडी उत्साह से भरे थे और जीत के लिए आतुर थे। बताया गया कि तीनों विधाओं के खेल में लगभग 457 खिलाडी भाग लिए। इनमे विकासखंड भाटापारा से 87, बलौदाबाजार से 92, कसडोल से 85, सिमगा से 100 एवं पलारी से 93 खिलाडी शामिल हैं। खिलाड़ियों में 157 महिला, 252 पुरुष एवं 48 ऑफिशियल हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित कोच एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# तिल्दा नेवरा में बागी बिगाड़ेंगे खेल

## भाजपा-कांग्रेस दोनों की बढ़ी धड़कन



**तिल्दा-नेवरा**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका चुनाव में टिकट वितरण का असंतोष खुल कर दिखने लगा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में टिकट न मिलने से नाराज कार्यकर्ता खुलेआम निर्दलीय चुनाव लड़ कर बगावत पर उतर आए हैं।

भाजपा और कांग्रेस को उनके बागी नेताओं से झटका मिल रहा है. इन दोनों प्रमुख दलों से बगावत कर नेता मैदान में उतर गए हैं, जिससे चुनावी समीकरण गड़बड़ा गए हैं. भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के शीर्ष नेतृत्व ने बागी नेताओं को मनाने की भरपूर कोशिश की. हाईकमान ने व्यक्तिगत स्तर पर बातचीत से लेकर राजनीतिक दबाव तक सब कुछ आजमाया, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद बागी नेताओं ने अपना नाम वापस नहीं लिया. ये नेता अब अपनी ही पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिससे पार्टी के आधिकारिक प्रत्याशियों की जीत की राह मुश्किल हो गई है. भाजपा और कांग्रेस के बागी उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत जनाधार रखते हैं और इनकी लोकप्रियता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ये बागी किस तरह से चुनाव परिणामों को प्रभावित करते हैं. बागियों के चुनावी मैदान में मौजूदगी से वोटों का बंटवारा होने की प्रबल संभावना है. इससे फायदा क्षेत्रीय दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों को हो सकता है, जो इस विभाजन का लाभ उठाकर अपनी स्थिति मजबूत कर सकते हैं. यही वजह है कि इन बागियों की वजह से भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के उम्मीदवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है

**और पार्षदों के बगावत का सीधा नुकसान नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों को होते दिख रहा है :** वार्ड नंबर 16 के निर्दलीय प्रत्याशी दुर्गेश नशीने अब स्वतंत्र रूप से मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर काम किया लेकिन उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया. तब जाकर निर्दलीय नामांकन दाखिल किए है। अपने सरल एवं मिलनसार स्वभाव के चलते मोहल्ले में उनकी अच्छी पकड़ है एवं युवाओं का साथ है यहाँ से भाजपा के दिग्गज नेता ने अपना नाम वापस ले लिया है

वार्ड नंबर 03 में भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशियों की हालत खराब हो गई है। दोनों पार्टी को निर्दलीय प्रत्याशी बब्बन गोविन्द लालवानी से सीधी टक्कर मिल रही हैं. आपको बता दे की बब्बन लालवानी के साथ वार्ड वासियों का साथ है। मैदान में बब्बन लालवानी के उतरने के बाद कांग्रेस से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी को नुकसान होते दिख रहा हैं. वहीं अब तीनो पार्टी में निर्दलीय प्रत्याशी मजबूत होते दिख रहा है। कांग्रेस से विजय चंदवानी मैदान में है तो बीजेपी से दो बार पार्षद रह चुके दमदार नेता रवि सेन मैदान में है।वार्ड नंबर चार में सीधा टक्कर है जहां लोग एक उम्मीदवार के जीत की घोसणा करते दिख रहे है 15 नंबर वार्ड में भयंकर घमासान दिख रहा है वार्ड नंबर दस में अन्नपूर्णा कश्यप तो वार्ड नंबर 11 में दिनेश साहू मजबूत दिख रहे है तिल्दा नेवरा नगर पालिका में कही भाजपा कांग्रेस में सीधी टक्कर है तो कई वार्डो में दोनों पार्टियों पर निर्दलीय प्रत्याशी भारी नजर आ रहे है दोनों ही पार्टियों में भितरघात की सम्भावनाओ को नकारा नहीं जा सकता तिल्दा नेवरा की जनता को इस बार यहां रोचक मुकाबला होने की उम्मीद है.।

### आज आरंग में भाजपा दिखाएगी ताकत, कार्यकर्ता सम्मेलन में दिग्गज होंगे शामिल

**आरंग**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर रविवार को भाजपा बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने वाली है।आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन हाईस्कूल मैदान माई के बगिया में दोपहर 12 बजे से होगा। जिसमें चंदूलाल साहू चुनाव प्रभारी एवं पूर्व सांसद, संजय श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री, भाजपा, गुरु खुशवंत साहेब, उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण(कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) विधायक आरंग विधानसभा, श्याम नारंग, जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण, नवीन मार्कण्डेय, पूर्व विधायक संजय ढीढी पूर्व विधायक उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रत्याशी एवं सभी 17 वार्डो के पार्षद प्रत्याशी, मंडल व बूथ के कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया है। बता दे की माई की बगिया में कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है, इस कार्यक्रम में नगरपालिका आरंग मे निवासरत भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

# भाजपा अध्यक्ष पद प्रत्याशी अश्वनी शर्मा ने किया जनसंपर्क



**भाटापारा**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अश्वनी शर्मा,, वार्ड पार्षद उम्मीदवारों के साथ जनसंपर्क पे निकले शहर में घूमकर उन्होने बड़े, बुजुर्ग, माता, बहनों का आर्शीवाद लिया एवं युवाओं से सहयोग और समर्थन मांगा। अश्वनी शर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा की केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री मोदी जी की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी माता बहनों, किसानों को योजना का लाभ मिला है। वही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक साल के कार्यकाल में जनता को महतारी वंदन का लाभ, तीर्थ योजना के अनुसार श्री राम लला के दर्शन का सौभाग्य, किसानों को 3100 रुपए समर्थन मूल्य में धान खरीदी एवं युवाओं को रोजगार का अवसर मिला है। साथ ही भाटापारा नगर में जितने भी बड़े विकास के कार्य हुए है सभी उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के द्वारा करवाये गए है - सिविल हॉस्पिटल का दर्जा, गौरव पथ, ला कालेज, पालिटेक्नीक कालेज, आई टी आई कालेज, क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज जैसे अनेको विकास के कार्य हुए है..

अश्वनी शर्मा ने कहा की आज देश में डबल इंजन की सरकार है आपसे मिल रहे अपार जनसमर्थन से मुझे पुरा विश्वास है की है की इस बार भाटापारा नगर में अध्यक्ष पद सहित पार्षद पदों में कमल का ही फूल खिलेगाज्ज.. अश्वनी शर्मा ने परशुराम वार्ड, गाँधी मंदिर वार्ड, दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड और नयागंज वार्ड में जनसम्पर्क किया... उक्त अवसर पर मोहन बांधे, लुकू साव, नभ नारायण साहू, गोपाल देवांगन, अनुभव गुप्ता, महेन्द्र ठाकुर, विनय ठाकुर, राजू पटेल, अभिषेक मोदी, मन्नू बंठिया, अजित निषाद, रविन्द्र ठाकुर, आयशा खान, सूरज भोई, प्रदीप बंजारे, नरेंद्र वैष्णव, सत्यजीत सेन, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे..

# हथनीपारा भाटापारा में श्री अखंड नवधा रामायण

**भाटापारा**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। श्री अखंड नवधा रामायण समिति हथनीपारा भाटापारा द्वारा 9 दिवसीय अखंड रामायण का आयोजन 31 जनवरी से 9 फरवरी तक नवधा रामायण मंडप हथनीपारा भाटापारा में किया गया है। इस आयोजन के अंतर्गत श्री राम जानकी विवाह 2 फरवरी रविवार को संध्या 4 बजे एवं बसंत पंचमी उत्सव 3 फरवरी को संध्या 4~बजे मनाया जाएगा। 8 फरवरी को भगवान श्री राम का राजतिलक तथा हथनीपाराह्ल फरवरी रविवार को पूर्ण आहुति एवं भव्य शोभायात्रा होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री अखंड नवधा रामायण समिति के अध्यक्ष सुकृत साहू अधिवक्ता ने अंचल के समस्त रामायण मंडलियों एवं श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि है कि इस 9 दिवसीय अखंड नवधा रामायण समारोह में भाग लेकर पुण्य का भागीदार बने।

# नगरीय निकाय चुनाव हेतु कांग्रेस ने की वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति

**बागबाहरा**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर की अनुशंसा पर बागबाहरा नगर पालिका चुनाव हेतु वार्ड प्रभारियों एवं समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। जिनको पार्टी हित में कार्यकर्ताओं के साथ काम करने के लिए कहा गया है।

नगर पालिका बागबाहरा परिषद के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक क्रमशः सेतराम बघेल, पंकज हरपाल, प्रकाश पाणिग्रही, उमेश दास, गिरीश पटेल, मजीद खान, मयंक मोनू शर्मा, राजेश सोनी, गणपत जगत, नवीन यादव, हबे लाल यादव, मनीष चंद्राकर, राजकुमार महानंद, दुर्गेश यादव, हरिशंकर यादव को समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं उपरोक्त 1 से 15 वार्डो के लिए प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है। जिनमें क्रमशः वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक अजय ठाकुर, अमरेंद्र सोनवानी, लक्ष्मण राव, विद्या भूषण सोनी, अशोक अग्रवाल, सफीक खान, हरप्रीत छाबड़ा, सुरेश जगत, मोहन बांधे, अनिल पुजारा,

अयाज खान, यशवंत चौहान, निमेश क्लाइव को प्रभारी बनाया गया है।

वही चुनाव संचालन के लिए प्रचार सामग्री एवं चुनाव प्रचार कार्य के लिए भी बैठक आयोजित कर उचित दिशा निर्देश जारी किया गया है। वही प्रचार वाहन हेतु अनुमति के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

# शिक्षा विभाग के सचिव ने संस्कृत विद्यापीठ राजिम का किया आकस्मिक निरीक्षण

**राजिम**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने संस्कृत विद्यापीठ राजिम का आकस्मिक अवलोकन किया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने सचिव परदेशी का संस्कृत में वंदन एवं अभिवंदन किया। सचिव द्वारा विद्यापीठ परिसर का अवलोकन कर जानकारी लिया। जिसमें शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस विद्यालय में कक्षा 6वीं से 08वीं तक के 60 बच्चें एवं 09वीं से 12वीं तक के 26 बच्चे अध्ययनरत है।

विद्यापीठ में विद्यार्थियों के लिए भवन की कमी बताई गई, जिस पर उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय के विभिन्न कक्षों में पहुंचकर बच्चों से श्लोक लिखकर उसका उच्चारण, प्रश्न सहित अन्य जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्कृत विद्यापीठ के बच्चों को संस्कृत विषय के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह हमारी प्राचीन भाषा व हमारी संस्कृति है। इससे हमे जुड़े रहना चाहिए।



**शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की हुई प्रशंसा**

उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कह कि बच्चों को बेहतर संस्कृत के माध्यम से शिक्षा प्रदान करे एवं विद्यार्थी उसे ग्रहण करे। सचिव श्री परदेशी ने संस्था प्रमुख को बच्चों के लिए आवश्यक खेल सामग्री एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त संचालक राकेश पांडेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत को निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर सहायक संचालक आलोक चाडंक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान श्री परदेशी ने संस्कृत का स्पष्ट वाचन करने वाले बटुकों के द्वारा संस्कृत व्याकरण भारतीय संस्कृति के अनुरूप वैदिक रूप से बटुकों द्वारा पूजा-पाठ, विधि विधान आदि की क्रिया विधि बताए जाने पर संस्था संचालन की सराहना की।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया




**भाटापारा**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे भाला प्रक्षेप, गोला प्रक्षेप, चक्र प्रक्षेप, रोल बॉल, बास्केटबॉल, वालीबाल, खो-खो, 100 मीटर 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ और 4×100, 4×200, 4×400 मीटर रिले रेस में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने एक भव्य परेड प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि से खेल समारोह के शुभारंभ की अनुमति प्राप्त की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक श्री अश्विनी शर्मा, श्री संदीप गोयल एवं प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खेल प्रशिक्षक रवि प्रताप सिंह, सुमित्रा राजपूत, गणेशू पाल और दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में इस आयोजन को भव्य रूप दिया गया, वहीं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में ब्रह्मपुत्र, कावेरी, नर्मदा और यमुना हाउस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सभी हाउस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, लेकिन च्चारों हाउस में शानदार प्रदर्शन करते हुए कावेरी हाउस ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर ओवरऑल ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमाया।

इस शानदार उपलब्धि पर कावेरी हाउस के सभी प्रतिभागियों, हाउस इंचार्ज नम्रता मंधानी सहित प्रशिक्षकों और शिक्षकों को बधाई दी गई। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने विजेता टीम को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### यह भारत के सुनहरे भविष्य की उदघोषणा है : बजाज



**नवापारा राजिम**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट विकसित भारत को लक्षित कर तैयार की गई है। यह भारत के सुनहरे भविष्य की उदघोषणा है. श्री बजाज ने 12 लाख रुपये तक आय में छूट देने, किसान क्रेडिट कार्ड से कृषि ऋण सीमा 3 लाख रु. से बढ़ा कर 5 लाख रु. करने, किसानों के लिए धन-धान्य योजना प्रारंभ करने तथा दलहन की खेती को प्रोत्साहन देने की योजना का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में ब्रांड बैंड कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सस्ते दर पर जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध कराने का निर्णय सराहनीय है.

# बीईओ दिनेश शर्मा कर रहे विकासखंड के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण



**आरंग**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा आरंग विकासखंड अंतर्गत सतत विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं इस दौरान वे शाला का रखरखाव बिजली, पानी, शौचालय की साफ सफाई, स्वच्छता, मध्यान भोजन की मीनू के अनुसार गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति, शाला में पठन-पाठन आदि सभी बिंदुओं पर फोकस करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं साथ ही विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर को जानने के लिए क्लास भी ले रहे हैं इसी क्रम में उन्होंने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बाना मालीडीह आदि शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा सभी को आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए प्रेरित किया एवं समस्त संकुल समन्वयकों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि वह विद्यालय में पढ़ाने के साथ-साथ निरीक्षण का कार्य करेंगे, उन्होंने बताया कि शालाओं में आवश्यकता के अनुसार वार्षिक कार्य योजना मंगाई गई है जिससे सभी शालाओं की वस्तु स्थिति स्पष्ट हो पाएगी साथ ही शिक्षकों को इस बात के लिए भी प्रेरित किया की पूरी तन्मयता एवं समन्वय के साथ बेहतर कार्य करें और शैक्षिक गुणवत्ता के लक्ष्य को प्राप्त करें।

# आरंग के 42 स्कूल के रसोइयों ने लिया खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण



**आरंग**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के निर्देशानुसार 42 स्कूल के रसोइयों ने फास्टेक अर्थात खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शैक्षिक हाल में प्राप्त किया। इस अवसर पर नोडल प्राचार्य सरोजिनी केरकट्टा ने रसोइयों से बात करते हुवे उन्हें स्वच्छता एवं मध्यान भोजन के मीनू के पालन करने पर जोर दिया और कहा कि यह बच्चों के शैक्षिक विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना हैद्य वहीं रसोइयों को खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत मध्यान भोजन कक्ष की साफ सफाई, खाद्य पदार्थों की सुरक्षा, व्यवस्थापन पैकेजिंग, भंडारण, परिवहन के साथ-साथ विद्यार्थियों की कक्षा में बैठक व्यवस्था आदि पर प्रशिक्षण दिया गया और बताया गया कि प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के अंतर्गत मध्यान भोजन प्रभारी चखना पंजी के माध्यम से भोजन की गुणवत्ता तय कर उसे दुरुस्त करेंगे एवं रसोईया गण खाद्य पदार्थों की साफ सफाई सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताहि न बरते एवं कुकिंग कॉस्ट राशि बढ़ने की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वालों में सहायक ग्रेड 2 मध्यान प्रभारी घनश्याम रात्रे लकी डहरिया, भानु साहू एवं प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव की सहभागिता रही तथा डूमहा, भिलाई, , सेजा, भैंसमुड़ी गुखेरा, मोहमेला, कोटनि रसनी, जावा, पलोद, परसवानी, भंडारपुरी, धमनी देवरी, चिखली, गुल्लू, धनसूली, बोहारडीह आदि सभी संकुल व स्व सहायता समूह के सदस्यों की भी उपस्थित रही।

# होगी जांच ड्रिंकिंग वॉटर यूनिट और आईस फैक्ट्रियों की

**बलौदाबाजार-भाटापारा**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। ड्रिंकिंग वॉटर पैकेजिंग यूनिट, होलसेलर और रिटेलर कृपया ध्यान दें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने इस बार अपनी सघन जांच की योजना में कुछ ऐसे बिंदुओं पर भी नजर रखने की ठानी है, जिस पर अब तक रियायत दी जाती रही है।

**होलसेलर और रिटेलर भी हैं नजर में**

सीजन ने दस्तक दे दी है। ड्रिंकिंग वॉटर यूनिटें विशेष तौर पर सक्रिय हैं। होलसेलर और रिटेलरों के यहां पेय जल की पैकिंग पहुंचने लगी है लेकिन छोटी सी भी गलती इस बार बेहद महंगी पड़ेगी क्योंकि उत्पादन, पैकेजिंग, परिवहन, भंडारण और विक्रय हर चरण पर सख्त जांच की तैयारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कर ली है।



**स्वच्छता और सुरक्षा अहम:** जैसे संकेत मिले हैं, उसके अनुसार प्रशासन ने पैकेजिंग यूनिटें, होलसेलर और रिटेलरों के यहां जांच में पेयजल की स्वच्छता और सुरक्षा के उपायों पर नजर रखने का फैसला लिया है। इसके अलावा परिवहन, भंडारण और विक्रय के लिए जारी हर नियमों के पालन की भी जांच की ठानी है।

**यह अनिवार्य:** अनिवार्य है कालातीत अवधि पूर्ण कर चुके ड्रिंकिंग वाटर का अलग रखा जाना। अहम है ऐसी पैकिंग के लिए अलग जगह का तय किया जाना। जानकारी के लिए कालातीत सामग्री की सूचना पट्टिका भी लगानी होगी। जांच के दौरान यह अनिवार्यता नहीं मिली, तो नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सख्त जांच यहां भी:** ड्रिंकिंग वॉटर के साथ आईस फैक्ट्री और बर्फ विक्रेता संस्थानों की भी जांच की योजना पूर्णता की ओर है। बर्फ़ उत्पादन, भंडारण और विक्रय के लिए जरूरी नियमों की अवहेलना पर सख्त दंड का प्रावधान हैं। याने उत्पादन, परिवहन, भंडारण और विक्रय में छोटी सी भी भूल इन दोनों को भी भारी पड़ेगी।

ड्रिंकिंग वाटर यूनिटों, होलसेलर और रिटेलर के यहाँ बहुत जल्द सघन जांच की जाएगी। साथ ही आईस फैक्ट्रियां और डिपो भी नजर में हैं। जरुरी सुरक्षा मानकों की अवहेलना पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। **-उमेश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार**

# यातायात मितानों को वितरण किया गया यातायात मितान जैकेट



**बलौदाबाजार**, 1 फरवरी (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटनाओं में हर संभव सहायता करने वाले एवं घायलों के उपचार एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अपनी सहभागिता देने वाले लोगों को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात मितान बनाया गया है। 1 फ़रवरी को पुलिस कार्यालय सभा कक्ष में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजुर द्वारा यातायात मितानों का बैठक लिया गया। बैठक में कुल 52 की संख्या में यातायात मितान शामिल हुए।

बैठक में उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजुर ने कहा कि सड़क दुर्घटना में किसी घायल व्यक्ति के लिए एक-एक क्षण बहुत कीमती होता है एवं घटनास्थल में सबसे पहले पहुंचने वाला व्यक्ति उस घटना के आसपास या उस ग्राम में रहने वाला व्यक्ति होता है इसलिए आप कुछ चुनिंदा एवं विशेष व्यक्तियों को यातायात मितान बनाया गया है। आप सभी यातायात मितान पूरी तत्परता के साथ सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों की मदद करते हैं। घटनास्थल पर जल्द पहुंचने एवं किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाने से यदि उसकी जान बच जाती है तो यह बहुत बड़ा परोपकारी कार्य होता है। बैठक के दौरान समस्त यातायात मितान को यातायात विधान जैकेट भी वितरण किया गया